AA Jh gfj AA

i: Hkksre ekl ekgkRE;e~

पुरुषोत्तम् मास माहात्म्य भाषा टीका

विषय–सूची

विषय सूची

अथ पुरुषोत्तम मासमाहात्म्यम् हिन्दीटीकायुतम्

प्रथमोऽध्याय

श्री गणेशाय नमः, श्रीगुरुभ्यो नमः, श्रीगोपीजनवल्लभाय नमः ॥

वन्दे वन्दारुमन्दारं वृन्दावनविनोदिनम्, वृन्दावनकलानाथं पुरुषोत्तममद्भुतम् ।१।
नारायणं नमस्कृत्य नरं चैव नरोत्तमम्, देवीं सरस्वतीं व्यासं ततो जयमुदीरयेत् ।२।
नैमिषारण्यमाजग्मुर्मुनयः सत्रकाम्यया, असितो देवलः पैलः सुमन्तुः पिप्पलायनः ।३।
सुमतिः काश्यपश्चैव जाबालिर्भृगुरङ्गिराः, वामदेवः सुतीक्ष्णश्च शरभङ्गश्च पर्वतः ।४।
आपस्तम्बोऽथमाण्डव्योऽगस्त्यः कात्यायनस्तथा, रथीतरो ऋभुश्चैव कपिलो रैभ्य एव च ।५।

कल्पवृक्ष के समान भक्तजनों के मनोरथ पूर्ण करने वाले वृन्दावन की शोभा के अधिपति अलौकिक कार्यों द्वारा समस्त लोक को चकित करने वाले वृन्दावनविहारी पुरुषोत्तम भगवान् को नमस्कार करता हूँ ।।१ ।। नारायण, नर, नरोत्तम तथा देवी सरस्वती और श्रीव्यासजी को नमस्कार कर जय की इच्छा करता हूँ ।।२ ।। यज्ञ करने की इच्छा से परम पवित्र नैमिषारण्य में आगे कहे गये बहुत से मुनि आये। जैसे-असित, देवल, पैल, सुमन्तु, पिप्पलायन ।।३ ।। सुमति, कश्यप, जाबालि, भृगु, अङ्गिरा, वामदेव, सुतीक्ष्ण, शरभंग, पर्वत ।।४ ।। आपस्तम्ब, माण्डव्य, अगस्त्य, कात्यायन, रथीधर, ऋभु, कपिल, रैभ्य ।।५ ।।

गौतमो मुद्गलश्चैव कौशिको गालवः क्रतुः, अत्रिर्बभ्रुस्त्रितः शक्तिर्बुधो बौधायनो वसुः ।६ ।
कौण्डिल्यः पृथुहारीतौ धूम्रः शंकुश्च सङ्कृति, शनिर्विभाण्डकः पङ्को गर्गः काणाद एव च ।७ ।
जमदग्निर्भरद्वाजो धूमपो मौनभार्गवः, कर्कशः शौनकश्चैव शतानन्दो महातपाः ।८ ।
विशालाख्यो विष्णुवृद्धो जर्जरो जय-जङ्गमो, पारः पाशधरः पूरो महाकायोऽथ जैमिनिः ।९ ।
महाग्रीवो महाबाहुर्महोदरमहाबलौ, उद्दालको महासेन आर्त आमलकप्रियः ।१० ।
ऊर्ध्वबाहुरूर्ध्ववाद एकपादश्च दुर्धरः, उग्रशीलोजलाशी च पिङ्गलोत्रिर्ऋभुस्तथा ।११ ।
शाण्डीरः करुण कालः कैवल्यश्च कलाधरः श्वेतबाहू रोमपादः कद्रुः कालाग्निरुद्रगः ।१२ ।
श्वेताश्वतर एवाद्यः शरभङ्गः पृथुश्रवाः, एते सशिष्या ब्रह्मिष्ठा वेदवेदाङ्गपारगाः ।१३ ।
लोकानुग्रहकर्तारः परोपकृतिशालिनः, परप्रियरताश्चैव श्रौतस्मार्तपरायणाः ।१४ ।

गौतम, मुद्गल, कौशिक, गालव, क्रतु, अत्रि, बभ्रु, त्रित, शक्ति, बुध, बौधायन, वसु ॥६॥ कौण्डिल्य, पृथु, हारीत, धूम्र, शङ्कु, सङ्कृति, शनि, विभाण्डक, पङ्क, गर्ग, काणाद ॥७॥ जमदग्नि, भरद्वाज, धूमप, मौनभार्गव, कर्कश, शौनक तथा महातपस्वी शतानन्द ॥८॥ विशाल, वृद्धविष्णु, जर्जर, जय, जङ्गम, पार, पाशधर, पूर, महाकाय, जैमिनि ॥९॥ महाग्रीव, महाबाहु, महोदर, महाबल, उद्दालक, महासेन, आर्त, आमलकप्रिय ॥१०॥ ऊर्ध्वबाहु, ऊर्ध्ववाद, एकपाद, दुर्धर, उग्रशील, जलाशी, अत्रि, ऋभु ॥११॥ शाण्डीर, करुण, काल, कैवल्य, कलाधर, श्वेतबाहु, रोमपाद, कद्रु, कालाग्निरुद्रग ॥१२॥ श्वेताश्वर, आद्य, शरभङ्ग, पृथुश्रवस् आदि शिष्यों के सहित ये सब ऋषि अङ्गों के सहित वेदों को जानने वाले, ब्रह्मनिष्ठ ॥१३॥ संसार की भलाई तथा परोपकार करने वाले, दूसरों के हित में सर्वदा तत्पर, श्रौत, स्मार्त कर्म करने वाले ॥१४॥ नैमिषारण्य में आकर

नैमिषारण्यमासाद्य सत्रं कर्तुं समुद्यता, तीर्थयात्रामथोद्दिश्य गेहात् सूतोऽपि निर्गतः ।१५।
पृथिवीं पर्यटन्नेव नैमिषे दृष्टवान् मुनीन्, तान् सशिष्यान्नमस्कर्तुं संसारार्णवतारकान् ।१६।
सूतः प्रहर्षितः प्रागाद्यत्रासंस्ते मुनीश्वराः ततः सूतं समायान्तं रक्तवल्कलधारिणम् ।१७।
प्रसन्नवदनं शान्तं परमार्थविशारदम्, अशेषगुणसम्पन्नमशेषानन्दसम्प्लुतम् ।१८।
ऊर्ध्वपुण्ड्रधरं श्रीमन्नाममुद्राविराजितम्, शंखचक्रधरं दिव्यं गोपीचन्दनमृत्स्नया ।१९।
लसच्छ्रीतुलसीमालं जटामुकुटमण्डितम्, जपन्तं परमं मन्त्रं हरेः शरणमद्भुतम् ।२०।
सर्वशास्त्रार्थसारज्ञं सर्वलोकहिते रतम्, जितेन्द्रियं जितक्रोधं जीवन्मुक्तं जगद्गुरुम् ।२१।
व्याप्रसादसम्पन्नं व्यासवद्विगतस्पृहम्, तं दृष्ट्वा सहसोत्थाय नैमिषेया महर्षयः ।२२।

यज्ञ करने को तत्पर हुए। इधर तीर्थयात्रा की इच्छा से सूत जी अपने आश्रम से निकले ॥१५॥ और पृथ्वी का भ्रमण करते हुए उन्होंने नैमिषारण्य में आकर शिष्यों के सहित समस्त मुनियों को देखा। संसार समुद्र से पार करने वाले उन ऋषियों को नमस्कार करने के लिये ॥१६॥ पहले से जहाँ वे इकट्ठे थे वहीं प्रसन्नचित्त सूतजी भी जा पहुँचे ॥१७॥ इसके अनन्तर पेड़ की लाल छाल को धारण करने वाले, प्रसन्नमुख, शान्त, परमार्थ, विशारद, समग्र गुणों से युक्त, सम्पूर्ण आनन्दों से परिपूर्ण ॥१८॥ तुलसी की माला से शोभित, जटा-मुकुट से भूषित, समस्त आपत्तियों से रक्षा करने वाले, अलौकिक चमत्कार को दिखाने वाले, भगवान् के परम मन्त्र को जपते हुए ॥२०॥ समस्त शास्त्रों के सार को जानने वाले, सम्पूर्ण प्राणियों के हित में संलग्न, जितेन्द्रिय तथा क्रोध को जीते हुए, जीवन्मुक्त, जगद्गुरु ॥२१॥ श्री व्यास की तरह और उन्हीं की तरह निःस्पृह आदिगुणों से युक्त उनको देख उस नैमिषारण्य में रहने वाले समस्त महर्षिगण उठ खड़े हुए ॥२२। विविध प्रकार की कथाओं को

श्रोतुकामाः समावन्नुर्विचित्रा विविधाः कथाः,

ततः सूतो विनीतात्मा सर्वानृषिवरान् मुदा। बद्धाञ्जलिपुटो भूत्वा ननाम दण्डवन्मुहुः ॥२३॥

ऋषय ऊचुः-

सूत सूत चिरञ्जीव भव भागवतो भवान्, अस्माभिस्त्वासनं तेऽद्य कल्पितं सुमनोहरम् ॥२४॥

अत्रास्यतां महाभाग श्रान्तोऽसीत्यवदन् द्विजाः, ततस्तु सूपविष्टेषु सर्वेषु च तपस्विषु ॥२५॥

तपोवृद्धास्ततः दृष्ट्वा सर्वान् मुनिगणान् मुदा, निर्दिष्टमासनं भेजे विनयाद्रौमहर्षणिः ॥२६॥

सुखासीनं ततस्तं तु विश्रान्तमुपलक्ष्य च, श्रोतुकामाः कथाः पुण्या इदं वचनमब्रुवन् ॥२७॥

ऋषय ऊचुः-

सूत सूत महाभाग भाग्यवानसि साम्प्रतम्, पाराशर्यवचो हार्दं त्वं वेद कृपया गुरोः ॥२८॥

सुनने की इच्छा प्रगट करने लगे। तब नम्रस्वभाव सूतजी प्रसन्न होकर सब ऋषियों को हाथ जोड़कर बारम्बार दण्डवत् प्रणाम करते भये ॥२३॥ ऋषि लोग बोले—हे सूतजी! आप चिरंजीवी तथा भगवद्भक्त होओ। हम लोगों ने आपके योग्य सुन्दर आसन लगाया है ॥२४॥ हे महाभाग! आप थके हैं, यहाँ बैठ जाइये, ऐसा सब ब्राह्मणों ने कहा। इस प्रकार बैठने के लिये कहकर जब सब तपस्वी और समस्त जनता बैठ गये ॥२५॥ तब विनयपूर्वक तपोवृद्ध समस्त मुनियों से बैठने की अनुमति लेकर प्रसन्न होकर आसन पर सूतजी बैठते भये ॥२६॥ तदनन्तर सूत को सुखपूर्वक बैठे हुए और श्रमरहित देखकर पुण्यकथाओं को सुनने की इच्छा वाले समस्त ऋषि यह बोले ॥२७॥ ऋषि लोग बोले—हे सूतजी! हे महाभाग! आप भाग्यवान् हैं। भगवान् व्यास के वचनों के हार्दिक अभिप्राय को गुरु की कृपा से आप जानते हैं ॥२८॥ क्या आप सुखी

सुखी कच्चिद् भवानद्य चिरादृदृष्टः कथं वने, श्लाघनीयोऽसिपूज्योऽसि व्यासशिष्यशिरोमणे ।२९।
संसारेऽस्मिन्नसारे तु श्रोतव्यानि सहस्रशः, तत्र श्रेयस्करं स्वल्पं सारभूतं च यद्भवेत् ।३०।
तन्नो वद महाभाग यत्ते मनसि निश्चितम्, संसारार्णवमग्नानां पारदं शुभदं च यत् ।३१।
अज्ञानतिमिरान्धानां नेत्रदानपरायण, वद शीघ्रं कथासारं भवरोगरसायनम् ।३२।
हरिलीलारसोपेतं परमानन्दकारणम्, एवं पृष्टः शौनकाद्यैः सूतः प्रोवाच प्राञ्जलिः ।३३।

सूत उवाच–

शृण्वन्तु मुनयः सर्वे मदुक्तं सुमनोहरम्, आदावहं गतो विप्रास्तीर्थं पुष्करसंज्ञितम् ।३४।
स्नात्वा तृप्त्वा ऋषीन् पुण्यान् सुरान् पितृगणानथ । ततः प्रयातो यमुनां प्रतिबन्धविनाशिनीम् ।३५।

तो है? आज बहुत दिनों के बाद कैसे इस वन में पधारे? आप प्रशंसा के पात्र हैं। हे व्यासशिष्यशिरोमणि! आप पूज्य हैं ।।२९।। इस असार संसार में सुनने योग्य हजारों विषय हैं परन्तु उनमें श्रेयस्कर, थोड़ा-सा और सारभूत जो हो वह हम लोगों से कहिये ।।३०।। हे महाभाग! संसार-समुद्र में डूबते हुओं को पार करने वाला तथा शुभफल देने वाला, आपके मन में निश्चित विषय जो हो वही हम लोगों से कहिये ।।३१।। हे अज्ञानरूप अन्धकार से अन्धे हुओं को ज्ञानरूप चक्षु देने वाले! भगवान् के लीलारूपी रस से युक्त, परमानन्द का कारण, संसाररूपी रोग को दूर करने में रसायन के समान जो कथा का सार है वह शीघ्र ही कहिये। इस प्रकार शौनकादिक ऋषियों के पूछने पर हाथ जोड़कर सूतजी बोले ।।३२-३३।। सूतजी बोले-हे समस्त मुनियों! मेरी कही हुई सुन्दर कथा को आप लोग सुनिये। हे विप्रों! पहिले मैं पुष्कर तीर्थ को गया ।।३४।। वहाँ स्नान करके पवित्र ऋषियों, देवताओं तथा पितरों को तर्पणादि से तृप्त करके तब समस्त प्रतिबन्धों को दूर करने वाली यमुना के तट पर गया ।।३५।।

क्रमादन्यानि तीर्थानि गत्वा गंगामुपागतः, ततः काशीमुपागम्य गयां गत्वा ततः परम् ।३६।
पितॄनिष्ट्वा ततो वेणीं कृष्णां तदनन्तरम्, ततः स्नात्वा च गण्डक्यां पुलहाश्रममाव्रजम् ।३७।
धेनुमत्यामहं स्नात्वा ततः सारस्वते तटे, त्रिरात्रमुषितो विप्रास्ततो गोदावरीं गतः ।३८।
कृतमालां च कावेरीं निर्विन्ध्यां ताम्रपर्णिकाम्, तापीं वैहायसीं नन्दां नर्मदां शर्मदां गतः ।३९।
गत्वा चर्मण्वतीं पश्चात् सेतुबन्धमथागमम्, ततो नारायणं द्रष्टुं गतोऽहं बदरीवनम् ।४०।
ततो नारायणं दृष्ट्वा तापसानभिवाद्य च, नत्वा स्तुत्वा च तं देवं सिद्धक्षेत्रमुपागतः ।४१।
एवमादिषु तीर्थेषु भ्रमन्नागतवान् कुरून्, जाङ्गलं देशमासाद्य हस्तिनापुरगोऽभवम् ।४२।
तत्र श्रुतं विष्णुरातो राज्यमुत्सृज्य जग्मिवान्, गङ्गातीरं महापुण्यमृषिभिर्बहुभिर्द्विजाः ।४३।

फिर क्रम से अन्य तीर्थों को जाकर गङ्गा तट पर गया। पुनः काशी आकर अनन्तर गया तीर्थ पर जाय ॥३६॥ पितरों का श्राद्ध कर तब त्रिवेणी पर गया। तदनन्तर कृष्णा के बाद गण्डकी में स्नान कर पुलह ऋषि के आश्रम पर गया ॥३७॥ धेनुमती में स्नान कर फिर सरस्वती के तीर पर गया, यहां हे विप्रों! त्रिरात्रि उपवास कर गोदावरी गया ॥३८॥ फिर कृतमाला, कावेरी, निर्विन्ध्या, ताम्रपर्णिका, तापी, वैहायसी, नन्दा, नर्मदा, शर्मदा नदियों पर गया ॥३९॥ पुनः चर्मण्वती में स्नान कर पीछे सेतुबन्ध रामेश्वर पहुँचा। तदनन्तर नारायण का दर्शन करने के हेतु बदरी वन गया ॥४०॥ तब नारायण का दर्शन कर, वहाँ तपस्वियों को अभिनन्दन कर, पुनः नारायण को नमस्कार कर और उनकी स्तुति कर सिद्धक्षेत्र पहुँचा ॥४१॥ इस प्रकार बहुत से तीर्थों में घूमता हुआ कुरुदेश तथा जाङ्गल देश में घूमता-फिरता फिर हस्तिनापुर में गया ॥४२॥ हे द्विजों! वहाँ यह सुना कि राजा परीक्षित राज्य को त्याग बहुत ऋषियों के साथ परम पुण्यप्रद गङ्गातीर गये हैं ॥४३॥ और उस गङ्गातट पर

तत्र सिद्धाः समाजग्मुर्योगिनिः सिद्धिभूषणाः, देवर्षयश्च तत्रैव निराहारश्च केचन ।४४।
वाताम्बुपर्णाहाराश्च श्वासाहाराश्च केचन, फलाहाराः परे केचित् फेनाहाराश्च केचन ।४५।
तं समाजं प्रष्टुकामस्त्वाहममं द्विजाः, तत्राजगाम भगवान् ब्रह्मभूतो महामुनिः ।४६।
व्यासपुत्रो महातेजाः शुकदेवः प्रतापवान्, श्रीकृष्णाचरणाम्भोजे मनसो धारणां दधत् ।४७।
तं द्वयष्टवर्षं योगेशं कम्बुकण्ठं मदोन्नतम्, स्निग्धालकावृतमुखं गूढजत्रुं ज्वलत्प्रभम् ।४८।
अवधूतं ब्रह्मभूतं ष्ठीवद्भिर्बालकैर्वृतम्, स्त्रीगणैर्धूलिहस्तैश्च मक्षिकाभिर्गजो यथा ।४९।
धूलिधूसरसर्वाङ्गं शुकं दृष्ट्वा महामुनिम्, मुनयः सहसोत्तस्थुर्बद्धाञ्जलिपुटा मुदा ।५०।

बहुत से सिद्ध, सिद्धि है भूषण जिनका का ऐसे योगि लोग और देवर्षि वहाँ पर आये हैं उसमें कोई निराहार ॥४४॥ कोई वायु भक्षण कर, कोई जल पीकर, कोई पत्ते खाकर, कोई श्वास ही को आहार कर, कोई फलाहार का और कोई-कोई फेन का आहार कर रहते हैं ॥४५॥ हे द्विजों! उस समाज में कुछ पूछने की इच्छा से हम भी गये। वहाँ ब्रह्मस्वरूप भगवान्, महामुनि, व्यास के पुत्र, बड़े तेजवाले, बड़े प्रतापी, श्रीकृष्ण के चरण कमलों को मन से धारण किये हुए श्री शुकदेव जी आये ॥४६-४७॥ इन १६ वर्ष के योगिराज, शङ्ख की तरह कण्ठवाले, बड़े लम्बे, चिकने बालों से घिरे हुए मुख वाले, बड़ी पुष्ट कन्धों की सन्धिवाले, चमकती हुई कान्तिवाले ॥४८॥ अवधूत रूप वाले, ब्रह्मरूप, थूकते हुए लड़कों से से घिरे हुए मक्षिकाओं से जैसे मस्त हस्ती घिरा रहता है उसी प्रकार धूल हाथ में ली हुई स्त्रियों से घिरे हुए ॥४९॥ सर्वाङ्ग धूल रमाए महामुनि शुकदेव को देख सब मुनि प्रसन्नता पूर्वक हाथ जोड़ कर सहसा उठ खड़े हो गये ॥५०॥ इस प्रकार महामुनियों द्वारा

स्त्रियो मूढाश्च बालास्ते तं दृष्ट्वा दूरतः स्थिताः, पश्चात्तापसमायुक्ताः शुकं नत्वा गृहान् ययुः ।५१।
आसनं कल्पयाञ्चक्रुः शुकायोन्नतमुत्तमम्, आसेदुर्मुनयोऽम्भोजकर्णिकायश्छदाइव ।५२।
तत्रोपविष्टो भगवान् महामुनिर्व्यासात्मजो ज्ञानमहाब्धिचन्द्रमाः,
पूजां दधद्ब्राह्मण कल्पितां तदा रराजतारावृत्तचन्द्रमा इव ।५३।

इति श्रीबृहन्नारदीये पुरुषोत्तममासमाहात्म्ये शुकागमने प्रथमोऽध्यायः ॥१॥

तदनन्तर भगवान् शुक को देखकर पश्चात्ताप करती (पछताती) हुई स्त्रियाँ और साथ के बालक जो उनको चिढ़ा रहे थे, दूर ही खड़े रह गये और भगवान् शुक को प्रणाम करके अपने-अपने घर के प्रति जाते भये ॥५१॥ इधर मुनिलोगों ने शुकदेव के लिये बड़ा ऊँचा और उत्तम आसन बिछाया। उस आसन पर बैठे भगवान् शुक को कमल की कर्णिका को जैसे कमल के पत्ते घेर रहते हैं उसी प्रकार मुनिलोग उनको घेर कर बैठ गये ॥५२॥ वहाँ बैठे हुए ज्ञानरूप महासागर के चन्द्रमा भगवान् महामुनि व्यासजी के पुत्र शुकदेव ब्राह्मणों द्वारा की हुई पूजा को धारण कर तारागणों से घिरे हुए चन्द्रमा की तरह शोभा को प्राप्त होते भये ॥५३॥

इति श्रीबृहन्नारदीये पुरुषोत्तममासमाहात्म्ये शुकागमने प्रथमोऽध्यायः ॥१॥

द्वितीयोऽध्याय

सूत उवाच-

राजा पृष्टं शुकेनोक्तं श्रीमद्भागवतं परम्, शुकप्रसादात्तच्छ्रुत्वा दृष्ट्वा राज्ञो विमोक्षणम् ।१।
अत्राहमागतो विप्रान् सत्रोद्यमपरायणान्, द्रष्टुकामः कृतार्थोऽहं जातो दीक्षितदर्शनात् ।२।

ऋषय ऊचुः-

साधो वार्त्तान्तरं त्यक्त्वा पूर्वं यत्तु श्रुतं त्वया, कृष्णद्वैपायमुखाद्यच्छ्रुतं तद्वदस्व नः ।३।
सारात् सारतरां पुण्यां कथामात्मप्रसादनीम्, पाययस्व महाभाग सुधाधिकतरां पराम् ।४।

सूत उवाच-

विलोमजोऽपि धन्योऽस्मि यन्मां पृच्छन्त सत्तमाः, यथाज्ञानं प्रवक्ष्यामि यच्छ्रुतं व्यासवक्त्रतः ।५।

सूतजी बोले—राजा परीक्षित् के पूछने पर भगवान् शुक द्वारा कथित परम पुण्यप्रद श्रीमद्भागवत शुकदेवजी के प्रसाद से सुनकर अनन्तर राजा का मोक्ष भी देखकर ॥१॥ अब यहाँ यज्ञ करने को उद्यत ब्राह्मणों को देखने के लिये मैं आया हूँ और यहाँ यज्ञ में दीक्षा लिये हुए ब्राह्मणों का दर्शन कर मैं कृतार्थ हुआ ॥२॥ ऋषि बोले—हे साधो! अन्य विषयों की वार्ता को त्यागकर भगवान् कृष्णद्वैपायन के प्रसाद से उनके मुख से जो आपने सुना है वही अपूर्व विषय हे सूत! आप हमलोगों से कहिये ॥३॥ हे महाभाग! संसार में जिससे परे कोई सार नहीं है, ऐसी मन को प्रसन्न करने वाली और जो सुधा से भी अधिकतर हितकर है ऐसी पुण्य कथा हम लोगों को सुनाइये ॥४॥ सूतजी बोले—विलोम (ब्राह्मण के वश में क्षत्रिय का नर मिल जाने से) उत्पन्न होने पर भी मैं धन्य हूँ जो श्रेष्ठ पुरुष भी आप लोग मुझसे पूछ रहे हैं। भगवान् व्यास के मुख से जो मैंने सुना है वह यथाज्ञान मैं कहता हूँ ॥५॥ एक समय नारदमुनि नरनारायण के आश्रम में गये।

एकदा नारदोऽगच्छन्नरनारायणालयम्, तापसैर्बहुभिः सिद्धैर्देवैरपि निषेवितम् ।६।
बदर्यक्षामलैर्बिल्वैराम्रैराम्रातकैरपि, कपित्थैर्जम्बुनीपाद्यैर्वृक्षैरन्यैर्विराजितम् ।७।
विष्णुपादोदकी पुण्याऽलकनन्दाऽस्ति तत्र च, तत्र गत्वाऽनमद्देवं नारायणमहामुनिम् ।८।
परब्रह्मणि संलग्नमानसं च जितेन्द्रियम्, जितारिषट्कममलं प्रस्फुरद्बहुलप्रभम् ।९।
नमस्कृत्वा च साष्टाङ्गं देवदेवं तपस्विनम्, कृताञ्जलिपुटो भूत्वा तुष्टाव नारदो विभुम् ।१०।

नारद उवाच—

देवदेवजगन्नाथ कृपाकूपारसत्पते, सत्यव्रतस्त्रिसत्योऽसि सत्यात्मा सत्यसंभवः ।११।
सत्ययोने नमस्तेऽस्तु त्वामहं शरणं गतः, तपस्तेऽखिलशिक्षार्थं मर्यादास्थापनाय च ।१२।
यथैकेन कृतात् पापात् कलौ मज्जति मेदिनी । तथैवैककृतान् पुण्यात्तरतीयं न संशयः ।१३।

जो आश्रम बहुत से तपस्वियों, सिद्धों तथा देवताओं से भी युक्त है ।६॥ और बेर, बहेड़ा, आँवला, बेल, आम, अमड़ा, कैथ, जामुन, कदम्बादि और भी अनेक वृक्षों से सुशोभित है ।।७॥ भगवान् विष्णु के चरणों से निकली हुई पवित्र गङ्गा और अलकनन्दा भी जहाँ बह रही है। ऐसे नर नारायण के स्थान में श्रीनारद मुनि ने जाकर महामुनि नारायण को प्रणाम किया ॥८॥ और परब्रह्म की चिन्ता में लगा हुआ है मन जिनका ऐसे, जितेन्द्रिय, काम क्रोधादि छओ शत्रुओं को जीते हुए, निर्मल चमक रही है अत्यन्त प्रभा जिनके शरीर से, ऐसे देवताओं के भी देव, तपस्वी नारायण को साष्टाङ्ग दण्डवत् प्रणामकर और हाथ जोड़कर नारद उस मुनि व्यापक प्रभु की स्तुति करने लगे ॥९–१०॥ नारदजी बोले—हे देवदेव ! हे जगन्नाथ ! हे कृपासागर सत्पते ! आप सत्यव्रत हो, त्रिसत्य हो, सत्य आत्मा हो और सत्यसम्भव हो ॥११॥ हे सत्ययोने ! आप को नमस्कार है। मैं आपकी शरण में आया हूँ। आपका जो तप है वह सम्पूर्ण प्राणियों की शिक्षा के लिये और मर्यादा की स्थापना के लिये है॥१२॥ यदि आप तपस्या न करें तो—जैसे कलियुग में एक के पाप करने से सारी पृथ्वी डूबती है वैसे ही एक के पुण्य करने से सारी पृथ्वी तरती है इसमें तनिक भी संशय नहीं है ॥१३॥ * पहले

कृतादिषु यथा पूर्वमेकरं तत्समस्तगम्, तादृकस्थितिं निराकृत्य कलौ कर्त्तैव केवलम्।१४।
लिप्यते पुण्यपापाभ्यामिति ते तपसि स्थितिः, भगवन् प्राणिनः सर्वे विषयासक्तमानसाः।१५।
दारापत्यगृहासक्तास्तेषां हितकरं च यत्, ममापि हितकृत्किञ्चिद्विचार्य वक्तुमर्हसि।१६।
त्वन्मुखाच्छ्रोतुकामोऽहं ब्रह्मलोकादिहागतः, उपकारप्रियो विष्णुरिति वेद विनिश्चितम्।१७।
तस्माल्लोकोपकाराय कथासारं वदाऽधुना, यस्य श्रवणमात्रेण निर्भयं विन्दते पदम्।१८।
नारदस्य वचः श्रुत्वा प्रहस्य भगवानृषिः, कथां कथितुमारेभे पुण्यां भुवनपावनीम्।१९।

श्रीनारायण उवाच-

गोपाङ्गनावदनपङ्कजषट्पदस्य रासेश्वरस्य रसिकाभरणस्य पुंसः,
वृन्दावने विहरतो व्रजभर्तुरादेः पुण्यां कथां भगवतः शृणु नारद त्वम्।२०।

सत्ययुग आदि में जैसे एक पाप करता था तो सभी पापी हो जाते थे' ऐसी स्थिति हटाकर कलियुग में केवल कर्त्ता ही पापों से लिप्त होता है यह आप के तप की स्थिति है। हे भगवन्! कलि में जितने प्राणी हैं सब विषयों में आसक्त हैं॥१४-१५॥ स्त्री, पुत्र, गृह में लगा है चित्त जिनका ऐसे प्राणियों का हित करने वाला जो हो और मेरा भी थोड़ा कल्याण हो ऐसा विषय सोचकर आप कहने के योग्य हैं॥१६॥ आपके मुख से सुनने की इच्छा से मैं ब्रह्मलोक से यहाँ आया हूँ। उपकार प्रिय विष्णु हैं ऐसा वेदों में निश्चित है॥१७॥ इसलिये लोकोपकार के लिये कथा का सार इस समय आप सुनाइये। जिसके श्रवणमात्र से निर्भय मोक्षपद को प्राप्त करते हैं॥१८॥ इस प्रकार नारदजी का वचन सुन भगवान् ऋषि आनन्द से खिलखिला उठे और भुवन को पवित्र करने वाली पुण्य कथा आरम्भ की॥१९॥ श्रीनारायण बोले—गोपों की स्त्रियों के मुखकमल के भ्रमर, रास के ईश्वर, रसिकों के आभरण, वृन्दावनविहारी, व्रज के पति आदिपुरुष भगवान् की पुण्य कथा को कहते हैं, हे नारद! आप सुनो॥२०॥ जो निमिषमात्र

चक्षुर्निमेषपततो जगतां विधाता तत्कर्म वत्स कथितुं भुवि कः समर्थः,
त्वं चापि नारदमुने भगवच्चरित्रं जानासि सारसरसं वचामगम्यम् ।२१।

तथापि वक्ष्ये पुरुषोत्तमस्य माहात्म्यमत्यद्भुतमादरेण,
दारिद्र्यवैधव्यहरं यशस्यं सत्पुत्रदं मोक्षदमाशु सेव्यम् ।२२।

नारद उवाच-

पुरुषोत्तमस्तु को देवो माहात्म्यं तस्य किं मुने, अत्यद्भुतमिवाभाति विस्तरेण वदस्व मे ।२३।

सूत उवाच-

नारदोक्तं वचः श्रुत्वा मुनिर्नारायणोऽब्रवीत्। समाधाय मनः सम्यक् मुहूर्तं पुरुषोत्तमे ।२४।

श्रीनारायण उवाच-

पुरुषोत्तमेति मासस्य नामाप्यस्ति सहेतुकम्, तस्य स्वामी कृपासिन्धुः पुरुषोत्तम उच्यते ।२५।

समय में जगत् को उत्पन्न करने वाले हैं उनके कर्मों को हे वत्स! इस पृथ्वी पर कौन वर्णन कर सकता है? हे नारदमुने! आप भी भगवान् के चरित्र का सरस सार जानते हैं। और यह भी जानते हैं कि भगवच्चरित्र वाणी द्वारा नहीं कहा जा सकता ॥२१॥ तथापि अद्भुत पुरुषोत्तम माहात्म्य आदर से कहते हैं। यह पुरुषोत्तम माहात्म्य दरिद्रता और वैधव्य को नाश करने वाला, यश का दाता एवं सत्पुत्र और मोक्ष को देने वाला है अतः शीघ्र ही इसका प्रयोग करना चाहिये ॥२२॥ नारद बोले—हे मुने! पुरुषोत्तम नामक कौन देवता हैं? उनका माहात्म्य क्या है? यह अद्भुत-सा प्रतीत होता है, अतः आप मुझसे विस्तारपूर्वक कहिये ॥२३॥ सूतजी बोले—श्रीनारद का वचन सुन नारायण क्षणमात्र पुरुषोत्तम में अच्छी तरह मन लगाकर बोले ॥२४॥ श्रीनारायण बोले—'पुरुषोत्तम' यह मास का नाम जो पड़ा है वह भी कारण से युक्त। पुरुषोत्तम मास के स्वामी दयासागर पुरुषोत्तम ही हैं ॥२५॥ इसीलिये ऋषिगण उसको पुरुषोत्तम मास कहते हैं। पुरुषोत्तम

ऋषिभिः प्रोच्यते तस्मान्मासः श्रीपुरुषोत्तमः, तस्य व्रतविधानेन प्रीतः स्यात् पुरुषोत्तमः ।२६ ।

नारद उवाच-

सन्ति मध्वादयो मासाः सेश्वरास्ते श्रुता मया, तन्मध्ये न श्रुतो मासः पुरुषोत्तमसंज्ञकः ।२७ ।

पुरुषोतत्मस्तु को मासस्तस्य स्वामी कृपानिधिः, पुरुषत्तमः कथं जातस्तन्मे ब्रूहि कृपानिधे ।२८ ।

स्वरूपं तस्य मासस्य सविधानं वद प्रभो, किं कर्तव्यं कथं स्नानं किं दानं तत्र सत्पते ।२९ ।

जपपूजोपवासादि साधनं किं च भण्यताम्, तुष्येत् कृतेन को देवः किं फलं वा प्रयच्छति ।३० ।

एतदन्यच्च यत्किञ्चित्तत्त्वं ब्रूहि तपोधन, अनापृष्टमपि ब्रूयुः साधवो दीनवत्सलाः ।३१ ।

नरा ये भुवि जायन्ते परभाग्यानुवर्तिनः, दारिद्र्यपीडिता नित्यं रोगिणः पुत्रकाङ्क्षिणाः ।३२ ।

जडा मूका दाम्भिकाश्च हीनविद्याः कुचैलिनः, नास्तिका लम्पटा नीचा जर्जराः परसेविनः ।३३ ।

मास के व्रत करने से भगवान् पुरुषोत्तम प्रसन्न होते हैं ॥२६॥ नारदजी बोले—चैत्रादि मास जो हैं वे अपने-अपने स्वामी देवताओं से युक्त हैं, ऐसा मैंने सुना है परन्तु उनके बीच में पुरुषोत्तम नाम का मास नहीं सुना है ॥२७॥ पुरुषोत्तम मास कौन है? और पुरुषोत्तम मास के स्वामी कृपा के निधि पुरुषोत्तम कैसे हुए? हे कृपानिधे! यह आप मुझसे कहिये ॥२८॥ इस मास का स्वरूप विधान के सहित हे प्रभो! कहिये। हे सत्पते! इस मास में क्या करना? कैसे स्नान करना? क्या दान करना? ॥२९॥ इस मास का जप पूजा उपवास आदि क्या साधन है? कहिये? इस मास के विधान से कौन देवता प्रसन्न होते हैं? और क्या फल देते हैं? ॥३०॥ इसके अतिरिक्त और जो कुछ भी तत्त्व हो वह हे तपोधन! कहिये। साधु दीनों के ऊपर कृपा करने वाले होते हैं वे बिना पूछे कृपा करके सदुपदेश दिया करते हैं ॥३१॥ इस पृथ्वी पर जो मनुष्य दूसरों के भाग्य के अनुवर्ती, दरिद्रता से पीड़ित, नित्य रोगी रहने वाले, पुत्र को चाहने वाले ॥३२॥ जड़, गूंगे, ऊपर से अपने को बड़े धार्मिक दरसाने वाले, विद्या विहीन, मलिन वस्त्रों को धारण करने वाले, नास्तिक, परस्त्रीगामी, नीच, जर्जर, दासवृत्ति करने वाले ॥३३॥ आशा जिनकी नष्ट

नष्टाशा भग्नसङ्कल्पा क्षीणतत्त्वा कुरूपिण:, रोगिण: कुष्ठिनो व्यङ्गा नेत्रहीनाश्च केचन ।३४।
इष्टमित्रकलत्राप्तपितृमातृवियोगिन:, शोकदु:खादिशुष्काङ्गा स्वेष्टवस्तुविवर्जिता: ।३५।
पुनर्नैवंविधास्ते स्युर्यत्कृतेन श्रुतेन च, पठितेनानुचीर्णेन तद्वदस्व मम प्रभो ।३६।
वैधव्यं वन्ध्यतादोषं हीनाङ्गत्वदुराधय:, रक्तपित्ताद्यपस्माराराजयक्ष्मादयश्च ये ।३७।
एतैर्दोषसमुहैश्चदु:खितान् वीक्ष्यमानवान्, दु:खितोऽस्मि जगन्नाथ कृपां कृत्वा ममोपरि ।३८।
विस्तरेण वद ब्रह्मन् मन्मनोमोदहेतुकम्, सर्वज्ञ: सर्वतत्त्वानां निधानं त्वमसि प्रभो ।३९

सूत उवाच-

इति विधितनयोदितं रसालं जनहितहेतु निशम्य देवदेव:,
अभिवनघनरावरम्यवाचाऽवददभिपूज्य मुनिं सुधांशुशान्तम् ।४०।

इति श्रीबृहन्नारदीये पुरुषोत्तममासमाहात्म्ये श्रीनारायणनारदसंवादे प्रश्नविधिर्नाम द्वितीयोऽध्याय: ॥२॥

हो गयी है, सङ्कल्प जिनके भग्न हो गये हैं, तत्त्व जिनके क्षीण हो गये हैं, कुरूपी, रोगी, कुष्ठी, टेढ़े-मेढ़े अङ्गवाले, अन्धे ।३४॥ इष्टवियोग, मित्रवियोग, स्त्रीवियोग, आप्तपुरुषवियोग, मातापिताविहीन, शोक दुःख आदि से सूख गये हैं अंग जिनके, अपनी इष्ट वस्तु से रहित उत्पन्न हुआ करते हैं ।३५॥ वैसे जिस अनुष्ठान के करने और सुनने से, पुनः उत्पन्न न हों, हे प्रभो! ऐसा प्रयोग हमको सुनाइये ।३६॥ वैधव्य, वन्ध्यादोष, अंगहीनता, दुष्ट व्याधियाँ, रक्तपित्त आदि, मिर्गी राजयक्ष्मादि जो दोष हैं ।३७॥ इन दोषों से दुःखित मनुष्यों को देखकर हे जगन्नाथ! मैं दुःखी हूँ। अतः मेरे ऊपर दया करके ।३८॥ हे ब्रह्मन्! मेरे मन को प्रसन्न करने वाले विषय को विस्तार से कहिये। हे प्रभो! आप सर्वज्ञ हैं, समस्त तत्त्वों के आयतन हैं ।३९॥ सूतजी बोले—इस प्रकार नारद के परोपकारी मधुर वचनों को सुन कर देवदेव नारायण, चन्द्रमा की तरह शान्त महामुनि नारद से नये मेघ के समान गम्भीर वचन बोले ।४०॥

इति श्रीबृहन्नारदीये पुरुषोत्तममासमाहात्म्ये श्रीनारायणनारदसंवादे प्रश्नविधिर्नाम द्वितीयोऽध्याय: ॥२॥

तृतीयोऽध्याय

ऋषय ऊचुः-

नारायणो नरसखा यदुवाच शुभं वचः, नारदाय महाभाग तन्नो वद सविस्तारम् ।१।

सूत उवाच-

नारायणवचो रम्यं श्रुयतां द्विजसत्तमाः, यदुक्तं नारदायैतत् प्रवक्ष्यामि यथाश्रुतम् ।२।

श्रीनारायण उवाच-

शृणु नारद वक्ष्यामि यदुक्तं हरिणापुरा, राज्ञे युधिष्ठिरायैवं श्रीकृष्णेन महात्मना ।३।

एकदा धार्मिको राजाऽजातशत्रुर्युधिष्ठिरः, द्यूते पराजितो दुष्टैर्धार्तराष्ट्रैश्छलप्रियैः ।४।

समक्षमग्निसम्भूता कृष्णा धर्मपरायणा, दुःशासने दुष्टेन कचेष्वादाय कर्षिता ।५।

आकृष्टानि च वासांसि श्रीकृष्णो सुरक्षिता, पश्चाद्राज्यं परित्यज्य प्रयाताः काम्यकं वनम् ।६।

ऋषिगण बोले—हे महाभाग! नर के मित्र नारायण नारद के प्रति जो शुभ वचन बोले वह आप विस्तार पूर्वक हमसे कहें ॥१॥ सूतजी बोले-हे द्विजसत्तमो! नारायण ने नारद के प्रति जो सुन्दर वचन कहे वह जैसे मैंने सुने हैं वैसे ही कहता हूँ आप लोग सुनें ॥२॥ नारायण बोले-हे नारद! पहिले महात्मा श्रीकृष्णचन्द्र ने राजा युधिष्ठिर से जो कहा था वह मैं कहता हूँ सुनो ॥३॥ एक समय धार्मिक राजा अजातशत्रु युधिष्ठिर, छलप्रिय धृतराष्ट्र के दुष्टपुत्रों द्वारा द्यूतक्रीड़ा में हार गये ॥४॥ सबके देखते-देखते अग्नि से उत्पन्न हुई धर्मपरायणा द्रौपदी के बालों को पकड़कर दुष्ट दुःशासन ने खींचा ॥५॥ और खींचने के बाद उसके वस्त्र उतारने लगा तब भगवान् कृष्ण ने उसकी रक्षा की। पीछे पाण्डव राज्य को त्याग काम्यक वन को चले गये ॥६॥ वहाँ अत्यन्त क्लेश से युक्त

अत्यन्तं क्लेशमापन्नाः पार्था वन्यफलाशिनः, विष्वक्कचाचिताः सर्वे राजा इव वनौकसः ॥७॥
अथ तान् दुःखितान् द्रष्टुं भगवान् देवकीसुतः, जगाम काम्यकवनं मुनिभिः परिवारितः ॥८॥
तं दृष्ट्वा सहसोत्तस्थुर्देहाः प्राणानिवागतान्, पार्थाः सम्वजिरे प्रीत्या श्रीकृष्णं प्रेमविह्वलाः ॥९॥
ते चानीनमतां भक्त्या ययौ हरिपदाम्बुजम्, द्रौपदी तं नमामाशु शनैः शनैरतन्द्रिता ॥१०॥
तान् दृष्ट्वा दुःखितान् पार्थान् रौरवाजिनवाससः, धूलिभिर्धूसरान् रुक्षान् सर्वतः कचसंयुतान् ॥११॥
पाञ्चालीमपि तन्वङ्गीं तादृशीं दुखसंवृत्ताम्, तेषां दुःखमतोवोग्रं दृष्ट्वैवासीत दुःखितः ॥१२॥
धार्त्तराष्ट्रान् दग्धुकामो भगवान् भक्तवत्सलः, चक्रे कोपं स विश्वात्मा भ्रूभङ्गकुटिलेक्षण ॥१३॥
कोटिकालकरालास्य-प्रलयाग्निरिवोत्थितः, सन्दष्टौष्ठपुटः प्रोच्चैत्रिलोकीं ज्वलयन्निव ॥१४॥

वे वन के फलों को खाकर जीवन बिताने लगे। जैसे जङ्गली हाथियों के शरीर में बाल होते हैं इसी प्रकार पाण्डवों के शरीर में बाल हो गये ॥७॥ इस प्रकार दुःखित पाण्डवों को देखने के लिये भगवान् देवकीसुत मुनियों के साथ काम्यक वन में गये ॥८॥ उन भगवान् को देखकर मृत शरीर में पुनः प्राण आ जाने की तरह युधिष्ठिर, भीमसेन, अर्जुन आदि प्रेमविह्वल होकर सहसा उठ खड़े हुए और प्रीति से श्रीकृष्ण से उनसे मिले ॥९॥ और भगवान्‌कृष्ण के चरण कमलों में भक्ति से नमस्कार करते भये। द्रौपदी धीरे-धीरे वहाँ आय आलस्यरहित होकर भगवान् को शीघ्र नमस्कार करती भी ॥१०॥ उन दुःखित पाण्डवों को रुरुमृग के चर्म के वस्त्रों को पहिरे देख और समस्त शरीर में धूल लगी हुई, रूखा शरीर, चारों तरफ बाल बिखरे हुए ॥११॥ द्रौपदी जी भी उसी प्रकार दुर्बल शरीरवाली और दुःखों से घिरी हुई देखा। इस तरह दुःखित पाण्डवों को देखकर अत्यन्त दुःखी ॥१२॥ भक्तवत्सल भगवान् धृतराष्ट्र के पुत्रों को जला देने की इच्छा से उन पर क्रुद्ध हुए। विश्व के आत्मा, भौंहों को चढ़ा टेढ़ा कर देखने वाले ॥१३॥ करोड़ों काल के कराल मुख की तरह मुखवाले, धधकती हुई प्रलय की अग्नि के समान उठे हुए, ओंठों को दाँत के नीचे जोर से दबाकर तीनों लोकों को जला देने की तरह ॥१४॥

सीतावियोगसन्तप्तः साक्षाद्दाशरथिर्यथा, तामालोक्य तदा वीरो बीभत्सुर्जातवेपथुः ।१५।
उत्थाय कृष्णं तुष्टाव बद्धाञ्जलिपुटं भिया, धर्मानुमोदितः शीघ्रं द्रौपद्या च तथापरैः ।१६।

अर्जुन उवाच–

हे कृष्ण जगतां नाथ नाथ नाहं जगद्बहिः, त्वमेव जगतां पाता मां न पासि कथं प्रभो ।१७।
यच्चक्षुः पातनेनैव ब्रह्मणः पतनं भवेत्, किं तत्कोपेन न भवेत् को वेद किं भविष्यति ।१८।
क्रोधं संहर संहर्तस्तातताात जगत्पते, त्वद्विधानां च कोपेन जगतः प्रलयो भवेत् ।१९।
वन्दे त्वां सर्वतत्त्वज्ञ सर्वकारणकारणम्, वेदवेदांगबीजस्य बीजं श्रीकृष्णमीश्वरम् ।२०।
त्वमीश्वरोऽसृजः सर्वं जगदेतच्चराचरम्, सर्वमङ्गलमाङ्गल्यं बीजरूपः सनातनः ।२१।

श्रीसीता के वियोग से सन्तप्त भगवान् रामचन्द्र को रावण पर जैसा क्रोध आया था उस प्रकार से क्रुद्ध भगवान् को देखकर काँपते हुए अर्जुन ॥१५॥ कृष्ण को प्रसन्न करने के लिये द्रौपदी, धर्मराज तथा और लोगों से भी अनुमोदित होकर शीघ्र ही हाथ जोड़कर उनकी स्तुति करने लगे ॥१६॥ अर्जुन बोले–हे कृष्ण! हे जगत्के नाथ! हे नाथ! मैं जगत् के बाहर नहीं हूँ। आप ही जगत् की रक्षा करने वाले हैं, हे प्रभो! क्या मेरी रक्षा आप न करेंगे ॥१७॥ जिनके नेत्र के देखने से ही ब्रह्मा का पतन हो जाता है उनके क्रोध करने से क्या नहीं हो सकता, यह कौन जानता है कि क्या होगा? ॥१८॥ हे संहार करने वाले! क्रोध का संहार कीजिये। हे तात के तात! हे जगत्पते! आप ऐसे महापुरुषों के क्रोध से संसार का प्रलय हो जाता है ॥१९॥ सम्पूर्ण तत्त्व को जानने वाले सर्व वस्तुओं के कारण के कारण, वेद और वेदांग के बीज के बीज आप साक्षात् श्रीकृष्ण हैं। मैं आपकी वन्दना करता हूँ ॥२०॥ आप ईश्वर हैं इस चराचरात्मक संसार को आपने उत्पन्न किया है, सर्वमङ्गल के माङ्गल्य हैं और सनातन के बीजरूप हैं ॥२१॥ इसलिये एक के अपराध से

स कथं स्वकृतं हन्याद्विश्वमेकापराधतः, मशकान् भस्मासात्कर्तुं को वा दहति मन्दिरम् ।२२।

श्रीनारायण उवाच-

इति विज्ञाप्य श्रीकृष्णं फाल्गुनः परवीरहा, बद्धाञ्जलिपुटो भूत्वा प्रणनाम जनार्दनम् ।२३।

सूत उवाच-

हरिः क्रोधं निरस्याशु सौम्योऽभूच्चन्द्रमा इव, समालक्ष्य तदा सर्वे पाण्डवाः स्वास्थ्यमागताः ।२४।

प्रीत्युत्फुल्लमुखाः सर्वे प्रमेणुः प्रेमविह्वलाः, श्रीकृष्णं पूजयाञ्चक्रुर्वन्यैर्मूलफलादिभिः ।२५।

श्रीनारायण उवाच-

ततः प्रसन्नं श्रीकृष्णं शरण्यं भक्तवत्सलम्, विज्ञायावनतो भूत्वा बृहत्प्रेमपरिप्लुतः ।२६।

बद्धाञ्जलिर्गुडाकेशो नामं नामं पुनः पुनः, तं तथा कृतवान् प्रश्नं यथा पृच्छति यं भवान् ।२७।

अपने बनाये समस्त विश्व का आप नाश कैसे करेंगे? कौन भला ऐसा होगा जो मच्छरों के जलाने के लिये अपने घर को जला देता हो? ॥२२॥ श्रीनारायण बोले—दूसरों की वीरता को मर्दन करने वाले अर्जुन ने भगवान् से इस प्रकार निवेदन कर प्रणाम किया ॥२३॥ सूतजी बोले—श्रीकृष्णजी ने अपने क्रोध को शान्त किया और स्वयं भी चन्द्रमा की तरह शान्त हो गये। इस प्रकार भगवान् को शान्त देखकर पाण्डव स्वस्थ होते भये ॥२४॥ प्रेम से प्रसन्नमुख एवं प्रेमविह्वल हुए सबों ने भगवान् को प्रणाम किया और जंगली कन्द, मूल, फल आदि से उनकी पूजा की ॥२५॥ नारायण बोले—तब शरण में आने योग्य, भक्तों के ऊपर कृपा करने वाले श्रीकृष्ण को प्रसन्न जान, विशेष प्रेम से भरे हुए, नम्र ॥२६॥ अर्जुन ने बारम्बार नमस्कार किया और जो प्रश्न आपने हमें किया है वही प्रश्न उन्होंने श्रीकृष्ण से किया ॥२७॥ इस प्रकार अर्जुन का प्रश्न सुनकर

श्रुत्वैवं भगवान् दध्यौ मुहूर्तं मनसा हरिः, ध्यात्वाऽऽश्वास्य सुहृद्वर्गं पाञ्चालीं च धृतव्रताम्।
उवाच वदतां श्रेष्ठः पाण्डवानां हितं वचः ।२८।

श्रीकृष्ण उवाच-

शृणु राजन् महाभाग वीभत्सो ह्यथ मद्वचः, अपूर्वोऽयं कृतः श्नो नोत्तरं वक्तुमुत्सहे ।२९।
एष गुह्यतरो लोके ऋषाणामपि दुर्घटः, तथापि वक्ष्ये मित्रत्वाद्भक्तत्वाच्च तवार्जुन ।३०।
तदुत्तरमतोवोग्रं क्रमतः शृणु सुव्रत, मध्वादयश्च ये मासा लवपक्षाश्च नाडिकाः ।३१।
यामास्त्रियामा ऋतवो मुहूर्तान्ययने उभे, हायनं य युगान्येवं परार्धान्ता परे च ये ।३२।
नद्योऽर्णवह्रदाः कूपा वापीपल्वलनिर्झराः, लतौषधिद्रुमाश्चैव त्वक्साराः पादपाश्च ये ।३३।
वनस्पतिपुरग्रामगिरयः पत्तनानि च, एते सर्वे मूर्तिमन्तः पूज्यन्ते स्वात्मनो गुणैः ।३४।

क्षणमात्र मन से सोचकर अपने सुहृद्वर्ग पाण्डवों को और व्रत को धारण की हुई द्रौपदी को आश्वासन देते हुए वक्ताओं में श्रेष्ठ श्रीकृष्ण पाण्डवों से हितकर वचन बोले ॥२८॥ श्रीकृष्णजी बोले-हे राजन्! हे महाभाग! हे वीभत्सो! अब मेरा वचन सुनो। आपने यह प्रश्न अपूर्व किया है, आपको उत्तर देने में मुझे उत्साह नहीं हो रहा है ॥२९॥ इस प्रश्न का उत्तर गुप्त से भी गुप्त है, ऋषियों को भी नहीं विदित है फिर भी हे अर्जुन! मित्र के नाते अथवा तुम हमारे भक्त हो इस कारण से हम कहते हैं ॥३०॥ हे सुव्रत! वह जो उत्तर है वह अति उग्र है, अतः क्रम से सुनो। चैत्रादि जो बारह मास, निमेष, महीने के दोनों पक्ष, घड़ियाँ ॥३१॥ प्रहर, त्रियामा, छः ऋतुएँ, मुहूर्त दक्षिणायन और उत्तरायण, वर्ष चारों युग, इसी प्रकार परार्ध तक जो काल है यह सब ॥३२॥ और नदी, समुद्र, कुएँ, बावली, गड्ढयाँ, सोते, लता, औषधियाँ, वृक्ष, बाँस आदि पेड़ ॥३३॥ वन की औषधियाँ, नगर, गाँव, पर्वत, पुरियाँ ये सब मूर्तिवाले हैं और अपने गुणों से पूजे जाते हैं ॥३४॥ इनमें ऐसा कोई अपूर्व व्यक्ति

न तेषां कश्चिदप्यस्ति ह्यपूर्वः स्वामिवर्जितः, स्वे स्वेऽधिकारे सततं पूज्यन्ते फलदायिनः ।३५।
स्वस्वामियोगमाहात्म्यात् सर्वे सौभाग्यशालिनः, अधिमासः समुत्पन्नः कदाचित् पाण्डुनन्दन ।३६।
तमूचुः सकला लोका असहायं जुगुप्सितम्, अनर्हो मलमासोऽयं रविसङ्क्रमवर्जितः ।३७।
अस्पृश्यो मलरूपत्वाच्छुभे कर्मणि गर्हितः, श्रुत्वैतद्वचनं लोकान्निरुद्योगो हतप्रभः ।३८।
दुःखान्वितोऽतिखिन्नात्मा चिन्ताग्रस्तैकमानसः, मुमूर्षुरभवत्तेन हृदयेन विदूयता।
पश्चाद्धैर्यं समालम्ब्य मामसौ शरणं गतः ।३९।
प्राप्तो वैकुण्ठभवनं यत्राहमवसं नर, अन्तर्गृहं समागत्य मामसौ दृष्टवान् परम् ।४०।
अमूल्यरत्नरचिते हेमसिंहासने स्थितम्, तदानीं मामसौ दृष्ट्वा दण्डवत् पतितो भुवि ।४१।

नहीं है जो अपने अधिष्ठात् देवता के बिना रहता हो, अपने-अपने अधिकार में पूजे जाने वाले ये सभी फल को देने वाले हैं ।३५ ॥ अपने-अपने अधिष्ठात् देवता के योग के माहात्म्य से ये सब सौभाग्यवान् हैं। हे पाण्डुनन्दन! एक समय अधिमास उत्पन्न हुआ ॥३६॥ उस उत्पन्न हुए असहाय निन्दित मास को सब लोग बोले कि यह मलमास सूर्य की संक्रान्ति से रहित है अतः पूजने योग्य नहीं है ॥३७॥ यह मलमास मलरूप होने से छूने योग्य नहीं है और शुभ कार्यों में अग्राह्य है इस प्रकार के वचनों को लोगों के मुख से सुनकर यह मास निरुद्योग, प्रभारहित ।३८॥ दुःख से घिरा हुआ, अति खिन्नमन, चिन्ता से ग्रस्त मन होकर व्यथित हृदय से मरणासन्न की तरह हो गया। फिर वह धैर्य धारण कर मेरी शरण में आया ॥३९॥ हे नर! वैकुण्ठ भवन में जहाँ मैं रहता था वहाँ पहुँचा और मेरे घर में आकर मुझ परम पुरुषोत्तम को इसने देखा ॥४०॥ उस समय अमूल्य रत्नों से खचित सुवर्ण के सिंहासन पर बैठे मुझको देखकर यह भूमि पर साष्टाङ्ग दण्डवत् कर ॥४१॥ हाथ जोड़कर

प्राञ्जलिः प्रयूतो भूत्वा मुञ्चन्नश्रूणि नेत्रतः, वाचा गद्गदया सौम्यं बभाषे धैर्यमुद्वहन् ।४२।

सूत उवाच—

इत्युक्त्वा बदरीनाथो विरराम महामुनिः, तच्छ्रुत्वा पुनरेवाह नारदो भक्तवत्सलः ।४३।

नारद उवाच—

इत्थं गत्वा भवनममलं पूर्णरूपस्य विष्णोर्भक्तिप्राप्यं जगदघहरं योगिनानप्यगम्यम्,
यत्रैवास्ते जगदभयदो ब्रह्मरूपो मुकुन्दस्तत्पादाब्जं शरणमधिगतः सोऽधिमासः किमूचे ।४४।

इति श्रीबृहन्नारदीय पुराणे पुरुषोत्तममासमाहात्म्येऽधिमासस्य
वैकुण्ठप्रापणं नाम तृतीयोऽध्यायः ॥३॥

नेत्रों से बराबर आँसुओं की धारा बहाता हुआ धैर्य धारण कर गद्गद वाणी से बोला ॥४२॥ सूतजी बोले—इस प्रकार महामुनि बदरीनाथ कथा कहकर चुप होते भये। इस प्रकार नारायण के मुख से कथा सुन भक्तों के ऊपर दया करने वाले नारद मुनि पुनः बोले ॥४३॥ नारद बोले—इस प्रकार अपनी पूर्ण कला से विराजमान भगवान् विष्णु के निर्मल भवन में जाकर भक्तिद्वारा मिलने वाले, जगत् के पापों को दूर करने वाले, योगियों को भी शीघ्र न मिलने वाले जगत् को अभयदान देने वाले, ब्रह्मात्म, मुकुंद जहाँ पर थे उनके चरण कमलों की शरण में आया हुआ अधिमास क्या बोला ॥४४॥

इति श्रीबृहन्नारदीय पुराणे पुरुषोत्तममासमाहात्म्येऽधिमासस्य वैकुण्ठप्रापणं
नाम तृतीयोऽध्यायः ॥३॥

चतुर्थोऽध्याय

श्रीनारायण उवाच-

श्रृणु नारद वक्ष्येऽहं लोकानां हितकाम्यया, अधिमासेन यत्प्रोक्तं हरेरग्रे शुभं वचः ।१।

अधिमास उवाच-

अयि नाथ कृपानिध हरे न कथं रक्षसि मामिहागतम्,

कृपणं प्रबलैर्निराकृतं मलमासेत्यभिधां विधाय मे ।२।

शुभ कर्मणि वर्जितं हि मां निरधीशं मलिनं सदैवतैः,

अवलोकयतो दयालुता के गता तेऽद्य कठोरता कथम् ।३।

वसुदेववराङ्गना यथा खलकंसानलतः सुरक्षिता।

वद मां शरणागतं कथं न तथाद्यावसि दीनवत्सल ।४।

श्रीनारायण बोले- हे नारद! भगवान् पुरुषोत्तम के आगे जो शुभ वचन अधिमास ने कहे वह लोगों के कल्याण की इच्छा से हम कहते हैं, सुनो ॥१॥ अधिमास बोला- हे नाथ! हे कृपानिधे! हे हरे! मेरे से जो बलवान् हैं उन्होंने 'यह मलमास है' ऐसा कहकर मुझ दीन को अपनी श्रेणी से निकाल दिया है ऐसे यहाँ आये हुए मेरी आप रक्षा क्यों नहीं करते? ॥२॥ अपने स्वामी देवता वाले मासादिकों द्वारा शुभ कर्म में वर्जित मुझ स्वामिरहितको देखते ही आपकी दयालुता कहाँ चली गयी और आज यह कठोरता कैसे आ गयी? ॥३॥ हे भगवन्! कंसरूप अग्नि से जलती हुई वसुदेव की स्त्री (देवकी) की रक्षा जैसे आपने की वैसे ही हे दीनवत्सल! कहिये मुझ शरण आये की आप कैसे रक्षा नहीं करते? ॥४॥ पहिले द्रुपद राजा की कन्या

द्रुपदस्य सुता यथा खलदुःशासनदुःखतोऽविता,

वदं मां शरणागतं कथं न तथाद्यावसि दीनवत्सल ।५।

यमुनाविषतो यादवोऽविता: पशुपाला: पशवो यथा त्वया,

वदं मां शरणागतं कथं न तथाद्यावसि दीनवत्सल ।६।

पशव: पशुपास्तदङ्गना अविता दावधनञ्जयाद्यथा,

वदं मां शरणागतं कथं न तथाद्यावसि दीनवत्सल ।७।

पृथिवीपतयो यथाविता मगधेशालयबन्धनात्त्वया,

वदं मां शरणागतं कथं न तथाद्यावसि दीनवत्सल ।८।

गजनायक एत्य रक्षितो झटिति ग्राहमुखाद्यथा त्वया,

वदं मां शरणागतं कथं न तथाद्यावसि दीनवत्सल ।९।

द्रौपदी की दुःशासन के दुःख से जैसे आपने रक्षा की वैसे हे दीनदयालो! कहिये मुझ शरण आये को आज कैसे रक्षा नहीं करते ।।५।। यमुना में कालिय नागके विष से गौ चरानेवालों तथा पशुओं की आपने जैसे रक्षा की वैसे हे दीनवत्सल! कहिये मुझ शरण आये को आज कैसे रक्षा नहीं करते ।।६।। पशु और पशुओं को पालने वालों एवं पशुपालकों की स्त्रियों की जैसे पहिले व्रज में सर्पलक्ष वन में लगी हुई अग्नि से आपने रक्षा की वैसे हे दीनवत्सल! कहिये मुझ शरण आये को आज कैसे रक्षा नहीं करते ।।७।। मगध देश के राजा जरासंध के बन्धन से राजाओं की जैसे रक्षा की वैसे हे दीनवत्सल! कहिये मुझ शरण आये को आज कैसे रक्षा नहीं करते ।।८।। आपने ग्राह के मुख से गजराज को झट आकार जैसे रक्षा की वैसे हे दीनवत्सल! कहिये मुझ शरण आये को आज कैसे रक्षा नहीं करते ।।९।। श्रीनारायण बोले–इस प्रकार भगवान्‌को कह

श्रीनारायण उवाच-

इति विज्ञाप्य भूमानं विरराम निरीश्वरः, मलमासोऽश्रु वदनस्तिष्ठन्नग्रे जगत्पते।१०।
तदानीं श्रीहरिस्तूर्णं कृपयाप्लावितो भृशम्, उवाच दीनवदनं मलमासं पुरः स्थितम्।११।

श्रीहरिरुवाच-

वत्स वत्स किमत्यन्तं दुःखमग्नोऽसि साम्प्रतम्, एतादृशं महत् दुःखं किं ते मनसि वर्तते।१२।
त्वामहं दुःखसंमग्नमुद्धरिष्यामि मा शुचः, न मे शरणमापन्नः पुनःशोचितुमर्हति।१३।
इहागत्य महादुःखी पतितोऽपि न शोचति, किमर्थं त्वमिहागत्य शोकसंमग्नमानसः।१४।
अशोकमजरं नित्यं सानन्दं मृत्युवर्जितम्, वैकुण्ठमीदृशं प्राप्य कथं दुःखान्वितो भवान्।१५।
त्वामत्र दुःखितं दृष्ट्वा वैकुण्ठस्थाः सुविस्मिताः, किमर्थं मर्तुकामोऽसि तन्मे वत्स वदाधुना।१६।

स्वामीरहित मलमास, आँसू बहाता मुख लिये जगत्पति के सामने चुपचाप खड़ा रहा॥१०॥ उसको रोते देखते ही भगवान् शीघ्र ही दयार्द्र हो गये और पास में खड़े दीनमुख मलमास से बोले॥११॥ श्रीहरि बोले-हे वत्स! क्यों इस समय अत्यन्त दुःख में डूबे हुए हो ऐसा कौन बड़ा भारी दुःख तुम्हारे मन में है?॥१२॥ दुःख में डूबते हुए तुझको हम बचावेंगे, तुम शोक मत करो। मेरी शरण में आया फिर शोक करने के योग्य नहीं रहता है॥१३॥ यहाँ आकर महादुःखी नीच भी शोक नहीं करता किसलिये तुम यहाँ आकर शोक में मन को दबाये हुए हो॥१४॥ जहाँ आने से न शोक होता है, न कभी बुढ़ौती आती है, न मृत्यु का भय रहता है, किन्तु नित्य आनन्द रहा करता है इस प्रकार के वैकुण्ठ में आकर तुम कैसे दुःखित हो?॥१५॥ तुमको यहाँ पर दुःखित देखकर वैकुण्ठवासी बड़े विस्मय को प्राप्त हो रहे हैं, हे वत्स! तुम कहो इस समय तुम मरने की इच्छा क्यों करते हो?॥१६॥

श्रीनारायण उवाच–

श्रुत्वेदं भगवद्वाक्यं विभार इव भारभृत्, श्वासोच्छ्वाससमायुक्त उवाच मधुसूदनम् ।१७।

अधिमास उवाच–

अज्ञातं तव नैवास्ति किञ्चिदप्यत्र संसृति, आकाश इव सर्वत्र विश्वं व्याप्य व्यवस्थित: ।१८।
चराचरगतो विष्णु: साक्षी सर्वस्य विश्वदृक्, कूटस्थे त्वयि सर्वाणि भूतानि च व्यवस्थया ।१९।
संस्थितानी जगन्नाथ न किञ्चिद्भवता विना, किन्न जानासि भगवन्निर्भाग्यस्य मम व्यथाम् ।२०।
तथापि वच्मि हे नाथ दु:खजालमपावृतम्, तादृशं नैव कस्यापि न श्रुतं नावलोकितम् ।२१।
क्षणा लवा मुहूर्ताश्च पक्षा मासा दिवानिशम्, स्वामिनामधिकारैस्ते मोदन्ते निर्भया: सदा ।२२।

श्रीनारायण बोले–इस प्रकार भगवान् के वाक्य सुनकर बोझा लिये हुए आदमी जैसे बोझा रखकर श्वास पर श्वास लेता है इसी प्रकार श्वासोच्छ्वास लेकर–अधिमास मधुसूदन से बोला ॥१७॥ अधिमास बोला–हे भगवन्! आप सर्वव्यापी हैं, आप से अज्ञात कुछ नहीं है, आकाश की तरह आप विश्व में व्याप्त होकर बैठे हैं ॥१८॥ चर–अचर में व्याप्त विष्णु आप सब के साक्षी हैं, विश्व भर को देखते हैं, विषय की सन्निधि में भी विकार शून्य आप में शास्त्रमर्यादा के अनुसार सब भूत ॥१९॥ स्थित हैं हे जगन्नाथ! आपके बिना कुछ भी नहीं है। क्या आप मुझ अभागे के कष्ट को नहीं जानते हैं? ॥२०॥ तथापि हे नाथ! मैं अपनी व्यथा को कहता हूँ जिस प्रकार मैं दु:खजाल से घिरा हुआ हूँ वैसे दु:खित को मैंने न कहीं देखा है और न सुना है ॥२१॥ क्षण, निमेष, मुहूर्त, पक्ष, मास, दिन और रात सब अपने–अपने स्वामियों के अधिकारों से सर्वदा बिना भय के प्रसन्न रहते हैं ॥२२॥ मेरा न कुछ नाम है, न मेरा कोई

न मे नाम न मे स्वामी न हि कश्चिन्माश्रयः, तस्मान्निराकृतः सर्वैः साधिदेवैः सुकर्मणः ।२३।
निषिद्धो मलमासोऽयमित्यन्धोऽवटगः सदा, तस्माद्विनष्टुमिच्छामि नाहं जीवितुमुत्सहे ।२४।
कुजीविताद्वरं मृत्युर्नित्यदग्धः कथं स्वपेत्, अतः परं महाराज वक्तव्यं नावशिष्यते ।२५।
परदुःखासहिष्णुस्त्वमुपकारप्रियो मतः, वेदेषु च पुराणेषु प्रसिद्धः पुरुषोत्तमः ।२६।
निजधर्म समालोच्य यथारुचि तथा कुरु, पुनः पुनः पामरेण न वक्तव्य प्रभुर्महान् ।२७।
मरिष्येऽहं मरिष्येऽहं मरिष्येऽहं पुनः-पुनः, इत्युक्त्वा मलमासोऽयं विरराम विधेः सुत ।२८।
ततः पपात सहसा सन्निधौ श्रीरमापतेः, तत्र तं पतितं दृष्ट्वा संसज्जाता सुविस्मिता ।२९।

अधिपति है और न कोई मुझको आश्रय है अतः क्षणादिक समस्त स्वामी वाले देवों ने शुभ कार्य से मेरा निरादर किया है ॥२३॥ यह मलमास सर्वदा त्याज्य है, अन्धा है, गर्त में गिरने वाला है, ऐसा सब कहते हैं। इसी कारण से मैं मरने की इच्छा करता हूँ, अब जीने की इच्छा नहीं है ॥२४॥ निन्द्य जीवन से तो मरना ही उत्तम है। जो सदा जला करता है वह किस तरह सो सकता है, हे महाराज! इससे अधिक मुझको और कुछ कहना नहीं है ॥२५॥ वेदों में आपकी इस तरह प्रसिद्धि है कि पुरुषोत्तम आप परोपकार प्रिय हैं और दूसरों के दुःख को सहन नहीं करते हैं ॥२६॥ अब आप अपना धर्म समझकर जैसी इच्छा हो वैसा करें। आप प्रभु और महान् हैं, आपके सामने मुझ जैसे पामर को घड़ी-घड़ी कुछ कहते रहना उचित नहीं है ॥२७॥ मैं मरूँगा, मैं मरूँगा, मैं अब न जीऊँगा, ऐसा पुनः पुनः कहकर वह अधिमास, हे ब्रह्मा के पुत्र! चुप हो गया ॥२८॥ और एकाएक श्रीविष्णु के निकट गिर गया। तब इस प्रकार गिरते हुए मलमास को देख भगवान् की सभा में लोग बड़े विस्मय को प्राप्त हुए ॥२९॥ श्रीनारायण बोले-

श्रीनारायण उवाच-

इत्युक्त्वा विरतिमुपागतेऽधिमासे श्रीकृष्णो बहुलकृपाभरावसन्नः,
प्रावोचज्जलदगभीररावरम्यं निर्वाणं शिशिरमयूखवन्नयंस्तम् ॥३०॥

सूत उवाच-

नारायणस्य निगमर्द्धिपरायणस्य पापौघवार्धिवडवाग्निवचोऽवदातम्,
श्रुत्वा प्रहर्षितमना मुनिराबभाषे शुश्रूषुरादिपुरुषस्य वचांसि विप्राः ॥३१॥

इति श्रीबृहन्नारदीय पुराणे पुरुषोत्तममासमाहात्म्ये मलमासविज्ञप्तिर्नाम चतुर्थोऽध्यायः ॥४॥

इस प्रकार कहकर चुप हुए अधिमास के प्रति बहुत कृपा-भार से अवसन्न हुए श्रीकृष्ण, मेघ के समान गम्भीर वाणी से चन्द्रमा की किरणों की तरह उसे शान्त करते हुए बोले ॥३०॥ सूतजी बोले-हे विप्रों! वेदरूप ऋद्धि के आश्रित नारायण का पापों के समूहरूप समुद्र को शोषण करने वाला बड़वानल अग्नि से समान वचन सुनकर प्रसन्न हुए नारदमुनि, पुनः आदिपुरुष के वचनों को सुनने की इच्छा से बोले ॥३१॥

इति श्रीबृहन्नारदीय पुराणे पुरुषोत्तममासमाहात्म्ये मलमासविज्ञप्तिर्नाम चतुर्थोऽध्यायः ॥४॥

पंचमोऽध्याय

नारद उवाच-

किमुवाच महाभाग श्रुत्वा तद्वचनं हरिः, चरणाग्रे निपतितमधि मांस तपोनिधे ।१।

श्रीनारायण उवाच-

शृणु नारद वक्ष्यामि यदुक्तं हरिणाऽनघ, धन्योऽसि त्वं मुनिश्रेष्ठ यन्मा पृच्छसि सत्कथाम् ।२।

श्रीकृष्ण उवाच-

शृणु तत्रत्यवृत्तान्तं प्रवक्ष्यामि तवाग्रतः, नेत्रकोणसमादिष्टस्तदानीं हरिणाऽर्जुन ।३।
वीजयामास पक्षेण त मासं मूर्च्छितं खगः, उत्थितः पुनरेवाह नैतन्मे रोचते विभो ।४।

अधिमास उवाच-

पाहि पाहि जगद्धातः पाहि विष्णो जगत्पते, उपेक्षसे कथं नाथ शरणं मामुपागतम् ।५।

नारदजी बोले-हे महाभाग! हे तपोनिधे! इस प्रकार अधिमास के वचनों को सुनकर हरि ने चरणों के आगे पड़े हुए अधिमास से क्या कहा? ॥१॥ श्रीनारायण बोले-हे पापरहित! हे नारद! जो हरि ने मलमास के प्रति कहा वह हम कहते हैं, सुनो! हे मुनिश्रेष्ठ! आप जो सत्कथा हमसे पूछते हैं आप धन्य हैं ॥२॥ श्रीकृष्ण बोले-हे अर्जुन! वैकुण्ठ का वृत्तान्त हम तुम्हारे सम्मुख कहते हैं, सुनो! मलमास के मूर्छित हो जाने पर हरि के नेत्र से संकेत पाये हुए गरुण मूर्च्छित मलमास को पङ्ख से हवा करने लगे। हवा लगने पर अधिमास उठ कर फिर बोला हे विभो! यह मुझको नहीं रुचता है ॥३-४॥ अधिमास बोला-हे जगत् को उत्पन्न करने वाले! हे विष्णो! हे जगत्पते! मेरी रक्षा करो! रक्षा करो! हे नाथ! मुझ शरण आये को आप कैसे उपेक्षा कर रहे हैं ॥५॥ इस प्रकार कहकर काँपते हुए पड़े-

इत्युक्त्वा वेपमानं त विलपन्तं मुहुर्मुहुः, तमुवाच हृषीकेशो वैकुण्ठनिलयो हरिः ।६।

श्रीविष्णुरुवाच-

उत्तिष्ठोत्तिष्ठ भद्रं ते विषादं वत्स मा कुरु, त्वद्दुःखं दुर्निवार्यं मे प्रतिभाति निरीश्वर ।७।

इत्युक्त्वा मनसि ध्यात्वा तदुपायं क्षणं प्रभुः, विनिश्चत्य पुनर्वाक्यमुवाच मधुसूदनः ।८।

श्रीविष्णुरुवाच-

वत्सागच्छ मया सार्धं गोलोकं योगिदुर्लभम्, यत्रास्ते भगवान् कृष्णः पुरुषोत्तम ईश्वरः ।९।

गोपिकावृन्दमध्यस्थो द्विभुजो मुरलीधरः, नवीननीरदश्यामो रक्तपङ्कजलोचनः ।१०।

शरत्पूर्णेन्दुसौन्दर्यसमशोभायुताननः, कोटिकन्दर्पलावण्यलीलाधाममनोहरः ।११।

पीताम्बरधरः स्त्रग्वी वनमालाविभूषितः, सद्रत्नभूषणः प्रेमभूषणो भक्तवत्सलः ।१२।

यहाँ विलाप करते हुए अधिमास से, वैकुण्ठ में रहने वाले हृषीकेश हरि बोले ॥६॥ श्रीविष्णु बोले-उठो, उठो तुम्हारा कल्याण हो, हे वत्स! विषाद मत करो। हे निरीश्वर! तुम्हारा दुःख मुझको दूर होता नहीं ज्ञात होता है ॥७॥ ऐसा कहकर प्रभु मन में सोचकर क्षणभर में उपाय निश्चय करके पुनः अधिमास से मधुसूदन बोले ॥८॥ श्रीविष्णु बोले-हे वत्स! योगियों को भी जो दुर्लभ गोलोक है वहाँ मेरे साथ चलो जहाँ भगवान श्रीकृष्ण पुरुषोत्तम, ईश्वर रहते हैं ॥९॥ गोपियों के समुदाय के मध्य में स्थित, दो भुजा वाले, मुरली को धारण किये हुए नवीन मेघ के समान श्याम, लाल कमल के सदृश नेत्र वाले ॥१०॥ शरत्पूर्णिमा के चन्द्रमा के समान अति सुन्दर मुखवाले, करोड़ों कामदेव के लावण्य के मनोहर लीला के धाम ॥११॥ पीताम्बर धारण किये हुए, माला पहिने, वनमाला से विभूषित, उत्तम रत्नाभरण धारण किये हुए, प्रेम के भूषण, भक्तों के ऊपर दया करने वाले ॥१२॥ चन्दन चर्चित सर्वाङ्ग, कस्तूरी

चन्दनोक्षितसर्वाङ्गः कस्तूरीकुंकुमान्वितः, श्रीवत्सवक्षाः संभ्राजत्कौस्तुभेन विराजितः ॥१३॥
सद्रत्नसाररचितकिरीटी कुण्डलोज्ज्वलः, रत्नसिंहासनारूढः पार्षदैः परिवेष्टितः ॥१४॥
स एव परमं ब्रह्म पुराणपुरुषोत्तमः, स्वेच्छामयः सर्वबीजं सर्वाधारः परात्परः ॥१५॥
निरीहो निर्विकारश्च परिपूर्णतमः प्रभुः, प्रकृते पर ईशानो निर्गुणो नित्यविग्रहः ॥१६॥
गच्छावस्तत्र त्वद्दुखं श्रीकृष्णो व्यपनेष्यति, श्रीनारायण उवाच,

इत्युक्त्वा तं करे कृत्वा गोलोकं गतवान् हरिः ॥१७॥

अज्ञानान्धतमोध्वंसं ज्ञानवर्त्मप्रदीपकम्, ज्योतिः स्वरूपं प्रलये पुरासीत्केवलं मुने ॥१८॥
सूर्यकोटिनिभं नित्यमसंख्यं विश्वकारणम्, विभोः स्वेच्छामयस्यैव तज्ज्योतिरुल्वणं महत् ॥१९॥

और केशर से युक्त, वक्षस्थल में श्रीवत्स चिह्न से शोभित, कौस्तुभ मणि से विराजित ॥१३॥ श्रेष्ठ से श्रेष्ठ रत्नों के सार से रचित किरीट धारी, कुण्डलों से प्रकाशमान, रत्नों के सिंहासन पर बैठे हुए, पार्षदों से घिरे हुए जो हैं ॥१४॥ वही पुराण पुरुषोत्तम परब्रह्म हैं। वे स्वेच्छा स्वरूप हैं, ब्रह्मादि के बीज, सबके आधार, परे से भी परे ॥१५॥ निस्पृह, निर्विकार, परिपूर्णतम, प्रभु, माया से परे, सर्वशक्तिसम्पन्न, गुणरहित, नित्यशरीरी ॥१६॥ ऐसे प्रभु जिस गोलोक में रहते हैं वहाँ हम दोनों चलते हैं वहाँ श्रीकृष्णचन्द्र तुम्हारा दुःख दूर करेंगे। श्रीनारायण बोले—ऐसा कहकर अधिमास का हाथ पकड़कर हरि, गोलोक को गये ॥१७॥ हे मुने! जहाँ पहले के प्रलय के समय में वे अज्ञानरूप महा अन्धकार को दूर करने वाले, ज्ञानरूप मार्ग को दिखाने वाले केवल ज्योतिः स्वरूप थे ॥१८॥ जो ज्योति करोड़ों सूर्य के समान प्रभावाली, नित्य, असंख्य और विश्व की कारण थी तथा उन स्वेच्छामय विभुकी ही वह अतिरिक्त की चरम सीमा को प्राप्त थी ॥१९॥ जिस ज्योति के अन्दर

ज्योतिरभ्यन्तरे लोकत्रयमेव मनोहरम्, तस्यैवोपरि गोलोकः शाश्वतो ब्रह्मवन्मुने ।२०।
त्रिकोटियोजनायामो विस्तीर्णो मण्डलाकृतिः, तेजःस्वरूपः सुमहद्रत्नभूमिमयः परः ।२१।
अदृश्यो योगिभिः स्वप्ने दृश्यो गम्यश्च वैष्णवैः, ईशेन विधृतो योगैरन्तरिक्षस्थितो वरः ।२२।
आधिव्याधिजरामृत्युशोकभीतिविवर्जितः, सद्रत्नभूषितासंख्यमन्दिरैः परिशोभितः ।२३।
तदधो दक्षिणे वामे पञ्चाशत्कोटिविस्तरात्, वैकुण्ठः शिवलोकश्च तत्समः सुमनोहरः ।२४।
कोटियोजनविस्तीर्णो वैकुण्ठो मण्डलाकृतिः, लसत्पीतपटा रम्या यत्र तिष्ठन्ति वैष्णवाः ।२५।
शङ्खचक्रगदापद्मश्रियाजुष्टचतुर्भुजाः, स्त्रियो लक्ष्मीसमाः सर्वाः कूजन्नूपुरमेखलाः ।२६।

हो मनोहर तीन लोक विराजित है। हे मुने! उसके ऊपर अविनाशी ब्रह्म की तरह गोलोक विराजित है॥२०॥ तीन करोड़ योजन का चौतर्फा जिसका विस्तार है और मण्डलाकार जिसकी आकृति है, लहलहाता हुआ साक्षात् मूर्तिमान तेज का स्वरूप है, जिसकी भूमि रत्नमय है॥२१॥ योगियों द्वारा स्वप्न में भी जो अदृश्य है, परन्तु जो विष्णु के भक्तों से गम्य और दृश्य है। ईश्वर ने योगद्वारा जिसे धारण कर रखा है ऐसा उत्तम लोक अन्तरिक्ष में स्थित है॥२२॥ आधि, व्याधि, बुढ़ापा, मृत्यु, शोक, भय आदि से रहित है, श्रेष्ठ रत्नों से भूषित असंख्य मकानों से शोभित है॥२३॥ उस गोलोक के नीचे पचास करोड़ योजन के विस्तार के भीतर दाहिने वैकुण्ठ और बायें उसी के समान मनोहर शिव लोक स्थित है॥२४॥ एक करोड़ योजन विस्तार के मण्डल का वैकुण्ठ शोभित है, वहाँ सुन्दर पीताम्बरधारी वैष्णव रहते हैं॥२५॥ उस वैकुण्ठ के रहने वाले शङ्ख, चक्र, गदा, पद्म धारण किये हुए लक्ष्मी के सहित चतुर्भुज हैं। उस वैकुण्ठ में रहने वाली स्त्रियाँ, बजते हुए नूपुर और करधनी धारण की हैं, सब लक्ष्मी के समान लावण्यवाली हैं॥२६॥ गोलोक के

वामेन शिवलोकश्च कोटियोजनविस्तृतः, लयशून्यश्च सृष्टौ च पार्षदैः परिवारितः ।२७।
निवसन्ति महाभाग गणा यत्र कपर्दिनः, भस्मोद्धूलितसर्वाङ्गा नागयज्ञोपवीतिनः ।२८।
अर्धचन्द्रलसद्भाला: शूलपट्टिशपाणयः, सर्वे गङ्गाधराः शूरास्त्र्यम्बका जयशालिनः ।२९।
गोलोकाभ्यन्तरे ज्योतिरतीव सुमनोहरम्, परमाह्लादकं शश्वत्परमानन्दकारणम् ।३०।
ध्यायन्ते योगिनः शश्वद्योगेन ज्ञानचक्षुषा, तदेवानन्दजनकं निराकारं परात्परम् ।३१।
तज्ज्योतिरन्तरे रूपमतीव सुमनोहरम्, इन्दीवरदलश्यामं पङ्कजारुणलोचनम् ।३२।
कोटिशारदपूर्णेन्दुशश्वच्छोभायुता ननम्, कोटिमन्मथसौन्दर्य-लीलाधाम मनोहरम् ।३३।

बाँये तरफ जो शिवलोक है उसका करोड़ योजन विस्तार है और वह प्रलयशून्य है। सृष्टि में पार्षदों से युक्त रहता है ॥२७॥ वहाँ भाग्यवान शङ्कर के गण जहाँ निवास करते हैं, शिवलोक में रहने वाले सब लोग सर्वाङ्ग भस्म धारण किये, नाग का यज्ञोपवीत पहिरे हुए ॥२८॥ अर्धचन्द्र जिनके मस्तक में शोभित है, त्रिशूल और पट्टिशधारी, सब गङ्गाको धारण किये वीर हैं और सबके सब शङ्कर के समान जयवाली हैं ॥२९॥ गोलोक के अन्दर अति सुन्दर एक ज्योति है। वह ज्योति परम आनन्द को देनेवाली और बराबर परमानन्दका कारण है ॥३०॥ योगी लोग बराबर योग द्वारा ज्ञानचक्षु से आनन्द जनक, निराकार और पर से भी पर उसी ज्योति का ध्यान करते हैं ॥३१॥ इस ज्योति के अन्दर अत्यन्त सुन्दर एक रूप है जो कि नीलकमल के पत्तों के समान श्याम, लाल कमल के समान नेत्रवाले ॥३२॥ करोड़ों शरत्पूर्णिमा के चन्द्र के समान शोभायमान मुखवाले, करोड़ों कामदेव के समान सौन्दर्य को, लीला का सुन्दर धाम ॥३३॥ दो भुजावाले, मुरली हाथ में

द्विभुजं मुरलीहस्तं सस्मितं पीतवाससम्, श्रीवत्सवक्षसंभ्राजत्कौस्तुभेन विराजितम् ।३४।
सद्रत्नकोटिखचित-किरीट-कटकोज्ज्वलम्, रत्नसिंहासनस्थं च वनमालाविभूषितम् ।३५।
तदेव परमं ब्रह्म पूर्णं श्रीकृष्णसंज्ञकम्, स्वेच्छामयं सर्वबीजं सर्वाधारं परात्परम् ।३६।
किशोरवयसं शश्वद्गोपवेषविधायकम्, कोटिपूर्णेन्दुशोभाढ्यं भक्तानुग्रहकारकम् ।३७।
निरीहं निर्विकारं च परिपूर्णतमं प्रभुम्, रासमण्डलमध्यस्थं शान्तं रासेश्वरं हरिम् ।३८।
मङ्गलमं मङ्गलार्हं च सर्वमङ्गलमङ्गलम्, परमानन्दराजं च सत्यमक्षरमव्ययम् ।३९।
सर्वसिद्धेश्वरं सर्वसिद्धिरूपं च सिद्धिदम्, प्रकृतेः परमीशानं निर्गुणं नित्यविग्रहम् ।४०।
आद्यं पुरुषमव्यक्तं पुरुहूतं पुरुष्टुतम्, नित्यं स्वतन्त्रमेकं च परमात्मस्वरूपकम् ।४१।

लिये, मन्दहास युक्त, पीताम्बर धारण किये, श्रीवत्स चिह्न से शोभित वक्षःस्थल वाले, कौस्तुभमणि से सुशोभित ॥३४॥ करोड़ों उत्तम रत्नों से जटित चमचमाते किरीट और कुण्डलों को धारण किये, रत्न के सिंहासन पर विराजमान, वनमाला से सुशोभित ॥३५॥ वही श्रीकृष्ण नाम वाले पूर्ण परब्रह्म हैं। अपनी इच्छा से ही संसार को नचाने वाले, सबके मूल कारण, सबके आधार, पर से भी परे ॥३६॥ छोटी अवस्था वाले, निरन्तर गोपवेष को धारण किये हुए, करोड़ों पूर्ण चन्द्रों की शोभा से संयुक्त, भक्तों के ऊपर दया करने वाले ॥३७॥ निस्पृह, विकार रहित, परिपूर्णतम, स्वामी रासमण्डल के बीच में बैठे हुए, शान्त स्वरूप, रास के स्वामी ॥३८॥ मंगलस्वरूप, मंगल करने के योग्य, समस्त मंगलों के मंगल, परमानन्द के राजा, सत्यरूप, कभी भी नाश न होने वाले विकार रहित ॥३९॥ समस्त सिद्धों के स्वामी, सम्पूर्ण सिद्धि के स्वरूप, अशेष सिद्धियों के दाता, माया से रहित, ईश्वर, गुणरहित, नित्यशरीरी ॥४०॥ आदिपुरुष, अव्यक्त, अनेक हैं नाम जिनके, अनेकों द्वारा स्तुति किये जाने वाले, नित्य स्वतन्त्र, अद्वितीय, शान्त स्वरूप, भक्तों को शान्ति देने में [illegible] ऐसे परमात्मा के स्वरूप को ॥४१॥

ध्यायन्ते वैष्णवाः शान्ताः शान्तं शान्तिपरायणम्, एवं रूपं परं बिभ्रद्भगवानेक एव सः ।४२।

श्रीनारायण उवाच-

एवमुक्त्वा ततो विष्णुरधिमाससमन्वितः, गोलोकमगमच्छीघ्रं विरजो वेष्टितं परम् ।४३।

सूत उवाच-

इतीरयित्वा गिरमात्तसत्क्रिये मुनीश्वरे तूष्णीमवस्थिते मुनिः,
जगाद वाक्यं विधिजो महोत्सवाच्छुश्रूषुरानन्दनिधेर्नवाः कथाः ।४४।

इति श्रीबृहन्नारदीयपुराणे श्रीनारायणनारदसंवादे पुरुषोत्तममासमाहात्म्ये
विष्णोर्गोलोकगमने पञ्चमोऽध्यायः ।।५ ।।

शान्तचित्त, शान्त और शान्ति परायण जो विष्णुभक्त हैं वे ध्यान करते हैं। इस प्रकार के स्वरूप वाले भगवान् कहे जाने वाले, वही एक आनन्दकन्द श्रीकृष्णचन्द्र हैं ।।४२ ।। श्रीनारायण बोले-ऐसा कहकर भगवान् लाल स्वरूप विष्णु अधिमास को साथ लेकर शीघ्र ही परब्रह्मयुक्त गोलोक में पहुँचे ।।४३ ।। सूतजी बोले-ऐसा कहकर सत्क्रिया को ग्रहण किये हुए नारायण मुनि के चुप हो जाने पर आनन्दसागर पुरुषोत्तम से विविध प्रकार की नयी कथाओं को सुनने की इच्छा रखने वाले नारद मुनि उत्कण्ठापूर्वक बोले ।।४४ ।।

इति श्रीबृहन्नारदीयपुराणे श्रीनारायणनारदसंवादे पुरुषोत्तममासमाहात्म्ये
विष्णोर्गोलोकगमने पञ्चमोऽध्यायः ।।५ ।।

षष्ठोऽध्याय

नारद उवाच-

वैकुण्ठाधिपतिर्गत्वा गोलोके किं चकार ह, तद्वदस्व कृपां कृत्वा मह्यं शुश्रूषवेऽनघ ।१।

श्रीनारायण उवाच-

शृणु नारद वक्ष्येऽहं यज्जातं तत्र तेऽनघ, विष्णुर्गोलोकमगमदधिमासेन संयुत ।२।
तन्मध्ये भगवद्धाममणिस्तम्भैः सुशोभितम् । ददर्श दूरतो विष्णुर्ज्योतिर्धाम मनोहरम् ।३।
तत्तेजः पिहिताक्षोऽसौ शनैरुन्मील्य लोचने, मन्दं मन्दं जगामाधिमासं कृत्वा स्वपृष्ठतः ।४।
उपमन्दिरमासाद्य साधिमासो मुदान्वितः, उत्थितैर्द्वारपालैश्च वन्दिताङ्घ्रिर्हरिः शनैः ।५।
प्रविष्टो भगवद्धाम शोभासंमुष्टलोचनः, तत्र गत्वा ननामाशु श्रीकृष्णं पुरुषोत्तमम् ।६।

नारदजी बोले—भगवान् गोलोक में जाकर क्या करते भये? हे पापरहित! मुझ श्रोता के ऊपर कृपा करके कहिये ॥१॥ श्रीनारायण बोले—हे नारद! पापरहित! अधिमास को लेकर भगवान् विष्णु के गोलोक जाने पर जो घटना हुई वह हम कहते हैं, सुनो ॥२॥ उस गोलोक के अन्दर मणियों के खम्भों से सुशोभित, सुन्दर पुरुषोत्तम के धाम को दूर से भगवान् विष्णु देखते हुए ॥३॥ उस धाम के तेज से बन्द हुए नेत्र वाले विष्णु धीरे-धीरे नेत्र खोलकर और अधिमास को अपने पीछे कर धीरे-धीरे धाम की ओर जाते भये ॥४॥ अधिमास के साथ भगवान् के मन्दिर के पास जाकर विष्णु अत्यन्त प्रसन्न हुए और उठकर खड़े हुए द्वारपालों से अभिनन्दित भगवान् विष्णु पुरुषोत्तम भगवान् की शोभा से आनन्दित होकर धीरे-धीरे मन्दिर में गये और भीतर जाकर शीघ्र ही श्रीपुरुषोत्तम कृष्ण को नमस्कार करते हुए ॥५-६॥ गोपियों के मण्डल के मध्य में

गोपिकावृन्दमध्यस्थं रत्नसिंहासनासनम्, नत्वोवाच रमानाथो बद्धाञ्जलिपुटः पुरः ।७।

श्रीविष्णुरुवाच–

वन्दे विष्णुं गुणातीतं गोविन्दमेकमक्षरम्, अव्यक्तमव्ययं व्यक्तं गोपवेषविधायिनम् ।८।
किशोरवयसं शान्तं गोपीकान्तं मनोहरम्, नवीननीरदश्यामं कोटिकन्दर्पसुन्दरम् ।९।
वृन्दावनवनाभ्यन्ते रासमण्डलसंस्थितम्, लसत्पीतपटं सौम्यं त्रिभङ्गललिताकृतिम् ।१०।
रासेश्वरं रासवासं रासोल्लासमुत्सुकम्, द्विभुजं मुरलीहस्तं पीतवाससमच्युतम् ।११।
इत्येवमुक्त्वा तं नत्वा रत्नसिंहासने वरे, पार्षदैः सत्कृतो विष्णुः स उवास तदाज्ञया ।१२।

श्रीनारायण उवाच–

इति विष्णुकृतं स्तोत्रं प्रातरुत्थाय यः पठेत्, पापानि तस्य नश्यन्ति दुःस्वप्नः सत्फलप्रदः ।१३।

रत्नसिंहासन पर बैठे हुए कृष्ण को नमस्कार कर पास में खड़े होकर विष्णु बोले ॥७॥ श्रीविष्णु बोले–गुणों से अतीत, गोविन्द, अद्वितीय, अविनाशी, सूक्ष्म, विकार रहित, विग्रहवान्, गोपों के वेष के विधायक ॥८॥ छोटी अवस्था वाले, शान्त स्वरूप, गोपियों के पति, बड़े सुन्दर, नूतन मेघ के समान श्याम, करोड़ों कामदेव के समान सुन्दर ॥९॥ वृन्दावन के अन्दर रासमण्डल में बैठने वाले पीतरंग के पीताम्बर से शोभित, सौम्य, भौंहों के चढ़ाने पर मस्तक में तीन रेखा पड़ने से सुन्दर आकृति वाले ॥१०॥ रासलीला के स्वामी, रासलीला में रहने वाले, रासलीला करने में सदा उत्सुक, दो भुजा वाले, मुरलीधर, पीतवस्त्रधारी, अच्युत ॥११॥ ऐसे भगवान् को मैं वन्दना करता हूँ। इस प्रकार स्तुति करके भगवान् श्रीकृष्ण को नमस्कार कर, पार्षदों द्वारा सत्कृत विष्णु रत्नसिंहासन पर कृष्ण की आज्ञा से बैठे ॥१२॥ श्रीनारायण बोले–यह विष्णु का किया हुआ स्तोत्र प्रातःकाल उठकर जो पढ़ता है उसके सम्पूर्ण पाप नाश हो जाते हैं और अनिष्ट स्वप्न भी अच्छे फल को देते हैं ॥१३॥ और

भक्तिर्भवति गोविन्दे पुत्रपौत्रविवर्द्धिनी, अकीर्त्तिः क्षयमाप्नोति सत्कीर्त्तिर्वर्द्धतेचिरम् ।१४।
उपविष्टस्ततो विष्णुः श्रीकृष्णचरणाम्बुजे, नामयामास तं मासं वेपमानं तदग्रतः ।१५।
तदा प्रपच्छ श्रीकृष्णः कोऽयं कस्मादिहागतः, कस्माद्रुदति गोलोके न कश्चिद्दुःखमश्नुते ।१६।
गोलोकवासिनः सर्वे सदाऽऽनन्दपरिप्लुताः, स्वप्नेऽपि नैव शृण्वन्ति दुर्वार्तां च दुरन्वयाम् ।१७।
तस्मादयं कथं विष्णो मदग्रेदुःखित स्थितः, मुञ्चन्नश्रूणि नेत्राभ्यां वेपते च मुहुर्मुहुः ।१८।

श्रीनारायण उवाच-

नवाम्बुदानीकमनोहरस्य गोलोकनाथस्य वचो निशम्य,
उवाच विष्णुर्मलमासदुःखं प्रोत्थाय सिंहासनतः ससम्भ्रम ।१९।

श्रीविष्णुरुवाच-

वृन्दावनकलानाथ श्रीकृष्ण मुरलीधर, श्रूयतामधिमासीयं दुःखं वच्मि तवाग्रतः ।२०।

पुत्रपौत्रादि को बढ़ाने वाली भक्ति श्रीगोविन्द में होती है, अकीर्ति का नाश होकर सत्कीर्ति की वृद्धि होती है ॥१४॥ फिर भगवान विष्णु बैठ गये और कृष्ण के आगे काँपते हुए अधिमास को कृष्ण के चरणकमलों में नमन कराते भये ॥१५॥ तब श्रीकृष्ण ने विष्णु से पूछा कि यह कौन है? कहाँ से यहाँ आया है? क्यों रोता है? इस गोलोक में तो कोई भी दुःखभागी होता नहीं है ॥१६॥ इस गोलोक में रहने वाला तो सर्वदा आनन्द में मग्न रहते हैं। ये लोग तो स्वप्न में भी दुखवार्ता या दुःखभरा समाचार सुनते ही नहीं ॥१७॥ अतः हे विष्णो! यह क्यों काँपता है और आँखों से आँसू बहाता दुःखित हमारे सम्मुख किस लिये खड़ा है ॥१८॥ श्रीनारायण बोले—नवीन मेघ के समान श्यामसुन्दर, गोलोक के नाथ श्री वचन सुन, सिंहासन से उठकर महाविष्णु मलमास की सम्पूर्ण दुःख गाथा कहते हुए ॥१९॥ श्रीविष्णु बोले—हे वृन्दावन की शोभा के नाथ! हे श्रीकृष्ण! हे मुरलीधर! इस अधिमास के दुःख को आपके सामने कहता हूँ, आप सुनें ॥२०॥ इसके दुःखित होने के कारण ही स्वामी रहित अधिमास को

तस्मादमिहायातो गृहीत्वामुं निरीश्वरम्, दुःखदावानलं तीव्रमेतदीयं निराकुरु ।२१।
अयं त्वधिकमासोऽस्ति व्यपेतरविसंक्रमः, मलिनोऽयमनर्होऽस्ति शुभकर्मणि सर्वदा ।२२।
न स्नानं नैव दानं च कर्तव्यं प्रभुवर्जिते, एवं तिरस्कृतः सर्वैर्वनस्पतिलतादिभिः ।२३।
मासैर्द्वादशभिश्चैव कलाकाष्ठालवादिभिः, अधिकारियुतैश्चैव स्वामिगर्वसमन्वितैः ।२४।
इति दुःखानलेनैव दग्धोऽयं मर्तुमुन्मुखः, अन्यैर्दयालुभिः पश्चात्प्रेरितो मामुपागतः ।२५।
शरणार्थी हृषीकेश वेपमानो रुदन्मुहुः, सर्वं निवेदयामास दुःखजालमसंवृतम् ।२६।
एतदीयं महद्दुःखमनिवार्यं भवद्वृते, अतस्त्वामाश्रितो नूनं करे कृत्वा निराश्रयम् ।२७।
परदुःखासहिष्णुस्त्वमिति वेदविदो जगुः, अत एनं निरातङ्कं सानन्दं कृपया कुरु ।२८।
त्वदीयचरणाम्भोजं गतो नैवावशोचते, इति वेदविदो वाक्यं भावि मिथ्या कथं प्रभो ।२९।

लेकर मैं आपके पास आया हूँ, इसकी उग्र दुःख रूप अग्नि को आप शान्त करें ॥२१॥ यह अधिकमास, जो संक्रान्ति से रहित है मलिन है, शुभकर्म में सर्वदा वर्जित है ॥२२॥ स्वामी रहित मास में स्नान आदि नहीं करना चाहिये, ऐसा कहकर वनस्पति आदिकों ने इसका निरादर किया है ॥२३॥ द्वादश मास, कला, काष्ठा, लव, निमेषादि अधिकारियों ने अपने-अपने स्वामी के गर्व से इसका अत्यन्त तिरस्कार किया ॥२४॥ इसी दुःखाग्नि से जला हुआ यह मरने के लिये तैयार हुआ, तब अन्य दयालु व्यक्तियों द्वारा प्रेरित होकर ॥२५॥ हे हृषीकेश ! आपकी शरण चाहने की इच्छा से हमारे पास आया और काँपते-काँपते बड़ी-बड़ी रोते-रोते अपना सब दुःखजाल इसने कहा ॥२६॥ इसका यह बड़ा भारी दुःख आपके बिना टल नहीं सकता, अतः इस निराश्रय को हाथ पकड़कर आपकी शरण में लाया हूँ ॥२७॥ 'दूसरों का दुःख आप सहन नहीं कर सकते हैं' ऐसा वेद जानने वाले लोग कहते हैं। अतएव इस दुःखित को कृपा करके सुख प्रदान कीजिये ॥२८॥ हे जगत्पते ! 'आपके चरण कमलों में आया प्राणी शोक को प्राप्त नहीं होता है' ऐसा वेद जानने वालों का कहना कैसे मिथ्या हो सकता है? ॥२९॥ मेरे ऊपर कृपा करके

मदर्थमपि कर्तव्यमेतद्दुःखनिवारणम्, सर्वं त्यक्त्वाहमायातो यातं मे सफलं कुरु ।३०।
मुहुर्मुहुर्न वक्तव्यं कदापि प्रभुसन्निधौ, वदन्त्येवं महाप्राज्ञा नित्यं नीतिविशारदाः ।३१।
इति विज्ञाप्य भूमानं बद्धाञ्जलिपुटो हरिः पुरस्तस्थौ भगवोत निरीक्षंस्तन्मुखाम्बुजम् ।३२।

ऋषय ऊचुः-

सूत सूत सदायुष्योऽसि जीव त्वं शाश्वतीः समाः, पिबामो यन्मुखात्सेव्यं हरिलीलाकथामृतम् ।३३।
गोलोकवासिना सूत किमुक्तं किं कृतं वद, विष्णुश्रीकृष्णसंवादः सर्वलोकोपकारकः ।३४।
विधिसुतः किमपृच्छदृषीश्वरं तदधुना वद सूत तवस्विनः,

परमभागवतः स हरेस्तनुस्तदुदितं वचनं परमौषधम् ।३५।

इति श्रीबृहन्नारदीयपुराणे पुरुषोत्तममासमाहात्म्ये श्रीनारायणनारदसंवादे पुरुषोत्तमविज्ञप्तिर्नाम षष्ठोऽध्यायः ६।

भी इसका दुःख दूर करना आपका कर्तव्य है क्योंकि सब काम छोड़कर इसको लेकर मैं आया हूँ। मेरा आना सफल कीजिये ॥३०॥ 'सामर्थ्य स्वामी के सामने कभी भी कोई विषय न कहना चाहिये' ऐसा नीति के जानने वाले बड़े-बड़े पण्डित सर्वदा कहा करते हैं ॥३१॥ इस प्रकार अधिमास का सब दुःख भगवान् कृष्ण से कहकर हरि, कृष्ण के मुखकमल की ओर देखते हुए कृष्ण के पास हाथ जोड़कर खड़े हो गये ॥३२॥ ऋषि लोग बोले- हे सूतजी! आप दाताओं में श्रेष्ठ हैं आपको दीर्घायु हो, जिससे हम लोग आपके मुख से भगवान् की लीला के कथारूप अमृत का पान करते रहें ॥३३॥ हे सूत! गोलोकवासी भगवान् कृष्ण ने विष्णु के प्रति फिर क्या कहा? और क्या किया? इत्यादि लोकोपकारक विष्णु-कृष्ण का संवाद सब आप हम लोगों से कहिये ॥३४॥ परम भागवत नारद ने नारायण से क्या पूछा? हे सूत! इसको आप इस समय हम लोगों से कहिये। नारद के प्रति कहा हुआ भगवान का वचन तपस्वियों के लिये परम औषध है ॥३५॥

इति श्रीबृहन्नारदीयपुराणे पुरुषोत्तममासमाहात्म्ये श्रीनारायणनारदसंवादे पुरुषोत्तमविज्ञप्तिर्नाम षष्ठोऽध्यायः ॥६॥

सप्तमोऽध्याय

सूत उवाच

भवद्भिर्यः कृतः प्रश्नस्तमचीकरदाशुगः। यदुत्तरमुवाचेशस्तद्वदामि तपोधनाः ॥१॥

नारद उवाच

विष्टरश्रवसि मौनमास्थिते सन्निवेद्य परदुःखमपारम्।
किं चकार पुरुषोत्तमः परस्तद्वदस्व बदरीपतेऽधुना ॥२॥

श्री नारायण उवाच

गोलोकनाथो यदुवाज विष्णुं तदेव गुह्यं कथयामि वत्स।
वाच्यं सुभक्ताय सदास्तिकाय शुश्रूषवे दम्भविवर्जिताय ॥३॥

सुकीर्तिकृत् पुण्यकरं यशस्यं सत्पुत्रदं वश्यकरं च राज्ञाम्।
दारिद्र्यदावाग्निरनल्पपुण्यः श्राव्यं तथा कार्यमनन्यभक्त्या ॥४॥

सूत जी बोले-हे तपोधन! आप लोगों ने जो प्रश्न किया है वही प्रश्न नारद ने नारायण से किया था सो नारायण ने जो उत्तर दिया वही हम आप लोगों से कहते हैं ॥१॥ नारदजी बोले-विष्णु ने अधिमास का अपार दुःख निवेदन करके जब मौन धारण किया तब हे बदरीपते! पुरुषोत्तम ने क्या किया? सो इस समय आप हमसे कहिये ॥२॥ श्रीनारायण बोले-हे वत्स! गोलोकनाथ श्रीकृष्ण ने विष्णु के प्रति जो कहा वह अत्यन्त गुप्त है परन्तु भक्त, आस्तिक, सेवक, दम्भरहित, अधिकारी पुरुष को कहना चाहिये। अतः मैं सब कहता हूँ सुनो ॥३॥ यह आख्यान सत्कीर्ति, पुण्य, यश, सुपुत्र का दाता, राजा को वश में करने वाला है और दरिद्रता को नाश करने वाला एवं बड़े पुण्यों से सुनने को मिलता है। जिस प्रकार इसको सुने उसी प्रकार अनन्य भक्ति से सुने हुए कर्मों को करना भी चाहिये ॥४॥

श्रीपुरुषोत्तम उवाच

समीचीनं कृतं विष्णो यदत्रा गतवान् भवान्। मलमासं करे कृत्वा लोके कीर्तिमवाप्स्यसि ॥५॥
यस्त्वयोरीकृतो जीवः समयैवोररीकृतः। अत एनं करिष्यामि सर्वोपरि यथा अहम् ॥६॥
गुणैः कीर्त्याऽनुभावेन षड्भगैश्च पराक्रमैः। भक्तानां वरदानेन गुणैरन्यैश्च मासकैः ॥७॥
अहमेतैर्यथालोके प्रथितः पुरुषोत्तमः। तथाऽयमपि लोकेषु प्रथितः पुरुषोत्तमः ॥८॥
अस्मै समर्पिताः) सर्वे ये गुणा मयि संस्थिताः। पुरुषोत्तमेति यन्नाम प्रथितं लोकवेदयोः ॥९॥
तदप्यस्मै मया दत्तं तव तुष्ट्यै जनार्दन। अहमेवास्य सञ्जातः स्वामी च मधुसूदन ॥१०॥
एतन्नाम्ना जगत्सर्वं पवित्रं च भविष्यसि। मत्सादृश्य मुपागम्य मासानामधिपो भवेत् ॥११॥
जगत्पूज्यो जगद्वन्द्यो मासोऽयं तु भविष्यति। पूजकानां च सर्वेषां दुःखदारिद्र्यखण्डनः ॥१२॥

श्रीपुरुषोत्तम बोले-हे विष्णो! आपने बड़ा अच्छा किया जो मलमास को लेकर यहाँ आये। इससे आप लोक में कीर्ति पावेंगे ॥५॥ आपने जिसको उद्धार स्वीकार किया, उसको हमने ही स्वीकार किया, ऐसा समझें। अतः इसको हम अपने समान सर्वोपरि करेंगे ॥६॥ गुणों से, कीर्ति के अनुभाव से, षडैश्वर्य से, पराक्रम से, भक्तों को वर देने से और भी जो मेरे गुण हैं, उनसे मैं पुरुषोत्तम जैसे लोक में प्रसिद्ध हूँ वैसे ही यह मलमास भी लोकों में पुरुषोत्तम करके प्रसिद्ध होगा ॥७-८॥ मेरे में जितने गुण हैं वे सब आज से मैंने इसे दे दिये। पुरुषोत्तम जो मेरा नाम लोक तथा वेद में प्रसिद्ध है ॥९॥ वह भी आपकी प्रसन्नता के अर्थ आज मैंने इसे दे दिया। हे मधुसूदन! आज से मैं इस अधिमास का स्वामी भी हुआ ॥१०॥ इसके पुरुषोत्तम इस नाम से सब जगत् पवित्र होगा। मेरी समानता पाकर यह अधिमास सब मासों का राजा होगा ॥११॥ यह अधिमास जगत्पूज्य एवं जगत् से वन्दना करवाने के योग्य होगा। इसकी पूजा और व्रत जो करेंगे उनके दुःख और दारिद्र्य का नाश होगा ॥१२॥ चैत्रादि

सर्वे मासाः सकामाश्च निष्कामोऽयं मया कृतः। मोक्षदः सर्वलोकानां मत्तुल्योऽयं मया कृतः।१३।
अकामः सर्वकामो वा योऽधि मासं प्रपूजयेत्। कर्माणि भस्मसात्कृत्वा मामेवैष्यत्यसंशयम्।१४।
यदर्थं च महाभागा यतिनो ब्रह्मचारिणः। तपस्यन्ति महात्मानो निराहारा दृढव्रताः।१५।
फलपत्रानिलाहाराः कामक्रोधविवर्जिताः। जितेन्द्रियाश्च सर्व प्रावृट्काले निराश्रयाः।१६।
शीतातपसहाश्चैव यतन्ते गरुडध्वज। तथापि नैव मे यान्ति परमं पदमव्ययम्।१७।
पुरुषोत्तमस्य भक्तास्तु मासमात्रेण तत्पदम्। अनायासेन गच्छन्ति जरामृत्युविवर्जितम्।१८।
सर्वसाधनतः श्रेष्ठः सर्वकामार्थसिद्धिदः। तस्मात् संसेव्यतामेष मासोऽयं पुरुषोत्तमः।१९।
सीतानिक्षिप्तबीजानिवर्धन्ते कोटिशो यथा। तथा कोटिगुणं पुण्यं कृतं मे पुरुषोत्तमे।२०।

सब मास सकाम हैं इनको हमने निष्काम किया है। इसको हमने अपने समान समस्त प्राणियों को मोक्ष देने वाला बनाया है॥१३॥ जो प्राणी सकाम अथवा निष्काम होकर, अधिमास का पूजन करेगा वह अपने सब कर्मों को भस्म कर निश्चय मुझको प्राप्त होगा॥१४॥ जिस परम पद-प्राप्ति के लिये बड़े भाग्यवाले, यति, ब्रह्मचारी लोग तप करते हैं और महात्मा लोग निराहार व्रत करते हैं एवं दृढ़व्रत लोग फल, पत्ता, वायु-भक्षण कर रहते हैं और काम, क्रोध रहित जितेन्द्रिय रहते हैं वे, और वर्षाकाल में मैदान में रहने वाले, जाड़े में शीत, गर्मी में धूप सहन करने वाले—मेरे पद के लिये यत्न करते रहते हैं, हे गरुडध्वज! तब भी वे मेरे अव्यय परम पद को नहीं प्राप्त होते हैं॥१५-१७॥ परन्तु पुरुषोत्तम के भक्त एक मास के ही व्रत से बिना परिश्रम जरा, मृत्यु रहित उस परम पद को पाते हैं॥१८॥ यह अधिमास व्रत सम्पूर्ण साधनों में श्रेष्ठ साधन है और समस्त कामनाओं के फल की सिद्धि को देने वाला है। अतः इस पुरुषोत्तम मास का व्रत सबको करना चाहिये॥१९॥ हल से खेत में बोये हुए बीज जैसे करोड़ों गुना बढ़ते हैं वैसे मेरे पुरुषोत्तममास में किया हुआ पुण्य करोड़ों गुना अधिक होता है॥२०॥

चातुर्मास्यादिभिर्यज्ञैः स्वर्गं गच्छन्ति केचन। तत्रत्यं भोगमासाद्य पुनर्गच्छन्ति भूतलम्।२१।
विधिवत् सेवते यस्तु पुरुषोत्तममादरात्। कुलं स्वकीयमुद्धृत्य मामेवैष्यत्यसंशयम्।२२।
सम्प्राप्तोऽत्र संसारे जन्ममृत्यु भयाकुलम्। आधिव्याधिजराग्रस्तं न पुनर्याति मानवः।२३।
यद्गत्वा न निवर्तन्ते तद्धाम परमं मम। इतिच्छन्दोवचः सत्यमसत्यं जायते कथम्।२४।
एतस्माधिपश्चाहं मयैवायं प्रतिष्ठितः। पुरुषोत्तमेति मन्नाम तदप्यस्मै समर्पितम्।२५।
तस्मादेतस्य भक्तानां मम चिन्ता दिवानिशम्। तद्भक्तकामनाः सर्वाः पूरणीया मयैव हि।२६।
कदाचिन्मम भक्तानामपराधोऽधिगण्यते। पुरुषोत्तमभक्तानां नापराधः कदाचन।२७।

कोई चातुर्मास्यादि यज्ञ करने से स्वर्ग में जाते हैं, वह भी भोगों को भोगकर पृथ्वी पर आते हैं ॥२१॥ परन्तु जो पुरुष आदर से विधिपूर्वक अधिमास का व्रत करता है वह अपने समस्त कुल का उद्धार कर मेरे में मिल जाता है इसमें संशय नहीं है ॥२२॥ इसको प्राप्त होकर प्राणी पुनः जन्म मृत्यु भय से युक्त एवं आधि, व्याधि और जरा से ग्रस्त संसार में फिर नहीं आता ॥२३॥ जहाँ जाकर फिर पतन नहीं होता वो मेरा परम धाम है, ऐसा जो वेदों का कथन है वह असत्य कैसे हो सकता है? ॥२४॥ यह अधिमास और इसका स्वामी मैं ही हूँ और मैंने ही इसे बनाया है और 'पुरुषोत्तम' यह जो मेरा नाम है वो भी मैंने इसे दे दिया है ॥२५॥ अतः इसके भक्तों की मुझे दिन-रात चिन्ता लगी रहती है। उन भक्तों की मनोकामनाओं को मुझे ही पूर्ण करना पड़ता है ॥२६॥ कभी-कभी मेरे भक्तों का अपराध गणना में आ जाता है, परन्तु पुरुषोत्तम मास के भक्तों का अपराध मैं कभी नहीं गिनता ॥२७॥ हे विप्रो!

मदाराधनतो विष्णो मदीयाराधनं प्रियम्। मद्भक्तकामनादाने विलम्बेऽहं कदाचन।२८।
मदीयमासभक्तानां न विलम्बे कदाचन। मदीयमासभक्ता ये ते ममातीव वल्लभाः।२९।
य एतस्मिन्महामूढ जपदानादिवर्जिताः। सत्कर्मस्नानरहिता देवतीर्थद्विजद्विषः।३०।
जायन्ते दुर्भगा दुष्टाः परभाग्योपजीविनः। न कदाचित्सुखं तेषां स्वप्नेऽपि शशशृङ्गवत्।३१।
तिरस्कुर्वन्ति ये मूढा मलमासं मम प्रियम्। नाचरिष्यन्ति ये धर्मं ते सदा निरयालयाः।३२।
पुरुषोत्तममासाद्य वर्षे वर्षे तृतीयके। नाचरिष्यन्ति धर्मं ये कुम्भीपाके पतन्ति ते।३३।
इह लोके महद्दुःखं पुत्रपौत्रकलत्रजम्। प्राप्नुवन्ति महामूढा दुःखदावानलस्थिताः।३४।

मेरी आराधना से मेरे भक्तों की आराधना करना मुझे प्रिय है। मेरे भक्तों की कामना पूर्ण करने में मुझे कभी देर भी हो जाती है।।२८।। किन्तु मेरे मास के जो भक्त हैं उनकी कामना पूर्ण करने में मुझे कभी भी विलम्ब नहीं होता है। मेरे मास के जो भक्त हैं वे मेरे अत्यन्त प्रिय हैं।।२९।। जो मनुष्य इस अधिमास में जप, दान नहीं करते वे महामूर्ख हैं और जो पुण्य कर्मरहित प्राणी स्नान भी नहीं करते एवं देवता, तीर्थ द्विजों से द्वेष करते हैं।।३०।। वे दुष्ट अभागी और दूसरे के भाग्य से जीवन चलाने वाले होते हैं। जिस प्रकार खरगोश के सींग कदापि नहीं होते वैसे ही अधिमास में स्नानादि न करने वालों को स्वप्न में भी सुख प्राप्त नहीं होता है।।३१।। जो मूर्ख मेरे प्रिय मलमास का निरादर करते हैं और मलमास में धर्माचरण नहीं करते वे सर्वदा नरकगामी होते हैं।।३२।। प्रति तीसरे वर्ष पुरुषोत्तम मास प्राप्त होने पर जो प्राणी धर्म नहीं करते वे कुम्भीपाक नरक में गिरते हैं।।३३।। और इसी लोक में दुःख रूप अग्नि में बैठे स्त्री, पुत्र, पौत्र आदिकों से उत्पन्न बड़े भारी दुःखों को भोगते हैं।।३४।। जिन प्राणियों को यह

ते कथं सुखमेधन्ते येषामज्ञानतो गतः। श्रीमान् पुण्यतमो मासो मदीयः पुरुषोत्तमः ॥३५॥
याः स्त्रियः सुभगा पुत्रसुखसौभाग्यहेतवे। पुरुषोत्तमे करिष्यन्ति स्नानदानार्चनादिकम् ॥३६॥
तासां सौभाग्यसम्पत्तिसुखपुत्रप्रदो ह्ययम्। यासां मासो गतः शून्यो मन्नामा पुरुषोत्तमः ॥३७॥
न तासामनुकूलोऽहं न सुखं स्वामिजं भवेत्। भ्रातृपुत्र धनानां च सुखं स्वप्नेऽपि दुर्लभम् ॥३८॥
तस्मात्सर्वात्मना सर्वैः स्नानपूजाजपादिकम्। विशेषेण प्रकर्तव्यं दानं शक्त्यनुसारतः ॥३९॥
येनाऽहमर्चितो भक्त्यामासेऽस्मिन् पुरुषोत्तमे। धनपुत्रसुखं भुक्त्वा पश्चाद्गोलोकवासभाक् ॥४०॥
ममाज्ञया जनाः सर्वे पूजयिष्यन्ति मामकम्। सर्वेषामपि मासानामुत्तमोऽयं मया कृतः ॥४१॥

मेरा पुण्यतम पुरुषोत्तममास अज्ञान से व्यतीत हो जाय वे प्राणी कैसे सुखों को भोग सकते हैं ॥३५॥ जो भाग्यशालिनी स्त्रियाँ सौभाग्य और पुत्र-सुख चाहने की इच्छा से अधिमास में स्नान, दान पूजनादि करती हैं ॥३६॥ उन्हें सौभाग्य, सम्पूर्ण सम्पत्ति और पुत्रादि यह अधिमास देता है। जिनका यह मेरे नाम वाला पुरुषोत्तम मास दानादि से रहित बीत जाता है ॥३७॥ उनके अनुसार कुल में नहीं रहता और न उन्हें पति-सुख प्राप्त होता है, भाई, पुत्र, धनों का सुख तो उसे स्वप्न में भी दुर्लभ है ॥३८॥ अतः विशेष करके सब प्राणियों को अधिमास में स्नान, पूजा, जप आदि और विशेष करके शक्ति के अनुसार दान अवश्य कर्तव्य है ॥३९॥ जो मनुष्य इस पुरुषोत्तम में भक्तिपूर्वक मेरा पूजन करते हैं वे धन, पुत्र और अनेक सुखों को भोगकर पुनः गोलोक के वासी होते हैं ॥४०॥ मेरी आज्ञा से सब जन मेरे अधिमास का पूजन करेंगे। मैंने सब मासों से उत्तम मास इसे बनाया है ॥४१॥ इसलिए अधिमास की चिन्ता त्याग कर

अतस्त्वमधिमासस्य चिन्तां त्यक्त्वा रमापते। गच्छ वैकुण्ठमतुलं गृहीत्वा पुरुषोत्तमम्॥४२॥

श्रीनारायण उवाच:

इति रसिकवचो निशम्य विष्णुः प्रबलमुदा परिगृह्य मासमेनम्।
नवजलदरुचं प्रणम्य देवं झटिति जगाम निजालयं खगेन॥४३॥

इति श्रीबृहन्नारदीयपुराणे पुरुषोत्तममासमाहात्म्ये
श्रीनारायणनारदसंवादेऽधिमासस्यैश्वर्यप्राप्तिर्नाम सप्तमोऽध्यायः॥७॥

हे रमापते! अतः इस अतुलनीय पुरुषोत्तम मास को साथ में लेकर अपने वैकुण्ठ में जाओ॥४२॥ श्रीनारायण बोले— इस प्रकार भगवान् श्रीकृष्ण के मुख से रसिक वचन सुनकर विष्णु, अत्यन्त प्रसन्नतापूर्वक इस मलमास को अपने साथ लेकर, नूतन जलधर के समान श्याम भगवान् श्रीकृष्ण को प्रणाम कर, गरुड़ पर सवार हो शीघ्र वैकुण्ठ के प्रति चल दिये॥४३॥

इति श्रीबृहन्नारदीयपुराणे पुरुषोत्तममासमाहात्म्ये
श्रीनारायणनारदसंवादेऽधिमासस्यैश्वर्यप्राप्तिर्नाम सप्तमोऽध्यायः॥७॥

अष्टमोऽध्याय

सूत उवाच-

नारदः कृतवान् प्रश्नं पुनरेव तपोधनाः। विष्णुश्री कृष्णसंवादं श्रुत्वा सन्तुष्टमानसः ॥१॥

नारद उवाच-

वैकुण्ठं गतवति रुक्मिणीशे किं जातं तदनुवद प्रभो मे।

वृत्तान्तं हरिसुतकृष्णयोश्च सर्वेषां हितकरमादिपुंसोः ॥२॥

इति संप्रश्नसंहृष्टो भगवान् बदरीपतिः। उवाच पुनरेवामुं जगदानन्ददं बृहत् ॥३॥

श्रीनारायण उवाच-

अथ श्रीरुक्मिणीनाथो वैकुण्ठं गतवान् मुदा। तत्र गत्वाऽधिमासं तं वासयामास नारद ॥४॥

तत्रत्यवसतिं प्राप्य मोदमानोऽभवत्तदा। मासानामधिपो भूत्वा रमते विष्णुना सह ॥५॥

द्वादशस्वपि मासेषु मलमासं वरं प्रभुः। विधाय मनसा तुष्टो बभूव प्रकृतिप्रियः ॥६॥

सूतजी बोले—हे तपोधन ! विष्णु और श्रीकृष्ण के संवाद को सुन सन्तुष्टमन नारद, नारायण से पुनः प्रश्न करने लगे ॥१॥ नारदजी बोले—हे प्रभो ! जब विष्णु वैकुण्ठ चले गये तब फिर क्या हुआ? कहिये। आदिपुरुष कृष्ण और हरिसुत का जो संवाद है वह सब प्राणियों को कल्याणकारक है ॥२॥ इस प्रकार प्रश्न सुन फिर भगवान् बदरीनारायण जगत् को आनन्द देने वाला बृहत् आख्यान कहने लगे ॥३॥ श्रीनारायण बोले—तदनन्तर विष्णु बड़े प्रसन्न होकर वैकुण्ठ गये और वहां जाकर हे नारद ! अधिमास को अपने पास ही बसा लिया ॥४॥ अधिमास वैकुण्ठ में वास पाकर अत्यन्त प्रसन्न हुआ और बारहों मासों का राजा होकर विष्णु के साथ रमने लगा ॥५॥ बारहों मासों में मलमास को श्रेष्ठ बनाकर विष्णु मन से सन्तुष्ट हुए ॥६॥ हे

अथार्जुनमुवाचेदं भगवान् भक्तवत्सलः। युधिष्ठिरं च पाञ्चालीं निरीक्षन् कृपया मुने ॥७॥

श्रीकृष्ण उवाच—

जानेऽहं राजशार्दूल तपोवनमुपागतैः। भवद्भिर्दुःखसम्मग्नैर्नादृतः पुरुषोत्तमः ॥८॥
वृन्दावनकलानाथवल्लभः पुरुषोत्तमः। प्रमादाद्गतवान् मासो भवतां काननौकसाम् ॥९॥
युष्माभिर्नैव विज्ञातो भयद्वेषसमन्वितैः। गाङ्गेयद्रोणकर्णेभ्यो भयसन्त्रस्तमानसैः ॥१०॥
कृष्णद्वैपायनादाप्तविद्याराधनतत्परे। इन्द्रकीलं गतवति बीभत्सौ रणशालिनि ॥११॥
तद्वियोगपरिक्लिष्टैर्न ज्ञातः पुरुषोत्तमः। युष्माभिः किं प्रकर्तव्यमदृष्टमवलम्ब्यताम् ॥१२॥
अदृष्टं चादृशं पुंसां तादृशं भासते सदा। अवश्यमेव भोक्तव्यमदृष्टजनितं फलम् ॥१३॥
सुखं दुःखं भयं क्षेममदृष्टात् प्राप्यते जनैः। तस्माददृष्टनिष्ठैश्च भवद्भिः स्थीयतां सदा ॥१४॥

मुने! अनन्तर भक्तों के ऊपर कृपा करने वाले भगवान् युधिष्ठिर और द्रौपदी की ओर देखते हुए, कृपा करके अर्जुन से यह बोले ॥७॥ श्रीकृष्ण बोले—हे राजशार्दूल! हमको मालूम होता है कि तपोवन में आकर आप लोगों ने दुःखित होने के कारण पुरुषोत्तम मास का आदर नहीं किया ॥८॥ वृन्दावन की शोभा के साथ भगवान् का प्रियपात्र पुरुषोत्तममास आप वनवासियों का प्रमाद से व्यतीत हो गया ॥९॥ भीष्म, द्रोणाचार्य, कर्ण के भय से सन्त्रस्त मन आप सब लोगों ने भय और द्वेष से युक्त होने के कारण प्राप्त पुरुषोत्तममास का ध्यान नहीं किया ॥१०॥ कृष्णद्वैपायन व्यासदेव से प्राप्त विद्या के आराधना में तत्पर, रणवीर अर्जुन के इन्द्रकील पर्वत पर चले जाने पर ॥११॥ उनके वियोग से दुःखित आप लोगों ने पुरुषोत्तममास को नहीं जाना। अब यदि आप यह पूछें कि हम क्या करें? तो मैं यही कहूँगा कि भाग्य का अवलम्बन करो ॥१२॥ पुरुषों का जैसा अदृष्ट होता है वैसा ही सदा भासता है। भाग्य से उत्पन्न जो फल है वह अवश्य ही भोगना पड़ता है ॥१३॥ सुख, दुःख, भय, कुशलता इत्यादि भाग्यानुसार ही मनुष्यों को प्राप्त होते हैं। अतः अदृष्ट पर विश्वास रखने वाले आप लोगों को अदृष्ट ही पर निर्भर रहना चाहिये ॥१४॥ अब

अथापरं प्रवक्ष्यामि भवतां दुःखकारणम्। सेतिहासं महाराज श्रूयतां मन्मुखादहो ।१५।

श्रीकृष्ण उवाच-

पाञ्चालीयं महाभागा पूर्वजन्मनि सुन्दरी। मेधाविद्विजमुख्यस्य पुत्री जाता सुमध्यमा ।१६।

कालेन गच्छता राजन् सञ्जाता दशवार्षिकी। रूपलावण्यललिता नयना पाङ्गशालिनि ।१७।

चातुर्यगुणसम्पन्ना पितुरेकैव पुत्रिका। वल्लभातीव तेनेयं चतुरा गुणसुन्दरी ।१८।

ललिता पुत्रवन्नित्यं न कदाचित् प्रलम्भिता। साहित्यशास्त्रकुशला नीतावपि विशारदा ।१९।

तन्माता स्वर्गता पूर्वं पित्रा सा पोषिता मुदा। पार्श्वस्थालिसुखं दृष्ट्वा पुत्रपौत्रसुखस्पृहा ।२०।

तर्कयन्ती तदा बाला ममैवं च कथं भवेत्। गुणभाग्यनिधिर्भर्ता सुखदः सत्सुताः कथम् ।२१।

इसके बाद आप लोगों के दुःख का दूसरा कारण और बड़ा आश्चर्यजनक इतिहास के सहित कहते हैं—हे महाराज! हमारे मुख से कहा हुआ सुनो ॥१५॥ श्रीकृष्ण बोले–यह भाग्यशालिनी द्रौपदी पूर्व जन्म में बड़ी सुन्दर मेधावी ऋषि के घर में उत्पन्न हुई थी। समय व्यतीत होने पर जब १० वर्ष की हुई तब क्रम से रूप और लावण्य से युक्त, अति सुन्दरी और आकर्षक नेत्र से शोभायमान हुई ॥१६-१७॥ चातुर्य गुण से युक्त यह अपने पिता की एकमात्र इकलौती कन्या थी। अतः चतुरा, गुणवती, सुन्दरी यह पिता की बड़ी लाड़ली थी ॥१८॥ मेधावी ने सदा लड़के की तरह इसे माना, कभी भी अनादर नहीं किया। यह भी साहित्यशास्त्र में पण्डिता और नीतिशास्त्र में भी प्रवीणा थी ॥१९॥ इसकी माता इसकी छोटी अवस्था में ही मर गयी थी, पिता ने ही प्रसन्नतापूर्वक पाला-पोसा था। पास में रहने वाली अपनी सखी के पुत्र-पौत्रादि सुख को देख इसको भी स्पृहा हुई ॥२०॥ और तब यह सोचने लगी कि हमें भी यह सुख कैसे प्राप्त होगा? गुण और भाग्य का निधि, सुख देने वाला पति और सत्पुत्र कैसे होंगे? ॥२१॥ इस प्रकार मनोरथ विचारती हुई सोचने लगी कि पहिले मेरा विवाह उपस्थित

एवं मनोरथं चक्रे दैवेन ध्वंसितं पुरा। किं कृत्वा किं विदित्वाऽहं कमुपास्ये सुरेश्वरम्।२२।
किं वा मुनिमुपातिष्ठे किं वा तीर्थमुपाश्रये। मम भाग्यं कथं सुप्तं भर्ता कोऽपि न वाञ्छति।२३।
पण्डितोऽपि पिता मूढो मम भाग्यवशादहो। विवाहकाले सम्प्राप्ते न दत्ता सदृशे वरे।२४।
अध्यक्षाहं सखीमध्ये कुमारी दुःखपीडिता। नाहं स्वामिसुखाभिज्ञा यथा चालिगणो मम।२५।
मम भाग्यवती माता कथं स्वर्गं गता पुरा। एवं चिन्ताकुला बाला मनोरथमहोदधौ।२६।
निमग्ना मोहसलिले शोकमोहोर्मिपीडिता। मेधावी ऋषिराजोऽसौ विचार महीतले।२७।
कन्यादाननिमित्तं च विचिन्वन् सदृशं वरम्। तादृशं वरमप्राप्य निराशः स्वमनोरथे।२८।
सुताक्लीवभाग्याभ्यां भग्नसङ्कल्पपञ्जरः। अवाप दैवयोगेन ज्वरं तीव्रं सुदारुणम्।२९।

था, परन्तु भाग्य ने बिगाड़ दिया। अब क्या करने से अथवा क्या जानने से एवं किस देवता की उपासना करने से ॥२२॥ या किस मुनि के शरण जाने से अथवा किस तीर्थ का आश्रय करने से मेरी मनःकामना पूर्ण होगी। मेरा भाग्य कैसा सो गया है कि कोई भी पति मुझको चाह नहीं करता है ॥२३॥ पण्डित भी मेरा पिता मेरे ही दुर्भाग्य से मूर्ख हो गया है, बड़ा आश्चर्य है। विवाह का समय उपस्थित होने पर भी मेरे समान वर को पिता ने नहीं दिया ॥२४॥ मैं अपनी सहेलियों के बीच में प्रमुख हूँ परन्तु कुमारी होने के कारण पति दुःख से पीड़ित हूँ। जैसे मेरी सखियाँ पति-सुख को भोगने वाली हैं वैसे मैं नहीं हूँ ॥२५॥ मेरी भाग्यवती माता क्यों पहिले मर गयी? इस प्रकार चिन्ता से व्याकुल कन्या, मनोरथ रूप समुद्र के ॥२६॥ मोहरूप जल में निमग्न हो शोकमोहरूप लहरों से पीड़ित हो गई। इसके पिता मेधावी ऋषि भी ॥२७॥ कन्यादान के लिये कन्या के समान वर ढूँढने के हेतु देश-विदेश भ्रमण करने के लिये निकले परन्तु कन्या के अनुरूप वर न मिलने से अपने मनोरथ में निराश हुए ॥२८॥ कन्या के और अपने भाग्य से कन्या-दानरूप सङ्कल्प के पूर्ण न होने से, दैवयोग के कारण बड़ा भारी दारुण ज्वर उन्हें आ गया ॥२९॥ सब अङ्ग ऐसे फूटने लगे जैसे समस्त अङ्ग टूट-टूट कर अलग हो जायेंगे और ज्वर

स्फुरत्सर्वाङ्गसंभिन्नतापज्वालासमाकुलः। श्वासोच्छ्वाससमायुक्तो महादारुणमूर्च्छया ॥३०॥
प्रस्खलन्निपतन्भूमौ मदिरामत्तवद्भृशम्। आगच्छन्नेव भवनं स पपात धरातले ॥३१॥
यावत्सुता समायाता पितरं भयविह्वला। तावन्मुमूर्षुः सञ्जातो भूसुरस्तामनुस्मरन् ॥३२॥
भाविनार्थबलेनैव सहसा जातवेपथुः। कन्यादानसङ्कल्पोत्थमहोत्सवविवर्जितः ॥३३॥
अथ प्राचीनगार्हस्थ्यकृतधर्मपरिश्रमात्। संसारवासनां त्यक्त्वा हरौ चित्तमधारयत् ॥३४॥
सस्मार श्रीहरिं तूर्णं मेधावी पुरुषोत्तमम्। इन्दीवरदलश्यामं त्रिभङ्गललिताकृतिम् ॥३५॥
रासेश राधारमण प्रचण्डदोर्दण्डदूराहतनिर्जरारे।
अत्युग्रदावानलपानकर्तः कुमारिकोत्तारितवस्त्रहर्तः ॥३६॥

श्री ज्वाला से आकुल हुआ श्वासोच्छ्वास लेते महादारुण मूर्छा से ॥३०॥ मदिरा पान से उन्मत्त की तरह पैर लड़खड़ाते गिरते पड़ते किसी तरह घर में आये और आते ही पृथ्वी पर गिर पड़े ॥३१॥ भय से विह्वल कन्या जब तक पिता को देखने आवे तब तक कन्या का स्मरण करते हुए मेधावी मुनि मरणासन्न हो गये। भावी के फलस्वरूप वश से एकाएक काँपने लगे और कन्या–दान विवाह से उठा हुआ जो महोत्सव था वह जाता रहा ॥३२–३३॥ तदनन्तर पहिले किये हुए गृहस्थाश्रमधर्म के परिश्रम के प्रभाव से संसारवासना को त्याग कर भगवान में चित्त को लगाते भए ॥३४॥ उन मुमुर्षु मेधावी ऋषि ने शीघ्र ही नीलकमल के समान श्याम, त्रिभंगी सुन्दर आकृति वाले श्रीपुरुषोत्तम हरि का स्मरण किया ॥३५॥ हे रास के स्वामी! हे राधारमण! हे प्रचण्ड भुजदण्ड से दूर से ही देवताओं के शत्रु दैत्य को मारने वाले! हे अति उग्र दावानल को पान कर जाने वाले! हे कुमारी गोपिकाओं के उतारे हुए वस्त्रों को हरण करने वाले! ॥३६॥

श्रीकृष्ण गोविन्द हरे मुरारे राधेश दामोदर दीननाथ।
मां पाहि संसारसमुद्रमग्नं नमो नमस्ते हृषीकेश्वराय ।३७।

इति मुनिवचनं निशम्य दूता झटिति समाययुर्मुकुन्दलोकात्।
तदनुमृत मुनिं करे गृहीत्वा चरणसरोरुहमभ्ययुरीश्वरस्य ।३८।

प्राणोत्क्रमणामालोक्य हाहेति साऽरुदत्सुता। अङ्के कृत्वा पितुर्देहं विललाप सुदुःखिता ।३९।

कुररीव चिरं सा तु विलप्यात्यन्तदुःखिता। उवाच पितरं बाला जीवन्तमिव विह्वला ।४०।

बालोवाच-

हा हा पितः कृपासिन्धो आत्मजानन्ददायक। कस्याङ्के मां निधायाऽद्य गतोऽसि वैष्णवं पुरम् ।४१।

हे श्रीकृष्ण! हे गोविन्द! हे हरे! हे मुरारे! हे राधेश! हे दामोदर! हे दीनानाथ! मुझ संसार में निमग्न की रक्षा कीजिये। इन्द्रियों के ईश्वर आपको प्रणाम है ॥३७॥ इस प्रकार मेधावी के वचनों को दूर से ही सुन कर श्रीभगवान् के दूत चट-पट मुकुन्द लोक से आते हुए और इस मरे हुए मुनि को हाथ से पकड़ कर ईश्वर के चरणकमलों में ले आये ॥३८॥ इस प्रकार अपने पिता के प्राणों को निकलते देख वह कन्या हाहाकार करके रोने लगी और पिता के शरीर को अपने गोद में रखकर अति दुःख से विलाप करने लगी ॥३९॥ कोयल पक्षी की तरह बहुत देर तक विलाप करके अत्यन्त दुःख से विह्वल हुई और पिता को जीवित की तरह समझ कर बोली ॥४०॥ बाला बोली- हाय-हाय हे पिता! हे कृपासिन्धो! हे अपनी कन्या को सुख देने वाले! मुझे आप किसके पास छोड़ कर आप वैकुण्ठ सिधारे हैं? ॥४१॥ हे तात! पितृहीन

पितृहीनां च मां तात को वा सम्भावयिष्यति। भ्राता नैव बन्धुश्च न मे माता तपस्विनी ॥४२॥
भोजनाच्छादने चिन्तां को मे तात करिष्यति। कथं तिष्ठाम्यहं शून्ये वेदध्वनिविवर्जिते ॥४३॥
आश्रमे ते मुनिश्रेष्ठ अरण्य इव निर्जने। अतः परं मरिष्यामि जीवने किं प्रयोजनम् ॥४४॥
असम्पाद्यैव वैवाहं विधिं दुहितृवत्सल। क्व गतोऽसि पितस्तात इहागच्छ तपोनिधे ॥४५॥
वाणीं वद सुधाकल्पां कथं तूष्णीमवस्थितः। उत्तिष्ठोत्तिष्ठ हे तात चिरं सुप्तोऽसि साम्प्रतम् ॥४६॥
इत्युक्त्वाऽश्रुमुखी बाला विललाप मुहुर्मुहुः। मुक्तकण्ठं रुरोदार्ता कुररीव सुदुःखिता ॥४७॥
तत्सुतारोदनं श्रुत्वा विप्रास्तद्वनवासिनः। अतीव करुणं को वा रोदित्यस्मिंस्तपोवने ॥४८॥
मेधाऋषेः सुताशब्दं शनैर्निश्चित्य तापसाः। ससम्भ्रमाः समाजग्मुर्हाहाकारसमन्विताः ॥४९॥

मेरी कौन रक्षा करेगा? आज मेरे भाई, बन्धु, माता आदि कोई भी नहीं है। हे तात! मेरे भोजन, वस्त्र की चिन्ता कौन करेगा? कैसे मैं रहूँगी, इस शून्य, वेद-ध्वनि-रहित ॥४२-४३॥ निर्जन वन की तरह आपके घर में। हे मुनिश्रेष्ठ! अब मैं मर जाऊँगी ऐसे जीने में क्या रक्खा है? ॥४४॥ हे कन्या में प्रेम रखने वाले पिता! हे तात! विवाहविधि बिना किये ही आप कहाँ चले गये? हे तपोनिधे! अब यहाँ आइये ॥४५॥ और अमृत के समान मधुर भाषण कीजिये। क्यों आप चुप हो गये! हे तात! बहुत देर से आप सोये हुए हैं अब जागिये ॥४६॥ ऐसा कहकर आँसू बहाती हुई घड़ी-घड़ी कन्या विलाप करने लगी और पिता के मरने से दुःखित हुई आर्ता, क्रौञ्च पक्षी की तरह मुक्तकण्ठ से रोने लगी ॥४७॥ उस लड़की का रोदन सुन उस वन में रहने वाले ब्राह्मण आपस में कहने लगे कि इस तपोवन में अत्यन्त करुण शब्द से कौन रो रहा है? ॥४८॥ ऐसा कहकर सब तपस्वी चुप होकर 'यह मेधावी ऋषि की कन्या का शब्द है' ऐसा निश्चय कर घबड़ाये हुए हाहाकार करते मेधावी के घर में आये ॥४९॥ और वहाँ आकर सबने कन्या

आगत्य ददृशुः सर्वे सुताङ्कस्थं मृतं मुनिम्। ततः संरुरुदुः सर्वे मुनयः काननौकसः ॥५०॥
सुतोत्सङ्गाच्छवं नीत्वा श्मशाने शिवसन्निधौ। अन्त्येष्टिं विधिना कृत्वा तेऽदहम् काष्ठवेष्टितम् ॥५१॥
ततः कन्यां समाश्वास्य सर्वे ते स्वगृहान्ययुः।
कन्याऽपि धैर्यमालम्ब्य यथाशक्त्यकरोद्व्ययम् ॥५२॥
इत्यौर्ध्वदैहिकविधिं प्रविधाय पित्र्यं पुत्री निवासमकरोच्च तपोवनेऽस्मिन्।
सा विव्यथे पितृजदुःखदवाग्निदग्धा रम्भेव वत्समरणात् सुरभीव बाला ॥५३॥

इति श्रीबृहन्नारदीयपुराणे पुरुषोत्तममासमाहात्म्ये श्रीनारायणनारदसंवादे
कुमारीविलापो नामाष्टमोऽध्यायः ॥८॥

को गोद में लिये हुए मेधावी ऋषि को देखा और देखकर उस वन के रहने वाले सब मुनि भी रोने लगे ॥५०॥ और कन्या की गोद से शव को लेकर शिव मन्दिर के पास श्मशान पर गये। वहाँ काष्ठ की चिता लगाकर विधि से अन्त्येष्टि कर्मकर उसका दाह किये ॥५१॥ दाह के अनन्तर कन्या को समझा कर सब ऋषि अपने-अपने आश्रम गये। इधर कन्या भी धैर्य धारण कर यथाशक्ति क्रिया के लिये द्रव्य खर्च करती हुई ॥५२॥ इस प्रकार पिता की मरण-क्रिया को करके कन्या उसी तपोवन में निवास करने लगी और पिता के मरणरूप दुःखाग्नि से जली हुई रम्भा की तरह व्यथित होती हुई एवं बछड़े के मर जाने से जैसे गौ बिलखती है और खाती नहीं दुर्बल होती है वैसे ही यह बाला भी दुःखित हुई ॥५३॥

इति श्रीबृहन्नारदीयपुराणे पुरुषोत्तममासमाहात्म्ये अष्टमोऽध्यायः समाप्तः ॥८॥

नवमोऽध्याय

सूत उवाच–

ततस्तं विस्मयाविष्टः पप्रच्छ नारदो मुनिः। मेधाविद्विजवर्यस्य सुतावृत्तान्तमद्भुतम्॥१॥

नारद उवाच–

मुने मुनिसुता तत्र किं चकार तपोवने। को वा मुनिवरस्तस्याः पाणिग्रहमचीकरत्॥२॥

श्रीनारायण उवाच–

निवसन्त्यास्ततस्तस्याः कियान् कालो विनिर्गतः। स्मारं स्मारं स्वपितरं शोचन्त्याश्च मुहुर्मुहुः॥३॥
शून्यसद्मनि संविष्टां यूथभ्रष्टां मृगीमिव। गलद्बाष्पौघनयनां ज्वलद्धृदयपङ्कजाम्॥४॥
विनिःश्वासपरां दीनां संरुद्धामुरगीमिव। चिन्तयन्तीमपश्यन्तीं दुःखपारं कृशोदरीम्॥५॥

सूत जी बोले–तदनन्तर विस्मय से युक्त नारद मुनि ने मेधावी ऋषि की कन्या का अद्भुत वृत्तान्त पूछा॥१॥ नारदजी बोले–हे मुने! उस तपोवन में मेधावी की कन्या ने बाद में क्या किया? और किस मुनिश्रेष्ठ ने उसके साथ विवाह किया?॥२॥ श्रीनारायण बोले–अपने पिता को स्मरण करते–करते और बराबर शोक करते–करते उस घर में कुछ काल उस कन्या का व्यतीत हुआ॥३॥ यूथ से भ्रष्ट हुई हरिणी की तरह घबड़ाई, शून्य घर में रहने वाली, दुःखरूप अग्नि से उठी हुई भाप द्वारा बहते हुए अश्रुनेत्र वाली, जलते हुए हृत्कमल वाली॥४॥ दुःख से प्रतिक्षण गरम श्वास लेने वाली, अतिदीना, घिरी हुई नागिनी की तरह अपने घर में बैठी। अपने दुःख को सोचती और दुःख से मुक्त होने के उपाय को न देखती हुई उस कृशोदरी को॥५॥ उसके शुभ अदृष्ट को

तामाससाद भगवान् भविष्यद्वलनोदितः। यदृच्छया वने तस्मिन् परमः कोपनो मुनिः ॥६॥
यद्विलोकनमात्रेण त्रस्येदपि शतक्रतुः। जटाकलापसञ्छन्नः साक्षादिव सदाशिवः ॥७॥
यस्त्वज्जनन्या राजेन्द्र शैशवेऽतिप्रसादितः। त्रिदशाऽऽकर्षिणीं विद्यां ददावस्यै सुपूजितः ॥८॥
येनाहमपि भूपाल सर्वदेवनमस्कृतः। रथे संयोजितः साक्षाद्रुक्मिण्या सह नारद ॥९॥
उभाभ्यां चालिते मार्गे रथे दुर्वाससान्विते। अत्युग्रया तृषा शुष्यत्ताल्वोष्ठपुटयाऽनया ॥१०॥
सूचितोऽहं जलार्थिन्या स्कन्धस्थयुगया पुरा। गच्छन्नेव पादाग्रेण सम्पीड्य वसुधातलम् ॥११॥
आनीतवान् भोगवतीं प्रियाप्रेमपरिप्लुतः। सैवोर्ध्वगामिनी भूत्वा तन्मात्रेण वारिणा ॥१२॥

प्रेरणा से सान्त्वना देने के लिये उस वन में अपनी इच्छा से ही परमक्रोधी–जिनको देखने से ही इन्द्र भयभीत होते हैं–ऐसे जटा से व्याप्त, साक्षात् शङ्कर के समान भगवान् दुर्वासा ऋषि आये ॥६–७॥ हे नारद! भगवान् कृष्ण ने राजा युधिष्ठिर से कहा कि हे राजेन्द्र! वह दुर्वासा आये जिसको कि आपकी माता कुन्ती ने बालापन में प्रसन्न किया था। तब उन सुपूजित महर्षि ने देवताओं को आकर्षण करने वाली विद्या उन्हें दी और हे भूपाल! जिन्होंने सब देवताओं से नमस्कार किये जाने वाले मुझको भी रुक्मिणी के साथ रथ में बैलों की जगह जोता ॥८–९॥ दुर्वासा को बैठाकर रथ खींचते हुए जब हम दोनों मार्ग चलने लगे तब चलते–चलते मार्ग में अति तीव्र प्यास से सूख गये हैं तालु और ओठ जिस रुक्मिणी के ऐसी जल चाहने वाली रुक्मिणी ने जब मुझे सूचित किया तब कन्धे पर रथ की जोत को रखे हुए चलते–चलते ही पाँव के अग्रभाग से पृथ्वी को दबाकर ॥१०–११॥ रुक्मिणी के प्रेम के वशीभूत मैंने भोगवती नाम की नदी को उत्पन्न किया। तब वहाँ भोगवती ऊपर से बहने लगी। अनन्तर उसी के जल से ॥१२॥ हे महाराज! रुक्मिणी की प्यास को मैंने

न्यवारयन्महाराज रुक्मिणीतृषमुल्बणाम्। तद्दृष्ट्वा तत्क्षणोत्पन्नक्रोधेन प्रज्वलन्निव ।१३।
प्रलयाग्निरिवोत्तिष्ठन् शशाप कोपनो मुनिः। अहो श्रीकृष्ण तेऽत्यन्तं वल्लभा रुक्मिणी सदा ।१४।
यद्भवान्, मामवज्ञाय प्रियाप्रेमपरिप्लुतः। पाययामास पानीयं माहात्म्यं दर्शयन् स्वकम् ।१५।
दम्पत्योरुभयोरेव वियोगोऽस्तु युधिष्ठिर। इति यो दत्तवान् शापं स एव मुनिसत्तमः ।१६।
साक्षाद्रुद्रांशसम्भूतः कालरुद्र इवापरः अत्रेरुग्रतपः कल्पवृक्षदिव्यफलं महत् ।१७।
पतिव्रताशिरोरत्नाऽनुसूयागर्भसम्भवः। दुर्वासा नाम मेधावी यथार्थो मूर्तिमत्तपः ।१८।
नैकतीर्थजलक्लिन्न-जटाभूषितसच्छिराः। तमालोक्य समायान्तं कुमारी शोकसागरात् ।१९।
उन्मज्ज्योत्थाय धैर्येण ववन्दे, चरणौ मुनेः। नत्वा स्वाश्रमानीय वाल्मीकिं जानकी यथा ।२०।

बुझाया। इस प्रकार रुक्मिणी की प्यास का बुझना देख उसी क्षण अग्नि की तरह दुर्वासा क्रोध से जलने लगे ॥१३॥ और प्रलय की अग्नि के समान उठकर दुर्वासा ने शाप दिया। बोले अहो आश्चर्य है, हे श्रीकृष्ण! रुक्मिणी तुमको सदा अत्यन्त प्रिय है ॥१४॥ अतः स्त्री के प्रेम से युक्त तुमने मेरी अवज्ञा कर अपना महत्त्व दिखलाते हुए इस प्रकार से उसे पानी पिलाया ॥१५॥ अतः तुम दोनों का वियोग होगा, इस प्रकार उन्होंने शाप दिया था। हे युधिष्ठिर! वही यह दुर्वासा मुनि हैं ॥१६॥ साक्षात् रुद्र के अंश से उत्पन्न, दूसरे कालरुद्र की तरह, महर्षि अत्रि के उग्र तपरूप कल्पवृक्ष के दिव्य फल ॥१७॥ पतिव्रताओं के सिर के रत्न, अनुसूया भगवती के गर्भ से उत्पन्न, अत्यन्त मेधायुक्त दुर्वासा नाम के ऋषि ॥१८॥ अनेक तीर्थों के जल से भीगी हुई जटा से भूषित सिर वाले, साक्षात् तपोमूर्ति दुर्वासा ऋषि को आते देखकर कन्या ने शोकसागर से ॥१९॥ निकल कर धैर्य से मुनि के चरणों में प्रार्थना की। प्रार्थना करने के बाद जैसे वाल्मीकि ऋषि को जानकी अपने आश्रम में लाई थीं वैसे ही वह भी दुर्वासा को अपने घर में लाकर ॥२०॥ अर्घ्य, पाद्य और

अर्घ्यपाद्यैर्वन्यफलैः पुष्पैश्च विविधैर्मुनिम्।
स्वागतं पृच्छ्य सा बाला पूजयामास सादरम्। ततः सविनया राजन्नुवाच मुनिकन्यका ॥२१॥

बालोवाच-

नमस्तेऽस्तु महाभाग अत्रिगोत्रदिवाकर।
कुतोऽद्य गमनं साधो दुर्दैवाया ममाश्रमे। मम भाग्योदयो जातस्तवागमनतो मुने ॥२२॥
अथवा मत्पितुः पुण्यप्रवाहप्रेरितो भवान्। सम्भावयितुं मामेव ह्यागतो मुनिसत्तमः ॥२३॥
भवादृशां पादरजस्तीर्थरूपं महात्मनाम्। स्पृशन्त्याः सफलं जन्म सफलं चाद्य मे व्रतम् ॥२४॥
अद्य मे सफलं पुण्यमद्य मे सफलो भवः। भवादृशा महापुण्या यन्मे दृष्टिपथं गताः ॥२५॥
एवमुक्त्वा च सा बाला तस्थौ तूष्णीं तदग्रतः। सस्मितं मुनिराहेदं दुर्वासाः शङ्करांशजः ॥२६॥

विविध प्रकार के जङ्गली फलों और पुष्पों से स्वागत के लिये आज्ञा लेकर आदरपूर्वक पूजन कर तदनन्तर हे राजन्! वह बाला बोली ॥२१॥ कन्या बोली—हे महाभाग! हे अत्रि कुल के सूर्य! आपको प्रणाम है। हे साधो! मेरी अभाग्या के घर में आज आपका शुभागमन कैसे हुआ? हे मुने! आपके आगमन से आज मेरा भाग्योदय हुआ है ॥२२॥ अथवा मेरे पिता के पुण्य के प्रवाह से प्रेरित मुझे सान्त्वना देने के लिये ही आप मुनिसत्तम आये हैं ॥२३॥ आप ऐसे महात्माओं के पाँव की धूल जो है वह तीर्थरूप है उस धूल का स्पर्श करने वाली मैं अपना जन्म आज सफल कर सकी हूँ, आज मेरा व्रत भी सफल है ॥२४॥ आप ऐसे पुण्यात्मा के जो मुझे आज दर्शन हुए। अतः आज मेरा उत्पन्न होना और मेरा पुण्य सफल है ॥२५॥ ऐसा कहकर वह कन्या दुर्वासा के सामने चुपचाप खड़ी हो गयी। तब भगवान शङ्कर के अंश से उत्पन्न दुर्वासा मुनि मन्द हास्य युक्त बोले ॥२६॥

दुर्वासा उवाच–

साधु साधु द्विजसुते कुलमभ्युद्धृतं पितुः। मेधाऋषेः सुतपसः फलमेतादृशी सुता ॥२७॥
कैलासादहमागच्छं ज्ञात्वा ते धर्मशीलताम्। त्वदाश्रममनुप्राप्तस्त्वा सम्पूजितोऽस्म्यहम् ॥२८॥
गमिष्यामि वरारोहे शीघ्रं बदरिकाश्रमम्। द्रष्टुं नारायणं देवं सनातनमुनीश्वरम् ॥२९॥
तपश्चरन्तमेकाग्रमत्युग्रं लोकहेतवे। बालोवाच– ऋषे त्वद्दर्शनादेव शुष्को मे शोकसागरः ॥३०॥
अतः परं शुभं भावि यस्मात् सम्भाविता त्वया। समुद्भूतबृहज्ज्वाल–दुःखहव्यभुजं मुने ॥३१॥
किं न वेत्सि दयासिन्धो तन्निर्वापय शङ्कर। हर्षहेतुर्न मे कश्चिद् दृश्यते सुविचारतः ॥३२॥
न माता न पिता भ्राता यो मे धैर्यं प्रयच्छति। कथङ्कारमहं जीवे दुःखसागरपीडिता ॥३३॥

दुर्वासा बोले– हे द्विजसुते! तू बड़ी अच्छी है तूने अपने पिता के कुल को तार दिया। यह मेधावी ऋषि के तप का फल है। जो इनके तेरी ऐसी कन्या उत्पन्न हुई ॥२७॥ तेरी धर्म में तत्परता जान कैलास से मैं यहाँ आया और तेरे घर आकर तेरे द्वारा मेरा पूजन हुआ ॥२८॥ हे वरारोहे! मैं शीघ्र ही बदरिकाश्रम में मुनीश्वर सनातन, नारायण, देव के दर्शन के लिये जाऊँगा जो प्राणियों के हित के लिये अत्यन्त उग्र तप कर रहे हैं। कन्या बोली– हे ऋषे! आपके दर्शन से ही मेरा शोकसमुद्र सूख गया ॥२९-३०॥ अब इसके बाद मेरा भविष्य उज्ज्वल है, क्योंकि आपने मुझे सान्त्वना दी, हे मुने! मेरे उत्पन्न बड़ा भारी ज्वाला युक्त दुःख रूप अग्नि को क्या आप नहीं जानते हैं? हे दयासिन्धो! हे शङ्कर! उस दुःखाग्नि को शान्त कीजिये। मैं विचार से हर्ष का कारण मुझे कुछ भी दिखलाई नहीं देता ॥३१-३२॥ न मुझे माता है, न पिता, न तो भाई है, जो धैर्य प्रदान करता, अतः दुःख समुद्र से पीड़ित मैं कैसे जीवित रह सकती हूँ? ॥३३॥ जिस-जिस दिशा में मैं देखती हूँ वह-वह

यां यां दिशं प्रवक्ष्यामि सा सा शून्या विभाति मे। मम दुःखप्रतीकारं कुरु शीघ्रं तपोनिधे ॥३४॥
न मां कामयते कश्चित् पाणिग्रहणहेतवे। अतः परं भविष्यामि वृषलीति महद्भयम् ॥३५॥
तस्मान्न जायते निद्रा न रुचिर्भोजने मम। ब्रह्मन् मुमूर्षुरस्म्येव इति मे निश्चयोऽधुना ॥३६॥
इत्युक्त्वाश्रुमुखी बाला विरराम तदग्रतः। दुर्वासास्तदुपायाथ विचारमकरोत्तदा ॥३७॥

श्रीनारायण उवाच-

इति मुनितनयावचो निशम्य बहुतरमा मुनिराड विचार्य छन्दः।
अतिशयकृपया विलोक्य बालां किमपि हितं निजगाद सारभूतम् ॥३८॥

इति श्रीबृहन्नारदीयपुराणे पुरुषोत्तममासमाहात्म्ये दुर्वाससस्तपोवनगमनं नाम नवमोऽध्यायः ॥९॥

दिशा मुझे शून्य सी प्रतीत होती है, इसलिये हे तपोनिधे! मेरे दुःख का निस्तार आप शीघ्र करें ॥३४॥ मेरे साथ विवाह करने के लिये कोई भी नहीं तैयार होता है। इस समय मेरा विवाह न हुआ तो मैं फिर वृषली शूद्रा हो जाऊँगी यह मुझे बड़ा भय है ॥३५॥ इसी भय से न मुझे निद्रा आती है और न भोजन में मेरी रुचि होती है, हे ब्रह्मन्! अब मैं शीघ्र ही मरने वाली हूँ, यह मेरा इस समय निश्चय है ॥३६॥ ऐसा कहकर आँसू बहाती हुई कन्या दुर्वासा के सामने चुप हो गयी तब दुर्वासा कन्या का दुःख दूर करने के उपाय सोचने लगे ॥३७॥ श्रीनारायण बोले-इस प्रकार मुनि कन्या के वचन सुनकर और इसका अभिप्राय समझ कर बड़े क्रोधी मुनिराज दुर्वासा ने उस कन्या का कुछ हित विचार पूर्ण कृपा से उसे देखकर सारभूत उपाय बतलाया ॥३८॥

इति श्रीबृहन्नारदीयपुराणे पुरुषोत्तममासमाहात्म्ये नवमोऽध्यायः समाप्तः ॥९॥

दशमोऽध्याय

किं विचार्य बृहद्धामा परमः कोपो मुनि, अब्रवीऋषिकन्यां ता तन्मे ब्रूहि तपोनिधे ।१।

सूत उवाच-

नारदस्य वचः श्रुत्वा प्रोवाच बदरीपतिः दुर्वासो वचनं गुह्यं सर्वेषां हितकृद्द्विजाः ।२।

श्रीनारायण उवाच-

शृणु नारद वक्ष्येऽहं यदुक्तं मुनिना तदा, मेधावितनयादुःखमपनेतुं कृपालुना ।३।

शृणु सुन्दरी वक्ष्यामि गुह्याद्गुह्यतरं महत्, आख्येयं नैव कस्यापि त्वदर्थं तु विचारितम् ।४।

न विस्तरं करिष्यामि समासेन ब्रवीमि ते, इतस्तृतीयः सुभगे मासस्तु पुरुषोत्तमः ।५।

तस्मिन् स्नातो नरस्तीर्थे मुच्यते भ्रूणहत्यया, एतत्तुल्यो न कोऽप्यन्यः कार्तिकादिषु सुन्दरि ।६।

नारदजी बोले-हे तपोनिधे! परम क्रोधी दुर्वासा मुनि ने विचार करके उस कन्या को क्या उपदेश दिया। सो आप मुझसे कहिये ॥१॥ सूतजी बोले-हे द्विजो! नारद का वचन सुन समस्त प्राणियों का हितकर दुर्वासा का गुह्य वचन बदरीनारायण बोले ॥२॥ श्रीनारायण बोले-हे नारद! मेधावी ऋषि की कन्या के दुःख को दूर करनेके लिये कृपालु दुर्वासा जी कहा वह हम तुमसे कहते हैं, सुनो ॥३॥ दुर्वासा बोले-हे सुन्दरि! गुप्त से भी गुप्त उपाय मैं तुझसे कहता हूँ। यह विषय किसी से भी कहने योग्य नहीं है तथापि तेरे लिये तो मैंने विचार कर लिया है। मैं विस्तार पूर्वक न कहकर तुझसे संक्षेप से कहता हूँ। हे सुभगे! इस मास से तीसरा मास जो आवेगा वह पुरुषोत्तम मास है ॥५॥ उस मास में तीर्थ में स्नान कर मनुष्य भ्रूणहत्या से छूट जाता है। हे सुन्दरि! कार्तिक आदि बारहों मासों में इस पुरुषोत्तम मास के बराबर और कोई मास नहीं है ॥६॥ जितने

सर्वे मासास्तथा पक्षाः पर्वाण्यन्यानि यानि च, पुरुषोत्तममासस्य कलां नार्हन्ति षोडशीम् ।७।
साधनानि समस्तानि निगमोक्तानि यानि च, मासस्यैतस्य नार्हन्ति कलामपि च षोडशीम् ।८।
द्वादशाब्दसहस्राणि गङ्गास्नानेन यत्फलम्, गोदावरी सकृत्स्नानाद्यत्फलं सिंहगे गुरौ ।९।
तदेव फलमाप्नोति मासे वै पुरुषोत्तमे, सुकृत् सुस्नानमात्रेण यत्र कुत्रापि सुन्दरि ।१०।
श्रीकृष्णवल्लभो मासो नाम्ना च पुरुषोत्तमः, तस्मिन् संसेविते बाले सर्वं भवति वाञ्छितम् ।११।
तस्मान्निषेवयाशु त्वं मासं तं पुरुषोत्तमम्, मयापि सेव्यते सोऽयं पुरुषोत्तमवन्मुदा ।१२।
एकदा भस्मसात्कर्तुमम्बरीषं क्रुधा मया, मुक्ता कृत्या तदा बाले सुनाभं हरिणा ज्वलत् ।१३।
मामेव भस्मसात्कर्तुं तदानीं प्रेरितं मयि, पुरुषोत्तमव्रतादेव तच्चक्रं संन्यवर्तत ।१४।

मास तथा पक्ष और पर्व हैं वे सब पुरुषोत्तम मास की सोलहवीं कला के बराबर भी नहीं हैं ॥७॥ वेदोक्त साधन और जो परमपद, प्राप्ति के साधन हैं वे भी इस मास की सोलहवीं कला के बराबर नहीं हैं ॥८॥ बारह हजार वर्ष गङ्गास्नान करने से जो फल मिलता है और सिंहस्थ गुरु में गोदावरी पर एक बार स्नान करने से जो फल मिलता है ॥९॥ हे सुन्दरि! वही फल पुरुषोत्तम मास में किसी भी तीर्थ में एक बार करने मात्र से मिलता है ॥१०॥ हे बाले! यह मास श्रीकृष्ण का अत्यन्त प्यारा है और नाम से ही यह भगवान् का स्मारक है। इस मास में पुरुषोत्तम भगवान् की सेवा, पूजा करने से समस्त कामनाएं सिद्ध होती हैं ॥११॥ अतः इस पुरुषोत्तम मास का तू शीघ्र व्रत कर। पुरुषोत्तम भगवान् की तरह प्रसन्नता पूर्वक मैंने भी इस मास की सेवा की है ॥१२॥ एक समय क्रोध से मैंने अम्बरीष राजा को भस्म करने के अर्थ कृत्या भेजी थी सो हे बाले! तब हरि ने जलता हुआ सुदर्शन चक्र ॥१३॥ मुझको ही भस्म करने के लिये उसी समय मेरे पास भेजा। तब पुरुषोत्तम मास के व्रत के प्रभाव से ही वह चक्र हट गया ॥१४॥ हे सुन्दरि! वह चक्र त्रैलोक्य को भस्म करने

त्रैलोक्यं भस्मसात्कर्तुं समर्थं तच्च सुन्दरि, मय्यकिञ्चित्करं जातं तदा मे विस्मयोऽभवत् ।१५।
तस्माद्व्रजस्व सुभगे श्रीमन्तं पुरुषोत्तमम्, इत्युक्त्वा मुनिशार्दूलो विरराम मुनेः सुताम् ।१६।

श्रीकृष्ण उवाच-

दुर्वासो वचनं श्रुत्वा बाला मूढधियाऽवदत्, भाविना प्रेरिता राजन्नसूयारिता सती ।१७।
दुर्वाससं मुनि श्रेष्ठं मनसि क्रोधसंयुता, बालोवाच, न मह्यं रोचते ब्रह्मन् यदुक्तं भवता मुने ।१८।
कथं माघादयो मासा अकिञ्चित्करतां गताः, कथं कार्तिकमासं त्वमूने वदसि तद्वद ।१९।
वैशाखः सेवितः किं वा न दास्यति सुकामितम्, सदाशिवादयो देवाः फलदा किं न सेविताः ।२०।
अथवा भुवि मार्तण्डो देवः प्रत्यक्षदर्शन, स किं न दाता कामानां देवा च जगदम्बिका ।२१।
गणेशः सेवितः किं वा न संयच्छति कामितम्, व्यतीपातादिकान् योगान् देवान् शर्वादिकानपि ।२२।

का सामर्थ्य रखने वाला जब मेरे पास आकर खाली चला गया तब मुझे बड़ा विस्मय हुआ ॥१५॥ इसलिये हे सुभगे ! तू श्रीपुरुषोत्तम मास का व्रत कर। इस प्रकार मुनि की कन्या को कहकर दुर्वासा ऋषि ने विराम लिया ॥१६॥ श्रीकृष्णजी बोले-हे राजन् ! दुर्वासा का वचन सुन भावी की प्रबलता के कारण असूया से प्रेरित वह कन्या मूर्खतावश दुर्वासा से बोली। बाला बोली-हे ब्रह्मन् ! हे मुने ! आपने जो कहा वह मुझे रुचता नहीं है ॥१७-१८॥ माघादि मास कैसे कुछ भी फल देने वाले नहीं हैं? 'कार्तिक मास कम है?' ऐसा आप कैसे कहते हैं? सो कहिये ॥१९॥ वैशाख मास सेवित हुआ क्या इच्छित कामों को नहीं देता है? सदाशिव आदि से लेकर सब देवता सेवा करने पर क्या फल नहीं देते हैं? ॥२०॥ अथवा पृथ्वी पर प्रत्यक्ष देव सूर्य और जगत् की माता देवी क्या सब कामनाओं को देने वाली नहीं है? २१। श्रीगणेश सेवा पाकर क्या इच्छित वर नहीं देते हैं? व्यतीपात आदि योगों को और शर्व आदि देवताओं को भी ॥२२॥ सबको उल्लङ्घन करके पुरुषोत्तम मास की प्रशंसा

सर्वानुलङ्घ्य वदतस्त्रपा किं ते न जायते, अयं तु मलिनो मासः सर्वकर्मविगर्हितः ।२३।
असूर्यसङ्क्रमः श्रेष्ठः क्रियते च कथं मुने, वेदाहं सर्वदुःखानां पारदं श्रीहरिं परम् ।२४।
नान्यं पश्यामि भूदेव चिन्तयन्तो दिवानिशम्, रामाद्वा जानकीजानेः शङ्करात् पार्वतीपते ।२५।
नान्यःकोऽपि महान् देवो ये मे दुःखं व्यापोहति, एतान् विहाय विप्रेन्द्र कथं स्तौषि मलं मुने ।२६।
एवमुक्तस्वा विप्र-पुत्र्या स क्रोधनो मुनि, जाज्वल्यमानो वपुषा क्रोधसंरक्तलोचनः ।२७।
तथापि न शशापैनां मित्रजां कृपयान्वितः, मूढेयं नैव जानाति हिताहित्तमपूर्णधीः ।२८।
पुरुषोत्तममाहात्म्यं दुर्ज्ञेयं विदुषामपि, किमुताल्पधियां पुंसां कुमारीणां विशेषतः ।२९।
पितृहीना कुमारीयं बाला दुःखाग्निभर्जिता, अतीवोग्रतरं शापं मदीयं सहते कथम् ।३०।

करते क्या आपको लज्जा नहीं आती है? यह मास तो बड़ा मलिन और सब काम में निन्दित है ॥२३॥ हे मुने! इस रवि की संक्रान्ति से रहित मास को आप श्रेष्ठ कैसे कह रहे हैं? सब दुःखों से छुड़ाने वाले परम श्रीहरि को मैं जानती हूँ ॥२४॥ हे देव! दिन-रात [illegible] की चिन्तना करती मैं जानकीपति राम और पार्वतीपति शङ्कर के सिवाय और किसी को नहीं देखती हूँ ॥२५॥ हे विप्रेन्द्र! अन्य कोई भी देवता ऐसा नहीं है जो मेरे दुःख को दूर करे, अतः हे मुने! इन सब फलदाताओं को छोड़कर कैसे इस मलमास की स्तुति आप कर रहे हो? ॥२६॥ इस प्रकार ब्राह्मणकन्या का कहा हुआ सुनकर दुर्वासा मुनि शरीर से एकदम् जाज्वल्यमान हो गये और नेत्र क्रोध से लाल हो गये ॥२७॥ इस प्रकार क्रोध आने पर भी कृपा करके मित्र की कन्या को शाप नहीं दिया और सोचने लगे कि यह मूर्खा है, हित-अनहित को नहीं जानती है, अभी बुद्धि इसकी पूर्ण नहीं है ॥२८॥ पुरुषोत्तम के माहात्म्य का विद्वानों को भी पता नहीं है, तो थोड़ी बुद्धिवाले पुरुष एवं विशेष करके कुमारियों को तो हो ही कहाँ से सकता है? ॥२९॥ यह कुमारी कन्या माता-पिता से रहित, दुःखाग्नि से जली हुई है, अतः अति उग्र मेरे शाप को कैसे सह सकती है? ॥३०॥ इस प्रकार सोच कर कृपा से मन से उठे हुए क्रोध को शान्त किया और स्वस्थ

इत्येवं कृपया क्रोधं सञ्जहार मनःस्थितम्, स्वस्थो भूत्वा मुनिः प्राह तां बालामतिविह्वलाम् ।३१।

दुर्वासा उवाच-

अहो बाले न मे कोपो मित्रजे त्वयि कश्चन्, यत्ते मनसि निर्भाग्ये यथारुचि तथा कुरु ।३२।
अपरं श्रूयतां बाले भविष्यं किञ्चिदुच्यते, पुरुषोत्तममासस्य यत्त्वयाऽनादरः कृतः ।३३।
सर्वथा तत्फलं भावि इह वा परजन्मनि, अतः परं गमिष्यामि नरनारायणालयम् ।३४।
न च शप्ता मया भीरु मन्मित्रं ते पिता यतः, हिताहितं न जानासि बालभावाच्छुभाशुभम् ।३५।
स्वस्ति तेऽस्तु गमिष्यामि मास्तु कालात्ययो मम, अशुभं वाशुभं भाविशक्यते लंघितुं कथम् ।३६।

श्रीकृष्ण उवाच-

इत्युदीर्य जगामाशु तामसस्तापसो मुनिः, तत्क्षणं निष्प्रभा साऽभूत् पुरुषोत्तमहेलया ।३७।

होकर दुर्वासा मुनि, उस अति विह्वल कन्या से बोले॥३१॥ दुर्वासा बोले-हे मित्र पुत्रि! तेरे ऊपर मेरा कुछ भी क्रोध नहीं है। हे निर्भाग्ये! जो तेरे मन में आये वैसा ही कर॥३२॥ हे बाले! और तेरा कुछ भविष्य कहता हूँ सुन! पुरुषोत्तम मास का जो तूने अनादर किया है॥३३॥ उसका फल तुझे अवश्य मिलेगा। इस जन्म में मिले अथवा दूसरे जन्म में मिले। अब मैं नर-नारायण के आश्रम में जाऊँगा॥३४॥ तेरा पिता मेरा मित्र था, इसलिये मैंने शाप नहीं दिया है, तू बालभाव के कारण अपने शुभाशुभ तथा हिताहित को नहीं जानती है॥३५॥ शुभाऽशुभ भविष्य को कोई भी टाल नहीं सकता है। अच्छा हमारा बहुत समय व्यतीत हो गया, अब हम जाते हैं, तेरा कल्याण हो॥३६॥ श्रीकृष्ण बोले-ऐसा कहकर महाक्रोधी दुर्वासा मुनि शीघ्र चले गये। दुर्वासा ऋषि के जाते ही पुरुषोत्तम की उपेक्षा करने के कारण कन्या निष्प्रभा हो गयी॥३७॥ तदनन्तर बहुत देर

विमृश्य सुचिरं कालं तत्कालफलदं शिवम्, आराधयामि देवेशं तपसा पार्वती पतिम् ।३८।
इति निश्चित्य मनसा मेधावितनया नृप, दुष्करं तत्तपः कर्तुमियेष स्वाश्रम स्थिता ।३९।

सूत उवाच-

आर्षयी प्रबलमुनेर्वचो विनिन्द्य प्रोद्युक्ताधकरिपुसेवने वने स्वे,
लक्ष्मीशं बहुलफलप्रदं विहाय सावित्रीपतिमपि तादृशं निरस्य ।४०।

इति श्रीबृहन्नारदीयपुराणे पुरुषोत्तममासमाहात्म्ये श्रीनारायणनारदसंवादे
कुमारीशिवाराधनोद्योगो नाम दशमोऽध्यायः ॥१०॥

तब कन्या ने सोच-विचार कर यह निश्चय किया कि देवताओं के भी देवता, तत्काल फल को देने वाले, पार्वतीपति शिव की तप द्वारा आराधना करूँगी ॥३८॥ हे नृप! मेधावी ऋषि की कन्या ने मन से इस प्रकार निश्चय करके अपने आश्रम में ही रह कर भगवान शङ्कर के कठिन तप करने को तत्पर हो गयी ॥३९॥ सूतजी बोले-कि बहुत फलों के दाता लक्ष्मीपति को और वैसे ही सावित्रीपति ब्रह्म को छोड़कर एवं दुर्वासा के प्रबल वचन की निन्दा कर वह ऋषि कन्या अपने आश्रम में ही अन्धक को मारने वाले शङ्कर की सेवा के लिये तत्पर हो गयी ॥४०॥

इति श्रीबृहन्नारदीयपुराणे पुरुषोत्तममासमाहात्म्ये श्रीनारायणनारदसंवादे
कुमारीशिवाराधनोद्योगो नाम दशमोऽध्यायः ॥१०॥

एकादशोऽध्याय

नारद उवाच-

अर्चीकरत् कुमारीयं महत्कर्म सुदुष्करम्, मुनीनामपि सर्वेषां तन्मे वद महामुने ।१।

श्रीनारायण उवाच-

अथारभत कल्याणी तपः परमदारुणम्, चिन्तयन्ती शिवं शान्तं पञ्चवक्त्रं सनातनम् ।२।

भुजङ्गभूषणं देवं नन्दिभृङ्गिनिषेवितम्, चतुर्विंशतितत्त्वैश्च गुणैस्त्रिभिरभिष्टुतम् ।३।

महासिद्धिभिरष्टाभिः प्रकृत्या पुरुषेण च, चन्द्रखण्डलसद्भालं जटाजूटविराजितम् ।४।

चचार दुश्चरं बाला तमुद्दिश्य परं तपः, पञ्चाग्नीनां च मध्ये सा स्थायिनी ग्रीष्मगे रवौ ।५।

हेमन्ते शिशिरे चैव शीतवार्यन्तरस्थिता, व्यक्तवक्त्रा तथा रेजे जलस्थं कमलं यथा ।६।

नारदजी बोले—सब मुनियों को भी जो दुष्कर कर्म है ऐसा बड़ा भारी तप जो इस कुमारी ने किया वह हे महामुने! हमसे सुनाइये ॥१॥ श्रीनारायण बोले—अनन्तर ऋषि कन्या ने भगवान् शिव, शान्त, पञ्चमुख, सनातन महादेव को चिन्तन करके परम दारुण तप आरम्भ किया ॥२॥ सर्पों का आभूषण पहिने देव, नन्दी-भृङ्गी आदि गणों से सेवित, चौबीस तत्त्वों और तीनों गुणों से युक्त ॥३॥ अष्ट महासिद्धियों तथा प्रकृति और पुरुष से युक्त, अर्धचन्द्र से सुशोभित मस्तकवाले, जटा-जूट से विराजित ॥४॥ भगवान् के प्रीत्यर्थ उस बाला ने परम तप आरम्भ किया। ग्रीष्म ऋतु के सूर्य होने पर पञ्चाग्नि के बीच में बैठकर ॥५॥ हेमन्त और शिशिर ऋतुओं में ठण्डे जल में बैठकर, खुले हुए मुखवाली जल में खिले हुए कमल की तरह शोभित होने लगी ॥६॥ सिर से नीचे फैली हुई काली और नीली अलकों से ढँकी हुई वह जल में ऐसी मालूम होने लगी

शिरोऽधः प्रसृतश्यामनीलालकविलुण्ठिता, जम्बालवल्लरीपुञ्जैर्वेष्टितेवबभौ जले ।७।
ब्रह्मरन्ध्रोद्गत श्रीमद्धूमराजिर्व्यदृश्यत, नलिनं सेव्ययानेव मिलिन्दादि प्रसर्पिणी ।८।
वर्षास्वनावृता शेते स्थण्डिले वृसिकान्विते, सन्ध्योरुभयोस्तन्वी धूम्रपानमचीकरत् ।९।
पुरन्दरः परां चिन्तामवापाश्रुत्य तत्तपः, दुर्धर्षा दिविजैः सर्वैः स्पृहणीया महर्षिभिः ।१०।
एवं तपसि वृत्तायामार्षेय्यां नृपनन्दन, गतान्यब्दसहस्राणि नव राजन्यभूषण ।११।
सन्तुष्टस्तपसा तस्या भगवान् पार्वतीपति, दर्शयामास बालायै निजं रूपमगोचरम् ।१२।
तद्दृष्ट्वासहसोत्तस्थौ देहः प्राणमिवागतम्, तपः कृशापि सा बाला हृष्टपुष्टा तदाऽभवत् ।१३।
भूरिवातपसंक्लिष्टा देवमीढा गरीयसी, सा बालाऽवनता भूत्वा ववन्दे गिरिजापतिम् ।१४।

जैसे कीचड़ की लता सेवारों के समूह से घिरी हुई हो ॥७॥ शीश के कारण नासिका से निकलती हुई शोभित धूमराशि इस तरह दिखाई देने लगी जैसे कमल से मकरन्द पान करके भ्रमरपंक्ति आ रही हो ॥८॥ वर्षाकाल में आसन से युक्त चौतरे पर बिना छाया के सोती थी और वह सुन्दर अंगवाली प्रातः-सायं धूमपान करके रहती थी ॥९॥ इस कन्या के इस प्रकार के कठिन तप को सुनकर इन्द्र बड़ी चिन्ता को प्राप्त भए। सब देवताओं से दुष्प्रधर्ष और ऋषियों से स्पृहणीया ॥१०॥ इस ऋषि-कन्या के तप में लगे रहने पर हे नृपनन्दन! हे क्षत्रिय भूषण! नौ हजार वर्ष व्यतीत हो गये ॥११॥ उस बाला के तप से भगवान् शंकर ने प्रसन्न होकर उसे अपना इन्द्रियातीत स्वरूप दिखलाया ॥१२॥ भगवान् शंकर को देखकर देह में जैसे प्राण आ जाए वैसे सहसा खड़ी हो गई और तप से दुर्बल होने पर भी वह बाला उस समय हृष्ट-पुष्ट हो गयी ॥१३॥ बहुत वायु और घाम से क्लेश पाई हुई वह शंकर को बहुत अच्छी लगी और उस कन्या ने झुककर पार्वतीपति शंकरजी को प्रणाम किया ॥१४॥ उन विश्ववन्दित

मानसैरुपचारैस्तं सम्पूज्य विश्ववन्दितम्, तुष्टाव जगतां नाथं भक्तियुक्तेन चेतसा ॥१५॥

कन्योवाच-

अये शैलजावल्लभ प्राणनाथ प्रभो भर्ग भूतेश गौरीश शम्भो,
नमः सोमसूर्याग्निदिव्यत्रिनेत्र मदाधार मुण्डास्थिमालिन्नमस्ते ॥१६॥

नरोऽनेकतापाभिभूताङ्गपीडः परे घोरसंसारवार्धौ निमग्नः,
स्खलव्यालकालोग्रदंष्ट्राभिदष्टो विमुच्येद्भवन्तं शरण्यं प्रपन्नः ॥१७॥

विभो येन बाणः स्वकीयीकृतश्च मृता जीवितालर्कभूपालपत्नी,
दयानाथ भूतेश चण्डीश भव्य भवत्राण मृत्युञ्जय प्राणनाथ ॥१८॥

मखध्वंसकर्तः समस्तारिहर्तः सदा सेवकानां भवध्वंसकर्तः,
नमो जन्महर्तः पुरा सृष्टिकर्तस्त्वदीयानव प्राणनाथाघहर्तः ॥१९॥

भगवान् का मानसिक उपचारों से पूजन करके और भक्तियुक्त चित्त से जगत् के नाथ की स्तुति करने लगी ॥१५॥ कन्या बोली–हे पार्वतीप्रिय! हे प्राणनाथ! हे प्रभो! हे भर्ग! हे भूतेश! हे गौरीश! हे शम्भो! हे सोमसूर्याग्निनेत्र! हे तमः! हे मेरे आधार! मुण्डास्थिमालिन्! आपको प्रणाम है॥१६॥ अनेक तापों से व्याप्त है अंगों में पीड़ा जिसके ऐसा, तथा परम घोर संसाररूपी समुद्र में डूबा हुआ, दुष्ट सर्प तथा काल के तीक्ष्ण दाँतों से डँसा हुआ मनुष्य भी यदि आपकी शरण में आ जाए तो मुक्त हो जाता है॥१७॥ हे विभो! जिन आपने बाणासुर को अपनाया और मरी हुई अलर्क राजा की पत्नी को जिलाया ऐसे आप हे दयानाथ! भूतेश! चण्डीश! भव्य! भवत्राण! मृत्युञ्जय! प्राणनाथ!॥१८॥ हे दक्षप्रजापति के मख को ध्वंस करने वाले! हे समस्त शत्रुओं के नाशक! हे सदा भक्तों को संसार से छुड़ाने वाले! हे जन्म के हर्ता, हे प्रथम सृष्टि कर्ता! हे प्राणनाथ! हे पातक नाश करने वाले! आपको नमस्कार है। अपने सेवकों की रक्षा कीजिये॥१९॥ हे नृप! वहाँ भाग्यवती मेधावी की तपस्विनी

इत्येवं मनसा वाचा शिवं स्तुत्वा तपस्विनी, विरराम महाभागा मेधावितनया नृप।२०।

श्रीकृष्ण उवाच-

तत्कृतं स्तोत्रमाकर्ण्य तपसोग्रतरेण च, प्रसन्नवदनाम्भोजस्तामुवाच सदाशिवः।२१।

शिव उवाच-

वरं वरय भद्रं ते यस्ते मनसि वाञ्छितः, प्रसन्नोऽस्मि महाभागे मा मा खिद तपस्विनि।२२।

तदाकर्ण्य कुमारीयं महानन्दपरिप्लुता, उवाच वचनं राजन् सुप्रसन्नं सदाशिवम्।२३।

बाल्युवाच-

दीनाथदयासिन्धो प्रसन्नश्चेन्ममोपरि, तदा मत्कामितं देहि मा विलम्बं कुरु प्रभो।२४।

पतिं देहि पतिं मह्यं पतिं पतिमहं वृणे, पतिं देहि महादेव नान्यन्मे चिन्तितं हृदि।२५।

एवमुक्त्वा तदाऽऽपैयी विरराम कपर्दिनम्, तदाऽऽकर्ण्य महादेवो जगाद मुनिकन्यकाम्।२६।

कन्या इस प्रकार मन से और वाणी से शंकर की स्तुति करके चुप हो गयी ॥२०॥ श्रीकृष्ण बोले-कन्या द्वारा की हुई स्तुति सुनकर और उसके किये हुए उग्रतप से प्रसन्न मुखकमल सदाशिव कन्या से बोले ॥२१॥ हे तपस्विनी! तेरा कल्याण हो! तेरे मन में जो अभीष्ट हो वह वर तू माँग, हे महाभागे! मैं प्रसन्न हूँ, तू खेद मत कर ॥२२॥ ऐसा भगवान् शंकर का वचन सुन वह कुमारी अत्यन्त आनन्द को प्राप्त हुई और हे राजन्! प्रसन्न हुए सदाशिव से बोली ॥२३॥ कन्या बोली-हे दीनानाथ! हे दयासिन्धो! यदि आप मेरे ऊपर प्रसन्न हैं तो हे प्रभो! मेरी कामना पूर्ण करने में देर न करें ॥२४॥ हे महादेव! मुझको पति दीजिये, पति दीजिये, पति दीजिये, मैं पति चाहती हूँ, पति दीजिये, मैंने हृदय में और कुछ नहीं सोचा है ॥२५॥ वह ऋषिकन्या इस प्रकार महादेव से कहकर चुप हो गयी तब यह सुन कर महादेव जी उससे बोले ॥२६॥ शिव बोले-हे

पुरुषोत्तम मास माहात्म्य भाषा टीका

शिव उवाच–

त्वया यत्स्वमुखेनोक्तं तदस्तु मुनिकन्यके, पञ्चकृत्वस्त्वया यस्मात् पतिः सम्प्रार्थितोऽधुना ।२७।

तस्मात् पञ्च भविष्यन्ति पतयस्तव सुन्दरि, शूराः सकलधर्मज्ञाः साधवः सत्यविक्रमाः ।२८।

यज्वानः स्वगुणख्याताः सत्यसन्धा जितेन्द्रियाः, स्वन्मुखप्रेक्षकाः सर्वे राजन्या गुणशालिनः ।२९।

श्रीकृष्ण उवाच–

इत्याकर्ण्य वचस्तस्य धूर्जटेरनतिप्रियम्, उवाचावनता भूत्वा बाला वाक्यविशारदा ।३०।

बालोवाच–

एवं मे गिरिजाकान्त मास्तु लोकेऽतिकौतुकम्, एकस्या एक एवास्ति भर्ता नार्याः सदाशिव ।३१।

न दृष्टा न श्रुता क्वापि नार्येका पञ्चभर्तृका, एकस्यपञ्च पत्न्यस्तु पुरुषस्य भवन्ति हि ।३२।

त्वदीयाहं कथं शम्भो भवेयं पञ्चभर्तृका, नैवार्हसि वचस्त्वेवं मयि वक्तुं कृपानिधे ।३३।

मुनिकन्यके! तूने जैसा अपने मुख से कहा है वैसा ही होगा क्योंकि तूने पाँच बार पति माँगा है ॥२७॥ अत: हे सुन्दरि! तेरे पाँच पति होंगे और वे पाँचों वीर, सर्वधर्मवेत्ता, सज्जन, सत्यपराक्रमी ॥२८॥ यज्ञ करने वाले, अपने गुणों से प्रसिद्ध, सत्य प्रसिद्ध जितेन्द्रिय, तेरा मुख देखने वाले, सभी क्षत्रिय और गुणवान् होंगे ॥२९॥ श्रीकृष्ण बोले–न तो अधिक प्रिय, न तो अधिकअप्रिय ऐसे महादेव के वचन को सुनकर, बोलने में चतुर कन्या झुककर बोली ॥३०॥ बाला बोली–हे गिरिजाकान्त! सदाशिव! संसार में एक स्त्री का एक ही पति होता है, अत: पाँच पति का वर देकर, लोक में मेरी हँसी न कराइये ॥३१॥ एक स्त्री पाँच पतिवाली न देखी गयी है और न सुनी गयी है। हाँ, एक पुरुष की पाँच स्त्रियाँ तो हो सकती हैं ॥३२॥ हे शम्भो! हे कृपानिधे! आपकी सेविका मैं पाँच पतियों वाली कैसे हो सकती हूँ। आपको मेरे लिये ऐसा कहना उचित नहीं है ॥३३॥

तवैव जायते लज्जा त्वदीयाहं यतः प्रभो, इत्याकर्ण्य वचस्तस्याः शङ्करः प्राह तां पुनः ॥३४॥

शिव उवाच–

मास्तुतेऽस्मिन् भवे भीरु भव्यं तत्परजन्मनि, अयोनिसम्भवा तत्र भविष्यसि तपोबलात् ॥३५॥
भर्तृजं सुखमासाद्य ततो गन्त्री परं पदम्, दुर्वासा मे प्रियो मूर्तिः स त्वयाऽवमतः पुरा ॥३६॥
सचेत् कोपावृतः सुभ्रु निर्दहेद्भुवनत्रयम्, त्वया गर्वातिरेकेण ब्रह्मतेजः प्रमर्दितम् ॥३७॥
पुरुषोत्तमस्त्वया मासो न कृतो भगवत्प्रियः, यस्मिन्नर्पितमैश्वर्यं श्रीकृष्णेनात्मनः स्वकम् ॥३८॥
अहं ब्रह्मादयो देवा नारदाद्यास्तपस्विनः, यदादेशकरा बाले तदाज्ञां को विलङ्घयेत् ॥३९॥
स मासो न त्वया मूढे पूजितो लोकपूजितः, अतस्ते पञ्च भर्तारो भविष्यन्ति द्विजात्मजे ॥४०॥
नान्यथा भावि तद्बाले पुरुषोत्तमखण्डनात्, यो वै निन्दति तं मासं स याति घोररौरवम् ॥४१॥

आपकी सेविका होने के कारण जो लज्जा मुझे हो रही है, वह आप अपने को ही समझिये। कन्या का यह वचन सुनकर शंकरजी पुनः उससे बोले ॥३४॥ शंकरजी बोले–हे भीरु! इस जन्म में तुझे पति सुख नहीं मिलेगा, दूसरे जन्म में जब तू तपोबल से बिना योनि के उत्पन्न होगी। तब पति सुख को भोगकर अनन्तर परमपद को प्राप्त होगी क्योंकि मेरी प्रिय मूर्ति दुर्वासा का तूने पहिले अपमान किया है ॥३६॥ हे सुभ्रु! वह दुर्वासा यदि क्रोध करें तो तीनों भुवनों को जला सकते हैं सो तूने गर्व से ब्रह्मतेज का मर्दन किया है ॥३७॥ जिस अधिमास को भगवान् कृष्ण ने अपना ऐश्वर्य दे दिया उस भगवान् के प्रिय पुरुषोत्तम मास का व्रत तूने नहीं किया ॥३८॥ मैं ब्रह्मा आदि से लेकर सब देवता, नारद आदि से लेकर सब तपस्वी, जिसकी आज्ञा सदा मानते चले आये हैं, हे बाले! उसकी आज्ञा का कौन उल्लङ्घन करता है? ॥३९॥ लोकपूजित पुरुषोत्तम मास की दुर्वासा की आज्ञा से भी तूने पूजा नहीं की हे मूढ़े! द्विजात्मजे! इसीलिये तेरे पाँच पति होंगे ॥४०॥ हे बाले! पुरुषोत्तम के अनादर करने से अब अन्यथा नहीं हो सकता है। जो इस पुरुषोत्तम की निन्दा करता है वह रौरव नरक का भागी होता है ॥४१॥

विपरीतं भवेत्तस्य न कदाप्यन्यथा भवेत्, पुरुषोत्तमस्य ये भक्ताः पुत्रपौत्रधनान्विताः ॥४२॥
परत्रेहभवां सिद्धिं याता यास्यन्ति यान्ति च, वयं सर्वेऽपि गीर्वाणाः पुरुषोत्तमसेविनः ॥४३॥
यस्मिन् संसेवितं शीघ्रं प्रीयते पुरुषोत्तमः, सेवनीयं कथं मासं न भजामः सुमध्यमे ॥४४॥
अत्युत्कटानां महतां वचो मिथ्या कथं वद, अनुनेया हि मुनयः सदसद्वादवादिनः ॥४५॥
वदन्नेवं नीलकण्ठः क्षिप्रमन्तर्दधे हरिः, चकिता साऽभवद् बाला यूथभ्रष्टा मृगी यथा ॥४६॥

सूत उवाच-

शशाङ्कलेखाङ्कितभालदेशे सदाशिवे शैवदिशं प्रयाते,
चिन्ता बबाधे मुनिराजकन्यां हत्वा यथा वृत्रहणं मुनीशाः ॥४७॥

इति श्रीबृहन्नारदीयपुराणे पुरुषोत्तममासमाहात्म्ये शिववाक्यं नाम एकादशोऽध्यायः ॥११॥

पुरुषोत्तम का अपमान करने वाले को विपरीत ही फल होता है, यह बात कभी अन्यथा नहीं हो सकती है। पुरुषोत्तम के जो भक्त हैं वे पुत्र, पौत्र और धन वाले होते हैं ॥४२॥ और वे इस लोक की तथा परलोक की सिद्धि को प्राप्त हुए हैं, प्राप्त होंगे और प्राप्त हो रहे हैं। और हम सब देवता लोग भी पुरुषोत्तम की सेवा करने वाले हैं ॥४३॥ जिस पुरुषोत्तम में व्रतादिक करने से पुरुषोत्तम शीघ्र ही प्रसन्न होते हैं उस सेवा करने योग्य मास को हे सुमध्यमे! हम लोग कैसे न भजें? ॥४४॥ उचित और अनुचित विचार को चर्चा करने वाले अतएव अनुकरणीय जो मुनि हैं उन अति उत्कट श्रेष्ठ तपस्वी पुरुषों का वचन कैसे मिथ्या हो सकता है? कहो ॥४५॥ इस प्रकार कथन करते हुए भगवान् नीलकण्ठ शीघ्र ही अन्तर्धान हो गये और वह बाला यूथ से भ्रष्ट मृगी की तरह चकित सी हो गयी ॥४६॥ सूतजी बोले- हे मुनीशो! रेखारूप चन्द्रमा से युक्त मस्तकवाले सदाशिव जब उत्तर दिशा के प्रति चले गये तब वृत्रासुर को मारकर जैसे इन्द्र को चिन्ता हुई थी उसी प्रकार मुनिराज की कन्या को चिन्ता बाधा करने लगी ॥४७॥

इति श्रीबृहन्नारदीयपुराणे पुरुषोत्तममासमाहात्म्ये शिववाक्यं नाम एकादशोऽध्यायः ॥११॥

द्वादशोऽध्याय

नारद उवाच-

शितिकण्ठे गते नाथ बाला किमकरोच्छुचा, शुश्रूषवे विनीताय वद तद्धर्मसिद्धये ।१।

श्रीनारायण उवाच-

एवमेव पुरा पृष्ठः श्रीकृष्णः पाण्डुसूनुना, यदुवाच वचो राज्ञे तन्मे निगदतः शृणु ।२।

श्रीकृष्ण उवाच-

एवं गते शिवे राजन् सा बालाविगतप्रभा, निः श्वासपरमा भीता साश्रु नेता कृशोदरी ।३।

हृदयाग्न्युत्थितज्वालाज्वलिताङ्गी कुमारिका, दावाग्निदग्धपत्रा सा लतेवासीत्तपस्विनी ।४।

दुःखमीर्ष्यामाप्त वत्यामेवं कालो महान् गतः, असौ तामवचस्कन्द तादृशीं तापसीं प्रभुः ।५।

सहसा तां समापन्नां फणीवाखुनिवेशनम्, इति कालेन बलिना वशं नीता तपस्विनी ।६।

नारदजी बोले-जब भगवान शङ्कर चले गये तब हे प्रभो! उस बाला ने शोककर क्या किया? सो मुझ विनीत को धर्मसिद्धि के लिये कहिये ॥१॥ श्रीनारायण बोले-इसी प्रकार राजा युधिष्ठिर ने भगवान् कृष्ण से पूछा था सो भगवान् ने राजा के प्रति जो कहा सो हम तुमसे कहते हैं सुनो ॥२॥ श्रीकृष्ण बोले-हे राजन्! इस प्रकार जब शिवजी चले गये तब वह बाला प्रभाहित हो गयी और लम्बे श्वास लेती हुई, बड़ी डरी और वह कृशोदरी अश्रुपातपूर्वक रोने लगी। हृदयाग्नि से उठी हुई ज्वाला से जलते हुए अङ्गवाली वह तपस्विनी कन्या वनाग्नि से जले हुए पत्ते वाली लता की तरह हो गयी ॥४॥ दुःख और ईर्ष्या को प्राप्त उस कन्या का बहुत समय व्यतीत हो गया। जिस प्रकार चूहे के बिल में घुसकर आक्रमण करके सर्प उसे वश में कर लेता है उसी प्रकार उपर्युक्त शोचनीय अवस्था को प्राप्त उस तपस्विनी बाला पर उस प्रभु काल ने आक्रमण कर उसे वश में कर लिया ॥५-६॥ अर्था

प्रावृण्मेघावृते व्योम्नि विद्युत्सौदामिनी यथा, तथाऽऽश्रमे स्वके नष्टा तपसा दग्धकल्मषा ॥७॥
तदानीमेव धर्मिष्ठो यज्ञसेनो नराधिपः, बृहत्सम्भारसम्पन्नमकरोद्यज्ञमुत्तमम् ॥८॥
तद्यज्ञकुण्डादुद्भूता कुमारी कनकप्रभा, सेयं द्रुपदशार्दूलतनया प्रथिता भुवि ॥९॥
द्रौपदी सर्वलोकेषु ह्यार्यैयी या पुराऽभवत्, सेयं स्वयंवरे राजन् मत्स्यवेधे कृते सति ॥१०॥
लब्धार्जुनेन पाञ्चाली क्षुभिते राजमण्डले, तृणीकृत्य नृपान् सर्वान् भीष्मकर्णादिकान् बहून् ॥११॥
सेयं कचग्रहं प्राप्ता दुष्टदुःशासनान्मुने, वचांसि कर्णशूलानि श्राविता वरवर्णिनी ॥१२॥
मया चोपेक्षिता राजन् पुरुषोत्तमहेलनात्, यदा मयि कृतस्नेहा मन्नामान्यवदन्मुहुः ॥१३॥
दामोदर दयासिन्धो कृष्ण-कृष्ण जगत्पते, हे नाथ हे रमानाथ केशव क्लेशनाशन ॥१४॥

ऋतु में मेघ से घिरे हुए आकाश में बिजली चमक कर जैसे नष्ट हो जाती है उसी प्रकार तपस्या से जले हुए पापवाली वह कन्या अपने आश्रम में मर गयी ॥७॥ उसी समय धर्मिष्ठ यज्ञसेन नामक राजा ने बड़ी सामग्रियों से युक्त उत्तम यज्ञ किया ॥८॥ उस यज्ञकुण्ड से सुवर्ण के समान कान्ति वाली एक लड़की उत्पन्न हुई। वह कुमारी द्रुपदराज की कन्या के नाम से संसार में विख्यात हुई ॥९॥ पहिले जो मेधावी ऋषि की कन्या थी वह सब लोकों में द्रौपदी नाम से प्रसिद्ध हुई। उसी को स्वयंवर में मछली वेधकर ॥१०॥ भीष्म कर्ण आदि बहुत से राजाओं को तृण के समान कर क्षुभित राजमण्डल में अर्जुन ने पाञ्चाली को पाया ॥११॥ हे मुने! वही द्रौपदी दुष्ट दुःशासन द्वारा बाल पकड़ कर खींची गयी और उसे हृदय विदीर्ण करने वाले वचन सुनाये गये ॥१२॥ पुरुषोत्तम की अवहेलना करने के कारण मैंने भी उसकी उपेक्षा की। जब वह मेरे में स्नेह करके मेरा नाम बराबर लेने लगी ॥१३॥ हे दामोदर! हे दयासिन्धो! हे कृष्ण! हे जगत्पते! हे रमानाथ! हे केशव! हे क्लेशनाशन! ॥१४॥ मेरे

न माता न तातो न च भ्रातृवर्गो न सख्यो न जातिर्न वै भागिनेयः,

न बन्धुर्न चेष्टो न वै प्राणनाथो हृषीकेश सर्वं भवानेव मेऽस्ति ॥१५॥

गोविन्द गोपिकानाथ दीनबन्धो दयानिधे, दुःशासनपराभूतां किं न जानासि मां प्रभो ॥१६॥

दुःशासनपराभूता तदा द्रुपदनन्दिनी, मदीयं स्मरणं प्राप्ता विस्मृताऽपि मया पुरा ॥१७॥

शीघ्रं गरुडमारुह्य तत्राऽऽगत्य स्थितेन वै, पूरितानि मया राजन्वस्त्रैर्वासांस्यनेकशः ॥१८॥

सदा मयिकृतस्नेहा मत्प्राणा मत्परायणा, ममातिवल्लभा साध्वी सखी मे प्राणसन्निभा ॥१९॥

तथाप्युपेक्षितेयं सा पुरुषोत्तमहेलनात्, हरिवल्लभमासस्यावमन्तुः पातनं मया ॥२०॥

निश्चितं मुनिदेवानां सेव्योऽयं पुरुषोत्तमः, किं पुनर्मानुषाणां तु सर्वार्थफलदायकः ॥२१॥

माता, पिता, भ्रातृवर्ग, सहेलियाँ, बहिन, भांजे, बन्धु, इष्ट, पति आदि कोई भी नहीं है। हे हृषीकेश! मेरे तो आप ही सब कुछ हैं ॥१५॥ हे गोविन्द! हे गोपिकानाथ! हे दीनबन्धो! दयानिधे! दुःशासन से आक्रमण की गई मुझे क्या आप नहीं जानते ॥१६॥ यद्यपि पहली पुकार में मैंने उसकी ओर ध्यान नहीं दिया था, पर जब दुःशासन से पराभूत होकर उसने मेरा पुनः स्मरण किया ॥१७॥ तब गरुड़ पर चढ़ शीघ्र वहाँ पहुँचकर मैंने हे राजन्! उसे बहुत से वस्त्रों से परिपूर्ण कर दिया ॥१८॥ सदा मेरे में स्नेह करने वाली, मैं ही हूँ प्राण जिसके ऐसी, सदा मेरे भजन में परायण, मेरी अत्यन्त प्रिया, सती, सखी, मुझको प्राणों के समान होने पर भी पुरुषोत्तम की अवहेलना करने के कारण उसकी उपेक्षा करनी पड़ी। पुरुषोत्तम का तिरस्कार करने वालोंका मैं पतन कर देता हूँ ॥१९-२०॥ यह पुरुषोत्तम मुनियों और देवताओं से भी सेव्य है, फिर समस्त कामनाओं को देने वाला यह पुरुषोत्तम मनुष्यों द्वारा तो सेवनीय है ही ॥२१॥ अतः आगामी पुरुषोत्तम को

तस्मादाराधयस्वैनमागामि पुरुषोत्तमम्, वर्षे चतुर्दशे पूर्णे सर्वं ते भविता शुभम् ।२२।
व्यलोकि यैर्द्रौपद्याः केशाकृष्टिः पाण्डुनन्दन, तन्नारीणामहं राजन्निर्वपिष्येऽलकान् रुषा ।२३।
सुयोधनादिभूपालान् सर्वांश्चेष्ये यमालयम्, सर्वशत्रुक्षयंकृत्वा त्वं च राजा भविष्यसि ।२४।
न मे क्षीरोदतनया प्रिया नापि हलायुधः, न तथा देवकी देवी न प्रद्युम्नो न सात्यकिः ।२५।
यादृशा मे प्रिया भक्तास्तादृशो नास्ति कश्चन, येन मे पीडिता भक्तास्तेनाहं पीडितः सदा ।२६।
द्वेष्यो मे नास्ति तत्तुल्यो यमस्तस्य फलप्रदः, नाऽवलोक्यो मया दुष्टो दण्डार्थमपि पाण्डव ।२७।

श्रीनारायण उवाच-

श्रीकृष्णस्तान् समाश्वास्य पाण्डवान् द्रौपदीं तथा, कुशस्थलीं जिगमिषुरुवाच मधुसूदनः ।२८।
राजन्नद्य गमिष्यामि द्वारकां विरहाकुलाम्, वसुदेवो महाभागो बलदेवो ममाग्रजः ।२९।

आराधना करो। चौदह वर्ष के सम्पूर्ण होने पर तुम्हारा कल्याण होगा ॥२२॥ हे पाण्डुनन्दन! जिन पुरुषों ने द्रौपदी के बालों को खींचते हुए देखा है, हे महाराज! उनकी स्त्रियों के अलकों को मैं क्रोध से काटूँगा ॥२३॥ दुर्योधन आदि राजाओं को यमराज के भवन पहुँचाऊँगा, और तुम समस्त शत्रुओं का नाश कर राजा होगे ॥२४॥ न मेरे को लक्ष्मी प्रिय, न मेरे को बलभद्र जी प्रिय और न वैसे मेरे को देवी देवकी, न प्रद्युम्न, न सात्यकि प्रिय हैं ॥२५॥ जैसे मेरे को भक्त प्रिय है वैसा कोई प्रिय नहीं है। जिसने मेरे भक्तों को पीड़ित किया उससे मैं सदा पीड़ित रहता हूँ ॥२६॥ हे पाण्डव! उसके समान मेरा अन्य कोई शत्रु नहीं है, उसके अपराध का फल देने वाला यमराज है क्योंकि वह दुष्ट दण्ड देने के लिये भी मेरे से देखने के योग्य नहीं है ॥२७॥ श्रीनारायण बोले-श्रीकृष्ण ने उन पाण्डुपुत्र युधिष्ठिरादिकों को और द्रौपदी को समझाकर द्वारका जाने की इच्छा से कहा ॥२८॥ हे राजन्! वियोग से व्याकुल द्वारका पुरी को आज जाऊँगा। जहाँ पर महाभाग वसुदेव जी, हमारे बड़े भाई बलदेवजी ॥२९॥ हमारी माता

मन्माता देवकी देवी गदसाम्बादयोऽपरे, आहुकाद्याश्च यादवो रुक्मिण्याद्याश्च याः स्त्रियः ।३०।
सर्वे तेऽनिमिषैर्नेत्रैर्मदागमनकाङ्क्षिणः, मामेव चिन्तयन्त्येवं मद्दर्शनसमुत्सुकाः ।३१।

श्रीनारायण उवाच-

इत्युक्तवन्तं देवेशं कथञ्चित्पाण्डुनन्दनाः, हरिप्रयाणमालक्ष्य तमूचुर्गद्गदाक्षरम् ।३२।
जीवनं नो भवानेव यथा वारि जलौकसाम्, पुनर्दर्शनमल्पेन कालेनाऽस्तु जनार्दन ।३३।
पाण्डवानां हरिर्नाथो नान्यः कश्चिज्जगत्त्रये, इत्थं सर्वे वदन्त्यद्धा तस्मान्नः पाहि सर्वदा ।३४।
न विस्मार्या वयं सर्वे त्वदीया जगदीश्वर, अस्मच्चेतो मिलिन्दानां जीवनं त्वत्पदाम्बुजम् ।३५।
मुहुर्मुहुः प्रार्थयामो भवानेवावलम्बनम्, असकृत्पाण्डुपुत्रेषु गृणत्स्वेवं यदूद्वहः ।३६।
मन्दं मन्दं समारुह्य रथं प्रेमपरिप्लुतः, ययौ द्वारवतीमेतान् परावृत्यानुगच्छतः ।३७।

देवी देवकी तथा गद, साम्ब आदि और आहुक आदि यादव, रुक्मिणी आदि जो स्त्रियाँ हैं ।।३०।। दर्शन की उत्कण्ठा वाले वे सब हमारे आगमन की कामना से टकटकी लगाकर हमारा ही चिन्तन करते होंगे ।।३१।। श्रीनारायण बोले—इस प्रकार कहते हुए देवेश श्रीकृष्ण के गमन को जानकर पाण्डुपुत्र किसी प्रकार गद्गद कण्ठ से बोले ।।३२।। जिस प्रकार जल में रहने वालों का जीवन जल है उसी तरह हम लोगों के जीवन भी आप ही हैं। हे जनार्दन! थोड़े ही दिनों के बाद फिर दर्शन हों ।।३३।। पाण्डवों के नाथ हरि हैं और तीनों लोकों में दूसरा कोई नहीं है, इस प्रकार सामने ही सब लोग कहते हैं अतः हम लोगों की हमेशा रक्षा करें ।।३४।। हे जगदीश्वर! हम लोग आप के हैं, भूलियेगा नहीं। हम लोगों के चित्तरूपी भ्रमरों का जीवन आपका चरण कमल ही है ।।३५।। आप ही हमारे आधार हैं, इसलिये बारम्बार हम सब प्रार्थना करते हैं। इन पाण्डुपुत्रों के निरन्तर इस तरह कहते रहने पर, श्रीकृष्णचन्द्र ।।३६।। प्रेमानन्द में मग्न होकर धीरे-धीरे रथ पर सवार होकर पीछे चलने वाले पाण्डुपुत्रों को लौटाकर द्वारका पुरी को गये ।।३७।। श्रीनारायण बोले—इसके बाद श्रीद्वारकानाथ श्रीकृष्णचन्द्र

श्रीनारायण उवाच-

अथ श्रीद्वारकानाथे गते द्वारवतीं तदा, राजापि सानुजस्तप्यंस्तीर्थानि विचचार ह ।३८।
पुरुषोत्तमे मनः कृत्वा ब्रह्मन् श्रीभगवत्प्रिये, अनुजानोहि कृष्णां च विष्वक्सेनवचः स्मरन् ।३९।
अहो श्रुतमतीवोग्रं माहात्म्यं पौरुषोत्तमम्, कथं सुखानि लभ्यन्ते नाभ्यर्च्य पुरुषोत्तमम् ।४०।
स धन्यो भारते वर्षे स पूज्यः श्रेष्ठ सः, विविधैर्नियमैर्यस्तु पूजयेत्पुरुषोत्तमम् ।४१।
एवं सर्वेषु तीर्थेषु भ्रमन्तः पाण्डुनन्दनाः, पुरुषोत्तममासाद्य व्रतं चेरुर्विधानतः ।४२।
तदन्ते राज्यमतुलमवापुर्गतकण्टकम्, पूर्णे चतुर्दशे वर्षे श्रीकृष्णकृपया मुने ।४३।
दृढधन्वा नृपः पूर्वं सूर्यवंशसमुद्भवः, पुरुषोत्तममासस्यार्चसेवनान्महतीं श्रियम् ।४४।

के द्वारका पुरी जाने पर, राजा युधिष्ठिर अपने छोटे भाइयों के साथ तप करते हुए तीर्थों में भ्रमण करते भये ॥३८॥ हे ब्रह्मन्! नारद! भगवान् के प्रिय पुरुषोत्तम मास में मन लगाकर और श्रीकृष्णचन्द्र के वचनों का स्मरण करते हुए, अपने छोटे भाइयों से तथा द्रौपदी से राजा युधिष्ठिर बोले- ॥३९॥ अहा! पुरुषोत्तम मास में होने वाले अत्यन्त उग्र पुरुषोत्तम का माहात्म्य सुना है, पुरुषोत्तम भगवान् के पूजन किये बिना सुख किस तरह मिलेगा? ॥४०॥ इस भारतवर्ष में वह धन्य है, वह पूज्य है, वही श्रेष्ठ है, जो अनेक प्रकार के नियमों से पुरुषोत्तम भगवान् का पूजनार्चन किया करता है ॥४१॥ इस तरह समस्त तीर्थों में भ्रमण करते हुए पाण्डुपुत्र पुरुषोत्तम मास आने पर विधिपूर्वक व्रत करते भये ॥४२॥ हे मुने! नारद! व्रत के अन्त में चौदह वर्ष के पूर्ण होने पर श्रीकृष्ण भगवान् की कृपा से अतुल निष्कण्टक राज्य को प्राप्त किये ॥४३॥ पूर्वकाल में सूर्यवंश में होने वाला दृढधन्वा नाम का राजा पुरुषोत्तम मास के सेवन से बड़ी लक्ष्मी ॥४४॥ पुत्र पौत्र का सुख और अनेक प्रकार के भोगों

पुत्रपौत्रसुखं चैव भुक्त्वा भोगाननेकशः, जगाम भगवल्लोकमगम्यं योगिनामपि ।४५।
एतन्मासस्य माहात्म्यमतुलं मुनिसत्तम, नाहं वक्तुं समर्थोऽस्मि कल्पकोटिशतैरपि ।४६।

सूत उवाच-

पुरुषोत्तममासस्य कृष्णाद्द्वैपायनादहम्, माहात्म्यं श्रुतवान् विप्रा वक्तुं तदपि न प्रभुः ।४७।
अस्य माहात्म्यमखिलं वेत्ति नारायणः स्वयम्, अथवा भगवान् साक्षाद्वैकुण्ठनिलयो हरिः ।४८।
ब्रह्मादिदेवानतपादपीठगोलोकनाथेन स्वकीकृतस्य,
माहात्म्यमेतत्पुरुषोत्तमस्य देवो न जानाति कुतो मनुष्यः ।४९।

इति श्रीबृहन्नारदीयपुराणे पुरुषोत्तममासमाहात्म्ये श्रीनारायणनारदसंवादे
पुरुषोत्तमव्रतोपदेश नाम द्वादशोऽध्यायः ॥१२॥

को भोगकर, योगियों को भी दुर्लभ जो भगवान् का वैकुण्ठ लोक है वहाँ गया ।४५॥ हे मुनिश्रेष्ठ ! नारद ! इस पुरुषोत्तम मास के अतुल माहात्म्य को करोड़ों कल्प समय मिलने पर भी मैं कहने को समर्थ नहीं हूँ ।४६॥ सूतजी बोले-हे विप्र लोग ! पुरुषोत्तम मास का माहात्म्य कृष्णद्वैपायन (व्यास जी) से मैंने सुना है तथापि कहने को मैं समर्थ नहीं हूँ ॥४७॥ इस पुरुषोत्तम मास के अखिल माहात्म्य को स्वयं नारायण जानते हैं या साक्षात् वैकुण्ठवासी हरि भगवान् जानते हैं ।४८॥ परन्तु ब्रह्मादि देवताओं से नमस्कार किये जाने वाले हैं चरणपीठ जिनके, ऐसे गोलोकनाथ श्रीकृष्णचन्द्र भी अपनाये हुए पुरुषोत्तम मास का सम्पूर्ण माहात्म्य नहीं जानते हैं तो मनुष्य कहाँ से जान सकता है ? ॥४९॥

इति श्रीबृहन्नारदीयपुराणे पुरुषोत्तममासमाहात्म्ये श्रीनारायणनारदसंवादे
पुरुषोत्तमव्रतोपदेश नाम द्वादशोऽध्यायः ॥१२॥

त्रयोदशोऽध्याय

ऋषय ऊचुः-

सूत सूत महाभाग वद नो वदतां वर, दृढ़धन्वा कथं प्राप पुरुषोत्तमसेवनात् ।१।
सौराज्यं पुत्रपौत्रादीन् ललनां च पतिव्रताम्, कथं च भगवल्लोकमवाप योगिदुर्लभम् ।२।
शृण्वतां ते मुखाम्भोजात् कथासारं मुहुर्मुहुः, अलं बुद्धिर्न नस्तात यथा पीयूषपानतः ।३।
अतो विस्तरतो ब्रूहि इतिहासं पुरातनम्, अस्मद्भाग्यबलेनैव धात्रा संदर्शितो भवान् ।४।

सूत उवाच-

सनातनमुनिर्विप्रा नारदाय पुरातनम्, इतिहासमुवाचेमं स एव प्रोच्यतेऽधुना ।५।
शृण्वन्तु मुनयः सर्वे चरित्रं पापनाशनम्, यथाधीतं गुरुमुखाद्राज्ञो वै दृढ़धन्वनः ।६।

ऋषि लोग बोले-हे सूत! हे महाभाग! हे बोलने वालों में श्रेष्ठ! पुरुषोत्तम के सेवन से राजा दृढ़धन्वा शोभन राज्य, पुत्र आदि तथा पतिव्रता स्त्री को किस तरह प्राप्त किया और योगियों को भी दुर्लभ भगवान् के लोक को किस तरह प्राप्त हुआ? ॥१-२॥ हे तात! आपके मुख कमल से बार-बार कथासार सुनने वाले हम लोगों को अमृत-पान करने वालों के समान कथामृत-पान से तृप्ति नहीं होती है ॥३॥ इस कारण से इस पुरातन इतिहास को विस्तार पूर्वक कहिये। हमारे भाग्य के बल से ही ब्रह्मा ने आपको दिखलाया है ॥४॥ सूतजी बोले-हे विप्र लोग! सनातन मुनि नारायण ने इस पुरातन इतिहास को नारदजी के प्रति कहा है वही इतिहास इस समय मैं आप लोगों से कहता हूँ ॥५॥ मैंने जैसा गुरु के मुख से राजा दृढ़धन्वा का पापनाशक चरित्र पढ़ा है उसको सब मुनि श्रवण करें ॥६॥ श्रीनारायण बोले-हे ब्रह्मन्! नारद! सुनिये। मैं पवित्र करने

श्रीनारायण उवाच–

शृणु राजन् प्रवक्ष्येऽहं भूपस्य दृढ़धन्वनः, कथां पुरातनीं रम्यां स्वर्धुनीमिव पावनीम्।७।
आसीद्धैहयदेशस्य गोप्ता श्रीमान् महीपतिः, चित्रधर्मेति विख्यातो धीमान् सत्यपराक्रमः।८।
तस्य पुत्रोऽतितेजस्वी दृढ़धन्वेति विश्रुतः, स सर्वगुणसम्पन्नः सत्यवाग्धार्मिकः शुचिः।९।
आकर्णान्तविशालाक्षः पृथुवक्षा महाभुजः, अवर्धत महातेजाः सार्धं गुणगणैरसौ।१०।
अधीत्य साङ्गान्निगमांश्चतुरश्चतुरो मुदा, सकृन्निगदमात्रेण प्रागधीतानिव स्फुटम्।११।
दक्षिणां गुरवे दत्त्वा सम्पूज्य विधिवच्च तम्, गुरोरनुज्ञया धीमान् पितुः पुरमजीगमत्।१२।
जनयन्नयनानन्दं निजपत्तनवासिनाम्, चित्रधर्माऽपि तं पुत्रं दृष्ट्वा लेभे परां मुदम्।१३।

वाली गङ्गा के समान राजा दृढ़धन्वा की सुन्दर तथा प्राचीन कथा कहूँगा ॥७॥ हैहय देश का रक्षक, श्रीमान् बुद्धिमान् तथा सत्यपराक्रमी चित्रधर्मा नाम का राजा भया ॥८॥ उसको दृढ़धन्वा नाम से प्रसिद्ध अति तेजस्वी, सब गुणों से युक्त, सत्य बोलने वाला, धर्मात्मा और पवित्र आचरण वाला पुत्र हुआ ॥९॥ कान तक लंबे नेत्र वाला, चौड़ी छाती वाला, बड़ी भुजा वाला, महातेजस्वी वह राजा दृढ़धन्वा प्रशस्त गुण समूहों के साथ-साथ बढ़ता भया ॥१०॥ वह चतुर राजा दृढ़धन्वा प्रसन्नता के साथ गुरु के मुख से एक बार कहने मात्र से पूर्व में पढ़े हुए के समान व्याकरण आदि छः अङ्गों के साथ चार वेदों का अध्ययन करे ॥११॥ गुरु को दक्षिणा देकर और विधिपूर्वक उनकी पूजा कर बुद्धिमान् राजा गुरु की आज्ञा से पिता चित्रधर्मा के पुर को गया ॥१२॥ अपने नगर में वास करने वाले प्रजावर्ग के नेत्रों को आनन्दित करता हुआ। जिस पुत्र को देखकर राजा चित्रधर्मा भी अत्यन्त हर्ष को प्राप्त हुआ ॥१३॥ पुत्र जवान हो, सम्पूर्ण धर्म को जानने वाला हो और प्रजापालन में समर्थ हो,

युवानं सर्वधर्मज्ञं प्रजानां पालने क्षमम्, अतः परं किमत्रास्ति संसारे सारवर्जिते।१४।
आराधयामि श्रीकृष्णं द्विभुजं मुरलीधरम्, प्रसन्नवदनं शान्तं भक्तानामभयप्रदम्।१५।
ध्रुवाम्बरीषशर्यातिययातिप्रमुखा नृपाः, शिबिश्च रन्तिदेवश्च शशबिन्दुर्भगीरथः।१६।
भीष्मश्च विदुरश्चैव दुष्यन्तो भरतोऽपि वा, पृथुरुत्तानपादश्च प्रह्लादोऽथ विभीषणः।१७।
एते चान्ये च राजानस्त्यक्त्वा भोगाननेकशः, अध्रुवेण ध्रुवं प्राप्ता आराध्य पुरुषोत्तमम्।१८।
अतो मयापि कर्तव्यमरण्ये हरिसेवनम्, छित्त्वा स्नेहमयं पाशं दारागारसुतादिषु।१९।
इति निश्चित्य मनसा समर्थं दृढधन्वनि, धुरं न्यस्य जगामाशु विरक्तः पुलहाश्रमम्।२०।
तत्र गत्वा तपस्तेपे श्रीकृष्णं मनसा स्मरन्, निस्पृहः सर्वकामेभ्यो निराहारो निरन्तरम्।२१।

इससे बढ़कर सारशून्य इस संसार में और क्या है? अर्थात् कुछ नहीं है॥१४॥ अब मैं दो भुजावाले, मुरली (वंशी) को धारण करने वाले, प्रसन्न मुख वाले, शान्त तथा भक्तों को अभय देने वाले श्रीकृष्णचन्द्र की आराधना करता हूँ॥१५॥ जिस तरह ध्रुव, अम्बरीष, शर्याति, ययाति प्रमुख राजा और शिबि, रन्तिदेव, शशबिन्दु, भगीरथ॥१६॥ भीष्म, विदुर, दुष्यन्त और भरत, पृथु, उत्तानपाद, प्रह्लाद, विभीषण॥१७॥ ये सब राजा तथा और अन्य लोग भी अनेकों भोगों को त्याग कर, इस अनित्य शरीर से पुरुषोत्तम भगवान् की आराधना कर, नित्य (सदा रहने वाले) विष्णुपद को चले गये॥१८॥ उसी तरह स्त्री, मकान, पुत्र आदि में स्नेहमय बन्धन को तोड़कर वन में जाकर हरि का सेवन करना हमारा भी कर्तव्य है॥१९॥ ऐसा मन में निश्चय कर, समर्थ राजा दृढ़धन्वा को राज्य का भार देकर स्वयं विरक्त हो, शीघ्र पुलह ऋषि के आश्रम को चला गया॥२०॥ वहाँ जाकर सम्पूर्ण कामनाओं से निस्पृह हो और भोजन त्याग कर हर समय मन से श्रीकृष्णचन्द्र का स्मरण करता हुआ तप करने लगा॥२१॥ कुछ समय तक तप करके वह राजा चित्रधर्मा हरि भगवान् के परम धाम को चला गया।

कियत्कालं तपस्तप्त्वा हरेर्धाम जगाम सः, दृढधन्वापि शुश्राव स्वपितुर्वैष्णवीं गतिम् ।२२।
हर्षशोकसमाविष्टो ह्यकरोदौर्ध्वदेहिकम्, पितृभक्त्या महीपालो विद्वज्जनवचः स्थितः ।२३।
पुष्करावर्तके पुण्ये नगरेऽत्यन्तशोभिते, राज्यं चकार भूपालो नीतिशास्त्रविशारदः ।२४।
तस्य शीलवती भार्या नाम्ना या गुणसुन्दरी, विदर्भराजतनया रूपेणाप्रतिमा भुवि ।२५।
पुत्रान् सा सुषुवे दिव्यांश्चतुरश्चतुराञ्छुभान्, पुत्रीं चारुमतीं नाम सर्वलक्षणसंयुताम् ।२६।
चित्रवाक् चित्रवाहश्च मणिमांश्चित्रकुण्डलः, सर्वे ते मानिनः शूरा विख्याता नामभिः पृथक् ।२७।
दृढधन्वा गुणैः ख्यातः शान्तो दान्तो दृढव्रतः, रूपवान् गुणवाञ्छूरः श्रीमान् प्रकृतिसुन्दरः ।२८।
वेदवेदाङ्गविद्वाग्मी धनुर्विद्याविशारदः, सुनिर्जितारिषड्वर्गः शत्रुसङ्घविदारणः ।२९।

राजा दृढधन्वा ने भी अपने पिता की वैष्णवी गति को सुना ॥२२॥ उस समय पिता के परमधाम गमन से हर्ष और वियोग होने से शोक-युक्त राजा दृढधन्वा पितृ-भक्ति से विद्वानों के वचन में स्थित होकर, पारलौकिक क्रिया को करता भया ॥२३॥ नीतिशास्त्र में विशारद (चतुर) राजा दृढधन्वा अत्यन्त शोभित पवित्र पुष्करावर्तक नगर में राज्य करने लगा ॥२४॥ अच्छे स्वभाववाली विदर्भराज की कन्या उसकी स्त्री गुणसुन्दरी नाम की थी, पृथ्वी पर रूप में उसके समान दूसरी स्त्री नहीं थी ॥२५॥ उस गुणसुन्दरी ने सुन्दर, चतुर, शुभ आचरण वाले चार पुत्रों को उत्पन्न किया और सम्पूर्ण लक्षणों से युक्त चारुमती नामक कन्या को उत्पन्न किया ॥२६॥ चित्रवाक्, चित्रवाह, मणिमान् और चित्रकुण्डल नाम वाले वे सब बड़े मानी, शूर अपने-अपने नाम से पृथक् विख्यात होते भये ॥२७॥ राजा दृढधन्वा गुणों करके प्रसिद्ध शान्त, दान्त, दृढप्रतिज्ञ, रूपवान्, गुणवान्, वीर, श्रीमान्, स्वभाव से सुन्दर ॥२८॥ चार वेद और व्याकरण आदि ६ अङ्गों को जानने वाला, वाग्मी (वाक्चतुर), धनुर्विद्या में निपुण, अरिषड्वर्ग (काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद और मात्सर्य) को जीतने वाला, और शत्रु-समुदाय का नाश करने वाला ॥२९॥ क्षमा

क्षमया पृथिवीतुल्यो गाम्भीर्ये सागरोपमः, पितामहसमः साम्ये प्रसादे गिरिशोपमः ।३०।

एकपत्नीव्रतधरो रघुनाथ इवापरः, अत्युग्रवीर्यः सद्धर्मी कार्तवीर्य इवापरः ।३१।

श्रीनारायण उवाच-

एकदा निशि सुप्तस्य चिन्ताऽऽसीत्तस्य भूपतेः, अहोऽयं वैभवः केन पुण्येन महताऽभवत् ।३२।

न मया च तपस्तप्तं न दत्तं न हुतं क्वचित्, कमिदं परिपृच्छामि मम भाग्यस्य कारणम् ।३३।

एवं चिन्तयतस्तस्य रजनी विरतिं गता, ब्राह्मे मुहूर्ते उत्थाय स्नानं कृत्वा यथाविधि ।३४।

उपस्थायार्कमुद्यन्तं सन्तर्प्य भगवत्कलाः, दत्त्वा दानानि विप्रेभ्यो नमस्कृत्वाऽश्वमारुहत् ।३५।

ततोऽरण्यं जगामाशु मृगयासक्तमानसः, मृगान् वराहान् शार्दूलाञ्जघान गवयान्बहून् ।३६।

में पृथिवी के समान, गम्भीरता में समुद्र के समान, समता (सम व्यवहार) में पितामह (ब्रह्मा) के समान, प्रसन्नता में शङ्कर के समान ॥३०॥ एकपत्नी व्रत (एक ही स्त्री के विवाह करने का व्रत) को करने वाले दूसरे रामचन्द्र के समान, अत्यन्त उग्र पराक्रमशाली दूसरे कार्तवीर्य (सहस्रार्जुन) के समान था ॥३१॥ नारायण बोले- एक समय रात्रि में शयन किये हुए उस राजा दृढ़धन्वा को चिन्ता हुई कि अहो! यह वैभव (सम्पत्ति) किस महान् पुण्य के कारण हमें प्राप्त हुआ है ॥३२॥ न तो मैंने तप किया, न तो दान दिया, न तो कहीं पर कुछ हवन ही किया। मैं इस भाग्योदय का कारण किससे पूछूँ ॥३३॥ इस प्रकार चिन्ता करते ही राजा दृढ़धन्वा की रात्रि बीत गई। प्रातःकाल ब्राह्मण मुहूर्त में उठकर विधिपूर्वक स्नान कर ॥३४॥ उदय को प्राप्त सूर्यनारायण का उपस्थान कर, भगवान् की कला पूजा कर अर्थात् देवमन्दिरों में जाकर देवता का पूजन कर, ब्राह्मणों को दान देकर तथा नमस्कार कर के घोड़े पर सवार हो गया ॥३५॥ उसके बाद शिकार खेलने की इच्छा से शीघ्र वन को गया वहाँ पर बहुत से मृग, वराह (सूअर), सिंह और गवयों (चँवरी गाय) का शिकार किया ॥३६॥ इसी समय

कश्चिन्मृगो हतोऽरण्ये बाणेन दृढ़धन्वना, वनाद्वनान्तरं यातो बाणमादाय सत्वरम् ।३७।
शोणितस्त्रुतिमार्गेण राजाऽप्यनुययौ मृगम्, मृगः कुत्रापि संलीनो राजा बभ्राम तद्वनम् ।३८।
तृषाक्रान्तः स कासारं ददर्श सागरोपमम्, तत्र गत्वाशु पीत्वाऽसौ पानीयं तीरमागतः ।३९।
ततो ददर्श न्यग्रोधं घनच्छायं महातरुम्, तज्जटायां निबद्ध्याश्वं निषसाद महीपतिः ।४०।
तत्रागमत् खगः कश्चित् कीरः परमशोभनः, मानुषीमीरयन् वाणीमतुलां नृपमोहिनीम् ।४१।
शुकः पपाठ सुश्लोकमेकमेव पुनः पुनः, सम्बोध्य दृढधन्वानमेकाकिनमुपस्थितम् ।४२।
विद्यमानातुलसुखमालोक्यातीव भूतले, न चिन्तयसि तत्त्वं त्वं तत्कथं पारमेष्यसि ।४३।
वारं वारमिदं पद्यं पपाठ नृपतेः पुरः, श्रुत्वा तस्य वचो राजा मुमुहे मुमुदेऽपि च ।४४।

राजा दृढ़धन्वा के बाण से घायल होकर कोई मृग बाण सहित एक वन से दूसरे वन को चला गया ॥३७॥ रुधिर गिरे हुए मार्ग से राजा भी मृग के पीछे गया। परन्तु मृग कहीं झाड़ी में छिप गया और राजा उस वन में खोजता ही रह गया ॥३८॥ पिपासा से व्याकुल उस राजा ने समुद्र के समान एक तालाब को देखा वहाँ जल्दी से जाकर और पानी पीकर तीर पर चला आया ॥३९॥ वहाँ घनी छाया वाले एक विशाल वट वृक्ष को देखा। उस वृक्ष की जटा में घोड़े को बाँधकर राजा वहीं बैठ गया ॥४०॥ उसी समय वहाँ पर कोई एक परम सुन्दर सुग्गा राजा को मोहित करने वाली तुलना रहित मनुष्य वाणी को बोलता हुआ आया ॥४१॥ केवल राजा को बैठे देख उसको सम्बोधित करता हुआ एक ही श्लोक बार-बार पढ़ने लगा ॥४२॥ कि इस पृथिवी पर विद्यमान अतुल सुख को देखकर तू तत्त्व (आत्मा) का चिन्तन नहीं करता है तो इस संसार के पार को कैसे जायगा? ॥४३॥ बार-बार इस श्लोक को राजा दृढ़धन्वा के सामने पढ़ने लगा। राजा उसके वचन को सुनकर प्रसन्न हुआ और उस पर मोहित हो गया ॥४४॥ कि इस शुक पक्षी ने दुःख से न जानने योग्य, सार भरे हुए नारिकेल

किमेतदुक्तवान् कीर एकं पद्यं पुनः पुनः, नारिकेलमिवागम्यं दुर्बोधं सारसम्भृतम् ।४५।
किं वा नायं भवेत् कृष्णाद्वैपायनसुतः परः, श्रीकृष्णसेवकं मूढं मग्नं संसारसागरे ।४६।
विष्णुरातमिवोद्धर्तुं कृपया मां समागतः, इति चिन्तयतस्तस्य तत्सेना समुपागता ।४७।
कीरस्त्वदर्शनं प्राप्तो बोधयित्वा नराधिपम्, राजा स्वपुरमागत्य कीरवाक्यमनुस्मरन् ।४८।
वाच्यमानोऽपि नावोचद्विनिद्रस्त्यक्तभोजनः, राज्ञी रहः समागत्य राजानं पर्यपृच्छत् ।४९।
गुणसुन्दर्युवाच भो भो पुरुषशार्दूल दौर्मनस्यमिदं कुतः,
उत्तिष्ठोत्तिष्ठ भूपाल भुङ्क्ष्व भोगान् वचो वद ।५०।
एवं स्त्रियाऽनुनीतोऽपि न किञ्चिदवदन्नृपः, स्मरन् शुकवचस्तथ्यं दुर्ज्ञेयममरैरपि ।५१।

फल के समान अगम्य एक ही श्लोक को बार-बार पढ़ते हुए क्या कहा? ॥४५॥ क्या यह कृष्णद्वैपायन (वेदव्यास) के श्रेष्ठ पुत्र शुकदेवजी तो नहीं हैं? जो कि श्रीकृष्णचन्द्र के सेवक मुझको मूढ़ और संसार सागर में डूबा हुआ देखकर ॥४६॥ राजा परीक्षित के समान कृपा कर उद्धार करने की इच्छा से मेरे पास आये हैं? इस तरह चिन्ता करते हुए राजा दृढ़धन्वा की सेना समीप आ गई ॥४७॥ शुक पक्षी राजा को उपदेश देकर स्वयं अन्तर्धान (अलक्षित) हो गया। उस शुक पक्षी के वचन को स्मरण करता हुआ राजा अपने पुर में आकर ॥४८॥ बुलाने पर भी नहीं बोलता है और निद्रा रहित हो उसने भोजन को भी त्याग दिया था, तब एकान्त में उसकी रानी ने आकर राजा से पूछा ॥४९॥ गुणसुन्दरी बोली-हे पुरुषों में श्रेष्ठ! यह मन में मलिनता क्यों हुई? हे भूपाल! पृथिवी के रक्षक! उठिये उठिये! भोगों को भोगिये और वचन बोलिये ॥५०॥ देवताओं से भी दुःख से जानने योग्य उस शुक पक्षी के सत्य वचन का स्मरण करता हुआ रानी गुणसुन्दरी के प्रार्थना करने पर भी राजा दृढ़धन्वा कुछ नहीं बोला ॥५१॥ पति के दुःख से अत्यन्त पीड़ित वह रानी भी दीर्घ श्वाँस लेकर अपने स्वामी की चिन्ता

साऽपि बाला विनिःश्वस्य भर्तृदुःखातिपीडिता, न बुबोध निजस्वामिचिन्ताकारणमुत्कटम् ।५२।
एवं चिन्तानिमग्नस्य राज्ञः कालः कियान् गतः, सन्देहसागरोत्तारे हेतुं नैवावलोकयत् ।५३।

नारद उवाच-

इति चिन्तयतो धरापतेर्वद जातं दृढधन्वनस्य किम्,
विमलं चरितं हि वैष्णवं कलुषं हन्ति मनाक्छ्रुतं मुने ।५४।

इति श्रीबृहन्नारदीयपुराणे पुरुषोत्तममासमाहात्म्ये श्रीनारायणनारदसंवादे
दृढधन्वोपाख्याने दृढधन्वनो मनःखेदो नाम त्रयोदशोऽध्यायः ॥१३॥

के उत्कट कारण को नहीं जान सकी ॥५२॥ इस प्रकार चिन्ता में मग्न राजा का कितना ही समय बीत गया, परन्तु सन्देह-सागर से पार करने वाला कोई भी कारण वह देख न सका ॥५३॥ नारदजी बोले-हे मुने! इस तरह चिन्ता को करते हुए पृथिवीपति राजा दृढधन्वा का क्या हुआ? सो आप कहें। क्योंकि हे मुने! निर्मल वैष्णव चरित्र थोड़ा भी यदि सुना जाय तो पापों का ना हो जाता है ॥५४॥

इति श्रीबृहन्नारदीयपुराणे पुरुषोत्तममासमाहात्म्ये श्रीनारायणनारदसंवादे
दृढधन्वोपाख्याने दृढधन्वनो मनःखेदो नाम त्रयोदशोऽध्यायः ॥१३॥

चतुर्थदशोऽध्याय

श्रीनारायण उवाच-

अथ चिन्तातुरस्ययस्य गृहं वाल्मीकिरायवौ, यो रामचरितं दिव्यं चकार परमाद्भुतम् ।१।
दूरादालोक्य भूपालः समुत्थाय ससम्भ्रमम्, अनीनमत्तच्चरणौ दण्डवद्भक्तिसंयुतः ।२।
सम्पूज्य स्थापयामास तमृषिं परमासने, पादावङ्कगतौ कृत्वा कराभ्यां समलालयत् ।३।
पादवनेजनीरापः शिरसा धारयन्मुदा, उवाच स्निग्धया वाचा स्मरन् कीरवचो नृपः ।४।

दृढधन्वोवाच-

भगवन् कृतकृत्योऽहं भाग्यवानस्मि साम्प्रतम्, अद्य मे सफलं जन्म ह्याद्यार्थोऽधिगतः प्रभो ।५।
श्रुतं मे सफलं जातं चद्भवानक्षिगोचरः, किं वर्ण्यं मे महद्भाग्यं जगत्पावनपावन ।६।

श्रीनारायण बोले-इसके बाद चिन्ता से आतुर राजा दृढधन्वा के घर वाल्मीकि मुनि आये जिन्होंने परम अद्भुत तथा सुन्दर रामचन्द्रजी का चरित्र वर्णन किया है ॥१॥ राजा दृढधन्वा ने दूर से ही वाल्मीकि मुनि को आते हुए देखकर घबड़ाहट के साथ जल्दी से उठकर भक्तियुक्त हो उनके चरणों में दण्डवत् प्रणाम किया ॥२॥ भलीभाँति पूजा कर उत्तम आसन पर ऋषि को बैठाकर उनके चरणों को गोद में लेकर दोनों हाथों से धोया ॥३॥ और उस चरणोदक को बड़े हर्ष के साथ शिर से धारण कर शुक पक्षी का वात स्मरण करता हुआ राजा दृढधन्वा ने मधुर वचन से यों कहा ॥४॥ दृढधन्वा बोला-हे भगवन्! इस समय मैं कृतकृत्य हूँ। भाग्यवान् हूँ। मेरा जन्म सफल हुआ। हे प्रभो! आज मेरा मनोरथ पूर्ण हुआ ॥५॥ आज आपके प्रत्यक्ष दर्शन से शास्त्रादिकों के यथार्थ अर्थ का ज्ञान सफल हुआ। हे जगत् के पावन करने वालों के पावन करने वाले! आज मैं अपने भाग्य का क्या वर्णन करूँ? ॥६॥ श्रीनारायण बोले-इस तरह वाल्मीकि मुनि

श्रीनारायण उवाच-

इत्युक्त्वा मुनिशार्दूलं विरराम स भूपतिः, वाल्मीकिरपि तं दृष्ट्वा राजानं विनयान्वितम् ।७।
उवाच परमप्रीतो हर्षयन् जनतां मुनिः, वाल्मीकिरुवाच, साधु साधु नृपश्रेष्ठ त्वय्येदत्तुपपद्यते ।८।
चिन्तातुरः कथं राजन् वद सर्वं मनोगतम्, किञ्चिद्वक्तुं स्पृहा तेऽस्ति तद्वदस्व महामते ।९।

दृढधन्वोवाच-

भवदीयपदाम्भोजकृपया मे सुखं सदा, परन्त्वेको महान् विद्वन् सन्देहो हृदये मम ।१०।
तमपाकुरु शल्यं त्वं वन्यकीरमुखोद्गतम्, कदाचिन्मृगयाकामो गतोऽहं गहने वने ।११।
भ्रमन्नपश्यं कासारं तत्र पीतं जलं मया, श्रमापनोदनोकाङ्क्षी महान्यग्रोधमाश्रितः ।१२।
स्निग्धच्छायं सुनिबिडं मनोनयननन्दनम्, तत्रापश्यं स्थितं कीरं मनोमोदविधायकम् ।१३।

ऐसा कहकर वह राजा मौन हो गये, बाद वाल्मीकि मुनि उस राजा को विनययुक्त देखकर ॥७॥ बड़े प्रसन्न हुए और जनता को आनन्दित करते हुए बोले। वाल्मीकि मुनि बोले- हे नृपश्रेष्ठ! ठीक है, ठीक है, तुम में उक्त प्रकार की सब बातों का होना सम्भव है ॥८॥ हे राजन्! तुम चिन्ता से आतुर क्यों हो? सो सब मन की बात कहो। ऐसा मालूम पड़ता है कि तुम्हारी कुछ कहने की इच्छा है, इसलिये हे महामते! उसे कहो ॥९॥ राजा दृढधन्वा बोला- आपके चरणकमलों की कृपा से हमेशा सुख है। परन्तु हे विद्वन्! हमारे हृदय में एक बड़ा सन्देह है ॥१०॥ वन में होने वाले शुक पक्षी के मुख से निकले हुए बाण के समान उस वचन को दूर करें। किसी समय में शिकार खेलने के लिये गहन वन में निकल गया ॥११॥ वहाँ भ्रमण करता हुआ एक तालाब देखा, उसका जल पीया, बाद में थकावट दूर करने के लिये एक बड़े वटवृक्ष के नीचे बैठ गया ॥१२॥ अत्यन्त घनी तथा सुन्दर छायावाले और मन एवं नेत्र को आनन्द देने वाले उस वृक्ष पर बैठे हुए सुन्दर शुक पक्षी को देखा ॥१३॥ जब उस

दत्तदृष्टिरहं यावज्जातस्तस्मिन् पतत्रिणि, तावन्मां सम्मुखीभूय श्लोकमेकं पपाठ ह ।१४।
विद्यमानातुलसुखमालोक्यातीव भूतले, न चिन्तयसि तत्त्वं त्वं तत्कथं पारमेष्यति ।१५।
इति वाचः शुकेनोक्ता आकर्ण्याहं सुविस्मितः, न तज्जानाम्यहं ब्रह्मन् किमुवाच हरिच्छदः ।१६।
इमं मे हार्दसंदेहं भवानुच्छेत्तुमर्हति, मम राज्यसुखं पुत्राश्चत्वारश्चारुदर्शनाः ।१७।
पत्नी पतिव्रता रम्या गजाश्वरथपत्तयः, समृद्धिरतुला ब्रह्मन् केन पुण्येन मेऽधुना ।१८।
एतत्सर्वं समासेन विचार्य वक्तुमर्हसि, श्रुत्वा वाक्यानि भूपस्य वाल्मीकिर्मुनिसत्तमः ।१९।
प्राणायामपरो भूत्वा मुहूर्तं ध्यानमास्थितः, करामलकवद्विश्वं भूतं भव्यं भवच्च यत् ।२०।
विलोक्य हृदि निश्चित्य राजानं प्रत्युवाच सः,

वाल्मीकिरुवाच, शृणु भूपतिशार्दूल प्राग्जन्मचरितं तव ।२१।

शुक पक्षी पर हमारी दृष्टि गई तब उसने हमारे सम्मुख होकर एक श्लोक पढ़ा ॥१४॥ कि इस पृथिवी पर विद्यमान अतुल सुख को देखकर तूं तत्त्व (आत्मा) का चिन्तन नहीं करता है तो इस संसार के पार कैसे जायेगा? ॥१५॥ मैं इस प्रकार शुक पक्षी के वचन को सुनकर विस्मित हो गया, हे ब्रह्मन्! मैं नहीं जानता कि उस शुक पक्षी ने क्या कहा? ॥१६॥ इस हमारे हृदय में सन्देह को आप दूर करने के योग्य हैं। हमारा राज्य-सुख तथा सुन्दर चार पुत्र ॥१७॥ सुन्दर पतिव्रता स्त्री, हाथी, घोड़ा, रथ, सेना, हे ब्रह्मन्! ये सब अतुल समृद्धि इस समय हमें किस पुण्य से प्राप्त है ॥१८॥ यह सब विचार कर संक्षेप में कहने के योग्य आप हैं। राजा दृढ़धन्वा के वचन को वाल्मीकि मुनि सुनकर ॥१९॥ प्राणायाम कर, एक मुहूर्त तक ध्यान में मग्न हो, हाथ में रखे हुए आँवला के फल के समान विश्व संसार के भूत, भविष्यत् और जो वर्तमान विषय हैं ॥२०॥ उसको हृदय में समाधि के बल से जानकर और निश्चय कर राजा से बोले। वाल्मीकि मुनि बोले-हे राजाओं में श्रेष्ठ! अपने पूर्व जन्मका चरित्र तुम सुनो ॥२१॥ हे

पुरा जन्मनि राजेन्द्र भवान् द्रविडदेशजः, द्विजः कश्चित् सुदेवाख्यस्ताम्रपर्णी तटे वसन् ।२२।
धार्मिकः सत्यवादी च यथालाभेन तोषवान्, वेदाध्ययनसम्पन्नो विष्णुभक्तिपरायणः ।२३।
अग्निहोत्रादियागैश्च तोषयामास तं हरिम्, सदैवं वर्तमानस्य भार्याऽऽसीद्गुणवर्णिनी ।२४।
गौतमीति सुविख्याता गौतमस्यसुताशुभा, पतिं पर्यचरत् प्रेम्णा भवानीव भवं प्रभुम् ।२५।
गृहमेधविधौ तस्य वर्त्तमानस्य धर्मतः व्यतीतः सुमहान् कालः प्रापासौ सन्ततिं न हि ।२६।
एकदाऽऽसनसंविष्टः सेव्यमानः स्वकान्तया, उवाच वचनं विप्रो विषण्णो गद्गदाक्षरम् ।२७।
अयि सुन्दरि संसारे सुखं नास्ति सुतात्परम्, लोकान्तरं सुखं पुण्यं तपोदानसमुद्भवम् ।२८।
सन्ततिः शुद्धवंश्या हि परत्रेह च शर्मणे, तमप्राप्य वरं पुत्रं जीवितं मम निष्फलम् ।२९।
न लालितो मया पुत्रो वेदार्थो न प्रबोधितः, नोद्वाहश्च कृतस्तस्य वृथा जन्म गतं मम ।३०।

राजेन्द्र! पूर्वजन्म में आप द्रविड़ देश में ताम्रपर्णी नदी के किनारे वास करने वाले सुदेव नामक ब्राह्मण थे ॥२२॥ धार्मिक, सत्यवादी, जो मिल जाय उसी में ही सन्तोष करने वाले, वेदाध्ययन में सम्पन्न, विष्णु भक्ति में परायण रहा करते थे ॥२३॥ अपने अग्निहोत्र आदि यज्ञों के द्वारा भगवान् हरि को प्रसन्न किया। इस प्रकार रहते हुए तुम्हारी गुणवती स्त्री थी ॥२४॥ वह गौतम ऋषि की सुन्दर कन्या गौतमी नाम से प्रसिद्ध शङ्कर की सेवा में तत्पर पार्वती के समान तुम्हारी प्रेम से सेवा करती थी ॥२५॥ गृहस्थाश्रम धर्म में धर्मपूर्वक वास करते हुए बहुत समय बीत गया, परन्तु तुमको सन्तति नहीं हुई ॥२६॥ एक दिन अपनी स्त्री से सेवित आसन पर बैठा हुआ दुःखित ब्राह्मण गद्गद स्वर से बोला ॥२७॥ अयि सुन्दरि! संसार में पुत्र से बढ़कर दूसरा सुख नहीं है और तप दान से उत्पन्न पुण्य दूसरे लोक में सुख देने वाला होता है ॥२८॥ शुद्ध वंश में होने वाली सन्तति इस लोक में तथा परलोक में कल्याण करने वाली होता है, उस श्रेष्ठ पुत्र के न मिलने से मेरा जीवन निष्फल है ॥२९॥ न तो मैंने पुत्र का प्यार किया और न वेद पढ़ने के लिये सोने से जगाया, न तो उसका विवाह किया, इसलिये मेरा जन्म व्यर्थ में चला गया ॥३०॥ अभी

सद्यो मे मृतिरेवास्तु न ह्यायुश्च प्रियं मम, इत्थं प्रियवचः श्रुत्वा सुन्दरी खिन्नमानसा ।३१।
समाश्वसयितुं धीरा प्रियवाक्यविशारदा, अवीवदद्वचः सौम्यं प्रियप्रेमपरिप्लुता ।३२।

गौतम्युवाच-

मा मा प्राणेश्वर ब्रूहि तुच्छवाक्यानि साम्प्रतम्, भवद्विधा भागवता नैवं मुह्यन्ति सूरयः ।३३।
सत्यधर्मपरोऽसि त्वं जितः स्वर्गस्त्वया विभो, कथं पुत्रैः सुखावाप्तिर्ज्ञानिनस्तव सुव्रत ।३४।
चित्रकेतुः पुरा ब्रह्मन् पुत्रशोकेन तापितः, स नारदेनाङ्गिरसाऽभ्येत्य सन्तारितोऽभवत् ।३५।
तथाङ्गराजा दुष्पुत्राद्वेनाद्वनमगान्निशि, तथा ते सन्ततिः स्वामिन् दुःखदा च भविष्यति ।३६।
तथापि तव सत्पुत्रलालसा चेत्तपोधन, आराधय जगन्नाथं हरिं सर्वार्थदं मुदा ।३७।

मेरी मृत्यु हो, मेरे को आयुष्य प्रिय नहीं है। इस प्रकार अपने प्रिय पति का वचन सुनकर स्त्री गौतमी खिन्न मन हुई ॥३१॥ बाद धैर्य धारण करती हुई, प्रिय वचन बोलने में चतुर, प्रिय पति के प्रेम में मग्न वह स्त्री अपने पति को समझाने के लिये सुन्दर वचन बोली ॥३२॥ गौतमी बोली- हे प्राणेश्वर! अब इस तरह तुच्छ वचनों को न कहिये। आपके समान भगवद्भक्त विद्वान लोग मोह को प्राप्त नहीं होते हैं ॥३३॥ हे विभो! आप सत्यधर्म में तत्पर रहने वाले हो, आपने स्वर्ग को जीत लिया है। हे सुव्रत! अर्थात् हे सुन्दर व्रत करने वाले! आप जैसे ज्ञानी को पुत्रों से सुख की प्राप्ति कैसी? अर्थात् ज्ञानी पुरुष पुत्रों से होने वाले सुख की इच्छा नहीं करते हैं ॥३४॥ हे ब्रह्मन्! पहले चित्रकेतु नामक राजा पुत्र-शोक से सन्तप्त हुआ तब नारद और अङ्गिरा ऋषि के आने पर पुत्र-शोक से मुक्त हो संसार से उद्धार को प्राप्त हुआ ॥३५॥ इसी प्रकार राजा अङ्ग वेन नामक दुष्ट पुत्र के कारण रात्रि के समय वन को चला गया। इसी तरह हे स्वामिन्! आपको भी सन्तति दुःख देने वाली होगी ॥३६॥ फिर भी हे तपोधन! यदि आपको सत्-पुत्र की लालसा है तो प्रसन्नता से जगत् के नाथ, समस्त अर्थों के दाता, हरि भगवान् की आराधना करें ॥३७॥ हे ब्रह्मन्! पहले सांख्याचार्य कर्दम ऋषि ने जिनकी आराधना

यमाराध्य पुरा ब्रह्मन् कर्दमः पुत्रमाप्तवान्, सांख्याचार्यस्तु तं देवं कपिलं योगिनां वरम् ।३८।
धर्मपत्न्या वचश्चेत्थं श्रुत्वा विप्रशिरोमणिः, निश्चित्यैवं तया सार्धं ताम्रपर्णीतटं गतः ।३९।
स्नात्वाऽथ विरजे पुण्ये चचार परमं तपः, शुष्कपर्णजलाहारः पञ्चमे पञ्चमे दिने ।४०।
चत्वार्यब्दसहस्राणि गतान्येवं तपोनिधेः तस्यैतत्तपसा ब्रह्मंस्त्रयो लोकाश्चकम्पिरे ।४१।
अत्युग्रं तत्तपो दृष्ट्वा भगवान् भक्तवत्सलः, प्रादुर्बभाव तरसा गरुडोपरि संस्थितः ।४२।

श्रीनारायण उवाच

तं दृष्ट्वा नवजलदोपमं मुरारिं दोर्दण्डैर्जगदवनक्षमैश्चतुर्भिः,
संलक्ष्य मुदितमुखं सुदेवशर्मा साष्टाङ्गं नतिमकरोन्मुदा मुकुन्दम् ।४३।

इति श्रीबृहन्नारदीयपुराणे पुरुषोत्तममासमाहात्म्ये श्रीनारायणनारदसंवादे चतुर्थोऽध्यायः ॥१४॥

कर पुत्र को प्राप्त किया जो पुत्र योगियों में श्रेष्ठ कपिल देव नाम से प्रसिद्ध हुआ ॥३८॥ ब्राह्मण श्रेष्ठ इस प्रकार अपनी धर्मपत्नी के वचन सुनकर तथा निश्चय करके अपनी गौतमी स्त्री के साथ ताम्रपर्णी नदी के तट पर गया ॥३९॥ बाद वहाँ जाकर उस पवित्र तीर्थ में स्नान कर अत्यन्त श्रेष्ठ तप करता भया। पाँच-पाँच दिन के बाद सूखे पत्ते तथा जल का आहार करता था ॥४०॥ इस प्रकार तप करते उस तपोनिधि सुदेव ब्राह्मण को चार हजार वर्ष व्यतीत हो गये, हे ब्रह्मन्! उसके इस तपस्या से तीनों लोक काँप उठे ॥४१॥ भक्तवत्सल भगवान् उस सुदेव ब्राह्मण के अत्यन्त उग्र तपस्या को देखकर जल्दी से गरुड़ पर सवार होकर प्रकट भये ॥४२॥ श्रीनारायण बोले—नवीन मेघ के समान, जगत् की रक्षा करने में समर्थ चार भुजा वाले, प्रसन्नमुख मुरारि को देखकर सुदेव शर्मा ब्राह्मण हर्ष के साथ मुकुन्द भगवान् को साष्टाङ्ग प्रणाम करता हुआ ॥४३॥

इति श्रीबृहन्नारदीयपुराणे पुरुषोत्तममासमाहात्म्ये श्रीनारायणनारदसंवादे चतुर्थोऽध्यायः ॥१४॥

पञ्चदशोऽध्यायः

श्रीनारायण उवाच

ततस्तुष्टाव तं देवं श्रीकृष्णं भक्तवत्सलम्, बद्धाञ्जलिपुटो भूत्वा सुदेवो गद्गदाक्षरम् ।१।
नमस्ते देव देवेश त्रैलोक्याभयद प्रभो, सर्वेश्वर नमस्तेऽस्तु त्वामहं शरणं गतः ।२।
पाहि मां परमेशान शरणागतवत्सल, जगद्वन्द्य नमस्तेऽस्तु प्रपन्नभयभञ्जन ।३।
जयस्वरूपं जयदं जयेशं जयकारणम्, विश्वाधारं विश्वसंस्थं विश्वकारणकारणम् ।४।
विश्वैकरक्षकं दिव्यं विश्वघ्नं विश्वपञ्जरम्, फलबीजं फलाधारं फलमूलं फलप्रदम् ।५।
तेजःस्वरूपं तेजोदं सर्वतेस्विनां वरम्, कृष्णं विष्णुं वासुदेवं वन्देऽहं दीनवत्सलम् ।६।

श्रीनारायण बोले-बाद सुदेव शर्मा ब्राह्मण हाथ जोड़कर गद्गद स्वर से भक्तवत्सल श्रीकृष्णदेव की स्तुति करता हुआ ॥१॥ हे देव! देवेश! हे त्रैलोक्य को अभय देने वाले! हे प्रभो! आपको नमस्कार है। हे सर्वेश्वर! आपको नमस्कार है, मैं आपकी शरण आया हूँ ॥२॥ हे परमेशान! हे शरणागतवत्सल! मेरी रक्षा करो। हे जगत् के समस्त प्राणियों से नमस्कार किये जाने वाले! हे शरण में आये हुए लोगों के भय का नाश करने वाले! आपको नमस्कार है ॥३॥ आप जय के स्वरूप हो, जय के देनेवाले हो, जय के मालिक हो, जय के कारण हो, विश्व के आधार हो, विश्व के एक रक्षक हो, दिव्य हो, विश्व के स्थान हो, फलों के बीज हो, फलों के आधार हो, विश्व में स्थित हो, विश्व के कारण के कारण हो ॥४॥ फलों के मूल हो, फलों के देनेवाले हो ॥५॥ तेजस्वरूप हो, तेज के दाता हो, सब तेजस्वियों में श्रेष्ठ हो, कृष्ण (हृदयान्धकार के नाशक) हो, विष्णु (व्यापक) हो, वासुदेव (देवताओं के वासस्थान अथवा वसुदेव के पुत्र) हो, दीनवत्सल हो ऐसे आपको मैं नमस्कार करता हूँ ॥६॥ हे जगत् प्रभो!

ना त्वां ब्रह्मदयो देवाः स्तोतुं शक्ता जगत्प्रभो, कथं मन्दो मनुष्योऽहमल्पबुद्धिर्जनार्दन ।७।
अतिदुःखतरं दीन त्वद्भक्तं मामुपेक्षसे, तत्कथं लोकबन्धुत्वं प्रभो लोके वृथा गतम् ।८।

वाल्मीकिरुवाच

इत्यभिष्टूय भूमानं द्विजस्तस्थौ हरे पुरः तदाकर्ण्य हरिर्वाक्यमुवाच जलदस्वनः ।९।

श्रीहरिरुवाच

सम्यक् सम्पादितं वत्स यत्त्वया चरितं तपः, किमिच्छसि, महाप्राज्ञः, तपोधन वदस्व मे ।१०।
ततेऽहं वित रिष्यामि सन्तुष्टस्तपसा तव, एतादृशं महत्कर्म न केनापि कृतं पुरा ।११।

सुदेव उवाच

यदि प्रीतोऽसि हे नाथ दीनबन्धो दयानिधे, तत्पुत्रं देहि मे विष्णो पुराणपुरुषोत्तम ।१२।

आपकी स्तुति करने में ब्रह्मादि देवता भी समर्थ नहीं है। हे जनार्दन! मैं तो अल्पबुद्धि वाला, मन्द मनुष्य हूँ किस तरह स्तुति करने में समर्थ हो सकता हूँ ॥७॥ अत्यन्त दुःखी, दीन, अपने भक्त को आप कैसे उपेक्षा (त्याग) करते हो। हे प्रभो! क्या आज संसार में वह आपकी लोकबन्धुता नष्ट हो गयी? ॥८॥ वाल्मीकि ऋषि बोले–सुदेवशर्म्मा ब्राह्मण इस प्रकार विष्णु भगवान् की स्तुति कर हरि के सामने खड़ा हो गया। हरि भगवान् उसके वचन सुनकर मेघ के समान गम्भीर वचन से बोले ॥९॥ श्रीहरि बोले–हे वत्स! तुमने जो तप किया वह बहुत अच्छी तरह से किया। हे महाप्राज्ञ! हे तपोधन! क्या चाहते हो? सो मुझसे कहो ॥१०॥ तुम्हारे तप से प्रसन्न मैं उस वर को तुम्हारे लिये दूँगा क्योंकि आज के पहले ऐसा बड़ा भारी कर्म किसी ने भी नहीं किया है ॥११॥ सुदेवशर्म्मा बोले–हे नाथ! हे दीनबन्धो! हे दयानिधे! यदि आप प्रसन्न हैं तो हे विष्णो! हे पुराण-पुरुषोत्तम कृपाकर मेरे लिये सत्पुत्र दीजिये ॥१२॥ हे हरे! पुत्र के बिना सूना यह गृहस्थाश्रम-धर्म मुझको प्रिय नहीं लगता। इस प्रकार हरि भगवान्

हरे पुत्र विना शून्यं गार्हस्थ्यं मे न रोचते, इति विप्रवचः श्रुत्वा जगाद हरिरीश्वरः ।१३।

श्रीहरिरुवाच

अदेयमपि ते सर्वं दास्ये पुत्रं विना द्विज, तव पुत्रसुखं वत्स विधात्रा नैव निर्मितम् ।१४।
त्वदीयभालफलके वर्णाः सर्वे मयेक्षिताः । तत्र नैवास्ति ते पुत्र सुखं सप्तसु जन्मसु ।१५।
इत्याकर्ण्य हरेर्वाक्यं वज्रनिर्घाततनिष्ठुरम्, स पपात महीपृष्ठे छिन्नमूल इव द्रुमः ।१६।
पतिं पतितमालोक्य प्रमदाऽत्यन्तदुःखिता, पश्यन्ती स्वामिनं पुत्रस्पृहाशून्यमरूरुदत् ।१७।
पश्चाद्धैर्यं समालम्ब्य साऽब्रवीच्चत् पतितं पतिम्,

गौतम्युवाच उत्तिष्ठोत्तिष्ठ हे नाथ किं न स्मरसि मे वचः ।१८।

विधात्रा लिखितं भाले तल्लभेत सुखा सुखम्, किं करोति रमानाथः स्वकृतं भुञ्जते नरः ।१९।

सुदेवशर्म्मा ब्राह्मण के वचन को सुनकर बोले ॥१३॥ श्रीहरि भगवान् बोले–हे द्विज! पुत्र को छोड़कर बाकी जो न देने के योग्य है उनको भी तुम्हारे लिये दूँगा। क्योंकि ब्रह्मा ने तुम्हारे लिये पुत्र का सुख नहीं लिखा है ॥१४॥ मैंने तुम्हारे भालदेश में होने वाले समस्त अक्षरों को देखा उसमें सात जन्म तक तुमको पुत्र का सुख नहीं है ॥१५॥ इस प्रकार वज्रप्रहार के समान निष्ठुर हरि भगवान् के वचन को सुनकर जड़ के कट जाने वृक्ष के समान वह सुदेव शर्म्मा ब्राह्मण पृथिवी तल पर गिर गया ॥१६॥ पति को गिरे हुए देखकर गौतमी स्त्री अत्यन्त दुःखित हुई और पुत्र की अभिलाषा से वञ्चित अपने स्वामी को देखती हुई रुदन करने लगी ॥१७॥ बाद धैर्य का आश्रय लेकर गौतमी स्त्री गिरे हुए पति से बोली। गौतमी बोली–हे नाथ! उठिये, उठिये, क्या मेरे वचन का स्मरण नहीं करते हैं? ॥१८॥ ब्रह्मा ने भालदेश में जो सुख-दुःख लिखा है, वह मिलता है। रमानाथ क्या करेंगे? मनुष्य तो अपने किये कर्म का फल भोगता है ॥१९॥ अभागे पुरुष का उद्योग, मरणासन्न पुरुष को औषध देने के समान निष्फल

अभाग्यस्य कृतोद्योगो मुमूर्षोरिव भेषजम्, तस्य सर्वं भवेद्व्यर्थं यस्य दैवमदक्षिणम् ।२०।
क्रतुदानतपः सत्यव्रतेभ्यो हरिसेवनम्, श्रेष्ठं सर्वेषु वेदेषु ततो दैवबलं वरम् ।२१।
तस्मात् सर्वत्र विश्वासं विहायोत्तिष्ठ भूसुर, दैवमेवावलम्ब्याशु हरिणा किं प्रयोजनम् ।२२।
इत्याकर्ण्य वचस्तस्यास्तीव्रशोकसमन्वितम्, वैनतेयोऽवदद्विष्णुं क्षोभसञ्जातवेपथुः ।२३।

गरुड उवाच

शोकसागरसंमग्नां ब्राह्मणीं वीक्ष्य हे हरे, तथैव ब्राह्मणं नेत्रगलद्बाष्पकुलाकुलम् ।२४।
दीनबन्धोदयासिन्धो भक्तानामभयंकर, भक्तदुःखासहिष्णोस्ते दयाऽद्य क्व गता प्रभो ।२५।
अहो ब्रह्मण्यदेवस्त्वं त्वद्धर्मः क्व गतोऽधुना, त्वद्भक्तस्य चतुर्धाऽपि मुक्तिः करतले स्थिता ।२६।

हो जाता है। जिसका भाग्य प्रतिकूल (उलटा) है उसका किया हुआ सब उद्योग व्यर्थ होता है ॥२०॥ समस्त वेदों में यज्ञ, दान, तप, सत्य, व्रत आदि की उपेक्षा हरि भगवान् का सेवन श्रेष्ठ कहा है परन्तु उससे भी भाग्यफल श्रेष्ठ है ॥२१॥ इसलिये हे भूसुर! सर्वत्र से विश्वास को हटा कर उठिये और शीघ्र दैव का ही आश्रय लीजिये। इसमें हरि का क्या काम है? ॥२२॥ इस प्रकार उस गौतमी के अत्यन्त शोक से युक्त वचन को सुनकर दुःख से काँपते हुए गरुड़जी विष्णु भगवान् से बोले ॥२३॥ गरुड़जी बोले– हे हरे! शोकरूपी समुद्र में डूबी हुई ब्राह्मणी को उसी तरह नेत्र से गिरते हुए अश्रुधारा से व्याकुल ब्राह्मण को देखकर ॥२४॥ हे दीनबन्धो! हे दयासिन्धो! हे भक्तों के लिये अभय को देनेवाले! हे प्रभो! भक्तों के दुःख को नहीं सहने वाले! आपकी आज यह दया कहाँ चली गई ॥२५॥ अहो! आप वेद और ब्राह्मण की रक्षा करने वाले साक्षात् विष्णु हो। इस समय आपका धर्म कहाँ गया? अपने भक्त को देने के लिये चार प्रकार की मुक्ति आपके हाथ में ही स्थित कही है ॥२६॥ अहो! फिर भी वे आपके भक्त उत्तम भक्ति को

अहो तथापि नेच्छन्ति विहाय भक्तिमुत्तमाम्, तदग्रे सि (द्ध)यश्चाष्टौ किंकरीभूय संस्थिता ।२७।
त्वदाराधनमाहात्म्येवं सर्वत्र विश्रुतम्, तर्हि विप्रस्य पुत्रेच्छापूरणे कः परिश्रमः ।२८।
गजमर्पयतः पुंसो ह्यङ्कुशे कः परिश्रमः, अतः परं न केनापि सेव्यते ते पदाम्बुजम् ।२९।
यद्दुष्टगतं पुंसस्तदेव भविता ध्रुवम्, इति लोके प्रथा जाता त्वभक्तिर्विलयं गता ।३०।
कर्तुं न कर्तुं सामर्थ्यं तव सर्वत्र विश्रुतम्, तदेवाद्य गतं नाथ न चेदस्मै सुतप्रदः ।३१।
अतस्त्वं सर्वथा देहि पुत्रमेकं द्विजन्मने, सुदामा त्वां समाराध्यलेभे वैभवमुत्तमम् ।३२।
सान्दीपिनिर्मृतं पुत्रमवाप कृपया तव, इति ते शरणं प्राप्तौ दम्पती पुत्रलालसौ ।३३।

छोड़कर चतुर्विध मुक्ति की इच्छा नहीं करते हैं और उनके सामने आठ सिद्धियाँ दासी के समान स्थित रहती हैं ॥२७॥ आपके आराधन का माहात्म्य सब जगह सुना है। तब इस ब्राह्मण के पुत्र की वाञ्छा पूर्ण करने में आपको क्या परिश्रम है ॥२८॥ हाथी दान करने वाले पुरुष को अंकुश दान करने में क्या परिश्रम है? अब आज से कोई भी आपके चरण-कमल की सेवा नहीं करेगा ॥२९॥ जो पुरुष के भाग्य में होता है वही निश्चय रूप से प्राप्त होता है। इस बात की प्रथा आज से संसार में चल पड़ी और आपकी भक्ति रसातल को चली गई, अर्थात् लुप्त हो गयी ॥३०॥ हे नाथ! आप करने तथा न करने में स्वतन्त्र हैं यह आपका सामर्थ्य सर्वत्र विख्यात है आज वह सामर्थ्य इस ब्राह्मण को पुत्र प्रदान न करने से नष्ट होता है ॥३१॥ इसलिये आप इस ब्राह्मण के लिये अवश्य एक पुत्र प्रदान कीजिये। सुदामा ब्राह्मण ने आपकी आराधना कर उत्तम वैभव को प्राप्त किया ॥३२॥ आपकी कृपा से सान्दीपिनि गुरु ने मृत पुत्र को प्राप्त किया। इन कारणों से पुत्र की लालसा करने वाले ये दोनों स्त्री-पुरुष आपकी शरण में आये हैं ॥३३॥ श्रीनारायण

श्रीनारायण उवाच

इति गरुडवचो निशम्य विष्णुर्वचनमुवा स्वगं सुधोपमानम्,
अयि, खवर पुत्रकमस्मै वितर मनोगतमाशु वैनतेय ।३४।

इति हरि वचनं निजानुकूलं झटिति निशम्य खगोऽतिहृष्टचेता:,
अददद‍तिविषण्णामानसाय सुतमनुरूपमिलासुराय रम्यम् ।३५।

इति श्रीबृहन्नारदीयपुराणे पुरुषोत्तममासमाहात्म्ये दृढधन्वोपाख्याने श्रीनारायणनारदसंवादे
सुदेववरप्रदानं नाम पञ्चदशोऽध्याय: ।१५।

बोले-इस प्रकार विष्णु भगवान् अमृत के समान गरुड के वचन को सुनकर गरुड जी बोले-अयि! पक्षिवर! हे वैनतेय! इस ब्राह्मण को अभिलषित एक पुत्र शीघ्र दीजिये ।३४।। इस प्रकार अपने अनुकूल हरि भगवान् के वचन को सुनकर गरुडजी ने अत्यन्त प्रसन्नचित्त होकर उस पृथिवी के देवता दु:खित ब्राह्मण के लिये अनुपम सुन्दर पुत्र को जल्दी से दे दिया ।३५।।

इति श्रीबृहन्नारदीयपुराणे पुरुषोत्तममासमाहात्म्ये दृढधन्वोपाख्याने श्रीनारायणनारदसंवादे
सुदेववरप्रदानं नाम पञ्चदशोऽध्याय: ।।१५।।

षोडशोऽध्याय

श्रीनारायण उवाच-

शृणु नारद वक्ष्येऽहं यदुक्तं दृढधन्वने, वाल्मीकिना महाप्राज्ञ चरितं परमाद्भुतम् ।१।

वाल्मीकिरुवाच-

दृढधन्वन् महाराज शृणुष्व वचनं मम, सुपर्णः केशवादेशादिदमाह द्विजेश्वरम ।२।

गरुड़ उवाच-

सप्त जन्मसु ते पुत्रसुखं नास्तीति यद्वचः, हरिणोक्तं द्विजश्रेष्ठ तत्तथैव तवाधुना ।३।
तथापि स्वामिनाऽऽज्ञप्तः कृपया दद्मि ते सुतम्, मदंशसम्भवः पुत्रो भविता ते तपोधन ।४।
येन त्वमाशिषः सत्या लप्स्यते गौतमीयुतः, परं तज्जनितं दुःखं युवयोर्भविता ध्रुवम् ।५।
धन्योऽसि द्विजशार्दूल यत्ते जाता हरौ मतिः, सकामाऽप्यथ निष्कामा हरिभक्तिर्हरेः प्रिया ।६।

श्रीनारायण बोले-हे महाप्राज्ञ ! हे नारद ! वाल्मीकि ऋषि ने जो परम अद्भुत चरित्र दृढधन्वा राजा से कहा उस चरित्र को मैं कहता हूँ, तुम सुनो ॥१॥ वाल्मीकि ऋषि बोले-हे दृढधन्वन् ! हे महाराज ! हमारे वचन को सुनिये। गरुड़ जी ने केशव भगवान् की आज्ञा से इस प्रकार ब्राह्मणश्रेष्ठ से कहा ॥२॥ गरुड़जी बोले-हे द्विजश्रेष्ठ ! तुमको सात जन्म तक पुत्र का सुख नहीं है यह जो वचन हरि भगवान् ने कहा सो इस समय तुमको वैसा ही है ॥३॥ फिर भी कृपा से स्वामी की आज्ञा पाकर मैं तुमको पुत्र दूँगा। हे तपोधन ! हमारे अंश से तुमको पुत्र होगा ॥४॥ जिस पुत्र से गौतमी के साथ तुम मनोरथ को प्राप्त करोगे, किन्तु उस पुत्र से होने वाला दुःख तुम दोनों को अवश्य होगा ॥५॥ हे द्विजशार्दूल ! तुम धन्य हो जो तुम्हारी बुद्धि हरि भगवान में हुई। हरिभक्ति सकाम हो अथवा निष्काम हो, हरि भगवान् को दोनों ही प्रिय है ॥६॥ मनुष्यों का शरीर जल के बुदबुद के समान अप

जलबुद्बुदवत् पुंसां शरीरं क्षणभङ्गुरम्, तदासाद्य हरेः पादं धन्यश्चिन्तयते हृदि ।७।
हरन्यो न संसारात्तारयेद्बहुदुस्तरात्, हरेरेव कृपालेशान्मया दत्तः सुतस्तव ।८।
मनसि श्रीहरिं धृत्वा विचरस्व यथासुखम्, उदासीनतया स्थित्वा भुङ्क्ष्व संसारजं सुखम् ।९।

वाल्मीकिरुवाच-

दम्पत्योः पश्यतोः सद्यो दत्वा वरमनुत्तमम्, खगद्वरा हरिः शीघ्रं ययौ निजनिकेतनम् ।१०।
सुदेवोऽपि सपत्नीको वरं लब्ध्वा मनोगतम्, असाद्य स्वगृहं भेजे गार्हस्थ्यसुखमुत्तमम् ।११।
कियत्कालक्रमेणास्या दोहदः समपद्यत, दशमे मासि सम्प्राप्ते पूर्णो गर्भो बभूव ह ।१२।
प्रसूतिकाले सम्प्राप्तेसाऽसूत सुतमुत्तमम्, सुदेवस्त्वात्मजे जाते जातात्हादो बभूव ह ।१३।
आहूय जातकं कर्म चकार द्विजसत्तमान्, बृहद्दानं ददौ तेभ्यः सुस्नातो द्विजसत्तमः ।१४।

में नष्ट होने वाला है उस शरीर को प्राप्त कर जो हृदय में हरि के चरणों का चिन्तन करता है वह धन्य है ॥७॥ इस अत्यन्त दुस्तर संसार से तारने वाले हरि भगवान् के अलावा दूसरा और कोई नहीं है, यह हरि भगवान् की ही कृपा से मैंने तुमको पुत्र दिया ॥८॥ मन में श्रीहरि को धारण कर सुखपूर्वक विचरो और उदासीन भाव से संसार के सुख को भोगो ॥९॥ वाल्मीकि ऋषि बोले-गौतमी और सुदेव दोनों स्त्री पुरुष के देखते-देखते उत्तम वर को देकर उसी समय गरुड़ पर सवार होकर भगवान् हरि शीघ्र ही वैकुण्ठ को चले गये ॥१०॥ सुदेवशर्म्मा भी स्त्री के साथ अपने मन के अनुसार पुत्ररूप वर पाकर अपने घर को आया और उत्तम गृहस्थाश्रम के सुख को भोगने लगा ॥११॥ कुछ समय बीतने के बाद गौतमी को गर्भ रहा और दशम महीना प्राप्त होने पर गर्भ पूर्ण हुआ ॥१२॥ प्रसूतिकाल आने पर गौतमी ने उत्तम पुत्र पैदा किया और पुत्र के होने पर सुदेवशर्म्मा बहुत प्रसन्न हुआ ॥१३॥ श्रेष्ठ ब्राह्मणों को बुलाकर जातकर्म संस्कार किया और अच्छी तरह स्नान कर ब्राह्मणश्रेष्ठ सुदेवशर्म्मा ने उन ब्राह्मणों को बहुत दान दिया ॥१४॥ ब्राह्मण और स्वजनों के

नाम चास्याऽकरोद्धीमान् ब्राह्मणैः स्वजनैर्वृतः, अयं सुतः सुपर्णेन दत्तः प्रेम्णा कृपालुना ।१५।
शारदेन्दुरिव प्रोद्यत्तेजस्वी शुकसन्निभः, शुकदेवेति नामायं पुत्रोऽस्तु मे वल्लभः ।१६।
अवर्धत सुतः शीघ्रं शुक्लपक्ष इवोडुपः, पितुर्मनोरथैः साकं मातृमानसनन्दनः ।१७।
उपनीय सुतं तातः सावित्रीं दत्तवान् मुदा, संस्कारं वैदिकं प्राप्य ब्रह्मचर्यव्रते स्थितः ।१८।
तत्तेजसाऽन्वितो रेजे साक्षात्सूर्य इवापरः, वेदाध्ययनमारेभे कुमारो बुद्धिसागरः ।१९।
सद्बुद्ध्याऽऽनन्दयामास स्वगुरुं गुरुवत्सलः, सकृन्निगदमात्रेण विद्यां सर्वामुपेयिवान् ।२०।

वाल्मीकिरुवाच-

एकदा देवलोऽभ्यागात् कोटिसूर्यसमप्रभः, तमालोक्य सुदेवोऽसौ ननाम दण्डवन्मुदा ।२१।
पूजयामास विधिवदर्घ्यपाद्यादिभिर्मुनिम्, आसनं कल्पयामास देवलाय महात्मने ।२२।

साथ बुद्धिमान सुदेवशर्मा ने नामकरण संस्कार किया। कृपालु गरुड़जी ने प्रेम से यह पुत्र दिया ॥१५॥ शरत्कालीन चन्द्रमा के समान उदय को प्राप्त, तेजस्वी, यह शुक के सदृश है इसलिये मेरा प्रिय पुत्र शुकदेव नामवाला हो ॥१६॥ माता के मन को आनन्द देने वाला पुत्र पिता के मनोरथों के साथ-साथ शुक्लपक्ष के चन्द्रमा के समान बढ़ने लगा ॥१७॥ पिता ने हर्ष के साथ उपनयन संस्कार कर गायत्री मन्त्र का उपदेश किया। बाद वह बालक वेदारम्भ संस्कार को प्राप्त कर ब्रह्मचर्य व्रत में स्थित हुआ ॥१८॥ उस ब्रह्मचर्य के तेज से युक्त बालक साक्षात् दूसरे सूर्य के समान शोभित हुआ। बुद्धिसागर उस बालक ने वेद का अध्ययन आरम्भ किया ॥१९॥ उस गुरुवत्सल बालक ने सद्बुद्धि से अपने गुरु को प्रसन्न किया और गुरु के एक बार कहने मात्र से समस्त बुद्धि को प्राप्त किया ॥२०॥ वाल्मीकि ऋषि बोले-एक समय कोटि सूर्य के समान प्रभाव वाले देवल ऋषि आये। उनको देखकर हर्ष से सुदेव शर्मा ने दण्डवत् प्रणाम किया ॥२१॥ अर्घ्य, पाद्य आदि से विधिपूर्वक उन देवल मुनि की पूजा की और महात्मा देवल के लिये आसन दिया ॥२२॥ अति तेजस्वी देवदर्शन ऋषि उस आसन पर बैठ

तत्रोपविष्टो भगवान् देवलो देवदर्शनः, चरणे पतितं दृष्ट्वा कुमारं देवलोऽब्रवीत् ।२३।

देवल उवाच–

भो भो सुदेव धन्योऽसि तुष्टस्ते भगवान् हरिः, यतस्त्वं प्राप्तवान् पुत्रं दुर्लभं सुन्दरं वरम् ।२४।
एतादृशः सुतः क्वापि न कस्याप्यवलोकितः, विनीतो बुद्धिमान् वाग्मी वेदाध्ययनशीलवान् ।२५।
एहि पुत्र किमेतत्ते करे पश्यामि कौतुकम्, सच्छत्रं चामरयुगं कमलं यवसंयुतम् ।२६।
आजानुलम्बिनौ हस्तौ हस्तिहस्तसमौ तव, आकर्णान्तविशाले च चक्षुषी मधुपिङ्गरे ।२७।
वपुर्वर्तुलकं मध्यं वलित्रय विभूषितम्, एवमुक्त्वा सुतं दृष्ट्वा पुनराहोत्सुकं द्विजम् ।२८।
अहो सुदेव तनयस्तवायं गुणसागरः, गूढजत्रुः कम्बुकण्ठः स्निग्धकुञ्चितमूर्धजः ।२९।
तुङ्गवक्षाः पृथुग्रीवः समकर्णो वृषांसकः, सर्वलक्षणसम्पूर्णः पुत्रो भग्यनिधिर्महान् ।३०।

गये। बाद अपने चरणों पर बालक को गिरते हुए देखकर देवल ऋषि बोले ॥२३॥ देवल मुनि बोले– भो भो सुदेव! तुम धन्य हो, तुम्हारे ऊपर भगवान प्रसन्न हुए, क्योंकि तुमने दुर्लभ, सुन्दर, श्रेष्ठ पुत्र को प्राप्त किया ॥२४॥ ऐसा विनीत, बुद्धिमान, बोलने में चतुर, वेदपाठी और शीलवान् पुत्र कहीं भी किसी के यहाँ नहीं देखा ॥२५॥ हे पुत्र! यहाँ आओ, तुम्हारे हाथ में यह कौतुक क्या देखता हूँ? सुन्दर छत्र, दो चामर, यवरेखा के साथ कमल ॥२६॥ जानु तक लटकने वाले हाथी के सूँड़ के समान ये तुम्हारे हाथ, कान तक फैले हुए विशाल लाल नेत्र ॥२७॥ शरीर गोल आकार का, त्रिवली से युक्त पेट है। इस प्रकार उसी बालक के विषय में कहकर उस ब्राह्मण की उत्कण्ठा देखकर देवल ऋषि फिर बोले– ॥२८॥ अहो! हे सुदेव! यह तुम्हारा लड़का गुणों का समुद्र है। कंधा और कोख का संधि स्थान गूढ़ है, शङ्ख के समान उतार–चढ़ाव युक्त गला वाला, चिक्कण टेढ़े सिर के बाल वाला ॥२९॥ ऊँची छाती, लम्बी गर्दन, बराबर कान, बैल के समान कन्धा, इस तरह समस्त लक्षणों से युक्त यह पुत्र श्रेष्ठ भाग्य का निधि है ॥३०॥ एक ही बहुत बड़ा दोष है जिससे सब व्यर्थ हो गया। इस प्रकार

एक एव महान्दोषो येन सर्वं वृथा कृतम्, इत्युक्त्वा मौलिमाधुन्वन् विनिःश्वस्याब्रवीन्मुनिः ।३१।
पूर्वमायुः परीक्षेत पश्चाल्लक्षणमादिशेत्, निरायुषः कुमारस्य लक्षणैः किं प्रयोजनम् ।३२।
सुदेव तनयोऽयं ते द्वादशे हायने जले, मृत्युमेष्यति तस्मात्त्वं शोकं मा कुरु मानसे ।३३।
अवश्यम्भाविनो भावा भवन्त्येव न संशयः, तत्र प्रतिविधिर्नास्ति मुमूर्षुरिव भेषजम् ।३४।

वाल्मीकिरुवाच—

इत्युदीर्य गतो ब्रह्मलोकं देवलको मुनिः, सुदेवः सह गौतम्या पपात धरणीतले ।३५।
विललाप चिरं भूमौ देवलोक्तं वचः स्मरन्, अथ सा गौतमी पुत्रं स्वाङ्कमारोप्य धैर्यतः ।३६।
चुचुम्ब वदने प्रेम्णा पश्चात्पतिमुवाच सा, गौतम्युवाच, द्विजराज न कर्तव्या भीतिर्भाव्येषु वस्तुषु ।३७।
नाभाव्यं भविता कुत्र भाव्यमेव भविष्यति, किं नु नो दुःखमापन्ना नलरामयुधिष्ठिराः ।३८।

कहकर सिर कँपाते हुए दीर्घ श्वास लेकर मुनि बोले— ॥३१॥ प्रथम आयु की परीक्षा करना बाद लक्षणों को कहना चाहिये। आयु से हीन बालक के लक्षणों से क्या प्रयोजन है? ॥३२॥ हे सुदेव! यह तुम्हारा लड़का बारहवें वर्ष में डूब कर मर जायेगा, इससे तुम मन में शोक नहीं करना ॥३३॥ अवश्य होने वाला निःसन्देह होकर ही रहता है, मरणासन्न को औषध देने के समान उसकी कोई प्रतिक्रिया नहीं है ॥३४॥ वाल्मीकि मुनि बोले- देवल मुनि इस प्रकार कहकर ब्रह्मलोक को चले गये और गौतमी के साथ सुदेव ब्राह्मण पृथिवी पर गिर गया ॥३५॥ पृथिवी पर पड़ा हुआ देवल ऋषि के कहे हुए वचनों को स्मरण कर चिरकाल तक विलाप करने लगा। बाद उसकी स्त्री गौतमी धैर्य धारण करती हुई पुत्र को अपनी गोद में लेकर ॥३६॥ प्रथम प्रेम से पुत्र का मुख चुम्बन कर बाद पति से बोली। गौतमी बोली—हे द्विजराज! होने वाली वस्तु में भय नहीं करना चाहिये ॥३७॥ जो नहीं होने वाला है वह कभी नहीं होगा और जो होने वाला है वह होकर रहेगा। क्या राजा नल, रामचन्द्र और युधिष्ठिर दुःख को प्राप्त नहीं हुए? ॥३८॥

बन्धनं बलिराजाऽपि प्राप्तवान् यादवः क्षयम्, हिरण्याक्षो वधं घोरं वृत्रोऽपि निधनं गतः ।३९।
कार्त्तवीर्यः शिरश्छेदं रावणोऽपि तथाप्तवान्, विरहं रघुनाथोऽपि जानक्याः प्राप्तवान् मुने ।४०।
परीक्षिदपि राजर्षिर्ब्राह्मणान्मृत्युमाप्तवान्, एवं ये भाविनो भावा भवन्त्येव मुनीश्वर ।४१।
अतः उत्तिष्ठ हे नाथ हरिं भज सनातनम्, शरण्यं सर्वजीवानां निर्वाणपददायकम् ।४२।

वाल्मीकिरुवाच—

इति निजवनितावचो निशम्य प्रकृतिमुपागतवान् सुदेवशर्मा,
हृदि हरिचरणाम्बुजं निधाय झटितो जहौ शुचमात्मजाद्भवित्रीम् ।४३।

इति श्रीबृहन्नारदीयपुराणे पुरुषोत्तममासमाहात्म्ये श्रीनारायणनारदसंवादे
दृढधन्वोपाख्याने सुदेवप्रतिबोधो नाम षोडशोऽध्यायः ॥१६॥

राजा बलि भी बन्धन को प्राप्त हुआ, यादव नाश को प्राप्त हुए, हिरण्याक्ष कठिन वध को प्राप्त हुआ, वृत्रासुर भी मृत्यु को प्राप्त हुआ ॥३९॥ सहस्रार्जुन का शिर काटा गया, रावण के भी उसी तरह शिर काटे गये, हे मुने! भगवान् रामचन्द्र भी वन में जानकी के विरह को प्राप्त हुए ॥४०॥ राजर्षि परीक्षित भी ब्राह्मण से मृत्यु को प्राप्त हुए। हे मुनीश्वर! इस प्रकार जो होने वाला है वह अवश्य होता है ॥४१॥ इसलिये हे नाथ! उठिये और सनातन हरि भगवान् का भजन करिये जो समस्त जीवों के रक्षक हैं और मोक्ष पद को देने वाले हैं ॥४२॥ वाल्मीकि ऋषि बोले—इस प्रकार सुदेव शर्मा ने अपनी स्त्री गौतमी के वचन को सुनकर स्वस्थ हो हृदय में हरि भगवान् के चरणों को ध्यान कर पुत्र से होने वाले शोक को जल्दी से त्याग दिया ॥४३॥

इति श्रीबृहन्नारदीयपुराणे पुरुषोत्तममासमाहात्म्ये श्रीनारायणनारदसंवादे
दृढधन्वोपाख्याने सुदेवप्रतिबोधो नाम षोडशोऽध्यायः ॥१६॥

सप्तदशोऽध्यायः

नारद उवाच-

ततः किमभवत्तस्य प्रबुद्धस्य महीपतेः, तन्मे वद कृपासिन्धो शृण्वतां पापनाशनम् ।१।

श्रीनारायण उवाच-

स्वकीयचरित्रं श्रुत्वा प्राक्तनं चकिताननम्, राजानं पुनरेवाह वाल्मीकिः श्रवणोत्सुकम् ।२।

वाल्मीकिरुवाच-

इति ताः शीतला वाचः समाकर्ण्य प्रियामुखात्, सुदेवो धैर्यमालम्ब्य हरौ चित्तमधारयत् ।३।
निःश्वस्य दीनवदनो यद्भाव्यं तद्भविष्यति, इति निश्चित्य मनसा पुष्पाद्यर्थं वनं ययौ ।४।
एवं कुर्वतस्तस्य कियान् कालो गतः क्रमात्, समित्कुशफलाद्यर्थं कदाचित् काननं ययौ ।५।

नारदजी बोले- हे कृपा के सिन्धु! इसके बाद जागृत अवस्था को प्राप्त उस राजा दृढ़धन्वा का क्या हुआ? सो मुझसे कहिये जिसके सुनने से पापों का नाश कहा गया है ॥१॥ नारायण बोले- अपने पूर्व जन्म के चरित्र को सुनने से आश्चर्ययुक्त मुख और सुनने की इच्छा रखने वाले राजा दृढ़धन्वा से वाल्मीकि ऋषि फिर बोले- ॥२॥ वाल्मीकि मुनि बोले- इस तरह स्त्री के मुख से शीतल वाणी को सुनकर सुदेव शर्मा धैर्य धारण कर हरि भगवान् में चित्त को लगाता हुआ ॥३॥ दीर्घ श्वास लेकर दीनमुख सुदेव शर्मा, जो होने वाला है वह होगा यह मन में निश्चय कर पुष्प समिधा आदि के लिये वन को गया ॥४॥ इस प्रकार करते उस सुदेव शर्मा का कितना ही समय बीत गया। बाद किसी दिन समिधा कुश फल पुष्प आदि के लेने के लिये वन को गया ॥५॥ वहाँ जाकर सुदेव शर्मा मन से हरि भगवान् के चरण कमलों का ध्यान करने लगा, उसी दिन

सुदेवो मनसा ध्यायन् हरेः पादसरोरुहम्, तस्मिन्नेव दिने गच्छद्वापीं सूनुः सुहृद्वृतः ।६।
प्रविश्य वापीं चिक्रीडे वयस्यैः सह वारिणी, जलयन्त्रैः क्षिपन् वारि बालकेषु स्मयन्मुहुः ।७।
जले क्रीडां मुहुः कुर्वन् ग्रीष्मे मोदमुपाययौ, एवं सर्वेषु बालेषु क्रीडत्सु प्रेमनिर्भरम् ।८।
अगाधसलिले तिष्ठन् बालकैरुपमर्दितः, स पलायनमन्विच्छन् सुहृद्वर्गभयात् द्रुतम् ।९।
विधिना नोदितस्तत्र नियम्य श्वासमात्मनः, ममज्जागाधतोयेऽसौ वञ्चयन्नात्मनः सखीन् ।१०।
तत्रापि व्याकुलीभूय ततो निर्गन्तुमुन्मनाः, सहसा मृतिमापन्नः कुमारोऽगाधवारिणी ।११।
जलादनिर्गतं वीक्ष्य सर्वे चकितमानसाः, समानवयसः सर्वे हाहा कृत्वा प्रधाविताः ।१२।
गौतम्यै कथयामासुर्बृहच्छोकपरायणाः, वज्रपातसमां वाचं बालानामनतिप्रियाम् ।१३।

उसका लड़का शुकदेव अपने मित्रों के साथ बावली को गया ॥६॥ बावली में प्रवेश कर समवयस्क मित्रों के साथ जलयन्त्रों से जल फेंकता हुआ और बार-बार हँसता हुआ खेलने लगा ॥७॥ गर्मी ऋतु में बार-बार जल में खेलता हुआ हर्ष को प्राप्त हुआ। इस तरह प्रेम में मग्न सब बालकों से खेल करते हुए ॥८॥ अथाह जल में खड़ा हुआ वह शुकदेव बालक मित्र बालकों से पीड़ित होकर मित्र-वर्ग के भय से भागने की इच्छा करता हुआ ॥९॥ और भाग्य से प्रेरित हो अपने श्वास को रोककर अपने मित्रों को छलने की इच्छा से वहाँ अथाह जल में गोता लगाया ॥१०॥ किन्तु उस जल में व्याकुल होकर उससे बाहर निकलने की इच्छा करता सहसा उस अथाह जल में वह बालक मृत्यु को प्राप्त हो गया ॥११॥ जल से निकलते हुए उस बालक को न देखकर, वे सब समवयस्क मित्र बालक चकित होकर हाहाकार करते हुए चारों ओर से दौड़े ॥१२॥ और अत्यन्त शोक से ग्रस्त वे बालक उसकी माता गौतमी से जाकर बोले। उन बालकों के अत्यन्त अप्रिय वज्रपात के समान वचन को ॥१३॥ सुनकर पुत्र

श्रुत्वा भूमौ पपाताशु गौतमी पुत्रवत्सला, एतस्मिन्नेव समये वनाद्विप्रः समाययौ ।१४।
निशम्य पुत्रमरणं त्वष्टेवावापतद्भुवि, तत उत्थाय तौ विप्रदम्पती वापिकां गतौ ।१५।
मृतं पुत्रं समालिङ्गय स्वाङ्के कृत्वा कलेवरम्, सुदेवः पुत्रवदनं चुचुम्ब च मुहुर्मुहुः ।१६।
ततः स्वाङ्के स्थितं पुत्रं मृतं वीक्षन् मुहुर्मुहुः, स रुदन्विलपन्नेवगद्गदाक्षरमूचिवान् ।१७।

सुदेव उवाच-

वद पुत्रं शुभां वाणीं मम शोकविनाशिनीम्, शीतलां ललितां वत्स मनसो मोदमावह ।१८।
विहाय पितरौ वृद्धौ न त्वं गन्तुमिहार्हसि, वत्साह्वति ते मित्रं वेदाध्ययनहेतवे ।१९।
मुदाऽह्वयत्युपाध्यायस्त्वामध्यापनहेतवे, तूर्णमुत्तिष्ठ हे पुत्रं कथं सुप्तोऽसि साम्प्रतम् ।२०।
त्वां विहाय न गच्छामि गृहे किं मे प्रयोजनम्, शून्यारण्यमिवाद्यैव त्वदृते सदनं मम ।२१।

में प्रेम करने वाली वह गौतमी तुरन्त पृथिवी पर गिर गई। उसी समय वन से सुदेव शर्म्मा आया ॥१४॥ पुत्र का मरण सुनकर काटे वृक्ष के समान पृथिवी पर गिर गया। बाद दोनों ब्राह्मण स्त्री-पुरुष उठकर बावली को गये ॥१५॥ जाकर मृत पुत्र का आलिंगन कर उसके शरीर को गोद में लेकर सुदेवशर्म्मा बारम्बार पुत्र का मुख चूमने लगा ॥१६॥ बाद अपने गोद में स्थित मृत पुत्र को बार-बार देखता हुआ, रोता-विलाप करता, गद्गद अक्षर से बोला ॥१७॥ सुदेव शर्म्मा बोला-हे पुत्र! मेरे शोक को नाश करने वाले, शीतल, सुन्दर और शुभ वचन को बोलो। हे वत्स! मेरे मन को प्रसन्न करो ॥१८॥ वृद्ध माता-पिता को छोड़कर तुम जाने के योग्य नहीं हो। हे वत्स! वेदाध्ययन के लिये तुम्हारा श्रेष्ठ मित्र बुला रहा है ॥१९॥ और बड़े हर्ष से पढ़ाने के लिये उपाध्याय तुमको बुला रहे हैं। हे पुत्र! शीघ्र उठो। इस समय क्यों सो रहे हो? ॥२०॥ तुमको छोड़कर घर नहीं जाऊँगा। घर में मेरा क्या काम है? तुम्हारे बिना इस समय मेरा घर शून्य जङ्गल के समान हो गया है ॥२१॥ तुमको

वनेऽपि नैव गच्छामि गमने किं प्रयोजनम्, फलमूलप्रियं त्वं चेन्नातिष्ठसि ममाग्रतः ।२२।
न मया चरितं गर्ह्यं ब्रह्महत्याऽपि नो कृता, केन कर्मविपाकेन पुत्रो मे निधनं गतः ।२३।
अहो धातः किमेतावत्फलं लब्धं त्वया महत्, लोचनं मम दीनस्य वृद्धस्याकृष्य निर्दय ।२४।
निर्धनस्य धनं बालं दम्पत्योरवलम्बनम्, हरतस्ते कथं लज्जा जायते नहि कुत्रचित् ।२५।
सर्वत्र सदयस्त्वं वै मयि निर्दयतां गतः, कथमित्यन्यथाभावो मम भाग्यवशादहो ।२६।
कुत्राहं शोधयाम्यद्य पुत्रं प्रकृतिसुन्दरम्, द्रक्ष्ये तवाननं कुत्र पुत्र चारु सुलोचनम् ।२७।
पर्जन्यः स्रवते वारि सूते धान्यं वसुन्धरा, गिरयो रत्नजातानि मुक्तासारं पयोनिधिः ।२८।
न तं देशं प्रपश्यामि यत्र पुत्रं मृतं लभेत्, यद्गात्रं तु समालिङ्ग्य हृद्गतं तापमुत्सृजेत् ।२९।

फल मूल प्रिय हो तो मेरे सामने उठो। यदि नहीं उठोगे तो वन को भी नहीं जाऊँगा। वन में क्या काम है? ॥२२॥ मैंने कोई निन्दित काम नहीं किया और ब्रह्महत्या भी नहीं की फिर किस कर्म के फल से मेरा पुत्र मर गया ॥२३॥ अहो! ब्रह्मा! तुमने ऐसा करके कौन सा बड़ा भारी फल प्राप्त किया? हे निर्दय! वृद्ध, दीन मेरे नेत्र को लेकर ॥२४॥ निर्धन का धन और दोनों स्त्री-पुरुषों का सहारा इस पुत्र को हरण करके तुमको लज्जा क्यों नहीं होती? ॥२५॥ सर्वत्र तुम दयालु हो परन्तु मेरे विषय में निर्दयी हो गये, सो क्यों? अहो! आश्चर्य है। मेरे भाग्य से यह उलटा कैसे हुआ है ॥२६॥ स्वभाव से सुन्दर पुत्र की खोज इस समय मैं कहाँ करूँ? हे पुत्र! तुम्हारे मुख और सुन्दर नेत्र को कहाँ देखूँगा ॥२७॥ मेघ जल को बरसाता है। पृथिवी धान्य को पैदा करती है। पर्वत रत्नों को और समुद्र मुक्तासार मणि को देते हैं ॥२८॥ परन्तु उस देश को नहीं देखता हूँ जहाँ मरा हुआ पुत्र मिलता हो। जिसके शरीर का आलिङ्गन कर हृदय के ताप को छोड़ूँ ॥२९॥ हे वत्स! तुम एक बार शीघ्र वचन सुनाओ और दया करो।

हे वत्स त्वं सकृद्वाचं श्रावयाशु दयां कुरु, विलपत्यति ते माता कुररीव गतत्रपा ।३०।
तां दृष्ट्वा तु कथं पुत्र दया नोत्पद्यते तव, अननुज्ञाप्य पितरौ न कदापि भवान् गतः ।३१।
आवामपृष्ट्वा किं दीर्घमार्गं त्वं गतवानसि, वेदाध्ययनसद्वाणीं कस्य श्रोष्यामि साम्प्रतम् ।३२।
त्वामनुस्मरतो वत्स कलवाक्यं मनोहरम्, शतधा दीर्यते नोऽद्य ह्यायसं हृदयं मम ।३३।
मन्ये सुधन्यं किल कौशलेन्द्रम य: कानने दाशरथौ प्रयाते,
दधार नोऽसून्सुतलापदग्धो धिङ्मां सुतस्य प्रलयेऽप्यनष्टम् ।३४।
गोविन्द विष्णो यदुनाथ नाथ श्रीरुक्मिणीप्राणपते मुरारे,
दीनानुकम्पिन् भगवन्दयालो मां पाहि पुत्रानलतापतप्तम् ।३५।

तुम्हारी माता लज्जा छोड़कर चील्ह के समान अत्यन्त विलाप करती है ॥३०॥ हे पुत्र! उसको देख कर तुमको दया क्यों नहीं पैदा होती है? माता-पिता की आज्ञा बिना तुम कभी नहीं गये ॥३१॥ हे पुत्र! हम दोनों से बिना पूछे ही दूर के मार्ग को गये हो क्या? इस समय किसके वेदाध्ययन की उत्तम वाणी को सुनूँगा ॥३२॥ हे वत्स! आज तुम्हारे और तुम्हारे मनोहर मधुर वचन के स्मरण से मेरा हृदय सौ-सौ टुकड़ा नहीं हो रहा है। क्योंकि मेरा हृदय लोहे के समान है ॥३३॥ हे कौशलेन्द्र! राजा दशरथ! तुमको हम धन्य मानते हैं क्योंकि रामचन्द्र के वन जाने पर पुत्र के ताप से दग्ध वे प्राणों को नहीं रख सके। परन्तु पुत्र के मर जाने पर भी जीवित रहने वाले मुझको धिक्कार है ॥३४॥ हे गोविन्द! हे विष्णो! हे यदुनाथ! हे नाथ! हे श्रीरुक्मिणी के प्राणपति! हे मुरारे! हे दीन पर दया करने वाले! हे दयालो! पुत्र रूप अग्नि के ताप से सन्तप्त मेरी रक्षा करो ॥३५॥ हे देवाधिदेव!

देवाधिदेवाखिललोकनाथ गोपाल गोपीश रथाङ्गपाणे,

कलिन्दकन्याविषदोषहानि मां पाहि पुत्रानलतापतप्तम् ।३६।

वैकुण्ठ विष्णो नरकासुरे चराधराधार भवाब्धिपोत,

ब्रह्मादिदेवानतपादपीठं मां पाहि पुत्रानलतापतप्तम् ।३७।

शठो मन्दयो भविता न कोऽपि यो देवकीसूनुवचो विलङ्घ्य,

पुत्रे दुराशां कृतवानभाग्यो लभेत को दृष्टविनष्टवस्तु ।३८।

इति श्रीबृहन्नारदीयपुराणे पुरुषोत्तममासमाहात्म्ये श्रीनारायणनारदसंवादे
दृढधन्वोपाख्याने सुदेवविलापो नाम सप्तदशोऽध्यायः ॥१७॥

हे समस्त लोक के नाथ! हे गोपाल! हे गोपीश! हे चक्र को हाथ में धारण करने वाले! हे यमुना के विष-दोष को हरने वाले! पुत्र रूप अग्नि के ताप से सन्तप्त मेरी रक्षा करो ॥३६॥ हे वैकुण्ठ के वासी विष्णो! हे नरकासुर के नाशक! हे चराचर के आधार! हे संसार रूप समुद्र से पार करने के लिये जहाज रूप! अर्थात् समुद्र से पार उतारने वाले! हे ब्रह्मादि देवताओं से नमस्कृत चरणपीठ वाले! पुत्ररूप अग्नि के ताप से सन्तप्त मेरी रक्षा करो ॥३७॥ हमारे समान शठ दूसरा कोई नहीं है जो मैंने देवकी पुत्र श्रीकृष्णचन्द्र के वचनों का उल्लङ्घन कर पुत्र में दुराशा की। कौन अभागा पुरुष भाग्य में रहने वाली वस्तु को प्राप्त कर सकता है ॥३८॥

इति श्रीबृहन्नारदीयपुराणे पुरुषोत्तममासमाहात्म्ये श्रीनारायणनारदसंवादे
दृढधन्वोपाख्याने सुदेवविलापो नाम सप्तदशोऽध्यायः ॥१७॥

अष्टदशोऽध्याय

नारद उवाच—

दृढ़धन्वा महीपां किमुवाच ततः परम्। वाल्मीकिर्भगवान्साक्षात्तद्वदस्व तपोनिधे ॥१॥

श्रीनारायण उवाच—

दृढ़धन्वा स राजर्षिः श्रुत्वा प्राक्तनमात्मनः। सविस्मयं समापृच्छद्वाल्मीकिं मुनिसत्तमम् ॥२॥

दृढ़धन्वोवाच—

ब्रह्मंस्तव वचो रम्यं सुधाकल्पं नवं नवम्। पीत्वा पीत्वा न तृप्तोऽस्मि भूयो वद ततः परम् ॥३॥

वाल्मीकिरुवाच—

एवं विलपतस्तस्य विप्रस्य जगतीपते। अकालजलदोऽभ्यागाद् गर्जयंश्च दिशो दश ॥४॥

ववौ वायुः खरस्पर्शः कम्पयन्निव पर्वतान्। बृहल्लसन्महाविद्युत्स्वनेनापूरयन् दिशः ॥५॥

नारदजी बोले—हे तपोनिधे! उसके बाद साक्षात् भगवान् वाल्मीकि मुनि ने राजा दृढ़धन्वा को क्या कहा सो आप कहिये ॥१॥ श्रीनारायण बोले—वह राजर्षि दृढ़धन्वा अपने पूर्व-जन्म का वृत्तान्त सुनकर आश्चर्य करता हुआ मुनिश्रेष्ठ वाल्मीकि मुनि से पूछता है ॥२॥ दृढ़धन्वा बोला—हे ब्रह्मन्! आपके नवीन-नवीन सुन्दर अमृत के समान वचनों को बारम्बार पान कर भी मैं तृप्त नहीं हुआ। इसलिये पुनः उसके बाद का वृत्तान्त कहिये ॥३॥ वाल्मीकि मुनि बोले—हे भूतलपते! इस प्रकार उस ब्राह्मण के विलाप करते समय गर्जना से दशों दिशाओं को गुञ्जित करता हुआ असमय में होने वाला मेघ आया ॥४॥ पर्वतों को कँपाने के समान तीक्ष्ण स्पर्शोंवाला वायु बहने लगा। और बिजली अत्यन्त चमकती हुई अपनी आवाज से दश दिशाओं को पूर्ण करती हुई ॥५॥ इस तरह एक मास तक वृष्टि हुई जिस जल से पृथ्वी भर गई परन्तु दृढ़-

यावन्मासं ववर्षैवं मही पूर्णजलाऽभवत्। नासौ विज्ञातवान् किञ्चित्पुत्रशोकाग्नितापितः ॥६॥
न पपौ बुभुजे नैव पुत्र पुत्र इति ब्रुवन्। एवं विलपतस्तस्य मासो यो विगतस्तदा ॥७॥
श्रीकृष्णवल्लभो मासः सोऽभवत्पुरुषोत्तमः। अजानतोऽपि तस्यासीत्पुरुषोत्तमसेवनम् ॥८॥
तेनात्यन्तप्रसन्नः सन् प्रादुरासीद्धरिः स्वयम्। नवीनजलदश्यामो वनमालविभूषितः ॥९॥
प्रादुर्भूते जगन्नाथे विलीना धनराजयः। ततो ददर्श विप्रोऽसौ श्रीकृष्णं पुरुषोत्तमम् ॥१०॥
सहसाङ्कगतं पुत्रदेहं भुवि निधाय च। सपत्नीको नमश्चक्रे दण्डवच्छ्रीहरिं मुदा ॥११॥
बद्धाञ्जलिपुटो भूत्वा संस्थितः श्रीहरेः पुरः। श्रीकृष्ण एव शरणं ममास्त्विति विचिन्तयन् ॥१२॥
भगवानपि तुष्टः सन् पुरुषोत्तमसेवनात्। अवोचन्मधुरां वाणीं बृहत्पपयूषवर्षिणीम् ॥१३॥

शोकरूप अग्नि के ताप से सन्तप्त वह ब्राह्मण कुछ भी नहीं जान सका ॥६॥ न तो जलपान किया और न भोजन ही किया। केवल हे पुत्र! इस प्रकार कहकर विलाप करते हुए ब्राह्मण का उस समय जो मास व्यतीत हुआ ॥७॥ वह श्रीकृष्णचन्द्र का प्रिय पुरुषोत्तम मास था। सो न जानते हुए उस ब्राह्मण को पुरुषोत्तम मास का सेवन हो गया ॥८॥ उस पुरुषोत्तम मास के सेवन से अत्यन्त प्रसन्न नूतन मेघ के समान श्याम वर्ण, वनमाला से भूषित हरि भगवान् स्वयं प्रगट हुए ॥९॥ जगत् के नाथ हरि भगवान् के प्रगट होने पर मेघसमूह गायब हो गया। बाद उस ब्राह्मण ने पुरुषोत्तम श्रीकृष्णचन्द्र को देखा ॥१०॥ दर्शन होने के साथ ही गोद में लिये हुए पुत्र के शरीर को जमीन पर रखकर स्त्री सहित ब्राह्मण श्रीकृष्ण भगवान् को दण्डवत् नमस्कार करता हुआ ॥११॥ हाथ जोड़कर श्रीकृष्ण भगवान् के सामने खड़ा होकर श्रीकृष्ण भगवान् ही हमारे रक्षक हों ऐसा विचार करता हुआ ॥१२॥ भगवान् भी पुरुषोत्तम की सेवा से प्रसन्न हो अमृत की वृष्टि करने वाली अत्यन्त मधुर वाणी से बोले ॥१३॥ श्रीहरि,

श्रीहरिरुवाच

भो भो सुदेव धन्योऽसि भाग्यवान् सम्प्रतं भवान्। त्वद्भाग्यं वर्णितुं को वा समर्थो भुवनत्रये ॥१४।
शृणु वत्स प्रवक्ष्येऽहं यत्ते भावि तपोधन। द्वादशाब्दसहस्रायुः पुत्रस्ते भविता द्विज: ॥१५।
अतः परं न सन्देहस्तव पुत्रोद्भवे सुखम्। मयाऽयं ते सुतो दत्तः प्रसन्नेन द्विजोत्तम् ॥१६।
तव पुत्रसुखं दृष्ट्वा देवगन्धर्वमानवाः। सस्पृहास्ते भविष्यन्ति प्रसादान्मे द्विजोत्तम ॥१७।
अत्र ते कथयिष्यामि इतिहासं पुरातनम्। मार्कण्डेयेन मुनिना पुरा प्रोक्तं रघुं नृपम् ॥१८।
पुरा मुनीश्वरः कश्चि द्धनुर्नामा महामनाः। पश्यन् पुत्रादिनिर्दग्धान् लोकान् दीनमना अभूत् ॥१९।
अमरं पुत्रमन्विच्छंस्तपस्तेपे सुदारुणम्। सहस्राब्दे गते काले देवास्तमब्रुवन्मुनिम् ॥२०।
वरं वरय भद्रं ते यस्ते मनसि वाञ्छितः। प्रसन्नाः स्मो वयं सर्वे तीव्रेण तपसा तव ॥२१।

भगवान् बोले– भो भो सुदेव! तुम धन्य हो, इस समय आप भाग्यवान् हो, तुम्हारे भाग्य के वर्णन करने में त्रैलोक्य में कौन समर्थ है? ॥१४॥ हे वत्स! हे तपोधन! जो तुम्हारा होने वाला है उसको हम कहेंगे, तुम सुनो। हे ब्राह्मण! बारह हजार वर्ष की आयु वाला पुत्र तुमको होगा ॥१५॥ इसके बाद तुमको पुत्र से होने वाले सुख में सन्देह नहीं है। हे द्विजोत्तम! प्रसन्न मन से मैंने यह पुत्र तुमको दिया है ॥१६॥ हमारे प्रसाद से होने वाले तुम्हारे पुत्र-सुख को देखकर हे द्विजोत्तम! देवता, गन्धर्व और मनुष्य लोग पुत्र-सुख की इच्छा करने वाले होंगे ॥१७॥ इस विषय में तुमसे प्राचीन इतिहास मैं कहूँगा, जिस इतिहास को पहले मार्कण्डेय मुनि ने राजा रघु से कहा था ॥१८॥ प्रथम कोई श्रेष्ठ मन वाले धनुर्नामक मुनीश्वर लोकों को पुत्र रूप मानसिक चिन्ता से जले हुए देखकर दुःखित हुए ॥१९॥ और अमर पुत्र की इच्छा करके दारुण तप करने लगे। हजार वर्ष बीत जाने पर धनुर्मुनि से देवता लोग बोले ॥२०॥ हे मुनीश्वर! तुम्हारे कठिन तप से हम सब प्रसन्न हैं इसलिये अपने मन के अनुसार श्रेष्ठ वर को माँगो ॥२१॥

श्रीनारायण उवाच-

इति देववचः श्रुत्वा सुतृप्तोऽमृतसन्निभम्। वव्रे तपोधनः पुत्रममरं बुद्धिशालिनम्।२२।
तमूचुर्निर्जराः सर्वे नैवं भूतोऽस्ति भूतले। पुनराह मुनिर्देवान्निमित्तायुर्भवत्विति।२३।
सुराः प्रोचुर्निमित्तं किं वद सोऽप्यवदन्मुनिः। असौ महान् गिरिर्यावत्तावदायुर्विधीयताम्।२४।
एवमस्त्विति सम्भाष्य सेन्द्रा देवा दिवं ययुः। धनुःशर्मा सुतं लेभे कालेनाल्पेन तादृशम्।२५।
स पुत्रो ववृधे तस्य तारापतिरिवाम्बरे। प्राप्ते तु षोडशे वर्षे पुत्रं प्राह मुनीश्वरः।२६।
हे वत्स मुनयः सर्वे नावज्ञेयाः कदाचन। शिक्षितोऽपि तथा पुत्रः सोद्वेगानकरोन्मुनीन्।२७।
निमित्तायुर्बलोन्मत्तो ब्राह्मणानवमन्यते। कदाचिन्महिषो नाम मुनिः परमकोपनः।२८।

श्रीनारायण बोले- देवताओं के अमृत तुल्य इस वचन को सुनकर उन तपोधन धनुर्नामक मुनि ने बुद्धिमान् और अमर पुत्र को माँगा ॥२२॥ बाद उस ब्राह्मण से देवताओं ने कहा कि पृथिवी में ऐसा पुत्र नहीं है। तब धनुमुनि ने देवताओं से कहा कि अच्छा ऐसा पुत्र दो जिसके आयु की मर्यादा बँधी हो ॥२३॥ देवताओं ने कहा कि कैसी मर्यादा चाहिये? कहो। इस पर उस मुनि ने कहा कि यह महान् पर्वत जब तक रहे तब तक उसकी आयु होवे ॥२४॥ 'ऐसा ही हो' इस प्रकार कहकर इन्द्रादि देवता स्वर्ग को चले गये। धनुशर्मा ने थोड़े समय में वैसा ही पुत्र को प्राप्त किया ॥२५॥ उन मुनि का पुत्र आकाश में चन्द्र के समान बढ़ने लगा। सोलहवें वर्ष के होने पर मुनीश्वर ने पुत्र से कहा ॥२६॥ हे वत्स! ये मुनि लोग कभी भी अपमान करने योग्य नहीं हैं। इस तरह शिक्षा देने पर भी उस पुत्र ने मुनियों का अनादर किया ॥२७॥ आयु की मर्यादा के बल से उन्मत्त उसने ब्राह्मणों का अपमान किया। किसी समय परम क्रोधी महिष नामक मुनि ने ॥२८॥ विधि से शुभ फल देने वाले शालग्राम शिला का पूजन किया। उसी

पूजयामास विधिना शालग्रामशिलां शुभाम्। तदानीं स समागत्य तामादाय त्वरान्वितः ॥२९॥
चिक्षेप निजचाञ्चल्यात् कूपे पूर्णजले हसन्। ततः क्रोधसमाविष्टः कालरुद्र इवापरः ॥३०॥
शशाप धनुषः पुत्रमद्यैव म्रियतामयम्। न मृतं पुत्रमालक्ष्य दध्यौ मनसि कारणम् ॥३१॥
निमित्तायुरयं देवैः कृतोऽयं धनुषः सुतः। इति चिन्तापरेणाशु निश्वासः प्रकटीकृतः ॥३२॥
महिषाः कोटिशो जातास्तैर्गिरिः शकलीकृतः। तदानीं मृतिमापन्नो मुनिपुत्रोऽतिदुर्मदः ॥३३॥
धनुःशर्माऽतिदुःखेन विललाप मुहुर्मुहुः। विलप्य बहुधा विप्रो गृह्य पुत्रकलेवरम् ॥३४॥
प्रविवेश चितावह्नौ पुत्रदुःखातिपीडितः। एवं हठात्सपुत्रा ये न सुखं यान्ति कुत्रचित् ॥३५॥
वैनतेयेन यो दत्तस्तनयोऽयं तपोधन। तेन त्वं पुत्रवान् लोके स्पृहणीयो भविष्यसि ॥३६॥

समय उस बालक ने वहाँ आकर शालग्राम की शिला को जल्दी से लेकर ॥२९॥ अपनी चञ्चलता के कारण हँसता हुआ पूर्ण जल वाले कूप में छोड़ दिया। बाद क्रोध से युक्त दूसरे कालरुद्र के समान महिष मुनि ने ॥३०॥ उस धनुमुनि के पुत्र को शाप दिया कि यह अभी मर जाय। परन्तु उसे मृत हुए न देखकर मन में मृत्यु का कारण का ध्यान किया ॥३१॥ देवताओं ने इस धनुष के पुत्र को निमित्तायु वाला बनाया है। इस तरह चिन्ता करते हुए महिष मुनि ने लम्बी साँस ली ॥३२॥ जिससे कई कोटि महिष पैदा हो गये और उन महिषों ने पर्वत को टुकड़ा-टुकड़ा कर दिया। उसी समय मुनि का अत्यन्त दुर्मद लड़का मर गया ॥३३॥ धनुःशर्मा ने अत्यन्त दुःख से बार-बार विलाप किया। बाद अनेक प्रकार विलाप कर पुत्र के शरीर को लेकर ॥३४॥ पुत्र के दुःख से अत्यन्त पीड़ित हो चिता की अग्नि में प्रवेश किया। इस प्रकार हठ से पुत्र प्राप्त करने वाले कहीं भी सुख को नहीं पाते हैं ॥३५॥ हे तपोधन! गरुड़जी ने यह जो पुत्र दिया है इससे संसार में तुम प्रशंसनीय पुत्रवान् होगे ॥३६॥ हे अनघ! मैंने प्रसन्न

पुरुषोत्तममाहात्म्यात प्रसन्नेन मयाऽनघ। सुचिरं स्थापितोऽयं हि तनयः सुखदोऽस्तु ते।३७।
गार्हस्थ्यमतुलं भुक्त्वा सह पुत्रेण सर्वदा। ततस्त्वं ब्रह्मणो लोके गत्वा तत्र महत्सुखम्।३८।
दिव्याब्दवर्षसाहस्रं भुक्त्वा गतान्सि भूतले। ततो राजा चक्रवर्ती भविष्यसि द्विजोत्त।३९।
दृढधन्वेति विख्यातः समृ।बलवाहनः। संवत्सराणामयुतं राज्यं भोक्ष्यसि पार्थिवम्।४०।
अव्याहतबलैश्वर्यमाखण्डलपाधिकम्। गौतमीयं तवाङ्गार्धहारिणी महिषी तदा।४१।
पतिसेवारता नित्यं नाम्ना च गुणसुन्दरी। चत्वारस्ते सुता भाव्या राजनीतिविशारदाः।४२।
कन्यैका च महाभागा सुशीला सुवरानना। भुक्त्वा भोगान् महाभाग सुरासुरसुदुर्लभान्।४३।
कृतार्थोऽहं धरापीठे इत्यज्ञानविमोहितः। अतिदुस्तरसंसारविष याकृष्टमानसः।४४।

होकर पुरुषोत्तम के माहात्म्य से इस पुत्र को चिरस्थायी किया है, यह तुमको सुख देने वाला हो।३७॥ पुत्र के साथ सर्वदा गृहस्थाश्रम के सुख को भोगने के बाद तुम ब्रह्मलोक को जाओगे, वहाँ उत्तम सुख॥३८॥ देवताओं के वर्ष से हजार वर्ष पर्यन्त भोग कर पृथ्वी पर आओगे। हे द्विजोत्तम! यहाँ तुम चक्रवर्ती राजा होंगे॥३९॥ दृढधन्वा नाम से प्रसि। तथा सेना, सवारी से युक्त हो दश हजार पर्यन्त पृथिवी के राज्य का सुख भोगोगे॥४०॥ इन्द्र के पद से अधिक अखण्ड बल और ऐश्वर्य होवेगा। उस समय यह गौतमी तुम्हारी पटरानी होवेगी॥४१॥ नित्य पतिसेवा में तत्पर और गुणसुन्दरी नाम वाली होगी। राजनीति विशारद तुमको चार पुत्र होंगे।४२॥ और सुन्दर मुखवाली महाभागा सुशीला नाम की कन्या होगी। हे महाभाग! सुरों और असुरों को दुर्लभ संसार के सुखों को भोगकर॥४३॥ "इस पृथिवी में हमने सब कुछ किया अब कुछ कर्तव्य नहीं है" इस तरह अज्ञान से मोहित होकर अत्यन्त दुस्तर संसार के विषयों से खिंचे हुए मन वाले॥४४॥ तुम संसार रूपी समुद्र के पार करने वाले विष्णु भगवान् को पास

यदा विस्मरसे विष्णु संसारार्णवतारकम्। अयं ते तनयो विप्र शुको भूत्वा तदा वने ।४५।
वटवृक्षं समाश्रित्य त्वामेवं बोधयिष्यति। वैराग्योत्पादकं पद्यं पठन्नेव मुहुर्मुहुः ।४६।
श्रुत्वा वाक्यं शुकप्रोक्तं दुर्मना गृहमेष्यसि। अथ चिन्तार्णवे मग्नं त्यक्त्वा विषयजं सुखम् ।४७।
वाल्मीकिस्त्वां समागत्य बोधयिष्यति भूसुर। तद्वाक्यैश्छिन्नसन्देहस्त्यक्त्वा लिङ्गं हरेः पदम् ।४८।
गमिष्यसि सपत्नीकः पुनरावृत्तिवर्जितम्। वदत्येवं महाविष्णौ समुत्तस्थौ द्विजात्मजः ।४९।
दम्पती तौ सुतं दृष्ट्वा महानन्दौ बभूवतुः। सुराः सर्वेऽपि सन्तुष्टा ववृषुः कुसुमाकरान् ।५०।
ननाम शुकदेवोऽपि श्रीहरिं पितरौ च तौ। गरुडोऽप्यतिसंहृष्टस्तं दृष्ट्वा ससुतं द्विजम् ।५१।

भूल जाओगे तब हे विप्र! उस समय वन में यह तुम्हारा पुत्र शुक पक्षी होकर ॥४५॥ वट वृक्ष के ऊपर बैठकर, वैराग्य पैदा करने वाले श्लोकों को बार–बार पढ़ता हुआ तुमको इस प्रकार बोध करायेगा ॥४६॥ शुक पक्षी के वचन को सुनकर दुःखित मन होकर घर आओगे। बाद संसार के विषय सुखों को छोड़कर चिन्तारूपी समुद्र में मग्न ॥४७॥ हे भूसुर! तुमको वाल्मीकि मुनि आकर ज्ञान करायेंगे। उनके वचन से निःसन्देह हो शरीर को छोड़कर हरि भगवान् के पद को ॥४८॥ दोनों स्त्री–पुरुष तुम जाओगे–जो कि पद आवागमन से रहित कहा गया है। इस प्रकार महाविष्णु के कहने पर वह ब्राह्मण–बालक उठ खड़ा हुआ ॥४९॥ वे दोनों स्त्री–पुरुष ब्राह्मण पुत्र को उठा देखकर अत्यन्त आनन्दित हो गये। सब देवता लोग भी सन्तुष्ट होकर पुष्पों की वर्षा करने लगे ॥५०॥ शुकदेव ने भी श्रीहरि को और माता–पिता को प्रणाम किया। उस ब्राह्मण को पुत्र के साथ देखकर गरुड़जी भी अत्यन्त प्रसन्न हुए ॥५१॥ उस समय चकित होकर

ब्राह्मणश्चकितो भूत्वा ननाम श्रीहरिं तदा। बद्धाञ्जलिपुटो विप्रः प्रोवाच जगदीश्वरम् ।५२।
हृदिस्थं संशयं छेत्तुं हर्षगद्गदया गिरा ।५३।
चत्वार्यब्दसहस्रमेवमनिशं तप्तं तपो दुष्करं तत्रागत्य वचस्त्वया निगदितं यन्मां हरे कर्कशम्।
हे वत्साद्य विलोकितं तव सुतो नैवास्ति नैवास्ति हि
तद्वाक्यं व्यतिलङ्घ्य ये मृतसुतोत्थाने च हेतुं वद ।५४।

इति श्रीबृहन्नारदीयपुराणे पुरुषोत्तममासमाहात्म्ये श्रीनारायणनारदसंवादे
सुदेवपुत्रजीवनं नामाष्टदशोऽध्यायः ।१८।

ब्राह्मण ने श्रीहरि भगवान् को नमस्कार किया और हाथ जोड़कर जगदीश्वर से बोला ॥५२॥ हृदय में होने वाले सन्देह को दूर करने के लिये हर्ष के कारण गद्गद वचन से बोला– ॥५३॥ हे हरे! मैंने चार हजार वर्ष पर्यन्त लगातार अत्यन्त दुष्कर तप किया उस समय मेरे को आपने वहाँ आकर यों कठोर वचन कहा कि हे वत्स! हमने अच्छी तरह देखा है। इस समय तुमको निश्चय पुत्र नहीं है। हे हरे! उस समय वचन का उल्लङ्घन कर मेरे मृत पुत्र को जीवित करने का कारण क्या है? सो आप कहिये ॥५४॥

इति श्रीबृहन्नारदीयपुराणे पुरुषोत्तममासमाहात्म्ये श्रीनारायणनारदसंवादे सुदेवपुत्रजीवनं नामाष्टदशोऽध्यायः ॥१८॥

एकोनविंशतितमोऽध्याय

सूत उवाच-

इति ब्रुवाणं प्राचीनं मुनिमाह तपस्विनः, प्रीणयन्निव सद्वाचा नारदो मुनिसत्तमः ।१।

किमुवाचोत्तरं ब्रह्मन् सुदेवं तपसां निधिम्, प्रसन्नो भगवान् विष्णुस्तन्मे ब्रूहि तपोनिधि ।२।

श्रीनारायण उवाच-

इत्थोमावेदितो विष्णुः सुदेवेन महात्मना, प्रत्याह प्रीणयन् वाचा भगवान् भक्तवत्सलः ।३।

हरिरुवाच-

द्विजराज कृतं यत्ते नैतदन्यः करिष्यति, न तद्वेत्ति भवान्नूनं येनाहं तुष्टिमासवान् ।४।

अयं मम प्रियो मासः प्रयातः पुरुषोत्तमः, तत्सेवा ते समजनि शोकमग्नस्य सस्त्रियः ।५।

श्रीसूतजी बोले-हे तपस्वियों ! इस प्रकार कहते हुए प्राचीन मुनि नारायण को मुनिश्रेष्ठ नारद मुनि ने मधुर वचनों से प्रसन्न करके कहा ॥१॥ हे ब्रह्मन् ! तपोनिधि सुदेव ब्राह्मण को प्रसन्न विष्णु भगवान ने क्या उत्तर दिया सो हे तपोनिधे ! मेरे को कहिये ॥२॥ श्रीनारायण बोले-इस प्रकार महात्मा सुदेव ब्राह्मण ने विष्णु भगवान् से कहा। बाद भक्तवत्सल विष्णु भगवान् ने वचनों द्वारा सुदेव ब्राह्मण को प्रसन्न करके कहा ॥३॥ हरि भगवान् बोले-हे द्विजराज ! जो तुमने किया है उसको दूसरा नहीं करेगा। जिसके करने से हम प्रसन्न हुए उसको आप नहीं जानते हैं ॥४॥ यह हमारा प्रिय पुरुषोत्तम मास गया है। स्त्री के सहित शोक में मग्न तुमसे उस पुरुषोत्तम मास की सेवा हुई ॥५॥ हे तपोनिधे ! इस पुरुषोत्तम मास में जो एक भी

एकमप्युपवासं यः करोत्यस्मिंस्तपोनिधे,

अयासावनन्तपापानि भस्मीकृत्य द्विजोत्तम, सुरयानं समारुह्य वैकुण्ठं याति मानवः ।६।

मासमात्रं निराहारो ह्यकालजलदागमात्, त्रिषु कालेषु ते स्नानं सञ्जातं प्रतिवासरम् ।७।

अभ्रस्नानं त्वया लब्धं मासमात्रं तपोधन, उपवासाश्च ते जातास्तावन्मात्रमखण्डिता ।८।

शोकसागरमग्नस्य पुरुषोत्तमसेवनम्, अजानतोऽपिसञ्जातं चेतनारहितस्य ते ।९।

त्वदीयसाधनस्याय प्रमाणं कः करिष्यति, एकतः साधनान्येव वेदोक्तानि च यानि वै ।१०।

तानि सर्वाणि संगृह्य ह्येकतः पुरुषोत्तमम, तोलयामास देवानां सन्निधौ चतुराननः ।११।

लघून्यन्यानि जातानि गुरुश्च पुरुषोत्तमः, तस्माद्भूमिस्थितैर्लोकैः पूज्यते पुरुषोत्तमः ।१२।

उपवास करता है, हे द्विजोत्तम। वह मनुष्य अनन्त पापों को भस्म कर विमान से वैकुण्ठ लोक को जाता है ॥६॥ सो तुमको एक महीना बिना भोजन किये बीत गया और असमय में मेघ के आने से प्रतिदिन प्रातः मध्याह्न सायं तीनों काल में स्नान भी अनायास हो गया ॥७॥ हे तपोधन। तुमको एक महीना तक मेघ के जल से स्नान मिला और उतने ही अखण्डित उपवास भी हो गये ॥८॥ शोकरूपी समुद्र में मग्न होने के कारण ज्ञान से शक्ति से हीन तुमको अज्ञान से पुरुषोत्तम मास का सेवन हुआ ॥९॥ तुम्हारे इस साधन का तौल कौन कर सकता है? तराजू के एक तरफ पलड़े में वेद में कहे हुए जितने साधन हैं ॥१०॥ उन सबको रखकर और दूसरी तरफ पुरुषोत्तम को रखकर देवताओं के सामने ब्रह्मा ने तौलन किया ॥११॥ और सब हलके हो गये, पुरुषोत्तम भारी हो गया। इसलिये भूमि के रहने वाले लोगों से पुरुषोत्तम का पूजन किया जाता है ॥१२॥ हे तपोधन! यद्यपि पुरुषोत्तम मास

पुरुषोत्तममासस्तु सर्वत्रास्ति तपोधन, तथापि पृथ्वीलोके पूजितः सफलो भवेत्।१३।
तस्मात् सर्वात्मना वत्स भवान् धन्योऽस्ति साम्प्रतम्, यदस्मिंस्तप्तवानुग्रं तपः परमदारुणम्।१४।
मानुषं जन्म सम्प्राप्य मासे श्रीपुरुषोत्तमे, स्नानदानादिरहिता दरिद्रा जन्मजन्मनि।१५।
तस्मात् सर्वात्मना यो वै सेवते पुरुषोत्तमम्, स मे वल्लभतां याति धन्यो भाग्ययुतो नरः।१६।

श्रीनारायण उवाच-

एवमुक्त्वा हरिः शीघ्रं जगाम जगदीश्वरः, वैनतेयं समारुह्य वैकुण्ठममलं मुने।१७।
सपत्नीकः सुदेवस्तु मुमुदेऽहर्निशं भृशम्, मृतोत्थितं शुकं दृष्ट्वा पुरुषोत्तमसेवनात्।१८।
अजानतो ममैवासीत्पुरुषोत्तमसेवनम्, तदेव सफलं जातं येन पुत्रो मृतोत्थितः।१९।

सर्वत्र है, फिर भी इस पृथिवी लोक में पूजन करने से फल देने वाला कहा है ॥१३॥ इसलिये हे वत्स! इस समय आप सब तरह से धन्य हैं, क्योंकि आपने इस पुरुषोत्तम मास में उग्र तथा परम दारुण तप को किया ॥१४॥ मनुष्य शरीर को प्राप्त कर जो लोग श्रीपुरुषोत्तम मास में स्नान, दान आदि से रहित रहते हैं वे लोग जन्म-जन्मान्तर में दरिद्र होते हैं ॥१५॥ इसलिये जो सब तरह से हमारे प्रिय पुरुषोत्तम मास का सेवन करता है वह मनुष्य हमारा प्रिय, धन्य और भाग्यवान् होता है ॥१६॥ श्रीनारायण बोले-हे मुने! जगदीश्वर हरि भगवान् इस प्रकार कह कर गरुड़जी पर सवार होकर शुद्ध वैकुण्ठ भवन को शीघ्र चले गये ॥१७॥ सपत्नीक सुदेवशर्म्मा पुरुषोत्तम मास के सेवन से मृत्यु से उठे शुकदेव पुत्र को देखकर अहर्निश दिन-रात प्रसन्न होता भया ॥१८॥ मुझसे अज्ञानवश पुरुषोत्तम मास का सेवन हुआ और वह पुरुषोत्तम मास का सेवन फलीभूत हुआ। जिसके सेवन से मृत पुत्र उठ खड़ा हुआ ॥१९॥ आश्चर्य है कि ऐसा मास कभी नहीं देखा।

अहो एतादृशो मासो नैव दृष्टः कदाचन, इत्येवं विस्मयाविष्टस्तं मासं समपूजयत् ।२०।
तेन पुत्रेण मुमुदे सपत्नीको द्विजोत्तमः, पितरं नन्दयामास शुकदेवोऽपि सत्कृतैः ।२१।
स्तुवन् मासं च विष्णुं च पूजयामास सादरम्, कर्ममार्गस्पृहां त्यक्त्वा भक्तिमार्गैकस्पृहः ।२२।
सर्वदुःखापहं मासं वरिष्ठं पुरुषोत्तमम्, जपहोमादिभिस्तस्मिन्नभजच्छ्रीहरिं स्त्रिया ।२३।
भुक्त्वाऽथ विषयान् सर्वान् सहस्राब्दमहर्निशम्, जगाम परमं लोकं सपत्नीको द्विजोत्तमः ।२४।
योगिनामपि दुष्प्रापं याजकानां तु तत्कुतः, यत्र गत्वा न शोचन्ति वसन्तो हरिसन्निधौ ।२५।
तत्रत्यं सुखमासाद्य सपत्नीको भवं गतः, स एव दृढधन्वा त्वं प्रथितः पृथिवीपतिः ।२६।

इस तरह आश्चर्य करता हुआ उस पुरुषोत्तम मास का अच्छी तरह पूजन करने लगा ॥२०॥ वह सपत्नीक ब्राह्मणश्रेष्ठ इस पुत्र से प्रसन्न हुआ और शुकदेव पुत्र ने भी अपने उत्तम कार्यों से सुदेवशर्म्मा पिता को प्रसन्न किया ॥२१॥ सुदेवशर्मा ने पुरुषोत्तम मास प्रशंसा की तथा आदर के साथ श्रीविष्णु भगवान् की पूजा की और कर्ममार्ग से होने वाले फलों में इच्छा का त्याग कर एक भक्तिमार्ग में ही प्रेम रक्खा ॥२२॥ श्रेष्ठ पुरुषोत्तम मास को समस्त दुःखों का नाश करने वाला जान कर, उस मास के आने पर स्त्री के साथ जप-हवन आदि से श्रीहरि भगवान् का सेवन करने लगा ॥२३॥ वह सपत्नीक श्रेष्ठ ब्राह्मण निरन्तर एक हजार वर्ष संसार के समस्त विषयों का उपभोग कर विष्णु भगवान् के उत्तम लोक को प्राप्त हुआ ॥२४॥ जो योगियों को भी दुष्प्राप्य है, फिर यज्ञ करने वालों को कहाँ से प्राप्त हो सकता है? जहाँ जाकर विष्णु भगवान् के सन्निकट वास करते हुए शोक के भागी नहीं होते हैं ॥२५॥ वहाँ पर होने वाले सुखों को भोग कर गौतमी तथा सुदेवशर्मा दोनों स्त्री-पुरुष इस पृथ्वी में आये। वहाँ पुनः सुदेवशर्म्मा इस समय दृढ़धन्वा नाम से प्रसिद्ध पृथ्वी के राजा हुए ॥२६॥

पुरुषोत्तममासस्य सेवनात् सकलर्द्धिभाक्, महिषीयं पुरा राजन् गौतमी पतिदेवता ।२७।
एतत्ते सर्वमाख्यातं पृष्टवानसि यन्मम, शुकस्तु तव भूपाल पूर्वजन्मनि यः सुतः ।२८।
शुकदेव इति ख्यातो हरिणा योऽनुजीवितः, द्वादशाब्दसहस्रायुर्भुक्त्वावैकुण्ठमीयिवान् ।२९।
स एवारण्यसरसि वटवृक्षं समाश्रितः, त्वामेवागतमालोक्य पितरं पूर्वजन्मनः ।३०।
हितानामुपदेष्टारं प्रत्यक्षं दैवतं मम, संसारसागरे मग्नं विषयव्यालदूषिते ।३१।
अत्यन्तकृपयाऽविष्टश्चिन्तयामास कीरजः, न बोधयामि चेद्भूपं ममापि बन्धनं भवेत् ।३२।
पुन्नामनरकाद्यस्तु त्रायते पितरं सुतः, इतिश्रुत्यर्थबोधोऽपि स्यादेवाद्यान्यथा मम ।३३।
तस्मादुपकरिष्यामि पितरं पूर्वजन्मनः, अवधार्य वचश्चेत्थं कीरजोऽजीगदन्नृप ।३४।

पुरुषोत्तम नाम के सेवन से समस्त ऋद्धियों के भोक्ता हुए। हे राजन्! यह आपकी पूर्व जन्म की पतिदेवता गौतमी ही पटरानी है ।।२७।। हे भूपाल! जो आपने मुझसे पूछा था सो सब मैंने कहा और शुक पक्षी तो पूर्व जन्म में जो पुत्र ।।२८।। शुकदेव नाम से प्रसिद्ध थे और हरि भगवान् ने जिसको जिलाया था वह बारह हजार वर्ष तक आयु भोग कर वैकुण्ठ को गया ।।२९।। वहाँ वन के तालाब के समीप वट वृक्ष पर बैठकर पूर्व जन्म के पिता तुमको आये हुए देखकर ।।३०।। मेरे हितों के उपदेश करने वाले, प्रत्यक्ष मेरे दैवत, विषयरूपी सर्प से दूषित संसार सागर में मग्न ।।३१।। इस प्रकार पिता को देखकर और अत्यन्त कृपा से युक्त वह शुक पक्षी विचार करने लगा कि यदि मैं इस राजा को ज्ञान का उपदेश नहीं करता हूँ तो मेरा बन्धन होता है ।।३२।। जो पुत्र अपने पिता को पुन्नाम नरक से रक्षा करता है वही पुत्र है। अब मेरा यह श्रुति के अर्थ का ज्ञान भी वृथा हो जायेगा ।।३३।। इसलिये अपने पूर्व जन्म के पिता का उपकार करूँगा। हे राजन् दृढ़धन्वा! इस तरह निश्चय करके वह शुक पक्षी वचन बोला ।।३४।। हे पाप रहित!

इत्येतत्कथितं सर्वं यद्यत्पृष्टं त्वयाऽनघ, अतः परं गमिष्यामि सरयूं पापनाशिनीम् ।३५।

श्रीनारायण उवाच-

इत्येवं प्रथमजनुश्चरित्रमुक्त्वा भूपस्य प्रति यशस्विनश्चिराय,
गच्छन्तं मुनिमनुनीय राजराजः प्रावोचत्किमपि नमन्नगण्यपुण्यः ।३६।

इति श्रीबृहन्नारदीयपुराणे पुरुषोत्तममासमाहात्म्ये श्रीनारायणनारदसंवादे वाल्मीकिनोक्त-
दृढधन्वोपाख्याने पुरुषोत्तममासमाहात्म्यकथनं नामैकोनविंशतितमोऽध्याय ॥१९॥

राजन्! जो आपने पूछा सो यह सब मैंने कहा। अब इसके बाद पापनाशिनी सरयू नदी को जाऊँगा ॥३५॥ श्रीनारायण बोले-इस प्रकार बहुत समय तक उस प्रसिद्ध यशस्वी राजा दृढधन्वा के पूर्वजन्म का चरित्र कहकर जाते हुए वाल्मीकि मुनि की प्रार्थना कर असंख्य पुण्यवान्, राजाओं का राजा वाल्मीकि मुनि को नमस्कार करता हुआ कुछ बोला ॥३६॥

इति श्रीबृहन्नारदीयपुराणे पुरुषोत्तममासमाहात्म्ये श्रीनारायणनारदसंवादे वाल्मीकिनोक्त-दृढधन्वोपाख्याने
पुरुषोत्तममासमाहात्म्यकथनं नामैकोनविंशतितमोऽध्याय ॥१९॥

विंशतितमोऽध्याय

सूत उवाच-

नारायणमुखाच्छ्रुत्वा प्राक्तनं दृढधन्वनः, नातितृप्तमना विप्रा नारदः पृष्टवान्मुनिम् ।१।

नारद उवाच-

किमुवाच महाराजो वाल्मीकिं मुनिसत्तमम्, तन्मे वद विनीताय तपोधन सुविस्तरम् ।२।

श्रीनारायण उवाच-

शृणु नारद वक्ष्येऽहं यदुक्तं दृढधन्वना, अनुनीय महाप्राज्ञं वाल्मीकिं मुनिसत्तमम् ।३।

दृढधन्वोवाच

पुरुषोत्तममासोऽयं कथं कार्यो मुमुक्षुभिः, कीदृशी कस्य पूजा च किं दानं को विधिर्मुने ।४।
एतत्सर्वं समाचक्ष्व सर्वलोकहिताय मे, सर्वलोकहितार्थाय चरन्ति हि भवादृशाः ।५।
असौ मासः स्वयं साक्षाद्भगवान् पुरुषोत्तमः, तस्मिन्कृते महत्पुण्यं त्वन्मुखात्तं श्रुतं मया ।६।

सूतजी बोले–हे विप्रो! नारायण के मुख से राजा दृढ़धन्वा के पूर्व जन्म का वृत्तान्त श्रवणकर अत्यन्त तृप्ति न होने के कारण नारद मुनि ने श्रीनारायण से पूछा ॥१॥ नारद जी बोले–हे तपोधन! महाराज दृढ़धन्वा ने मुनिश्रेष्ठ वाल्मीकि जी से क्या कहा? सो विस्तार सहित विनीत मुझको कहिये ॥२॥ श्रीनारायण बोले–हे नारद! सुनिये। राजा दृढ़धन्वा ने महाप्राज्ञ मुनिश्रेष्ठ वाल्मीकि मुनि की प्रार्थना कर, जो कुछ कहा सो मैं कहूँगा ॥३॥ दृढ़धन्वा बोला–मोक्ष की इच्छा करने वाले लोगों से पुरुषोत्तम मास का सेवन किस प्रकार किया जाय? क्या दान दिया जाय? और इसकी विधि क्या है? ॥४॥ यह सब सम्पूर्ण लोक के कल्याण के लिये मुझसे कहिये, क्योंकि आपके समान महात्मा संसार के हित के लिये ही पृथ्वी पर भ्रमण करते हैं ॥५॥ यह पुरुषोत्तम मास स्वयं साक्षात् पुरुषोत्तम भगवान् हैं, उस पुरुषोत्तम मास के सेवन से महान् पुण्य होता है। यह बात मैंने आपके मुख से भलीभाँति सुनी है ॥६॥ मैंने पूर्व जन्म

पूर्वजन्मन्यहं भूत्वा सुदेवो ब्राह्मणोत्तमः, विधिना कृतवान्मासं दृष्ट्वा पुत्रं मृतोत्थितम् ।७।
अजानतोऽपि मे ब्रह्मन्पुत्रशोकादचेतसः, निराहारस्य सततं गतश्च पुरुषोत्तमः ।८।
तस्याप्येतत्फलं जातं शुकदेवो मृतोत्थितः, अनुभूतमिमं मासं संसेवे हरिणोदितः ।९।
इह जन्मनि तत्सर्वं विस्मृतं मे तपोधन, एतत्पूजाविधानं मे वद विस्तरतः पुनः ।१०।

—वाल्मीकिरुवाच—

ब्राह्मे मुहूर्ते चोत्थाय परब्रह्म विचिन्तयेत्, ततो व्रजेन्नैर्ऋतीं आशां बृहत्सोदकभाजनः ।११।
ग्रामाद्दूरतरं गच्छेत्पुरुषोत्तमसेवकः, दिवासन्ध्यासु कर्णस्थब्रह्मसूत्रं उदङ्मुखः ।१२।
अन्तर्धाय तृणैर्भूमिं शिरः प्रावृत्य वाससा, वक्त्रं नियम्य यत्नेन नो ष्ठीवेन्नोच्छ्वसेदपि ।१३।
कुर्यान्मूत्रपुरीषं च रात्रौ चेद्दक्षिणामुखः, गृहीतशिश्नश्चोत्थाय गृहीतशुचिमृत्तिकः ।१४।

मैं सुदेव नामक ब्राह्मण श्रेष्ठ होकर विधि से पुरुषोत्तम मास का सेवन किया। जिसके प्रताप से मेरा मृत पुत्र उठ खड़ा हो गया ॥७॥ हे ब्रह्मन्! पुत्रशोक के कारण निराहार निराहारी मेरा यह पुरुषोत्तम मास बिना जाने ही बीत गया ॥८॥ अज्ञान से भये पुरुषोत्तम मास का ऐसा फल हुआ कि मृत्यु को प्राप्त शुकदेव उठ खड़ा हो गया। बाद हरि भगवान् के कहने पर इस अनुभूत पुरुषोत्तम मास का पूजन विधान विस्तार पूर्वक मुझसे फिर कहिये ॥१०॥ वाल्मीकि जी बोले—ब्राह्म मुहूर्त में उठकर परब्रह्म का चिंतन करे उसके बाद बड़े पात्र में जल लेकर नैर्ऋत्य दिशा में जाय ॥११॥ पुरुषोत्तम मास को सेवन करने वाला शौच के लिये ग्राम से बहुत दूर जाय। दिन में तथा सन्ध्या में कान पर जनेऊ को रख कर और उत्तरमुख होकर ॥१२॥ पृथिवी को तृण से आच्छादित कर वस्त्र से शिर बाँधकर और मुख को बन्द कर अर्थात् मौन होकर रहे, न थूके और न श्वाँस ले ॥१३॥ इस तरह मल-मूत्र का त्याग करे और यदि रात्रि हो तो दक्षिण मुख होकर मल-मूत्र का त्याग करे और मूत्रेन्द्रिय को पकड़ कर उठे। शुद्ध मिट्टी को ले ॥१४॥ आलस्य छोड़कर दुर्गन्ध

गन्धलेपक्षयकरं कुर्याच्छौचमतन्द्रितः, एका लिङ्गे गुदे पञ्च त्रिर्वामे दश चोभयोः।१५।
द्विसप्त पादयोश्चैव गार्हस्थ्यं शौचमुच्यते, कृत्वा शौचं तु प्रक्षाल्य पादौ हस्तौ च मृज्जलैः।१६।
तीर्थे शौचं न कुर्वीत कुर्वीतोद्धृतवारिणा, अनुद्धृतजलं त्यक्त्वा कुर्यादनुद्धृते।१७।
पश्चात्तच्छोधयेत्तीर्थमशुद्धमन्यथा हि तत्, एवं शौच प्रकुर्वीत पुरुषोत्तमसद्व्रती।१८।
ततः षोडश गण्डूषान्प्रकुर्याद्द्वादशैव वा, मूत्रोत्सर्गे तु गण्डूषानष्टौ वा चतुरो गृही।१९।
उत्थाय नेत्रे पक्षाल्य दन्तकाष्ठं समाहेत्, इमं मन्त्रं समुच्चार्य दन्तधावनमाचरेत्।२०।
आयुर्बलं यशो वर्चः प्रजाः पशुवसूनि च, ब्रह्म प्रज्ञां च मेधां च त्वं नो देहि वनस्पते।२१।
अपामार्गं बादरं वा द्वादशाङ्गुलमव्रणम्, कनिष्ठाङ्गुलिवत्स्थूलं पूर्वार्द्धकृतकूर्चकम्।२२।

दूर करने के लिये मृत्तिका से शुद्धि करे। लिङ्ग में एक बार, गुदा में पाँच बार, बायें हाथ में तीन बार, दोनों हाथों में दश बार मिट्टी लगावें॥१५॥ दोनों पैरों में १४ बार लगावें। यह गृहस्थाश्रमी का शौच कहा है। इस तरह शौच कर मिट्टी और जल से पैर और हाथ धोकर दूसरा कार्य करे॥१६॥ तीर्थ में शौच न करे। तीर्थ से जल निकाल कर शौच करे। दो हाथ जल वाले गड्ढे को छोड़कर यदि अनुद्धृत जल में अर्थात् तीर्थ में शौच करे॥१७॥ तो बाद तीर्थ की शुद्धि करे अन्यथा तीर्थ अशुद्ध हो जाता है। इस प्रकार पुरुषोत्तम का उत्तम व्रत करने वाला शौच करे॥१८॥ तदनन्तर सोलह कुल्ला अथवा बारह कुल्ला करे। मूत्र का त्याग करने के बाद आठ अथवा चार कुल्ला गृहस्थ करे॥१९॥ उठकर प्रथम नेत्रों को धो डाले। बाद दतुअन ले आवे और इस मन्त्र को अच्छी तरह कह कर दन्तधावन करे॥२०॥ हे वनस्पते! आयु, बल, यश, वर्च, प्रजा, पशु, वसु, ब्रह्मज्ञान और मेधा को मेरे लिये दो॥२१॥ अपामार्ग अथवा बेर की बारह अङ्गुल की छेद रहित दतुअन कानी अङ्गुली के समान मोटी हो जिसके पूर्व के आधे भाग में कूर्चा बनी हो उस दतुअन से मुख शुद्धि करे॥२२॥ रविवार के दिन काष्ठ से दतुअन करना मना किया है। इसलिये

शुचिर्द्वादशगण्डूषैर्निषिद्धं भानुवासरे, आचम्य प्रयतः सम्यक् प्रातः स्नानं समाचरेत् ।२३।
स्नानादनन्तरं तावत्तर्पयेत्तीर्थदेवताः, समुद्रगानदीस्नानमुत्तमं परिकीर्तितम् ।२४।
वापीकूपतडागेषु मध्यमं कथितं बुधैः, गृहे स्नानं तु सामान्यं गृहस्थस्य प्रकीर्त्तितम् ।२५।
ततश्च वाससी शुद्धे शुक्ले च परिधाय च, उत्तरीयं सदा धार्यं ब्राह्मणेन विजानता ।२६।
उपविश्य शुचौ देशे प्राङ्मुखो वा उदङ्मुखः, भूत्वा बद्धशिखः कुर्यादन्तर्जानुभुजद्वयम् ।२७।
सपवित्रेण हस्तेन कुर्यादाचमनक्रियाम्, नोच्छिष्टं तत्पवित्रं तु भुक्त्वोच्छिष्टं तु वर्जयेत् ।२८।
आचम्य तिलकं कुर्याद्गोपीचन्दनमृत्स्नया, ऊर्ध्वपुण्ड्रमृजुं सौम्यं दण्डाकारं प्रकल्पयेत् ।२९।
ऊर्ध्वपुण्ड्रं त्रिपुण्ड्रं वा मध्ये छिद्रं प्रकल्पयेत्, निवसत्यूर्ध्वपुण्ड्रे तु श्रिया सह हरिः स्वयम् ।३०।

बारह कुल्ला से मुख शुद्धि करे। बाद आचमन कर अच्छी तरह प्रातःकाल में स्नान करे ॥२३॥ स्नान के बाद उसी समय तीर्थ के देवताओं को तर्पण के द्वारा तृप्त करे और समुद्र में मिली हुई नदी में स्नान करना उत्तम कहा है ॥२४॥ बावली कूप तालाब में स्नान करना विद्वानों ने मध्यम कहा है और गृहस्थ को गृह में स्नान करना सामान्य कहा है ॥२५॥ स्नान के बाद शुद्ध और शुक्ल ऐसे दो वस्त्रों को धारण करे। ब्राह्मण कन्धे पर रखे जाने वाले उत्तरीय वस्त्र को सावधानी के साथ हमेशा धारण करे ॥२६॥ पवित्र स्थान में पूर्व मुख अथवा उत्तर मुख होकर बैठे और शिखा बाँध कर दोनों जाँघों के अन्दर हाथों को रखे ॥२७॥ कुश की पवित्री हाथ में धारण कर आचमन क्रिया को करे। ऐसा करने से पवित्री अशुद्ध नहीं होती है। परन्तु भोजन करने से पवित्री अशुद्ध हो जाती है। इसलिये भोजन के बाद उस पवित्री का त्याग करे ॥२८॥ आचमन के बाद गोपीचन्दन की मिट्टी से तिलक धारण करे। वह तिलक ऊर्ध्वपुण्ड्र हो, सीधा हो, सुन्दर हो, दण्ड के आकार का हो ऐसा धारण करे ॥२९॥ ऊर्ध्वपुण्ड्र हो अथवा त्रिपुण्ड्र उसके मध्य में छिद्र बनावे। ऊर्ध्वपुण्ड्र में लक्ष्मी के साथ हरि भगवान् स्वयं निवास करते हैं ॥३०॥

त्रिपुण्ड्रे धूर्जटिः साक्षादुमया सह सर्वदा, विना छिद्रं तु तत्पुण्ड्रं शुनः पादसमं विदुः ।३१।
श्वेतं ज्ञानकरं प्रोक्तं रक्तं वश्यकरं नृणाम्, पीतं सर्वर्द्धिदं प्रोक्तमन्यत्तु परिवर्जयेत् ।३२।
शङ्खचक्रादिकं धार्यं गोपीचन्दनमृत्स्नया, सर्वपापक्षयकरं पूजाङ्गं परिकीर्त्तितम् ।३३।
शङ्खचक्रादिचिह्नानि दृश्यन्ते यस्य विग्रहे, मर्त्यो मर्त्यो न विज्ञेयः स नित्यं भगवत्तनुः ।३४।
पापं सुकृतरूपं तु जायते तस्य देहिनः, शङ्खचक्रादिचिह्नानि यो धारयति नित्यशः ।३५।
नारायणायुधैर्नित्यं चिह्नितो यस्य विग्रहः, पापकोटियुतस्यापि तस्य किं कुरुते यमः ।३६।
प्राणायामं ततः कृत्वा सन्ध्यावन्दनमाचरेत्, पूर्वसन्ध्यां सनक्षत्रामुपासीत यथाविधि ।३७।
गायत्रीमभ्यसेत्तावद्यावदादित्यदर्शनम्, सावित्रैरनघैर्मन्त्रैरुपस्थाय कृताञ्जलिः ।३८।

त्रिपुण्ड्र में पार्वती सहित साक्षात् शङ्कर भगवान् सर्वदा वास करते हैं। बिना छिद्र का पुण्ड्र कुत्ते के पैर के समान विद्वानों ने कहा हैं ।३१॥ सफेद तिलक ज्ञान को देने वाला है, लाल तिलक मनुष्यों को वशीकरण करने वाला कहा है, पीला समस्त ऋद्धि को देने वाला कहा है। इससे भिन्न तिलक को नहीं लगावे ॥३२॥ गोपीचन्दन को मिट्टी से शङ्ख, चक्र, गदा, पद्म, धारण करे। यह सम्पूर्ण पापों को नाश करने वाला और पूजा का अङ्ग कहा गया है ॥३३॥ जिसके शरीर में शङ्ख, चक्रादि भगवान् के आयुधों का चिह्न देखने में आता है उस मनुष्य को, मनुष्य नहीं समझना। वह भगवान् का शरीर है ।३४॥ जो शङ्ख चक्र आदि चिह्नों को नित्य धारण करता है, उस देही के पाप पुण्यरूप हो जाते हैं ।३५॥ नारायण के आयुधों से जिसका शरीर चिह्नित रहता है उसका कोटि-कोटि पाप होने पर भी यमराज क्या कर सकता है? ॥३६॥ बाद प्राणायाम करके सन्ध्यावन्दन करे। प्रातःकाल की सन्ध्या विधिपूर्वक नक्षत्र रहने पर करे ॥३७॥ जब तक सूर्यनारायण का दर्शन न हो तब तक गायत्री मन्त्र का जप करे और सूर्योपस्थान के मन्त्रों से उठकर अञ्जलि बाँध कर उपस्थान करे ॥३८॥ सायंकाल के समय अपने पैर को पृथिवी में करके

आत्मपादौ तथा भूमौ सन्ध्याकालेऽभिवादयेत्, यस्य स्मृत्येति मन्त्रेण यदूनं परिपूरयेत ॥३९॥

यस्तु संध्यामुपासीत श्रद्धया विधिवद्द्विजः, न तस्य किञ्चिद्दुष्प्रापं त्रिषु लोकेषु विद्यते ॥४०॥

दिवसस्यादिमे भागे कृत्यमेतदुदीरितम्, एवं कृत्वा क्रियां नित्यं हरिपूजां समाचरेत् ॥४१॥

उपलिप्ते शुचौ देशे नियतो वाग्यतः शुचिः, वृत्तं वा चतुरस्रं वा मण्डलं गोमयेन तु ॥४२॥

विधायाष्टदलं कुर्यात्तण्डुलैर्व्रतसिद्धये, सौवर्णं राजतं ताम्रं मृन्मयं सुदृढं नवम् ॥४३॥

अव्रणं कलशं शुद्धं स्थापयेन्मण्डलोपरि, तत्रोदकं समापूर्य शुद्धतीर्थाहृतं शिवम् ॥४४॥

कलशस्य मुखे विष्णुः कण्ठे रुद्रः समाश्रितः, मूले तत्र स्थितो ब्रह्मा मध्ये मातृगणाः स्मृताः ॥४५॥

कुक्षौ तु सागराः सर्वे सप्त द्वीपा वसुन्धरा, ऋग्वेदोऽथ यजुर्वेदः सामवेदो ह्यथर्वणः ॥४६॥

नमस्कार करे। यस्य स्मृत्या च नामोक्त्या तपोयज्ञक्रियादिषु। न्यूनं सम्पूर्णतां याति सद्यो वन्दे तमच्युतम्॥ जो कमी रह गई हो उसको इस मन्त्र से पूर्ण करे ॥३९॥ जो द्विज (ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य) श्रद्धा के साथ सन्ध्या करता है उसको तीनों लोकों में कुछ भी दुष्प्राप्य नहीं है ॥४०॥ दिन के आदि भाग (प्रातःकाल) में होने वाले कृत्य को कहा। इस प्रकार प्रातःकाल की नित्य क्रिया को करके हरि भगवान् की पूजा को करे ॥४१॥ लीपे हुए स्थान में नियम स्थित होकर और मौन तथा पवित्र होकर गोबर से गोल अथवा चौकोर मण्डल को ॥४२॥ बनाकर व्रत की सिद्धि के लिये चावलों से अष्टदल कमल बनावे। बाद सुवर्ण, चाँदी, ताँबा अथवा मिट्टी का मजबूत और नवीन ॥४३॥ छिद्र रहित शुद्ध कलश को उस मण्डल के ऊपर स्थापित करे और उस कलश में शुद्ध तीर्थों से लाये हुए कल्याणप्रद जल को भर कर ॥४४॥ कलश के मुख में विष्णु, कण्ठ में रुद्र भगवान् अच्छी तरह वास करते हैं। उसके मूल में ब्रह्माजी स्थित रहते हैं, मध्य भाग में मातृगण कहे गये हैं ॥४५॥ कोख में समस्त समुद्र और सात द्वीप वाली वसुन्धरा, ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्वण वेद ॥४६॥ व्याकरण आदि अङ्गों के साथ सब कलश में स्थित हों। इस

अङ्गैश्च सहिताः सर्वे कलशं तु समाश्रिताः, एवं संस्थाप्य कलशं तत्र तीर्थानि योजयेत् ।४७।
गङ्गा गोदावरी चैव कावेरी च सरस्वती, आयान्तु मम शान्त्यर्थं दुरितक्षयकारकाः ।४८।
ततः सम्पूज्य कलशमुपचारैः समन्त्रकैः, गन्धाक्षतैश्च नैवेद्यैः पुष्पैस्तत्कालसम्भवैः ।४९।
तस्योपरि न्यसेत्पात्रं ताम्रं पीताम्बरावृतम्, तस्योपरि न्यसेद्धैमं राधया सहितं हरिम् ।५०।
राधया सहितः कार्यः सौवर्णः पुरुषोत्तमः, तस्य पूजा प्रकर्तव्या विधिना भक्तितत्परैः ।५१।
पुरुषोत्तममासस्य दैवतं पुरुषोत्तमः, तस्य पूजा प्रकर्त्तव्या सम्प्राप्ते पुरुषोत्तमे ।५२।
संसारसागरे मग्नमुत्तारयति यो ध्रुवम्, को न सेवेत तं लोके मर्त्यो मरणधर्मवान् ।५३।
पुनर्ग्रामाः पुनर्वित्तं पुनः पुत्राः पुनर्गृहम्, पुनः शुभाशुभं कर्म न शरीरं पुनः पुनः ।५४।
तद्रक्षितं तु धर्मार्थे धर्मो ज्ञानार्थमेह हि, ज्ञानेन सुलभो मोक्षस्तस्माद्धर्मं समाचरेत् ।५५।

प्रकार कलश को स्थापित करके उसमें तीर्थों का आवाहन करे ॥४७॥ गङ्गा, गोदावरी, कावेरी और सरस्वती मेरी शान्ति के लिये तथा पापों के नाश करने के हेतु आवें ॥४८॥ तदनन्तर उस कलश का मन्त्रपाठ पूर्वक गन्ध, अक्षत, नैवेद्य और उस काल में होने वाले पुष्प आदि उपचारों से पूजन करके ॥४९॥ उसके ऊपर पीले वस्त्र से लपेटा हुआ ताँबे का पात्र स्थापित करे। उस पात्र के ऊपर राधा के साथ हरि की मूर्ति को स्थापित करे ॥५०॥ राधा के सहित सुवर्ण की पुरुषोत्तम भगवान् की प्रतिमा बनावें और भक्ति में तत्पर होकर विधि के साथ उस प्रतिमा की पूजा करे ॥५१॥ जो इस संसारसागर में डूबे हुए को उबारता है उसकी इस लोक में भी मृत्यु धर्म वाला कौन मनुष्य पूजा नहीं करता है? ॥५३॥ ग्राम फिर मिलते हैं, धन फिर मिलता है, पुत्र फिर मिलते हैं, गृह फिर मिलता है, शुभ-अशुभ कर्म फिर मिलते हैं, परन्तु शरीर फिर-फिर नहीं मिलता है ॥५४॥ इस शरीर की रक्षा धर्म के लिये धर्म की रक्षा ज्ञान के लिये हुआ करती है और ज्ञान से मोक्ष सुलभ हुआ करता है। इसलिये धर्म को करना चाहिये ॥५५॥ देहकान

देहरूपस्य वृक्षस्य फलं धर्मः सनातनः, धर्महीनस्तु यो देहो निष्फलो वन्ध्यवृक्षवत् ॥५६॥
न माता च सहायार्थे न कलत्रसुतादयः, न पिता सोदरा वित्तं धर्मस्तिष्ठति केवलम् ॥५७॥
जरा व्याघ्रीव भयदा व्याधयः शत्रवो यथा, आयुर्याति प्रतिदिनं भग्नभाण्डात् पयो यथा ॥५८॥
तरङ्गतरला लक्ष्मीर्यौवनं कुसुमोपमम्, विषयाः स्वप्नविषया इव सर्वे निरर्थकाः ॥५९॥
चलं चित्तं चलं वित्तं चलं संसारजं सुखम्, एवं ज्ञात्वा विरक्तः सन् धर्माभ्यासपरो भवेत् ॥६०॥
अर्धग्रस्तोऽहिना भेको मक्षिकामत्तुमिच्छति कालग्रस्तस्तथा जीवः परपीडाधनाहृतः ॥६१॥
मृत्युग्रस्तायुषः पुंसः किं सुखं हर्षयत्यहो, आघातं नीयमानस्य वध्यस्येव निरर्थकम् ॥६२॥
धर्मार्थं च यदा चित्तं न वित्तं सुलभं तदा, यदा वित्तं न च तदा चित्तं धर्मोन्मुखं भवेत् ॥६३॥

वृक्ष का फल सनातन धर्म कहा गया है जो शरीर धर्म से रहित है वह बाँझ वृक्ष के समान निष्फल है ॥५६॥ सहायता के लिये न माता काम आती है न स्त्री-पुत्र आदि कहे गये हैं तथा न पिता, न सहोदर भाई, न धन काम आते हैं। केवल धर्म ही उसका प्रधान सहारा कहा गया है ॥५७॥ वृद्धावस्था सिंहिनी के समान भय देने वाली है और रोग शत्रु के समान पीड़ा देने वाले हैं। फूटे हुए बर्तन से जल गिरने के समान आयु प्रतिदिन क्षीण होती रहती है ॥५८॥ जल के तरङ्ग के समान चञ्चल लक्ष्मी, पुष्प के समान क्षणमात्र में मुरझाने वाली युवावस्था, स्वप्न के राज्यसुख के समान संसार के विषयसुख प्रभृति सभी निरर्थक हैं ॥५९॥ धन चञ्चल है, चित्त चञ्चल है और संसार में होने वाला सुख चञ्चल है। ऐसा जानकर संसार से विरक्त होकर धर्म के साधन में तत्पर होवे ॥६०॥ जैसे सर्प से आधा देह निगले जाने पर भी मेंढक मक्खी को खाने की इच्छा करता ही रहता है, उसी प्रकार काल से ग्रसा हुआ जीव दूसरे को पीड़ा देने में तथा दूसरे का धन अपहरण करने में प्रेम करता है ॥६१॥ मृत्यु से ग्रस्त आयु वाले पुरुष को सुख क्या हर्ष करता है? वध के लिये वधस्थान को पहुँचाये जाने वाले पशु के समान सारा सुख व्यर्थ है ॥६२॥ जब धर्म करने के लिये चित्त होता है तो उस समय धन का मिलना सुलभ नहीं होता है, जब धन होता है तो उस समय चित्त धर्म करने के लिये उत्सुक नहीं होता है ॥६३॥

चित्तं वित्तं यदा स्यातां सत्पात्रं न तदा लभेत्, एतत्त्रितयसम्बन्धो यदा काले तु सम्भवेत् ॥६४॥
अविचार्य तदा धर्मं यः करोति स बुद्धिमान्, वित्तप्राचुर्यसंसाध्यधर्माः सन्ति सहस्रशः ॥६५॥
पुरुषोत्तमे स्वल्पवित्तसाध्यो धर्मो महान् भवेत्, स्नानं दानं कथायां च विष्णोः स्मरणेव च ॥६६॥
एतन्मात्रोऽपि सद्धर्मस्त्रायते महतो भयात् ॥६७॥
गङ्गैव तीर्थं स्मर एक धन्वी वित्तं तु विद्यैव गुणास्तु रूपम्,
मासेषु सर्वेषु तथैव साक्षान्मासोत्तमोऽयं पुरुषोत्तमो हि ॥६८॥
यद्यप्यसौ निन्द्यतमः पुराऽऽसीत् सर्वेषु कृत्येषु मखादिकेषु,
तथापि साक्षाद्भगवत्प्रसादात्तन्नामनाम्नाभूवि विश्रुतोऽभूत् ॥६९॥
यथा हस्तिपदे लीनं सर्वप्राणिपदं भवेत्, धर्माः कलास्तथा सर्वे विलीनाः पुरुषोत्तमे ॥७०॥

जब चित्त और धन दोनों होते हैं तो उस समय सत्पात्र नहीं मिलते हैं। इसलिये चित्त, वित्त, सत्पात्र इन तीनों का जिस समय सम्बन्ध हो जाय ॥६४॥ उसी समय बिना विचार किये जो धर्म को करता है वही बुद्धिमान् कहा गया है। अधिक धन के व्यय से होने वाले हजारों धर्म हैं ॥६५॥ पुरुषोत्तम मास में थोड़े धन से महान् धर्म होता है। स्नान, दान और कथा में विष्णु भगवान् का स्मरण करना ॥६६॥ इतना भी उत्तम धर्म यदि किया जाय तो वह महान् भय से रक्षा करता है ॥६७॥ जिस प्रकार गङ्गा ही तीर्थ है, कामदेव ही धनुषधारी है, विद्या ही धन है और गुण ही रूप है उसी तरह सम्पूर्ण महीनों में उत्तम पुरुषोत्तम मास साक्षात् पुरुषोत्तम ही है ॥६८॥ यद्यपि यह पुरुषोत्तम मास प्रथम समस्त कार्यों में तथा यज्ञों में अत्यन्त निन्द्य था तो भी भगवान् के प्रसाद से पृथिवी में साक्षात् भगवान् के नाम से प्रसिद्ध हुआ ॥६९॥ जिस प्रकार हाथी के पैर में सब प्राणियों के पैर लीन हो जाते हैं, उसी तरह समस्त धर्म और कला समस्त पुरुषोत्तम में विलीन हो जाते हैं ॥७०॥ जिस प्रकार और-और नदियाँ

यथाऽमरतरङ्गिण्या न समाः सकलापगाः, कल्पवृक्षेण न समा यथा सकलपादपाः ॥७१॥
चिन्तारत्नेन रत्नानि न समानि यथा भुवि, कामधेन्वा यथा गावो न राज्ञा पुरुषाः समाः ॥७२॥
न वेदैः सर्वशास्त्राणि पुण्यकालास्तथाखिलाः, पुरुषोत्तममासेन समो मासो न कर्हिचित् ॥७३॥
पुरुषोत्तममासस्य दैवतं पुरुषोत्तमः, तस्मात्सम्पूजयेद्भक्त्या श्रद्धया पुरुषोत्तमम् ॥७४॥
शास्त्रज्ञं निपुणं शुद्धं वैष्णवं सत्यवादिनम्, विप्राचार्यमथाहूय पूजां तेन प्रकल्पयेत् ॥७५॥
संसार-सागरमतीव-गभीर वेगमन्तः स्थ-मोह-मदनादि-तिमिङ्गिलौघम्,
उल्लङ्घ्य गन्तुमभिवाञ्छति भारतेऽस्मिन् सम्पूजयेत् स पुरुषोत्तममादिदेवम् ॥७६॥

इति श्रीबृहन्नारदीयपुराणे पुरुषोत्तममासमाहात्म्ये श्रीनारायणनारदसंवादे दृढधन्वोपाख्याने
आह्निककथनं नाम विंशतितमोऽध्यायः ॥२०॥

जो यमुना गंगा के समान नहीं की जा सकती है। कल्पवृक्ष के समान अन्य समस्त वृक्ष नहीं कहे जा सकते ॥७१॥ चिन्तामणि के समान दूसरे रत्न पृथिवी में नहीं हो सकते। कामधेनु के समान दूसरी गौ नहीं हो सकती, राजा के समान दूसरे पुरुष नहीं हो सकते ॥७२॥ वेदों के समान समस्त शास्त्र नहीं होते, उसी प्रकार समस्त पुण्यकाल इस पुरुषोत्तम मास के पुण्यकाल के समान नहीं हो सकते ॥७३॥ पुरुषोत्तम मास के देवता पुरुषोत्तम भगवान् हैं। इसलिये भक्ति और श्रद्धा से पुरुषोत्तम भगवान् की पूजा करनी चाहिये ॥७४॥ शास्त्र को जानने वाले, कुशल, शुद्ध, वैष्णव, सत्यवादी और विप्र आचार्य को बुलाकर उसके द्वारा पुरुषोत्तम की पूजा करे ॥७५॥ अन्तःकरण में होने वाले मोह, काम, क्रोध, लोभ, मद, मात्सर्य आदि रूप बड़ी-बड़ी मछलियों से पूर्ण, अत्यन्त गम्भीर वेगवाले इस संसाररूप सागर को पार करने की इच्छा करता है वह इस भारतवर्ष में आदि देवता पुरुषोत्तम भगवान् की अच्छी तरह पूजन करे ॥७६॥

इति श्रीबृहन्नारदीयपुराणे पुरुषोत्तममासमाहात्म्ये श्रीनारायणनारदसंवादे दृढधन्वोपाख्याने
आह्निककथनं नाम विंशतितमोऽध्यायः ॥२०॥

एकविंशोऽध्याय

-वाल्मीकिरुवाच-

अलत्तोत्तारणं कृत्वा प्रतिमायास्ततः परम्, प्राणप्रतिष्ठां कुर्वीत ह्यन्यथा धातुरेव सा ।१।
प्रतिमायाः कपोलौ द्वौ स्पृष्ट्वा दक्षिणपाणिना, प्राणप्रतिष्ठां कुर्वीत तस्यां देवस्य वै हरेः ।२।
अकृतायां प्रतिष्ठायां प्राणानां प्रतिमासु च, यथा पूर्वं तथा भागः स्वर्णादीनां न देवता ।३।
अन्येषामपि देवानां प्रतिमास्वपि पार्थिव, प्राणप्रतिष्ठा कर्तव्या तस्यां देवत्वसिद्धये ।४।
पुरुषोत्तमबीजेन तद्विष्णोरित्यनेन च, तथैव हृदयेऽङ्गुष्ठं दत्त्वा शश्वच्च मन्त्रवित् ।५।
एभिर्मन्त्रैः प्रतिष्ठां तु हृदयेऽपि समाचरेत्, अस्यै प्राणाः प्रतिष्ठन्तु अस्यै प्राणाः क्षरन्तु च ।६।

वाल्मीकि मुनि बोले-इसके बाद फिर प्रतिमा को अलत्तोत्तारण किया करके प्राणप्रतिष्ठा करे। अन्यथा यदि प्राणप्रतिष्ठा नहीं करता है तो वह प्रतिमा धातु ही कही जायेगी अर्थात् उसमें देवता का अंश नहीं होता है ॥१॥ दाहिने हाथ से प्रतिमा के दोनों कपालों का स्पर्श कर हरि भगवान् की उस प्रतिमा में प्राणप्रतिष्ठा अवश्य करे ॥२॥ प्रतिमाओं में प्राणों की प्रतिष्ठा न करने से सुवर्ण आदि का भाग पूर्व के समान ही रहता है उनमें देवता वास नहीं करते हैं ॥३॥ हे पार्थिव! दूसरे देवताओं की प्रतिमा में भी देवत्वसिद्धि के लिये प्राणप्रतिष्ठा करनी चाहिये ॥४॥ पुरुषोत्तम भगवान् के बीजमन्त्र से और "तद्विष्णोः परमपदं ... सदा" इस मन्त्र से करना चाहिये, मन्त्रवेत्ता इसी प्रकार प्रतिमा के हृदय पर अङ्गुष्ठ निरन्तर रखकर ॥५॥ हृदय में भी इन मन्त्रों से प्राणप्रतिष्ठा को करे। इस प्रतिमा में प्राण प्रतिष्ठा हों, इस प्रतिमा में प्राण चलायमान हों ॥६॥ उस प्रतिमा की पूजा के लिये देवत्व प्राप्त हो

अस्यै देवत्वमर्चायै स्वाहेति यजुरीरयन्, मूलमन्त्रैरङ्गमन्त्रैर्वैदिकैरित्यनेन च ।७।
प्राणप्रतिष्ठां सर्वत्र प्रतिमासु समाचरेत्, अथवा नाममन्त्रैश्च चतुर्थ्यन्तैः प्रयत्नतः ।८।
स्वाहान्तैश्च प्रकुर्वीत तत्तद्देवाननुस्मरन्, एवं प्राणान् प्रतिष्ठाप्य ध्यायेच्छ्रीपुरुषोत्तमम् ।९।
श्रीवत्सवक्षसं शान्तं नीलोत्पलदलच्छविम्, त्रिभङ्गललितं ध्यायेत् स-राधं पुरुषोत्तमम् ।१०।
देशकालौ समुल्लिख्य नियतो वाग्यतः शुचिः, षोडशैरुपचारैश्च पूजयेत् पुरुषोत्तमम् ।११।
आगच्छ देव देवेश श्रीकृष्ण पुरुषोत्तम, राधया सहितश्चात्र गृहाण पूजनं मम ।१२।
श्रीराधिकासहितपुरुषोत्तमाय नमः, आवाहनं समर्पयामि,
इत्यावाहनम्, नानारत्नसमायुक्तं कार्तस्वरविभूषितम्, आसनं देवदेवेश गृहाण पुरुषोत्तम ।१३।

स्वाहा, इस तरह यजुर्मन्त्र को कहता हुआ मूलमन्त्रों से, अङ्गमन्त्रों से, वैदिकमन्त्रों से ।७। सर्वत्र प्रतिमाओं में प्राणप्रतिष्ठा को करे अथवा अच्छी तरह चतुर्थ्यन्त नाम मन्त्रों से ।८। स्वाहा पद अन्त में जोड़ कर तत्तद् देवताओं का अनुस्मरण करता हुआ प्राणप्रतिष्ठा को करे। इस प्रकार प्राणों की प्रतिष्ठा करके श्रीपुरुषोत्तम का ध्यान करे ।९। श्रीवत्स चिह्न से चिह्नित वक्षःस्थल वाले, शान्त, नील कमल के दल के समान छविवाले, तीन जगहों से टेढ़ी आकृति होने से सुन्दर, राधा के सहित पुरुषोत्तम भगवान् का ध्यान करे ।१०। देश काल को कह कर अर्थात् सङ्कल्प करके, नियम में स्थित होकर, मौन होकर, पवित्र होकर, षोडशोपचार से पुरुषोत्तम भगवान् का पूजन करे ।११। हे देव! हे देवेश! हे श्रीकृष्ण! हे पुरुषोत्तम! राधा के साथ आप यहाँ मुझसे किये हुए पूजन को ग्रहण कीजिये ।१२। श्रीराधिका सहित पुरुषोत्तम भगवान् को नमस्कार है। यह कह कर आवाहन करे। हे देवदेवेश! हे पुरुषोत्तम! अनेक रत्नों से युक्त अर्थात् जड़ित और कार्तस्वर (सुवर्ण) से विभूषित इस आसन को ग्रहण करें। इस तरह कह कर आसन समर्पण करे ।१३। गङ्गादि समस्त तीर्थों से प्रार्थना पूर्वक लाया हुआ यह सुखस्पर्श वाला जल

श्रीराधिकासहित पुरुषोत्तमाय नमः, आसनं समर्पयामि,

गङ्गादिसर्वतीर्थेभ्यो मया प्रार्थनयाऽऽहृतम्, तोयमेतत्सुखस्पर्शं पाद्यार्थं प्रतिगृह्यताम् ।१४।

इति पाद्यम्, नन्दगोपगृहे जातो गोपिकानन्दहेतवे, गृहाणार्घ्यं मया दत्तं राधया सहितो हरे ।१५।

इत्यर्घ्यम्, गङ्गाजलं समानीतं सुवर्णकलशस्थितम्, आचम्यतां हृषीकेश पुराणपुरुषोत्तम ।१६।

इत्याचमनम्, कार्यं मे सिद्धिमायातु पूजिते त्वयि धातरि,

पञ्चामृतैर्मयाऽऽनीतै राधिकासहितो हरे ।१७।

इति स्नानम्, पयो दधि घृतं गव्यं माक्षिकं शर्करा तथा गृहाणेमानि द्रव्याणि राधिकानन्ददायक ।१८।

इति पञ्चामृतस्नानम्, योगेश्वराय देवाय गोवर्धनधराय च,

यज्ञानां पतये नाथ गोविन्दाय नमो नमः ।१९।

पाद्य के लिये ग्रहण करें। इस प्रकार कह कर पाद्य समर्पण करे ॥१४॥ हे हरे! गोपिकाओं के आनन्द के लिये महाराज नन्द गोप के घर में प्रकट हुए, आप राधिका के सहित मेरे दिये हुए अर्घ्य को ग्रहण करें। यह कह कर अर्घ्य समर्पण करे ॥१५॥ हे हृषीकेश! अर्थात् हे जितेन्द्रिय के मालिक! हे पुराण पुरुषोत्तम! अच्छी तरह से लाया गया और सुवर्ण के कलश में स्थित गङ्गाजल से आप आचमन करें, यह कह कर आचमन समर्पण करे ॥१६॥ हे हरे! मेरे से लाये गये पञ्चामृत से राधिका के सहित जगत के धाता आपके पूजित होने पर अर्थात् आपके पूजन से मेरे कार्य सिद्धि को प्राप्त हों ॥१७॥ हे राधिका के आनन्द दाता! दूध, दही, गौ का घृत, शहद और चीनी इन द्रव्यों को ग्रहण करें। यह कह कर पञ्चामृत से स्नान समर्पण करे ॥१८॥ हे नाथ! योगेश्वर, देव, गोवर्धन पर्वत को धारण करने वाले, यज्ञों के स्वामी गोविन्द भगवान् को नमस्कार है ॥१९॥ हे कृष्ण! गङ्गाजल के

गङ्गाजलसमं शीतं नदीतीर्थसमुद्भवम्, स्नानं दत्तं मया कृष्ण गृह्यतां नन्दनन्दन ।२०।

इति पुनः स्नानम्, पीताम्बरयुगं देव सर्वकामार्थसिद्धये, मया निवेदितं भक्त्या गृहाण सुरसत्तम ।२१।

इति वस्त्रम्, आचमनम्, दामोदर नमस्तेऽस्तु त्राहि मां भवसागरात्,

ब्रह्मसूत्रं सोत्तरीयं गृहाण पुरुषोत्तम ।२२।

उपवीतम्, आचमनम्, श्रीखण्डं चन्दनं दिव्यं गन्धाढ्यं सुमनोहरम्,

विलेपनं सुरश्रेष्ठ प्रीत्यर्थं प्रतिगृह्यताम् ।२३।

चन्दनम्, अक्षतास्तु सुरश्रेष्ठ कुंकुमाक्ताः सुशोभिताः, मया निवेदिता भक्त्या गृहाण पुरुषोत्तम ।२४।

इत्यक्षतान्, माल्यादीनि सुगन्धीनि मालत्यादीनि वै प्रभो,

मयाऽऽहृतानि पूजार्थं पुष्पाणि प्रतिगृह्यताम् ।२५।

स्नान नदी तीर्थ का मैंने से दिया गया यह जल है। नन्द को आनन्द देने वाले! आप इसको ग्रहण करें। यह कहकर फिर स्नान समर्पण करें॥२०॥ हे देव! समस्त कामों की सिद्धि के लिये इन दो पीताम्बरों को भक्ति के साथ मैंने निवेदन किया है। हे सुरसत्तम! आप ग्रहण करें। यह कह कर वस्त्र समर्पण करें और वस्त्र धारण के बाद आचमन देवें॥२१॥ हे दामोदर! आपको नमस्कार है, इस भवसागर से मेरी रक्षा करें। हे पुरुषोत्तम! उत्तरीय वस्त्र के साथ जनेऊ को आप ग्रहण करें। यह कह कर जनेऊ समर्पण करें और आचमन देवें॥२२॥ हे सुरश्रेष्ठ! अत्यन्त मनोहर सुगन्धित, दिव्य, श्रीखण्ड चन्दन विलेपन आप के लिये है इसको ग्रहण करें। यह कहकर चन्दन समर्पण करें॥२३॥ हे सुरश्रेष्ठ! केशर से रंगे हुए शोभमान अक्षतों को भक्ति से मैंने निवेदन किया है, हे पुरुषोत्तम! आप ग्रहण करें। यह कहकर अक्षत समर्पण करें॥२४॥ हे प्रभो! मैं मालती आदि सुगन्धित पुष्पों को आपके पूजन के लिये लाया हूँ। आप इनको ग्रहण करें। यह कह कर पुष्प समर्पित करें॥२५॥ बाद अङ्गों का पूजन

इति पुष्पाणि, ततोऽङ्गपूजा, नन्दात्मजो यशोदायास्तनयः केशिसूदनः,

भूभारोत्तारकश्चैव ह्यनन्तो विष्णुरूपधृक् ।२६।

प्रद्युम्नश्चानिरुद्धश्च श्रीकण्ठः सकलास्त्रधृक्, वाचस्पतिः केशवश्च सर्वात्मेति च नामतः ।२७।

पादौ गुल्फौ तथा जानू जघनं च कटी तथा, मेढ्रं नाभिं च हृदयं कण्ठं बाहू मुखं तथा ।२८।

नेत्रे शिरश्च सर्वाङ्गं विश्वरूपिणमर्चयेत्, पुष्पाण्यादाय क्रमशश्चतुर्थ्यां जगत्पतिम् ।२९।

प्रत्यङ्गपूजां कृत्वा तु पुनश्च केशवादिभिः, चतुर्विंशतिमन्त्रैश्च चतुर्थ्यन्तैश्च नामभिः ।३०।

पुष्पमादाय प्रत्येकं पूजयेत् पुरुषोत्तमम् ।३१।

वनस्पतिरसो दिव्यो गन्धाढ्यो गन्ध उत्तमः, आघ्रेयः सर्वदेवानां धूपोऽयं प्रतिगृह्यताम् ।३२।

करे। नंद-यशोदा के पुत्र, केशि दैत्य को मारने वाले, पृथ्वी के भार को उतारने वाले, अनन्त विष्णुरूप धारण करने वाले ॥२६॥ प्रद्युम्न, अनिरुद्ध, श्रीकण्ठ, सकलास्त्रधृक, वाचस्पति, केशव और सर्वात्मा इन नामों से ॥२७॥ पैर, गुल्फ, जानु, जघन, कटी, मेढ्र, नाभि, हृदय, कण्ठ, बाहु और मुख ॥२८॥ नेत्र, शिर और सर्वाङ्ग का पुष्पों को हाथों में लेकर चतुर्थ्यन्त नामों को कह कर विश्वरूपी जगत्पति भगवान् का पूजन करे ॥२९॥ इस प्रकार प्रत्यङ्ग का पूजन कर फिर चतुर्थ्यन्त केशवादि नाममन्त्रों से ॥३०॥ एक-एक पुष्प हाथ में लेकर पुरुषोत्तम भगवान् का पूजन करे ॥३१॥ दिव्य वनस्पतियों के रस से बना हुआ, गन्ध से युक्त, उत्तम गन्ध, समस्त देवताओं के सूँघने योग्य यह धूप है, इसको आप ग्रहण करें। यह कहकर धूप समर्पण करे ॥३२॥ हे भगवन्! आप समस्त देवताओं के ज्योति हैं, तेजों में उत्तम तेज हैं,

इति धूपम्, त्वं ज्योतिः सर्व देवानां तेजसां तेज उत्तमम्,

आत्मज्योति परं धाम दीपोऽयं प्रतिगृह्यताम् ।३३।

इति दीपम्, नैवेद्यं गृह्यतां देव भक्तिं मे ह्यचलां कुरु, ईप्सितं मे वरं देहि परत्र च परां गतिम् ।३४।

इति नैवेद्यम् मध्ये पानीयम्, उत्तरापोशनम्,

गङ्गाजलं समानीतं सुवर्णकलशे स्थितम्, आचम्यतां हृषीकेश त्रैलोक्यव्याधिनाशन ।३५।

इत्याचनम्, इदं फलं मया देव स्थापितं पुरतस्तव, तेन मे सफलावाप्तिर्भवेज्जन्मनि जन्मनि ।३६।

इति श्रीफलम्, गन्धकर्पूरसंयुक्तं कस्तूर्यादिसुवासितम्, करोद्वर्तनकंदेव गृहाण परमेश्वर ।३६।

इति करोद्वर्तनम्, पूगीफलसमायुक्तं सकर्पूरं मनोहरम्, भक्त्या दत्तं मया देव ताम्बूलं प्रतिगृह्यताम् ।३८।

आत्मज्योति के परमधाम यह दीप आप ग्रहण करें। यह कहकर दीप समर्पण करें ॥३३॥ हे देव! नैवेद्य को ग्रहण करें और मेरी भक्ति को अचल करें। इच्छानुकूल वर को देवें और परलोक में उत्तम गति को देवें। यह कह कर नैवेद्य समर्पण करें। मध्य में जल समर्पण करें। आखिर में आचमन जल को देवें ॥३४॥ हे हृषीकेश! हे त्रैलोक्य के व्याधियों को शमन करने वाले! अच्छी तरह से सुवर्ण के कलश में गङ्गाजल को लाया हूँ, इस जल से आप आचमन करें। यह कहकर आचमन देवें ॥३५॥ हे देव! मैंने इस फल को आपके सामने स्थापित किया है, इसलिये मेरे को जन्म–जन्म में सुन्दर फलों की प्राप्ति हो। यह कहकर श्रीफल (बेल) समर्पण करें ॥३६॥ हे देव! हे परमेश्वर! गन्ध कपूर से युक्त, कस्तूरी आदि से सुवासित इस करोद्वर्तन (हाथ की शुद्धि के लिये उबटन) को ग्रहण करें। यह कहकर करोद्वर्तन समर्पण करें ॥३७॥ हे देव! सुपारी से युक्त कपूर सहित, मनोहर, भक्ति से दिये गये इस ताम्बूल को ग्रहण करें। यह कहकर ताम्बूल समर्पण करें ॥३८॥ ब्रह्मा के गर्भ में स्थित, अग्नि के बीज, अनन्त पुण्य के फल को देने

इति ताम्बूलम्, हिरण्यगर्भगर्भस्थं हेमबीजं विभावसोः,

अनन्तपुण्यफलदमतः शान्तिं प्रयच्छ मे ।३९ ।

इति दक्षिणाम्, शारदेन्दीवरश्यामं त्रिभङ्गललिताकृतिम्,

नीराजयामि देवेशं राधया सहितं हरिम् ।४०।

इति नीराजनम्, रक्ष रक्ष जगन्नाथ रक्ष त्रैलोक्यनायक, भक्तानुग्रहकर्त्ता त्वं गृहाणेमां प्रदक्षिणाम् ।४१ ।

इति प्रदक्षिणाम्, यज्ञेश्वराय देवाय तथा यज्ञोद्भवाय च,

यज्ञानां पतये नाथ गोविन्दाय नमो नमः ।४२ ।

इति मन्त्रपुष्पम्, विश्वेश्वराय विश्वाय तथा विश्वोद्भवाय च,

विश्वस्य पतये तुभ्यं गोविन्दाय नमो नमः ।४३ ।

वाला सुवर्ण आप ग्रहण करें और मेरे लिये शान्ति को देवें। यह कहकर दक्षिणा समर्पण करे ॥३९॥ शरद् काल में होने वाले कमल के समान श्याम, तीन जगहों से टेढ़े होने से सुन्दर आकृति वाले, देवेश, राधिका के सहित हरि भगवान् की आरती करता हूँ। यह कह कर नीराजन समर्पण करे ॥४०॥ हे जगन्नाथ! रक्षा करो, रक्षा करो। हे त्रैलोक्य के नायक! रक्षा करो। आप भक्तों पर कृपा करने वाले हो। मेरी प्रदक्षिणा को ग्रहण करें। ऐसा कहकर प्रदक्षिणा समर्पण करे ॥४१॥ यज्ञेश्वर, देव यज्ञ के कारण, यज्ञों के स्वामी, गोविन्द भगवान् को नमस्कार है। यह कहकर मन्त्रपुष्पाञ्जलि समर्पण करे ॥४२॥ विश्वेश्वर, विश्व के उत्पन्न करने वाले, विश्व के स्वामी, नाथ, गोविन्द भगवान् को नमस्कार है, नमस्कार है। यह कह कर नमस्कार समर्पण करे ॥४३॥ "मन्त्रहीनं क्रियाहीनं"

इति नमस्कारन्, मन्त्रहीनेति मन्त्रेण क्षमाप्य पुरुषोत्तमम्,

स्वाहान्तैर्नाममन्त्रैश्च तिलहोमो दिने दिने ।४४।

दीपः कार्यस्त्वखण्डश्च यावन्मासं च सर्पिषा, पुरुषोत्तमस्य प्रीत्यर्थं सर्वार्थफलसिद्धये ।४५।

यस्य स्मृत्येति मन्त्रेण नमस्कृत्य जनार्दनम्, यदूनं तत्तु सम्पूर्णं विधाय विचरेत् सुखम् ।४६।

इत्थं श्रीपुरुषोत्तमं नवघनश्यामं सराधं मुदा सम्प्राप्ते पुरुषोत्तमेऽवनितले लब्ध्वा जनुर्मानवम्,
भक्त्या यः परिपूजयेत् प्रतिदिनं कृत्वा गुरुं वैष्णवं

भुक्त्वाऽत्र सुखं समस्तमतुलं गच्छेत् पदं पावनम् ।४७।

इति श्रीबृहन्नारदीयपुराणे पुरुषोत्तममासमाहात्म्ये श्रीनारायणनारदसंवादे
दृढधन्वोपाख्याने पुरुषोत्तमपूजनविधिर्नामैकविंशोऽध्यायः ॥२१॥

इस मन्त्र से पुरुषोत्तम भगवान् को क्षमापन समर्पण करके स्वाहान्त नाम मन्त्रों से प्रतिदिन तिल से हवन करे ॥४४॥ पुरुषोत्तम मास पर्यन्त घृत का अखण्ड दीप समस्त फल की सिद्धि के लिये और पुरुषोत्तम भगवान् के प्रीत्यर्थ समर्पण करे ॥४५॥ 'यस्य स्मृत्या च नामोक्त्या तपोयज्ञक्रियादिषु' । इस मन्त्र से जनार्दन भगवान् को नमस्कार करके 'प्रमादात् कुर्वतां कर्म०' इस मन्त्र से कुछ कमी रह गई हो तो उसको सम्पूर्ण करके सुख पूर्वक रहे ॥४६॥ इस प्रकार जो इस पृथिवी तल पर मनुष्य शरीर प्राप्त करके पुरुषोत्तम मास के आने पर वैष्णव ब्राह्मण को आचार्य बनाकर मेघ के समान श्यामवर्ण वाले, राधा के सहित श्रीपुरुषोत्तम भगवान् का हर्ष और भक्ति के साथ प्रति दिन पूजन करेगा वह इस पृथिवी के अतुल समस्त सुखों को भोगकर बाद परम पद को जायगा ॥४७॥

इति श्रीबृहन्नारदीयपुराणे पुरुषोत्तममासमाहात्म्ये श्रीनारायणनारदसंवादे दृढधन्वोपाख्याने
पुरुषोत्तमपूजनविधिर्नामैकविंशोऽध्यायः ॥२१॥

द्वाविंशोऽध्याय

राजोवाच-

पुरुषोत्तमस्य नियमान् व्रतिनां वद विस्तरात्, किं भोज्यं किमभोज्यं वा वर्ज्यावर्ज्यं तपोधन ।१।

श्रीनारायण उवाच-

स एवं भगवान् पृष्टो भूभृता मुनिर्वाल्मिकिः, पुंसां निःश्रेयसे नूनं तमाह बहु मानयन् ।२।

वाल्मीकिरुवाच-

पुरुषोत्तमसे ये नियमाः परिकीर्तिताः, तान् शृणुष्व मया राजन् कथ्यमानान् समासतः ।३।

हविष्यान्नं च भुञ्जीत प्रयतः पुरुषोत्तमे, गोधूमाः शालयः सर्वाः सिता मुद्गा यवास्तिलाः ।४।

कलाय-कङ्गु नीवारा वास्तुकं हिमलोचिका, आर्द्रकं कालशाकं च मूलं कन्दं च कर्कटीम् ।५।

रम्भ सैन्धवसामुद्रे लवणे दधिसर्पिषी, पयोऽनुद्धृतसारं च पनसाम्रे हरीतकी ।६।

दृढधन्वा राजा बोला- हे तपोधन ! पुरुषोत्तम मास के व्रती के लिये विस्तार पूर्वक नियमों को कहिये। भोजन क्या करना चाहिये? और क्या नहीं करना चाहिये? और व्रती को व्रत में क्या मना है? विहित क्या है? ॥१॥ श्रीनारायण बोले- इस प्रकार दृढधन्वा ने वाल्मीकि मुनि से पूछा। बाद लोगों के कल्याण के लिये वाल्मीकि मुनि ने सम्मानपूर्वक राजा से कहा ॥२॥ वाल्मीकि मुनि बोले- हे राजन् ! पुरुषोत्तम मास में जो नियम कहे गये हैं। मुझसे कहे जाने वाले इन नियमों को संक्षेप में सुनिये ॥३॥ नियम में स्थित होकर पुरुषोत्तम मास में हविष्यान्न भोजन करे। गेहूं, चावल, मिश्री, मूँग, जौ, तिल ॥४॥ मटर, सावाँ, तिन्नी का चावल, बथुआ, हिमलोचिका, अदरख, कालशाक, मूल, कन्द, ककड़ी ॥५॥ केला, सेंधा नोन, समुद्र नोन, दही, घी, बिना मक्खन निकाला दूध, कटहल, आम, हरड़ ॥६॥ पीपर, जीरा, सोंठ, इमली, सुपारी, लवली,

पिप्ली जीरकं चैव नागरं चैव तिन्तिणी, क्रमुकं लवली धात्री फलान्यगुडमैक्षवम् ।७।
अतैलपक्वं मुनयो हविष्यं प्रवदन्ति च, हविष्य भोजनं नृणामुपवाससमं विदुः ।८।
सर्वामिषाणि मांसं च क्षौद्रं सौवीरकं तथा, राजमासादिकं चैव राजिका मादकं तथा ।९।
द्विदलं तिलतैलं च तथान्नं शल्यदूषितम्, भावदुष्टं क्रियादुष्टं शब्ददुष्टं च वर्जयेत् ।१०।
परान्नं च परद्रोहं परदारागमं तथा, तीर्थं विना प्रयाणं च परदेशं परित्यजेत् ।११।
देववेदद्विजानां च गुरुगोव्रतिनां तथा, स्त्रीराजमहतां निन्दां वर्जयेत् पुरुषोत्तमे ।१२।
प्राण्यङ्गमामिषं चूर्णं फले जम्बीरमामिषम्, धान्ये मसूरिका प्रोक्ता अन्नं पर्युषितं तथा ।१३।
अजागोमहिषीदुग्धादन्यद्दुग्धादि चामिषम्, द्विजक्रीता रसाः सर्वे लवणं भूमिजं तथा ।१४।

आँवला, ईख का गुड़ छोड़कर इन फलों को ॥७॥ और बिना तेल के पके हुए पदार्थ को हविष्य कहते हैं। हविष्य भोजन मनुष्यों को उपवास के समान कहा गया है ॥८॥ समस्त आमिष, माँस, शहद, बेर, राजमासादि, राई और मादक पदार्थ ॥९॥ दाल, तिल का तेल, श्राद्ध से दूषित, भाव से दूषित, क्रिया से दूषित, शब्द से दूषित अन्न का त्याग करे ॥१०॥ दूसरे का अन्न, दूसरे से वैर, दूसरे की स्त्री से गमन, तीर्थ के बिना देशान्तर जाना इनको छोड़ देवे ॥११॥ देवता, वेद, द्विज, गुरु, गौ, व्रती, स्त्री, राजा और महात्माओं की निन्दा करना पुरुषोत्तम मास में त्याग देवे ॥१२॥ सूतिका का अन्न मांस है, फलों में जम्बीरी नींबू मांस है, धान्यों में मसूर की दाल मांस है और बासी अन्न मांस है ॥१३॥ बकरी, गौ, भैंस के दूध को छोड़कर और सब दूध आदि मांस है। और ब्राह्मण से खरीदा हुआ समस्त रस, पृथिवी से उत्पन्न नमक मांस है ॥१४॥ ताँबे के पात्र में रखा हुआ दूध, चमड़े में रखा हुआ जल,

ताम्रपात्रस्थितं गव्यं चलं चर्मणि संस्थितम्, आत्मार्थं पाचितं चान्नमामिषं तद्बुधैः स्मृतम् ।१५।
ब्रह्मचर्यमधः शय्यां पत्रावल्यां च भोजनम्, चतुर्थकाले भुक्तिं च प्रकुर्यात् पुरुषोत्तमे ।१६।
रजस्वला अन्त्यज-म्लेच्छ-पतितैर्व्रात्यकैः सह, द्विजद्विड्-वेदबाह्यैश्च न वदेत् पुरुषोत्तमे ।१७।
एभिर्दृष्टं च काकैश्च सूतकान्नं च यद्भवेत्, द्वि-पाचितं च दग्धान्नं नैवाद्यात् पुरुषोत्तमे ।१८।
पलाण्डुं लशुनं मुस्तां छत्राकं गृञ्जनं तथा, नालिकं मूलकं शिग्रुं वर्जयेत् पुरुषोत्तमे ।१९।
एतानि वर्जयेन्नित्यं व्रती सर्वव्रतेष्वपि, कृच्छ्राद्यं चापि कुर्वीत स्वशक्त्या विष्णुतुष्टये ।२०।
कूष्माण्डं बृहती चैव तरुणी मूलकं तथा, श्रीफलं च कलिङ्गं च फलं धात्रीफले तथा ।२१।
नारिकेलमलाबुं च पटोलं बदरीफलम्, चर्मवृन्ताजिकं वल्ली शाकं तु जलजं तथा ।२२।

अपने लिये पकाया गया अन्न को विद्वानों ने मांस कहा है ॥१५॥ पुरुषोत्तम मास में ब्रह्मचर्य, पृथिवी में शयन, पत्रावली में भोजन और दिन के चौथे प्रहर में भोजन करे ॥१६॥ पुरुषोत्तम मास में रजस्वला स्त्री, अन्त्यज, म्लेच्छ, पतित, संस्कारहीन, ब्राह्मण से द्वेष करने वाला, वेद से गिरा हुआ, इनके साथ बातचीत न करे ॥१७॥ इन लोगों से देखा गया और काक पक्षी से देखा गया, सूतक का अन्न, दो बार पकाया हुआ और जले हुए अन्न को पुरुषोत्तम मास में भोजन नहीं करे ॥१८॥ प्याज, लहसुन, मोथा, छत्राक, गाजर, नालिक, मूली, शिग्रु इनको पुरुषोत्तम मास में त्याग देवे ॥१९॥ व्रती इन पदार्थों को समस्त व्रतों में हमेशा त्याग करे। विष्णु भगवान् के प्रीत्यर्थ अपनी शक्ति के अनुसार कृच्छ्र आदि व्रतों को करे ॥२०॥ कोंहड़ा, कण्टकारिका, तरुणी, मूली, बेल, इन्द्रयव, आँवला के फल ॥२१॥ नारियल, अलाबू, परवल, बेर, चर्मवृन्तशाक, बैंगन, आजिक, आदी और जल में उत्पन्न होने वाला शाक ॥२२॥ प्रतिपद आदि तिथियों में क्रम से इन शाकों का त्याग करना

शाकान्येतानि वर्ज्याणि क्रमात् प्रतिपदादिषु, धात्रीफलं रवौ तद्वद्वर्जयेत् सर्वदा गृही ।२३।
यद्यद्यो वर्जयेत्किञ्चित्पुरुषोत्तमतुष्टये, तत्पुनर्ब्राह्मणे दत्त्वा भक्षयेत्सर्वदैव हि ।२४।
कुर्यादेतांश्च नियमान् व्रती कार्तिकमाघयोः, नियमेन विना राजन् फलं नैवाप्नुयाद्व्रती ।२५।
उपोषणेन कर्तव्यः शक्तिश्चेत् पुरुषोत्तमः, अथवा घृतपानं च पयःपानमयाचितम् ।२६।
फलाहारादि वा कार्यं यथाशक्त्या व्रतार्थिना, व्रतभङ्गो यथा न स्यात्तथा कार्यं विचक्षणैः ।२७।
पुण्येऽह्निप्रातरुत्थाय कृत्वा पौर्वाह्णिकीः क्रियाः, गृह्णीयान्नियमं भक्त्या श्रीकृष्णं च हृदि स्मरन् ।२८।
उपवासस्य नक्तस्य चैकभुक्तस्य भूपते, एकं च निश्चयं कृत्वा व्रतमेतत् समाचरेत् ।२९।
श्रीमद्भागवतं भक्त्या श्रोतव्यं पुरुषोत्तमे, तत्पुण्यं वचसा वक्तुं विधाताऽपि न शक्नुयात् ।३०।

गृहस्थाश्रमी रविवार को आँवला सदा ही त्याग करे ॥२३॥ पुरुषोत्तम भगवान् के प्रीत्यर्थ जिन-जिन वस्तुओं को त्याग करे उन वस्तुओं को प्रथम ब्राह्मण को देकर फिर हमेशा भोजन करे ॥२४॥ व्रती कार्तिक और माघ मास में इन नियमों को करे। हे राजन्! व्रती नियम के बिना फलों को नहीं प्राप्त करता है ॥२५॥ यदि शक्ति है तो उपवास करके पुरुषोत्तम मास का व्रत करे अथवा घृत पान करे अथवा दुग्ध पान करे अथवा बिना माँगे जो कुछ मिल जाय उसको भोजन करे ॥२६॥ अथवा व्रत करने वाला यथाशक्ति फलाहार आदि करे। जिसमें व्रत भंग न हो विद्वान् उस तरह का व्रत नियम धारण करे ॥२७॥ पवित्र दिन प्रातःकाल उठकर पूर्वाह्न की क्रिया को करके भक्ति से श्रीकृष्ण भगवान् को हृदय में स्मरण करता हुआ नियम को ग्रहण करे ॥२८॥ हे भूपते! उपवास व्रत, नक्त व्रत, और एकभुक्त इनमें से एक का निश्चय करके इस व्रत को करे ॥२९॥ पुरुषोत्तम मास में भक्ति से श्रीमद्भागवत का श्रवण करे तो उस पुण्य को ब्रह्मा कभी कहने में समर्थ नहीं होंगे ॥३०॥ श्रीपुरुषोत्तम

शालिग्रामार्चनं कार्यं मासे श्रीपुरुषोत्तमे, तुलसीदललक्षेण तस्य पुण्यमनन्तकम् ।३१।
यथोक्तव्रतिनं दृष्ट्वा मासे श्रीपुरुषोत्तमे, यमदूताः पलायन्ते सिंहं दृष्ट्वा यथा गजाः ।३२।
एतन्मासव्रतं राजन् श्रेष्ठं क्रतुशतादपि, क्रतुं कृत्वाऽनुयात् स्वर्गं गोलोकं पुरुषोत्तमे ।३३।
पृथिव्यां यानि तीर्थानि क्षेत्राणि सर्वदेवताः, तद्देहे तानि तिष्ठन्ति यः कुर्यात् पुरुषोत्तमम् ।३४।
दुःस्वप्नं चैव दारिद्र्यं दुष्कृतं त्रिविधं च यत, तत्सर्वं विलयं याति कृते श्रीपुरुषोत्तमे ।३५।
श्रीपुरुषत्तमसेववव्यां निश्चलं हरिसेवकम्, विघ्नाद्रक्षन्ति शक्राद्याः पुरुषोत्तमतुष्टये ।३६।
पुरुषोत्तमस्य व्रतिनो यत्र यत्र वसन्ति च, भूतप्रेतापिशाचाद्या न तिष्ठतन्ति तदग्रतः ।३७।

मास में लाख तुलसीदल से शालग्राम का पूजन करे तो उसको अनन्त पुण्य होता है ॥३१॥ श्रीपुरुषोत्तम मास में कथनानुसार व्रत में स्थित व्रती को देखकर यमदूत सिंह को देखकर हाथी के समान भाग जाते हैं ॥३२॥ हे राजन्! यह पुरुषोत्तम मासव्रत सौ यज्ञों से भी श्रेष्ठ है क्योंकि यज्ञ के करने से स्वर्ग की प्राप्ति होती है और पुरुषोत्तम मासव्रत करने से गोलोक को जाता है ॥३३॥ जो पुरुषोत्तम मासव्रत करता है उसके शरीर में पृथ्वी के जो समस्त तीर्थ और क्षेत्र हैं तथा सम्पूर्ण देवता हैं वे सब निवास करते हैं ॥३४॥ श्रीपुरुषोत्तम मास का व्रत करने से दुःस्वप्न, दारिद्र्य और कायिक, वाचिक, मानसिक पाप ये सब नाश को प्राप्त होते हैं ॥३५॥ पुरुषोत्तम भगवान् की प्रसन्नता के लिये इन्द्रादि देवता, पुरुषोत्तम मासव्रत में तत्पर हरिभक्त को विघ्नों से रक्षा करते हैं ॥३६॥ पुरुषोत्तम मासव्रत को करने वाले [illegible] जिन-जिन स्थानों में वास करते हैं वहाँ उनके सम्मुख भूत-प्रेत पिशाच आदि नहीं रहते ॥३७॥ हे राजन्! इस प्रकार जो विधिपूर्वक पुरुषोत्तम मास व्रत को करेगा उस मास व्रत के फलों को

एवं यो विधिना राजन् कुर्याच्छ्रीपुरुषोत्तमम्, सहस्त्रवदनो नालं तत्फलं वक्तुमञ्जसा ।३८।

श्रीनारायण उवाच-

पुरुषोत्तमं नियममुं परमादरेण कुर्यादनन्यमनसा पुरुषोत्तमो यः,
पुरुषोत्तमप्रियतमः पुरुषः स भूत्वा पुरुषोत्तमेन रमते रसिकेश्वरेण ।३९।

इति श्रीबृहन्नारदीयपुराणे पुरुषोत्तममासमाहात्म्ये श्रीनारायणनारदसंवादे
दृढधन्वोपाख्याने पुरुषोत्तमव्रतनियमकथनंनामद्वाविंशोऽध्यायः ॥२२॥

यथार्थ रूप से कहने के लिये साक्षात् शेषनाग भी समर्थ नहीं है ॥३८॥ श्रीनारायण बोले- जो पुरुषों में श्रेष्ठ पुरुष मन से अत्यन्त आदर के साथ इस प्रिय पुरुषोत्तम मासव्रत को करता है वह पुरुषों में श्रेष्ठ और अत्यन्त प्रिय होकर रसिकेश्वर पुरुषोत्तम भगवान् के साथ गोलोक में आनन्द करता है ॥३९॥

इति श्रीबृहन्नारदीयपुराणे पुरुषोत्तममासमाहात्म्ये श्रीनारायणनारदसंवादे
दृढधन्वोपाख्याने पुरुषोत्तमव्रतनियमकथनंनामद्वाविंशोऽध्यायः ॥२२॥

त्रयोविंशोऽध्याय

राजोवाच-

किं फलं दीपदानस्य मासे पुरुषोत्तमे। तन्मे वद मुनिश्रेष्ठ कृपया दीनवत्सल ।१।

श्रीनारायण उवाच-

इत्थं विज्ञापितः प्राह वाल्मीकिर्मुनिसत्तमः। प्रवृ हर्षो राजानं विनीतं प्रहसन्निव ।२।

वाल्मीकिरुवाच-

शृणुष्व राजशार्दूल कथां पापप्रणाशिनीम्। यां श्रुत्वा विलयं याति पापं पञ्चविधं महत् ।३।
सौभाग्यनगरे राजा चित्रबाहुरिति श्रुतः। सत्यसन्धो महाप्राज्ञश्चासीच्छूरतरः परः ।४।
सहिष्णु सर्वधर्मज्ञः शीलरूपदयान्वितः। ब्रह्मण्यो भगवद्भक्तः कथाश्रवणतत्परः ।५।
स्वदारनिरतः शश्वत् पशुपुत्रसमन्वितः। चतुरङ्गबलोपेतः समृद्ध्या धनदोपमः ।६।

दृढ़धन्वा राजा बोला-हे मुनियों में श्रेष्ठ! हे दीनों पर दया करने वाले! श्रीपुरुषोत्तम मास में दीप-दान का फल क्या है? सो कृपा करके मुझसे कहिये ॥१॥ श्रीनारायण बोले-इस प्रकार राजा दृढ़धन्वा के पूछने पर अत्यन्त प्रसन्न, मुनियों में श्रेष्ठ वाल्मीकि मुनि ने हँसते हुए विनीत अत्यन्त नम्र राजा दृढ़धन्वा से कहा ॥२॥ वाल्मीकि मुनि बोले-हे राजाओं में सिंहसदृश पराक्रमवाले! पापों का नाश करने वाली कथा को सुनिये। जिसके सुनने से पांच प्रकार के महान् पाप नाश को प्राप्त होते हैं ॥३॥ सौभाग्य नगर में चित्रबाहु नाम से प्रसिद्ध, बड़ा बुद्धिमान्, अत्यन्त बलवान् राजा था ॥४॥ वह क्षमाशील, समस्त धर्मों को जानने वाला, शील रूप और दया से युक्त, ब्राह्मणों का भक्त, भगवान् का भक्त, कथा के श्रवण में तत्पर ॥५॥ हमेशा अपनी स्त्री में प्रेम करने वाला, पशु पुत्र से युक्त, चतुरंगिणी सेना से युक्त, ऐश्वर्य में कुबेर के समान था ॥६॥ उसको

तस्य भार्या चन्द्रकला चतुःषष्टिकलान्विता। पतिव्रता महाभागा भगवद्भक्तिसंयुता ॥७॥
तया सह महीपालो बुभुजे मेदिनीं युवा। विना श्रीकृष्णदेवं स नैव जानाति दैवतम् ॥८॥
एकस्मिन्दिवसे राजा चित्रबाहुर्महीपतिः। दृष्ट्वा समागतं दूरादगस्त्यं मुनिपङ्गवम् ॥९॥
प्रणम्य दण्डवद्भूमौ विधिना तमपूजयत्। कल्पयित्वाऽऽसनं भक्त्या तस्थौ मुनिवराग्रतः ॥१०॥
विनयावनतो भूत्वा जगाद मुनिसत्तमम्। राजोवाच–अद्य मे सफलं जन्म ह्यद्य मे सफलं दिनम् ॥११॥
अद्य मे सफलं राज्यमद्य मे सफलं गृहम्। यस्त्वं समागतो मेऽद्य गृहे श्रीकृष्णसेवकः ॥१२॥
मुक्तोऽहं पापसङ्घाताद्यत्त्वयाऽहं निरीक्षितः। तुभ्यं समर्पितं राज्यं गजाश्वरथसंयुतम् ॥१३॥
वैष्णवोऽसि मुनिश्रेष्ठ नास्त्यदेयं मया तव। मेरुतुल्यं भवेत् स्वल्पं वैष्णवाय समर्पितम् ॥१४॥

चन्द्रकला नाम की स्त्री चौंसठ कला को जानने वाली, पतिव्रता, महान् भाग्यवती, भगवान् की भक्ति करने वाली थी ॥७॥ उसके साथ युवा चित्रबाहु राजा पृथ्वी का भोग करने लगा। बिना श्रीकृष्ण के दूसरे देवता को नहीं जानता था ॥८॥ एक दिन पृथ्वीपति राजा चित्रबाहु ने दूर से ही आये हुए मुनियों में श्रेष्ठ अगस्त्य मुनि को देखकर ॥९॥ पृथ्वी में दण्डवत् प्रणाम कर उनकी विधिपूर्वक पूजा की और भक्ति से आसन देकर मुनिश्रेष्ठ के सम्मुख बैठ गया ॥१०॥ विनय से नम्र होकर मुनिश्रेष्ठ से कहा। राजा बोला– आज मेरा जन्म सफल हुआ, आज मेरा दिन सफल हुआ ॥११॥ आज मेरा राज्य सफल हुआ, आज मेरा गृह सफल हुआ जो आप श्रीकृष्णचन्द्र के सेवक आज मेरे गृह में आये हैं ॥१२॥ आप से देखा गया मैं पापपुञ्ज से मुक्त हो गया। आप को हाथी घोड़े रथ से युक्त समस्त राज्य समर्पण किया ॥१३॥ हे मुनिश्रेष्ठ! आप वैष्णव हो, आपके लिये कोई भी अदेय वस्तु नहीं है। वैष्णव को थोड़ा भी दिया हुआ मेरु पर्वत के समान होता है ॥१४॥ जो कौड़ी के बराबर शाक अथवा उत्तम

कपर्दिकाप्रमाणं तु व्यञ्जनं चान्नमुत्तमम्। न यच्छति दिने यस्तु वैष्णवाय द्विजन्मने।१५।
तद्दिनं विफलं तस्य कथितं वेदपारगैः। विष्णुभक्ताश्च ये केचित् सर्वे पूज्या द्विजातयः।१६।
तेषां सम्भावना कार्या वाङ्मनः कायकर्मभिः। कथितं मम गर्गेण गौतमेन सुमन्तुना।१७।
तावत्प्रभा च ताराणां यावन्नोदयते रविः। तावदन्ये द्विजन्मानो यावन्नायाति वैष्णवः।१८।

अगस्त्य उवाच-

चित्रबाहो महाभाग धन्यस्त्वं साम्प्रतं नृप। इमा धन्याः प्रजाः सर्वा यस्त्वं रक्षसि वैष्णवम्।१९।
तस्मिन् राष्ट्रे न वस्तव्यं यस्य राजा न वैष्णवः। वरो वासो वने शून्ये न तु राष्ट्रे ह्यवैष्णवे।२०।
चक्षुर्हीनो यथा देहः पतिहीना यथा प्रिया। निरक्षरो यथा विप्रस्तथा राष्ट्रमवैष्णवम्।२१।
दन्तहीनो यथा हस्ती पक्षहीनो यथा खगः। द्वादशी दशमीविद्धा तथा राष्ट्रमवैष्णवम्।२२।

अन्न जिस दिन वैष्णव ब्राह्मण को नहीं देता है ॥१५॥ वह दिन उसका विफल है, ऐसा वेद के जानने वालों ने कहा है। जो कोई द्विजाति विष्णुभक्त हों वे सब पूज्य हैं ॥१६॥ उनका वाणी मन कर्म से सत्कार करना चाहिये। ऐसा मुझसे गर्ग, गौतम, सुमन्तु ऋषि ने कहा है ॥१७॥ जब तक सूर्योदय नहीं होता है तभी तक तारागण की प्रभा रहती है, जब तक वैष्णव ब्राह्मण नहीं आता है, तभी तक दूसरे ब्राह्मण कहे गये हैं ॥१८॥ अगस्त्य मुनि बोले– हे चित्रबाहो! हे महाभाग! हे नृप! इस समय तुम धन्य हो, ये सब प्रजा धन्य हैं जो तुम वैष्णवों की रक्षा करते हो ॥१९॥ जो राजा वैष्णव न हो उसके राज्य में वास नहीं करना। शून्य वन में वास करना अच्छा है, परन्तु अवैष्णव के राज्य में रहना अच्छा नहीं है ॥२०॥ जिस प्रकार नेत्रहीन शरीर, पतिहीन स्त्री, बिना पढ़ा हुआ ब्राह्मण निन्द्य है वैसे ही वैष्णव रहित देश निन्द्य है ॥२१॥ जैसे दाँत के बिना हाथी, पङ्ख के बिना पक्षी, दशमीविद्धा द्वादशी (एकादशी) कही गई है वैसे ही वैष्णव रहित देश है ॥२२॥ जैसे कुशा रहित सन्ध्या, तिलहीन तर्पण, वृत्ति

दर्भहीना यथा सन्ध्या तिलहीनं च तर्पणम्। वृत्त्यर्थं देवसेवा च तथा राष्ट्रमवैष्णवम् ।२३।
सकेशा विधवा यद्वद्व्रतं स्नानाविवर्जितम्। शूद्रश्च ब्राह्मणीगामी तथा राष्ट्रमवैष्णवम् ।२४।
स राजा प्रोच्यते सद्भिर्यः श्रीकृष्णपदाश्रयः। तद्राष्ट्रं वर्धते नित्यं सुखी भवति तत्प्रजा ।२५।
दृष्टिर्मे सफला राजन् यन्मया त्वं निरीक्षतः। अद्य मे सफला वाणी ह्यच्युते यत्त्वया सह ।२६।
इदं राज्यं त्वया राजन् प्रकर्त्तव्यं ममाज्ञया। प्रतिष्ठितो मया राज्ये गमिष्याम्यस्तु स्वस्ति ते ।२७।

श्रीनारायण उवाच-

इत्युक्त्वा गन्तुकामं तमगस्त्यं मुनिपुङ्गवम्। ननाम परया भक्त्या महिषी सा पतिव्रता ।२८।

अगस्त्य उवाच-

अवैधव्यं सदा तेऽस्तु भक्त्या भज पतिं शुभे। दृढा तेऽस्तु सदा भक्तिः श्रीगोपीजनवल्लभे ।२९।

के लिये देवता की सेवा है वैसे ही वैष्णव रहित देश कहा है ॥२३॥ जैसे केशों को धारण करने वाली विधवा स्त्री, स्नान रहित व्रत, ब्राह्मणी में गमन करने वाला शूद्र है वैसे ही बिना वैष्णव का राष्ट्र निन्द्य है ॥२४॥ जो श्रीकृष्णचन्द्र के चरणों का आश्रय करने वाला है सत्पुरुषों से राजा कहा गया है। इसका राष्ट्र हमेशा वृद्धि को पाता है और उसकी प्रजा सुखी होती है ॥२५॥ हे राजन्! जो मैंने तुमको देखा इसलिये मेरी दृष्टि सफल हुई। भगवद्भक्त आपके साथ बात करने से आज मेरी वाणी सफल हुई ॥२६॥ हे राजन्! मेरी आज्ञा से यह राज्य तुमको करना चाहिये। मैंने इस राज्य में तुमको प्रतिष्ठित किया। तुम्हारा कल्याण हो मैं जाऊँगा ॥२७॥ श्रीनारायण बोले- इस प्रकार कह कर जाने की इच्छा करने वाले श्रेष्ठ मुनि अगस्त्य को चित्रबाहु राजा की पतिव्रता स्त्री ने परम भक्ति के साथ प्रणाम किया ॥२८॥ अगस्त्य मुनि बोले- हे शुभे! तू सदा सौभाग्यवती हो और भक्ति से पति की सेवा कर। गोपीजन के वल्लभ श्रीकृष्णचन्द्र में तेरी सदा दृढ़ भक्ति हो ॥२९॥ इस प्रकार आशीर्वाद देते हुए अगस्त्य

इत्थमाशीर्ददानं तं भूयः प्राह महीपतिः। वद्धाञ्जलिपुटो भूत्वा विनयानतकन्धरः ॥३०॥

चित्रबाहुरुवाच-

विपुला मे कथं लक्ष्मीः कथं राज्यमकण्टकम्। पतिव्रता कथं पत्नी किं कृतं सुकृतं मया ॥३१॥

एतन्मे ब्रूहि विप्रेन्द्र तवाहं शरणं गतः। करामलकवत्सर्वं जानासि त्वं मुनीश्वर ॥३२॥

श्रीनारायण उवाच-

इत्थमावेदितो राज्ञा ह्यगस्त्यो मुनिपुङ्गवः। समाहितमना भूत्वा जाद नृपसत्तमम् ॥३३॥

अगस्त्य उवाच-

मया विलोकितं सर्वं प्राक्तनं चरितं तव। तत्सर्वं कथयाम्यद्य सेतिहासं पुरातनम् ॥३४॥

चमत्कारपुरे रम्ये मणिग्रीवाभिधानभृत। त्वमभूः शूद्रजातीयो जीवहिंसापरायणः ॥३५॥

नास्तिको दुष्टचारित्रः परदारप्रधर्षकः। कृतघ्नो दुर्विनीतश्च शिष्टाचारविवर्जितः ॥३६॥

ऋषि से विनयपूर्वक शिर नवा कर और अञ्जलि बाँध कर चित्रबाहु राजा ने फिर कहा ॥३०॥ चित्रबाहु बोला– हे विप्रेन्द्र! यह विपुल लक्ष्मी कैसे हुई? निष्कण्टक राज्य कैसे हुआ? यह मेरी स्त्री ऐसी पतिव्रता कैसे हुई? और मैंने कौन-सा पुण्य किया था? ॥३१॥ हे विप्रेन्द्र! यह सब मेरे से आप कहिये। मैं आपकी शरण में आया हूँ। हे मुनिश्वर! आप हाथ में स्थित दर्पण के समान सब जानते हो ॥३२॥ श्रीनारायण बोले– इस प्रकार राजा चित्रबाहु के कहने पर मुनिश्रेष्ठ अगस्त्य एकाग्रचित्त होकर राजश्रेष्ठ चित्रबाहु से बोले ॥३३॥ अगस्त्य मुनि बोले– हे राजन्! मैंने तुम्हारे पूर्व जन्म का चरित्र देख लिया है। इतिहास के सहित प्राचीन उस चरित्र को कहता हूँ ॥३४॥ सुन्दर चमत्कार पुर में शूद्र जाति में जीव हिंसा करने में तत्पर मणिग्रीव नामधारी तुम हुए ॥३५॥ सो तुम नास्तिक, दुष्टचरित्र वाले, दूसरे की स्त्री को हरण करने वाले, कृतघ्न, दुर्विनीत, शिष्टाचार से रहित हुए ॥३६॥ और तुम्हारा यह जो

या चेयं भवतो भार्या पूर्वजन्मनि सुन्दरी। कर्मणा मनसा वाचा पतिसेवापरायणा ॥३७॥
पतिव्रता महाभागा धर्मनिष्ठा मनस्विनी। भावं न कुरुते दुष्टं तवोपरि कदाचन ॥३८॥
ज्ञातिभिस्त्वं परित्यक्तो बन्धुभिः पापकर्मकृत्। राज्ञा क्रुद्धेन ते सर्वं गृहीतं धनमुत्तमम् ॥३९॥
ततोऽवशिष्टं यत् किञ्चिद् गृहीतं ज्ञातिभिस्तदा। गते द्रव्ये धनाकाङ्क्षा तवाऽऽसीद्विपुला तदा ॥४०॥
क्षीयमाणे धने साध्वी न त्वामत्यजदुन्मनाः। एवं तिरस्कृतः सर्वैर्गतवान्निर्जनं वनम् ॥४१॥
हत्वा जीवाननेकांश्च त्वं चकर्थात्मपोषणम्। एवं वर्तयतस्तस्य पत्न्या सह महीपते ॥४२॥
एकदा धनुरुद्यम्य मणिग्रीवो वनं गतः। बहुव्यालमृगाकीर्णं मृगमांसजिघृक्षया ॥४३॥
तस्मिन्निर्मानुषेऽरण्ये मध्ये मार्गे महामुनिः। उग्रदेव इतिख्यातो दिङ्मूढो विह्वलोऽभवत् ॥४४॥

स्त्री के यही पूर्व जन्म में भी स्त्री थी। यह कर्म, मन और वचन से पतिसेवा में परायण थी ॥३७॥ पतिव्रता, महाभागा, धर्म में प्रेम करने वाली, मनस्विनी इसने कभी भी तुम्हारे विषय में दुष्ट भाव नहीं किया ॥३८॥ पाप कर्म को करने वाले तुम्हारा जाति और बान्धवों ने त्याग कर दिया और क्रुद्ध होकर राजा ने सब उत्तम धन ले लिया ॥३९॥ फिर उस समय बचा हुआ जो कुछ अवशेष धन था उसको जातिवालों ने ले लिया। तब उस समय धन के चले जाने से तुमको धन की भारी इच्छा हुई ॥४०॥ परन्तु धन के नाश होने पर भी मन मलीन होकर इस पतिव्रता ने तुम्हारा त्याग नहीं किया। इस प्रकार सब लोगों से तिरस्कृत होने पर तुम निर्जन वन को गये ॥४१॥ हे महीपते! वन में जाकर अनेक पशुओं को मारकर अपनी आत्मा का रक्षण किया। इस प्रकार स्त्री के सहित जीवन निर्वाह करते हुए ॥४२॥ धनुष को उठाकर मणिग्रीव मृग के मांस को खाने की इच्छा से बहुत से सर्प और मृग से भरे हुए वन को गया ॥४३॥ उस मनुष्यरहित वन के मध्य मार्ग में उग्रदेव नाम के महामुनि दिशाज्ञान के नष्ट हो जाने से व्याकुल हो गये ॥४४॥ हे राजन्! मध्याह्न के

तृषा सम्पीडितोऽत्यर्थं मध्यन्दिनगते रवौ। तत्रैव पतितो राजन् मुमूर्षुरभवत्तदा ॥४५॥
तं दृष्ट्वा ते दया जाता दिग्भ्रष्टं दुःखितं द्विजम्। उत्थाप्य तं द्विजन्मानं गृहीत्वा स्वाश्रमं गतः ॥४६॥
दम्पतिभ्यां कृता सेवा दुःखितस्य द्विजन्मनः। उग्रदेवो महायोगग मुहूर्तानन्तरं तदा ॥४७॥
अवाप्य चेतनां यत्र विस्मयं समजीगमत्। तत्रास्थोऽयं कुतश्चात्र केनानीतो वनान्तरम् ॥४८॥

श्रीनारायण उवाच-

मणिग्रीवोऽवदद्विप्रं रमणीयमिदं सरः। अत्रास्ते शीतलं वारि पद्मिनीपुष्पवासितम् ॥४९॥
तत्र स्नात्वा जले शीते कृत्वा पौर्वाह्णिकीः क्रियाः। कुरु ब्रह्मन् फलाहारं पिब वारि सुशीतलम् ॥५०॥
सुखेन कुरु विश्रामं मया संरक्षितोऽधुना। उत्तिष्ठत्वं मुनिश्रेष्ठ प्रसादं कर्तुमर्हसि ॥५१॥

अगस्त्य उवाच-

लब्धसंज्ञस्तदा विप्र उग्रदेवो गतश्रमः। मणिग्रीववचः श्रुत्वा समुत्तस्थौ तृषातुरः ॥५२॥

समय तृषा से अत्यन्त पीड़ित हो वहाँ ही गिरकर मरणासन्न हो गये। उस समय ॥४५॥ रास्ते को भूले हुए उस दुःखित ब्राह्मण को देखकर तुमको दया आई। बाद में उस ब्राह्मण को उठाकर और उसको साथ लेकर तुम अपने आश्रम को गये ॥४६॥ उस दुःखित ब्राह्मण की तुम दोनों स्त्री-पुरुष ने सेवा की। एक मुहूर्त के बाद उस समय महायोगी उग्रदेव ॥४७॥ चैतन्यता को प्राप्त हो आश्चर्य करने लगे कि मैं कहाँ था-यहाँ कैसे आ गया। उस वन के बीच से कौन लाया? ॥४८॥ श्रीनारायण बोले- मणिग्रीव ने उस ब्राह्मण से कहा कि यह सुन्दर तालाब है। इसमें कमलिनी के पुष्प से सुगन्धित शीतल जल है ॥४९॥ हे ब्रह्मन्! उस शीतल जल में स्नान करके मध्याह्न की क्रिया करके फलाहार करें और सुन्दर शीतल जल का पान करें ॥५०॥ इस समय मैंने रक्षा की है। आप सुख से विश्राम करें। हे मुनिश्रेष्ठ! आप उठिये और आप कृपा करने के योग्य हैं ॥५१॥ अगस्त्यजी बोले- उस समय उग्रदेव ब्राह्मण श्रमरहित सावधान हो मणिग्रीव का वचन सुन कर तृषा से व्याकुल हो उठा ॥५२॥ हे चित्रबाहो! मणिग्रीव

मणिग्रीवश्च भुजालम्बी जगाम सरसीतटम्। उपविष्टश्चित्रबाहो तत्तटे वटशोभिते ॥५३॥
विश्रम्य तत्क्षणं विप्रो वटच्छायामाधश्रितः। स्नात्वा नित्यविधिं कृत्वा वासुदेवमपूजयत् ॥५४॥
देवान् पितृंश्च सन्तर्प्य पपौ नीरं सुशीतलम्। उग्रदेवस्ततः शीघ्रं वटमूलमुपाश्रितः ॥५५॥
मणिग्रीवः सपत्नीको ननाम मुनिसत्तमम्। विनयेनावदद्वाचमातिथ्यं कर्तुमुन्मनाः ॥५६॥

मणिग्रीव उवाच-

अस्मत्सन्तारणायाद्य मदाश्रममुपागतः। ब्रह्मंस्त्वद्दर्शनादेव पापं मे विलयं गतम् ॥५७॥
इत्युक्त्वा तं प्रियामाह मणिग्रीवो मुदान्वितः। अयि सुन्दरि पक्वानि स्वादूनि यानि यानि च ॥५८॥
तानि चूतफलानि त्वं शीघ्रमानय मा चिरम्। अन्यत्कन्दादि यत्किञ्चित्तदानय शुभानने ॥५९॥
निजनाथवचः श्रुत्वा फलान्यादाय सुन्दरी। कन्दादिकं च विप्राग्रे स्थापयामास हर्षतः ॥६०॥

की भुजा पकड़ कर वट–वृक्ष से शोभित तालाब के तट पर जाकर बैठ गये ॥५३॥ वट की छाया में बैठकर क्षणमात्र विश्राम कर स्नान और नित्यकर्म कर वासुदेव भगवान् का पूजन किया ॥५४॥ देवता पितरों को तर्पण कर सुन्दर शीतल जल को पान कर उग्रदेव ब्राह्मण शीघ्र वट के मूल भाग में आकर बैठ गये ॥५५॥ पत्नी सहित मणिग्रीव ने मुनिश्रेष्ठ उग्रदेव को नमस्कार किया और अतिथि सत्कार करने की इच्छा से विनययुक्त वाणी से बोला ॥५६॥ मणिग्रीव बोला– हे ब्रह्मन्! आज मुझको तारने के लिये आप मेरे आश्रम को आये। आपके दर्शन से मेरे पाप नष्ट हो गये ॥५७॥ इस प्रकार उस ब्राह्मण से कह कर प्रसन्न मणिग्रीव स्त्री से बोला– अयि सुन्दरी! जो जो स्वादिष्ट पके हुए फल हैं ॥५८॥ उन आमफलों को तुम जल्दी लाओ विलम्ब मत करो। हे शुभानने! और जो कुछ कन्द आदि हों उनको भी लाओ ॥५९॥ इस प्रकार स्त्री अपने पति के वचन को सुन फलों को और कन्दादिकों को लाकर हर्ष से ब्राह्मण के सामने रखती हुई ॥६०॥ मणिग्रीव फिर

मणिग्रीवः पुनर्वाक्यमुवाच मुनिसत्तमम्। फलान्यङ्गीकुरु ब्रह्मन् कृतार्थीकुरु दम्पती ।६१।

उग्रदेव उवाच-

त्वामहं नैव जानामि कस्त्वं भो कथयस्व मे। अज्ञातस्य न भोक्तव्यं ब्राह्मणेन विजानता ।६२।

मणिग्रीव उवाच-

शूद्रोऽहं द्विजशार्दूल मणिग्रीवाभिधानतः। स्वजनैर्ज्ञातिवर्गैश्च परित्यक्तः स्वबान्धवैः ।६३।

इत्थं शूद्रवचः श्रुत्वा फलाहारमचीकरत्। उग्रदेवः प्रसन्नात्मा ततो नीरमपीपिबत् ।६४।

ततो विप्रं सुखासीनं मणिग्रीवोऽवदद्वचः। लालयंस्तत्पदाम्भोजं स्वक्रोडस्थं मुहुर्मुहुः ।६५।

मणिग्रीव उवाच-

क्व गन्तव्यं मुनिश्रेष्ठ कुतस्त्वं चेह कानने। निर्जने निर्जले दुष्टे हिंस्रजन्तुसमाकुले ।६६।

मुनिश्रेष्ठ से वचन बोला कि हे ब्रह्मन्! इन फलों को ग्रहण कर मुझ स्त्री-पुरुष को कृतार्थ करें ।६१॥ उग्रदेव ब्राह्मण बोला- तुमको मैं नहीं जानता हूं। तुम कौन हो? सो मेरे से कहो। विद्वान ब्राह्मण को चाहिये कि अपरिचित का भोजन नहीं करे ॥६२॥ मणिग्रीव बोला-हे द्विजशार्दूल! मैं मणिग्रीव नामक शूद्र जाति का, स्वजनों से, जातिवालों से, अपने बान्धवों से त्यागा हुआ हूं ॥६३॥ इस प्रकार शूद्र के वचन को सुनकर प्रसन्नात्मा उग्रदेव ने फलों को खाया, बाद में जल को पीया ॥६४॥ ब्राह्मण के सुख से बैठे देखकर मणिग्रीव उग्रदेव ब्राह्मण के पैरों को अपनी गोद में रखकर दबाता हुआ फिर वचन बोला ॥६५॥ मणिग्रीव बोला- हे मुनिश्रेष्ठ! आप कहाँ जायेंगे? इन निर्जन जलरहित हिंसक जन्तुओं से भरे दुष्ट वन में कहाँ से आये? ॥६६॥ उग्रदेव

उग्रदेव उवाच–

ब्राह्मणोऽहं महाभाग प्रयागं गन्तुमुत्सहे। अधुनाऽज्ञातमार्गोऽत्र सम्प्राप्तो दारुणे वने॥६७।
तत्र श्रान्तस्तृषाक्रान्तो मुमूर्षुरभवं क्षणात्। जीवितं मे त्वया दत्तं ब्रूहि किं ते ददाम्यहम्॥६८।
अरण्यं केन दुःखेन दम्पतीभ्यां समाश्रितम्। तद्दुःखमपनेष्यामि मणिग्रीव वदस्व मे॥६९।

अगस्त्य उवाच–

इत्युग्रदेववचनं ललितं निशम्य पत्न्याः समक्षमनुनीय मुनीश्वरं तम्।
दरिद्र्यसागरतितीर्षुरसौ स्वकीयं वृत्तान्तमाह निजकर्मविपाकमुग्रम्॥७०।

इति श्रीबृहन्नारदीयपुराणे पुरुषोत्तममासमाहात्म्ये श्रीनारायणनारदसंवादे
दृढधन्वोपाख्याने त्रयोविंशोऽध्यायः।२३।

बोला– हे महाभाग ! मैं ब्राह्मण हूँ, प्रयाग जाना चाहता हूँ। इस समय रास्ता न जानने के कारण भयंकर वन में चला आया हूँ॥६७॥ उस जगह थकावट और प्यास के कारण क्षणभर में ही मरणासन्न हो गया। बाद में तुमने मेरे को प्राण दिया। हे मणिग्रीव ! बोलो। तुमको मैं क्या दूँ॥६८॥ हे मणिग्रीव ! तुम दोनों स्त्री–पुरुष ने किस दुःख के कारण वन में आश्रय लिया है। उस दुःख को मुझसे कहो, मैं उस दुःख को दूर करूँगा॥६९॥ अगस्त्य मुनि बोले– इस प्रकार उग्रदेव ब्राह्मण के वचन को सुनकर अपनी स्त्री के सामने उस मुनीश्वर उग्रदेव की प्रार्थना कर दरिद्रता समुद्र को पार करने की इच्छावाले मणिग्रीव ने अपने कर्म के भयंकर फलरूप वृत्तान्त को कहा॥७०॥

इति श्रीबृहन्नारदीयपुराणे पुरुषोत्तममासमाहात्म्ये श्रीनारायणनारदसंवादे
दृढधन्वोपाख्याने त्रयोविंशोऽध्यायः॥२३॥

चतुर्विंशोऽध्याय

मणिग्रीव उवाच-

चमत्कारपुरे रम्ये विद्वज्जनसमाकुले। मम वासस्सऽभवत्तत्र धर्मपत्न्या सह द्विज ॥१॥
धनाढ्यस्य पवित्रस्य परोपकृतिशालिनः। कदाचिद्दैवयोगेन दुर्बुद्धिः समपद्यत ॥२॥
निजधर्मपरित्यागः कृता मे दुष्टबुद्धिना। परस्त्रीसेवनं नित्यमपेयं पीयते स्म ह ॥३॥
चौर्यहिंसापरश्चाहं परित्यक्तः स्वबन्धुभिः। बृहद्बलेन भूपेन मद्गृहं लुण्ठितं तदा ॥४॥
अवशिष्टं च यत्किञ्चिद् गृहीतं बन्धुभिर्धनम्। एवं तिरस्कृतः सर्वैर्वनवासमचीकरम् ॥५॥
कृत्वा जीववधं नित्यं जीवेयं भार्यया सह। एतस्मिन्विपिने घोरे वसतो मे दुरात्मनः ॥६॥
कुरुष्वानुग्रहं ब्रह्मन् पापयुक्तस्य साम्प्रतम्। प्राचीनपुण्यपुञ्जेन सम्प्राप्तो गहने भवान् ॥७॥

मणिग्रीव बोला-हे द्विज! विद्वानों से पूर्ण और सुन्दर चमत्कारपुर में धर्मपत्नी के साथ मैं रहता था ॥१॥ धनाढ्य, पवित्र आचरणवाला, परोपकार में तत्पर मुझको किसी समय संयोग से दुष्ट बुद्धि पैदा हुई ॥२॥ दुष्ट बुद्धि के कारण मैंने अपने धर्म का त्याग किया, दूसरे की स्त्री का सेवन किया और नित्य अपेय वस्तु का पान किया ॥३॥ चोरी हिंसा में तत्पर रहता था, इसलिये बन्धुओं ने मेरा त्याग किया। उस समय महाबलवान् राजा ने मेरा घर लूट लिया ॥४॥ बाद में बचा हुआ जो कुछ धन था उसको बन्धुओं ने ले लिया। इस प्रकार सभी से तिरस्कृत होने के कारण वन में निवास किया ॥५॥ स्त्री के साथ इस घोर वन में निवास करते हुए मुझ दुरात्मा का नित्य जीवों का वध कर जीवन-निर्वाह होता है ॥६॥ हे ब्रह्मन्! इस समय आप मुझ पापी पर अनुग्रह करें। प्राचीन पुण्य के समूह से आप इस घोर वन में आये हैं ॥७॥ हे महामुने! स्त्री के साथ मैं आपकी शरण में आता

त्वाहं शरणं यातः सपत्नीको महामुने। उपदेशप्रसादेन कृतार्थीकर्तुमर्हसि।८।
येन मे तीव्रदारिद्र्यं विलयं याति तत्क्षणात्। अतुलं वैभवं लब्ध्वा विचरामि यथासुखम्।९।

उग्रदेव उवाच-

कृतार्थोऽसि महाभाग यदातिथ्यं कृतं मम। अतस्ते भावि कल्याणं सपत्नीकस्य साम्प्रतम्।१०।
विना व्रतैर्विना तीर्थैर्विना दानैरयत्नतः। दारिद्र्यं ते लयं याति यथा निर्धारित मया।११।
अतः परं तृतीयोऽस्ति मासः श्रीपुरुषोत्तमः। भवद्भ्यां तत्र विधिना दम्पतीभ्यां प्रयत्नतः।१२।
कर्तव्यं दीपदानं च पुरुषोत्तमतुष्टये। तेन ते तीव्रदारिद्र्यं समूलं नाशमेष्यति।१३।
तिलतैलेन कर्तव्यः सर्पिषा वैभवे सति। तयोर्मध्ये न किञ्चित्ते कानने वसतोऽधुना।१४।
इङ्गुदीजेन तैलेन दीपः कार्यस्त्वयाऽनघ। यावन्मासं सनियमं मणिग्रीव स्त्रिया सह।१५।

हूँ। आप उपदेशरूप प्रसाद से कृतार्थ करने के योग्य हैं॥८॥ जिस उपाय के करने से मेरी तीव्र दरिद्रता इसी क्षण में नष्ट हो जाय और अतुल वैभव को प्राप्त कर यथासुख विचरूँ॥९॥ उग्रदेव बोला- हे महाभाग! तुम कृतार्थ हो गये। जो तुमने मेरा अतिथि-सत्कार किया इसलिये इस समय स्त्रीसहित तुमको होने वाले कल्याण को कहता हूँ॥१०॥ जो बिना व्रत के, बिना तीर्थ के, बिना दान के, बिना प्रयास के तुम्हारी दरिद्रता दूर हो जायेगी, ऐसा मैंने विचार किया है॥११॥ इसके बाद तीसरा पुरुषोत्तममास आने वाला है। उस पुरुषोत्तममास में सावधानी के साथ विधिपूर्वक तुम दोनों स्त्री-पुरुष॥१२॥ श्रीपुरुषोत्तम भगवान् को प्रसन्न करने के लिये दीप-दान करना। उस दीप-दान से तुम्हारी यह दरिद्रता जड़ से नष्ट हो जावेगी॥१३॥ तिल के तेल से दीप-दान करना चाहिये। विभव के होने पर घृत से दीप-दान करना चाहिये। परन्तु इस समय वन में वास करने के कारण घृत अथवा तेल इनमें से तुम्हारे पास कुछ भी नहीं है॥१४॥ हे अनघ! मणिग्रीव! पुरुषोत्तम मास भर स्त्री के साथ नियमपूर्वक इङ्गुदी के तेल से तुम दीप-दान करना॥१५॥ स्त्री के साथ इस तालाब में

असिक्न्सरोवरे स्नात्वा सह पत्न्या निरन्तरम्। एतमेव हि कर्तव्यं मासमात्रं त्वया वने।१६।
अयमेवोपदेशस्तु सपत्नीकाय मे कृतः। त्वदातिथ्यप्रसन्नेन मया निगमनिश्चितः।१७।
अवैधं दीपदानं हि रमावृद्धिकरं नृणाम्। विधिना क्रियमाणं चेत्किं पुनः पुरुषोत्तमे।१८।
वेदोक्तानि च कर्माणि दानानि विविधानि च। पुरुषोत्तमदीपस्य कलां नार्हन्ति षोडशीम्।१९।
तीर्थानि सकलान्येव शास्त्राणि सकलानि च। पुरुषोत्तमदीपस्य कलां नार्हन्ति षोडशीम्।२०।
योगो ज्ञानं तथा साङ्ख्यं तन्त्राणि सकलान्यपि। पुरुषोत्तमदीपस्य कलां नार्हन्ति षोडशीम्।२१।
कृच्छ्रचान्द्रायणादीनि व्रतानि निखिलानि च। पुरुषोत्तमदीपस्य कलां नार्हन्ति षोडशीम्।२२।
वेदाभ्यासो गयाश्राद्धं गोमतीतटसेवनम्। पुरुषोत्तमदीप्य कलां नार्हन्ति षोडशी।२३।
उपरागसहस्राणि व्यतीपातशतानि च। पुरुषोत्तमदीपस्य कलां नार्हन्ति षोडशीम्।२४।

नित्य स्नान करके दीप-दान करना। इसी प्रकार तुम इस वन में एक मास व्रत करना ॥१६॥ तुम्हारे अतिथि-सत्कार से प्रसन्न मैंने यह वेद में कहा हुआ तुम दोनों स्त्री-पुरुष के लिये उपदेश किया है ॥१७॥ विधिहीन भी दीप-दान करने से मनुष्यों को लक्ष्मी की वृद्धि होती है। यदि पुरुषोत्तममास में विधिपूर्वक दीप-दान किया जाय तो क्या कहना है ॥१८॥ वेद में कहे हुए कर्म और अनेक प्रकार के दान पुरुषोत्तम मास में दीप-दान की सोलहवीं कला की भी बराबरी नहीं कर सकते हैं ॥१९॥ समस्त तीर्थ, समस्त शास्त्र पुरुषोत्तम मास के दीप-दान की सोलहवीं कला को नहीं पा सकते हैं ॥२०॥ योग, ज्ञान, साङ्ख्य, समस्त तन्त्र भी पुरुषोत्तम मास के दीपदान की सोलहवीं कला को नहीं पा सकते हैं ॥२१॥ कृच्छ्र, चान्द्रायण आदि समस्त व्रत पुरुषोत्तम मास के दीपदान की सोलहवीं कला की बराबरी नहीं कर सकते हैं ॥२२॥ वेद का प्रतिदिन पाठ करना, गया श्राद्ध, गोमती नदी के तट का सेवन पुरुषोत्तम मास के दीपदान की सोलहवीं कला की बराबरी नहीं कर सकते ॥२३॥ हजारों ग्रहण, सैकड़ों व्यतीपात पुरुषोत्तम मास के दीपदान की सोलहवीं कला की बराबरी नहीं कर सकते हैं ॥२४॥ कुरुक्षेत्र आदि श्रेष्ठ क्षेत्र, दण्डक आदि वन

कुर्वादिक्षेत्रवर्याणि दण्डकादिवनानि च। पुरुषोत्तमदीपस्य कलां नार्हन्ति षोडशीम् ।२५।
एतद्गुह्यतमं वत्स नाख्येयं यस्य कस्यचित्। धनधान्यपशुव्रातपुत्रपौत्रयशस्करम् ।२६।
वन्ध्यावन्ध्यत्वशमनमवैधव्यकरं स्त्रियाः। राज्यदं राज्यभ्रष्टस्य चिन्तितार्थकरं नृणाम् ।२७।
कन्या विन्देत भर्त्तारं गुणिनं चिरजीविनम्। कान्तार्थी लभते कान्तां सुशीलां च पतिव्रताम् ।२८।
विद्यार्थी लभते विद्यां सुसिद्धिं सिद्धिकामुकः। कोशकामो लभेत् कोशं मोक्षार्थी मोक्षमाप्नुयात् ।२९।
विना विधिं विना शास्त्रं यः कुर्यात् पुरुषोत्तमे। दीपं तु यत्र कुत्रापि कामितं सर्वमाप्नुयात् ।३०।
किं पुनर्विधिना वत्स दीपं प्रयत्नतः। तस्माद्दीपः प्रकर्तव्यो मासे श्रीपुरुषोत्तमे ।३१।
एतदुक्तं मया तेऽद्य तीव्र दारिद्र्यनाशनम्। स्वस्ति तेऽस्तु गमिष्यामि सन्तुष्टः सेवया तव ।३२।

पुरुषोत्तम मास के दीपदान की सोलहवीं कला की बराबरी नहीं कर सकते हैं ॥२५॥ हे वत्स! यह अत्यन्त गुप्त व्रत जिस किसी के कहने लायक नहीं है। यह धन, धान्य, पशु, पुत्र, पौत्र और यश को करने वाला है ॥२६॥ वन्ध्या स्त्री के बाँझपन को नाश करने वाला है और स्त्रियों को सौभाग्य देने वाला है। राज्य से गिरे हुए राजा को राज्य देने वाला है और प्राणियों को इच्छानुसार फल देने वाला है ॥२७॥ यदि कन्या व्रत करती है तो गुणी चिरञ्जीवी पति को प्राप्त करती है, स्त्री की इच्छा करने वाला पुरुष सुशीला और पतिव्रता स्त्री को प्राप्त करता है ॥२८॥ विद्यार्थी विद्या को प्राप्त करता है। सिद्धि को चाहने वाला अच्छी तरह सिद्धि को प्राप्त करता है। खजाना को चाहने वाला खजाना को प्राप्त करता है। मोक्ष को चाहने वाला मोक्ष को प्राप्त करता है ॥२९॥ बिना विधि के, बिना शास्त्र के जो पुरुषोत्तम मास में जिस किसी जगह दीपदान करता है वह इच्छानुसार फल को प्राप्त करता है ॥३०॥ हे वत्स! विधिपूर्वक नियम से जो दीपदान करता है तो फिर कहना ही क्या है? इसलिये पुरुषोत्तम मास में दीपदान करना चाहिये ॥३१॥ मैंने इस समय यह तीव्र दरिद्रता को नाश करने वाला दीपदान तुमसे कहा, तुम्हारा कल्याण हो, तुम्हारी सेवा से मैं प्रसन्न हूँ ॥३२॥

अगस्त्य उवाच-

इत्युक्त्वा विप्रवर्योऽसौ प्रयागं सञ्जगाम ह। द्विभुजं मुरलीहस्तं मनसा श्रीहरिं स्मरन् ।३३।
अनुगत्योग्रदेवं तं कियन्मासं निजाश्रमात्। पुनरावव्रतुर्नत्वा दम्पती हृष्टमानसौ ।३४।
आसाद्य स्वाश्रमं भक्त्या पुरुषोत्तममानसौ। निन्यतुर्मासयुगलं द्विजभक्तिपरायणौ ।३५।
गते मासद्वये श्रीमानागतः पुरुषोत्तमः। तौ तस्मिंश्चक्रतुर्दीपं गुरुभक्तिपरायणौ ।३६।
इङ्गुदीजेन तैलेन वैभवार्थमतन्द्रितौ। एवं तयोः कृतवतोर्जगाम पुरुषोत्तमः ।३७।
उग्रदेवप्रसादेन विनिर्धूतमनोमलौ। कालस्य वशमापन्नौ पुरन्दरपुरीं गतौ ।३८।
तत्रत्यं भोगमासाद्य पृथिव्यां भारताजिरे। उग्रदेवप्रसादेन वरं जनुरवापतुः ।३९।
वीरबाहुसुतस्त्वं च चित्रबाहुरिति श्रुतः। पूर्वस्मिन्यो मणिग्रीवो मृगहिंसापरायणः ।४०।

अगस्त्य मुनि बोले- इस प्रकार वह श्रेष्ठ ब्राह्मण मन से दो भुजावाले, मुरली को धारण करने वाले श्रीहरि भगवान् का स्मरण करते हुए प्रयाग को गये ॥३३॥ वे दोनों अपने आश्रम से उग्रदेव के पीछे जाकर उनके पास कुछ मासपर्यन्त वास करके, प्रसन्न मन हो, दोनों स्त्री-पुरुष उग्रदेव को नमस्कार कर, फिर अपने आश्रम को चले आये ॥३४॥ अपने आश्रम में आकर भक्ति से पुरुषोत्तम में मन लगाकर, ब्राह्मण की भक्ति में तत्पर उन दोनों स्त्री-पुरुष ने दो मास बिताया ॥३५॥ दो मास बीत जाने पर श्रीमान् पुरुषोत्तम मास आया, उस पुरुषोत्तम मास में वे दोनों गुरुभक्ति में तत्पर हो दीपदान को करते हुए ॥३६॥ आलस्य को छोड़कर वे दोनों ऐश्वर्य के लिये इङ्गुदी के तैल से दीपदान करते रहे। इस प्रकार दीपदान करते उन दोनों को श्रीपुरुषोत्तम मास बीत गया ॥३७॥ उग्रदेव ब्राह्मण के प्रसाद से शुद्धान्तःकरण होकर समय पर काल के वशीभूत हो इन्द्र की पुरी को गये ॥३८॥ वहाँ होने वाले सुखों को भोग कर पृथिवी पर भारतखण्ड में उग्रदेव के प्रसाद से श्रेष्ठ जन्म को उन दोनों स्त्री-पुरुष ने धारण किया ॥३९॥ पूर्व जन्म में जो तुम मृग की हिंसा में तत्पर मणिग्रीव थे वह वीरबाहु के पुत्र चित्रबाहु नाम से प्रसिद्ध राजा हुए ॥४०॥ इस समय यह चन्द्रकला नामक जो तुम्हारी स्त्री

इयं चन्द्रकला नाम्नी महिषी याऽधुना तव। सुन्दरीति समाख्याता पुनर्जनुषि तेऽङ्गना ॥४१।
पातिव्रत्येन धर्मेण तवाद्याङ्गार्धहारिणी। पतिव्रता हि या नारी पतिपुण्यार्धभागिनी ॥४२।
कृतेन दीपदानेन मासे श्रीपुरुषोत्तमे। इङ्गुदीजेन तैलेन तव राज्यमकण्टकम् ॥४३।
किं पुनः सर्पिषा दीपं तिलतैलेन वा पुनः। यः करोति ह्यखण्डं वै मासे श्रीपुरुषोत्तमे ॥४४।
पुरुषोत्तमदीपस्य फलमेतन्न संशयः। किं पुनश्चोपवासाद्यैश्चरतः पुरुषोत्तमम् ॥४५।

वाल्मीकिरुवाच-

चित्रबाहुचरितं पुरातनं सन्निरूप्य कलशोद्भवो मुनिः।
सत्कृतिं समधिगम्य तत्कृतामक्षयाशिषमुदीर्य निर्ययौ ॥४६।

इति श्रीबृहन्नारदीयपुराणे पुरुषोत्तममासमाहात्म्ये श्रीनारायणनारदसंवादे दृढधन्वोपाख्याने दीपमाहात्म्यकथनं नाम चतुर्विंशोऽध्यायः ॥२४।

है वह पूर्व जन्म में सुन्दरी नाम से तुम्हारी स्त्री थी ॥४१॥ पतिव्रत धर्म से यह तुम्हारे अर्धांग की भागिनी है। जो स्त्री पतिव्रता होती है वे अपने पति के पुण्य का आधा भाग लेने वाली होती हैं ॥४२॥ श्रीपुरुषोत्तम मास में इङ्गुदी के तेल से दीपदान करने से तुमको यह निष्कण्टक राज्य मिला ॥४३॥ जो पुरुष श्रीपुरुषोत्तम मास में घृत से अथवा तिल के तेल से दीपदान करता है तो फिर कहना ही क्या है ॥४४॥ पुरुषोत्तम मास में दीपदान का यह फल कहा है इसमें कुछ सन्देह नहीं है। जो उपवास आदि नियमों से श्रीपुरुषोत्तम मास का सेवन करता है तो उसका कहना ही क्या है? ॥४५॥ वाल्मीकि मुनि बोले- इस प्रकार अगस्त्यमुनि राजा चित्रबाहु के पूर्व जन्म का वृत्तान्त कहकर और राजा चित्रबाहु से किये गये सत्कार को लेकर तथा अक्षय आशीर्वाद देकर चले गये ॥४६॥

इति श्रीबृहन्नारदीयपुराणे पुरुषोत्तममासमाहात्म्ये श्रीनारायणनारदसंवादे दृढधन्वोपाख्याने दीपमाहात्म्यकथनं नाम चतुर्विंशोऽध्यायः ॥२४॥

पञ्चविंशोऽध्याय

दृढधन्वोवाच-

अथ सम्यग्वद ब्रह्मन्नुद्यापनविधिं मुने। पुरुषोत्तममासीयव्रतिनां कृपया नृणाम् ।१।

वाल्मीकिरुवाच-

समासतः प्रवक्ष्यामि मासे श्रीपुरुषोत्तमे। उद्यापनविधिं सम्यग्व्रत सम्पूर्णहेतवे ।२।
कृष्णपक्षे चतुर्दश्यां नवम्यां पुरुषोत्तमे। अष्टम्यांवाथ कर्तव्यमुद्यापनमुदीरितम् ।३।
यथालब्धोपहारेण मासे श्रीपुरुषोत्तमे। पुण्येऽस्मिन्प्रातरुत्थाय कृत्वा पौर्वाह्णिकी क्रिया ।४।
समाहितमना भूत्वा त्रिंशद्विप्रान्निमन्त्रयेत्। सपत्नीकान् सदाचारान् विष्णुभक्ति परायणान् ।५।
यथाशक्त्याऽथवा सप्त पञ्च वित्तानुसारतः। ततो मध्याह्नसमये द्रोणमानेन भूपते ।६।
तदर्धेन तदर्धेन निजशक्त्यानुसारतः। पञ्चधान्येन कुर्वीत सर्वतोभद्रमुत्तमम् ।७।

दृढधन्वा बोला-हे ब्रह्मन्! हे मुने! अब आप पुरुषोत्तम मास के व्रत करने वाले मनुष्यों के लिये कृपाकर उद्यापन विधि को अच्छी तरह से कहिये ॥१॥ वाल्मीकि मुनि बोले-पुरुषोत्तम मास व्रत के सम्पूर्ण फल की प्राप्ति के लिये श्रीपुरुषोत्तम मास के उद्यापन विधि को थोड़े में अच्छी तरह से कहूँगा ॥२॥ पुरुषोत्तम मास के कृष्णपक्ष की चतुर्दशी, नवमी अथवा अष्टमी को उद्यापन करना कहा है ॥३॥ इस पवित्र पुरुषोत्तम मास में प्रातःकाल उठकर यथालब्ध पूजन के सामान से पूर्वाह्न की क्रिया को कर ॥४॥ एकाग्र मन होकर सदाचारी, विष्णुभक्ति में तत्पर, स्त्री सहित ऐसे तीस ब्राह्मणों को निमन्त्रित करे ॥५॥ हे भूपते! अथवा यथाशक्ति अपने धन के अनुसार सात अथवा पाँच ब्राह्मणों को निमन्त्रित करे, बाद में मध्याह्न के समय सोलह सेर ॥६॥ अथवा उसका आधा अथवा उसका आधा यथाशक्ति पञ्चधान्य से उत्तम सर्वतोभद्र बनावे ॥७॥ बाद सर्वतोभद्र मण्डल के ऊपर

चत्वारः कलशाः स्थाप्या हैमा वा राजताः शुभाः। ताम्रा वा मृन्मयाःशुद्धा अव्रणा मण्डलोपरि ॥८॥
चतुर्दिक्षु चतुर्व्यूहप्रीतये श्रीफलान्विताः। सद्वस्त्रवेष्टिता नागवल्लीदलसमन्विताः ॥९॥
वासुदेवं हलधरं प्रद्युम्नं देवमुत्तमम्। अनिरु। चतुर्ष्वेवं स्थापयेत्कलशेषु च ॥१०॥
पुरुषोत्तमव्रतारम्भे स्थापितं पुरुषोत्तमम्। सराधं देवदेवेशं कलशेन समन्वितम् ॥११॥
तत आनीय तन्मध्ये मण्डलोपरि विन्यसेत्। आचार्यं वैष्णवं कृत्वा वेदवेदाङ्गपारगम् ॥१२॥
विप्राश्चत्वार एवात्र वरणीया जपार्थिना। द्वे द्वे वस्त्रे च दातव्ये हस्तमुद्रादिसंयुते ॥१३॥
आचार्यं समलंकृत्य वस्त्रभूषादिभिर्मुदा। ततो देहविशुद्ध्यर्थं प्रायश्चित्तं समाचरेत् ॥१४॥
ततः पूर्वोक्तविधिना पूजा कार्या सह स्त्रिया। चतुर्व्यूहजपः कार्यो वृतैर्विप्रैश्चतुर्विधैः ॥१५॥

सुवर्ण, चाँदी, ताँबा अथवा मिट्टी के छिद्र रहित शुद्ध चार कलश स्थापन करना चाहिये ॥८॥ चार व्यूह के प्रीत्यर्थ चारों दिशाओं में क्रम से पूर्ण, कुसुम वस्त्र से वेष्टित, पान से युक्त उन कलशों को करना ॥९॥ उन चारों कलशों पर क्रम से वासुदेव, हलधर, प्रद्युम्न और अनिरुद्ध देव को स्थापित करे ॥१०॥ पुरुषोत्तम मास व्रत के आरम्भ में स्थापित किये हुए राधिका सहित देवदेवेश पुरुषोत्तम भगवान् को कलशयुक्त ॥११॥ वहाँ से लाकर मण्डल के ऊपर मध्यभाग में स्थापित करे। वेद-वेदाङ्ग के जानने वाले वैष्णव को आचार्य बनाकर ॥१२॥ जप के लिये चार ब्राह्मणों का वरण करे। उनको अँगूठी के सहित दो-दो वस्त्र देना चाहिये ॥१३॥ प्रसन्न मन से वस्त्र-आभूषण आदि से आचार्य को विभूषित करके फिर शरीरशुद्धि के लिये प्रायश्चित गोदान करे ॥१४॥ तदनन्तर स्त्री के साथ पूर्वोक्त विधि से पूजा करनी चाहिये और वरण किये हुए चार ब्राह्मणों से चार व्यूह का जप कराना चाहिये ॥१५॥ और चार दिशाओं में चार दीपक ऊपर के भाग

चतुर्दिक्षु प्रकर्तव्या दीपाश्चत्वार उद्भटाः। अर्घ्यदानं ततः कार्यं नारिकेलादिभिः क्रमात्॥१६॥
पञ्चरत्नसमायुक्तैर्जानुभ्यां स्पृष्टभूतलः। स्वपाणिपुटमध्यस्थैर्यथालब्धैः फलैः शुभैः॥१७॥
श्रद्धाभक्तिसमायुक्तः सपत्नीको मुदान्वितः। अर्घ्यं दद्यात् प्रहृष्टेन मनसा श्रीहरिं स्मरन्॥१८॥
अथ अर्घ्यमन्त्रः। देवदेव नमस्तुभ्यं पुराणपुरुषोत्तम। गृहाणार्घ्यं मया दत्तं राधया सहितो हरे॥१९॥
वन्दे नवघनश्यामं द्विभुजं मुरलीधरम्। पीताम्बरधरं देवं सराधं पुरुषोत्तमम्॥२०॥
एवं भक्त्या हरिं नत्वा सराधं पुरुषोत्तमम्। चतुर्थ्यन्तैर्नाममन्त्रैस्तिलहोमं च कारयेत्॥२१॥
ततस्तदन्ते तन्मन्त्रैः कार्ये तर्पणमार्जने। नीराजयेत्ततो देवं सराधं पुरुषोत्तमम्॥२२॥
अथ नीराजनमन्त्रः। नीराजयामि देवेशमिन्दीवरदलच्छविम्।
राधिकारमणं प्रेम्णा कोटिकन्दर्पसुन्दरम्॥२३॥

में स्थापित करना चाहिये। फिर नारियल आदि फलों से क्रम के अनुसार अर्घ्यदान करना चाहिये॥१६॥ घुटनों के बल से पृथिवी में स्थित होकर पञ्चरत्न और यथालब्ध अच्छे फलों को दोनों हाथ में लेकर॥१७॥ श्रद्धा भक्ति से युक्त स्त्री के साथ हर्ष से युक्त हो प्रसन्न मन से श्रीहरि भगवान् का स्मरण करता हुआ अर्घ्यदान करे॥१८॥ अर्घ्यदान का मन्त्र–हे देवदेव! हे पुरुषोत्तम! आपको नमस्कार है। हे हरे! राधिका के साथ आप मुझसे दिये गये अर्घ्य को ग्रहण करें॥१९॥ नवीन मेघ के समान श्यामवर्ण, दो भुजाधारी, मुरली हाथ में धारण किये, पीताम्बरधारी, देव, राधिका के सहित पुरुषोत्तम भगवान् को नमस्कार है॥२०॥ इस प्रकार भक्ति के साथ राधिका के सहित पुरुषोत्तम भगवान् को नमस्कार करके चतुर्थ्यन्त नाममन्त्रों से तिल की आहुति देवे॥२१॥ इसके बाद उनके मन्त्रों से तर्पण और मार्जन करे। बाद राधिका के सहित पुरुषोत्तम देव की आरती करे॥२२॥ अथ नीराजन का मन्त्र–कमल के दल के समान कान्ति वाले, राधिका के रमण, कोटि कामदेव के सौन्दर्य को धारण करने वाले देवेश का प्रेम से नीराजन करता हूँ॥२३॥

अथ ध्यानम्। अन्तर्ज्योतिरनन्तरत्नरचिते सिंहासने संस्थितं वंशीनादविमोहितव्रजवधूवृन्दावने सुन्दरम्।
ध्यायेद्राधिकया सकौस्तुभमणिप्रद्योतितोरस्थलं राजद्रत्नकिरीटकुण्डलधरं प्रत्यग्रपीताम्बरम्।२४।
ततः पुष्पाञ्जलिं दत्त्वा राधिका सहिते हरौ। नमस्कारं प्रकुर्वीत साष्टाङ्गंगृहिणीयुतः।२५।
नौमि नित्यं घनश्यामं पीतवाससमच्युतम्। श्रीवत्सभासितोरस्कं राधिकासहितं हरिम्।२६।
पूर्णपात्रं ततो दद्याद् ब्रह्मणे सहिरण्यकम्। आचार्याय ततो दद्याद्दक्षिणां विपुलां मुदा।२७।
आचार्यं तोषयेद्भक्त्या वस्त्रैराभरणैरपि। सपत्नीकं ततो दद्यादृत्विग्भ्यो दक्षिणां पराम्।२८।
धेनुरेका प्रदातव्या सुशीला च पयस्विनी। सचैला च सवत्सा च घण्टाभरणभूषिता।२९।
ताम्रपृष्ठी हेमशृङ्गी सरौप्यखुरभूषिता। घृतपात्रं ततो दद्यात्तिलपात्रं तथैव च।३०।

अब ध्यान मन्त्र–अनन्त रत्नों से शोभायमान सिंहासन पर स्थित, अन्तर्ज्योति स्वरूप, वंशी शब्द से अत्यन्त मोहित ब्रज की स्त्रियों से घिरे हुए हैं इसलिये वृन्दावन में अत्यन्त शोभायमान, राधिका और कौस्तुभमणि से चलकते हुए हृदय वाले शोभायमान रत्नों से जटित किरीट और कुण्डल को धारण करने वाले, आप नवीन पीताम्बर को धारण किये हैं इस प्रकार पुरुषोत्तम भगवान् का ध्यान करे ॥२४॥ फिर राधिका के सहित पुरुषोत्तम भगवान् को पुष्पाञ्जलि देकर स्त्री के साथ साष्टाङ्ग नमस्कार करे ॥२५॥ नवीन मेघ के समान श्यामवर्ण पीतवस्त्रधारी, अच्युत, श्रीवत्स चिन्ह से शोभित उरस्थल वाले राधिका सहित हरि भगवान् को नमस्कार है ॥२६॥ ब्राह्मण को सुवर्ण के साथ पूर्णपात्र देवे। बाद प्रसन्नता के साथ आचार्य को बहुत-सी दक्षिणा देवे ॥२७॥ सपत्नीक आचार्य को भक्ति से वस्त्र आभूषण से प्रसन्न करें, फिर ऋत्विजों को उत्तम दक्षिणा देवे ॥२८॥ बछड़ा सहित, वस्त्र सहित, दूध देने वाली, सुशीला गौ को घण्टा आभूषण से भूषित करके उसका दान करना चाहिये ॥२९॥ ताँबे का पीठ, सुवर्ण का शृङ्ग, चाँदी के खुर से भूषित कर देवे, बाद घृतपात्र देवे और उसी प्रकार तिलपात्र देवे ॥३०॥ स्त्री–

उमामहेश्वरं दद्याद्दम्पत्योः परिधायकम्। पदमष्टविधं दद्यादुपानद्युगलं तथा ।३१।
श्रीमद्भागवतं दद्याद्वैष्णवाय द्विजन्मने। शक्तिश्चेन्न विलम्बेत चलमायुर्विचारयन् ।३२।
श्रीमद्भागवतं साक्षाद्भगवद्रूपमद्भुतम्। यो दद्याद्वैष्णवायैव पण्डिताय द्विजन्मने ।३३।
स कोटिकुलमुद्धृत्य ह्यप्सरोगणसेवितः। विमानमधिरुह्यैति गोलोकं योगिदुर्लभम् ।३४।
कन्यादानसहस्राणि वाजपेयशतानि च। सधान्यक्षेत्रदानानि तुलादानानि यानि च ।३५।
महादानानि यान्यष्टौ छन्दोदानानि यानि च। श्रीभागवतदानस्य कलां नार्हन्ति षोडशीम् ।३६।
तस्माद्यत्नेन तद्देयं वैष्णवाय द्विजन्मने। सम्भूष्य वस्त्रभूषाभिर्हैमसिंहासनस्थितम् ।३७।
कांस्यानि सम्पुटान्येव त्रिंशद्देयानि सर्वथा। त्रिंशत्त्रिंशदपूपैश्च मध्ये सम्पूरितानि च ।३८।
प्रत्यपूपं तु यावन्ति छिद्राणि पृथिवीपते। तावद्वर्षसहस्राणि वैकुण्ठे वसते नरः ।३९।

पुरुष को पहिनाने के लिये उमा-महेश्वर के प्रीत्यर्थ वस्त्र का दान करे। आठ प्रकार का पद देवे और एक जोड़ा जूता देवे ॥३१॥ यदि शक्ति हो तो आयु को चञ्चलता को विचारता हुआ वैष्णव ब्राह्मण को श्रीमद्भागवत का दान करे, देरी नहीं करे ॥३२॥ श्रीमद्भागवत साक्षात् भगवान् का अद्भुत रूप है। जो वैष्णव ब्राह्मण को देवे ॥३३॥ तो वह कोटि कुल का उद्धार कर अप्सरागणों से सेवित विमान पर सवार हो योगियों को दुर्लभ गोलोक को जाता है ॥३४॥ हजारों कन्यादान, सैकड़ों वाजपेय यज्ञ, धान्य के साथ क्षेत्रों के दान और जो तुलादान आदि ॥३५॥ आठ महादान हैं और वेददान हैं ये सब श्रीमद्भागवत दान की सोलहवीं कला की बराबरी नहीं कर सकते हैं ॥३६॥ इसलिये श्रीमद्भागवत को सुवर्ण के सिंहासन पर स्थापित कर वस्त्र-आभूषण से अलंकृत कर विधिपूर्वक वैष्णव ब्राह्मण को देवे ॥३७॥ काँसे के ३० (तीस) सम्पुट में तीस-तीस मालपुआ रखकर ब्राह्मणों को देवे ॥३८॥ हे पृथिवीपति! हर एक मालपुआ में जितने छिद्र होते हैं उतने वर्ष पर्यन्त वैकुण्ठ लोक में जाकर वास करता है ॥३९॥ आद योगियों को दुर्लभ, निर्गुण

ततः प्रयाति गोलोकं निर्गुणं योगिदुर्लभम्। यद्गत्वा न निवर्तन्ते ज्योतिर्धाम सनातनम् ।४०।
सार्धप्रस्थद्वयं कांस्यसम्पुटं परिकीर्तितम्। निर्धनेन यथाशक्त्यैतत्कार्यं व्रतपूर्तये ।४१।
अथवाऽपूपसामग्रीमपक्वां सफलां पराम्। तत्राधाय प्रदेयं तत् पुरुषोत्तमप्रीतये ।४२।
निमन्त्रितानां विप्राणां सस्त्रीकाणां नराधिप। सङ्कल्प्यं च प्रकुर्वीत पुरुषोत्तमसन्निधौ ।४३।
अथ प्रार्थना। श्रीकृष्ण जगदाधार जगदानन्ददायक। ऐहिकामुष्मिकान्कामान् निखिलान्पूरयाशु मे ।४४।
इति सम्प्रार्थ्य गोविन्दं भोजयेद्ब्राह्मणान्मुदा। सपत्नीकान् सदाचारान् संस्मरन्पुरुषोत्तमम् ।४५।
संपूज्य विधिवद्भक्त्या भोजयेत् घृतपायसैः। विप्ररूपं हरिं स्मृत्वा स्त्रीरूपां राधिकां स्मरन् ।४६।
भोजनस्य तु सङ्कल्पमाचरेद्विधिना व्रती। द्राक्षाभिः कदलीभिश्च चूतैश्च विविधैरपि ।४७।

गोलोक को जाता है। जिस सनातन ज्योतिर्धाम को जाकर नहीं लौटते हैं ॥४० ॥ अढ़ाई सेर काँसे का सम्पुट कहा गया है। निर्धन पुरुष यथाशक्ति व्रतपूर्ति के लिये सम्पुट दान करे ॥४१ ॥ अथवा पुरुषोत्तम भगवान् के प्रीत्यर्थ मालपुआ का कच्चा सामान, फल के साथ सम्पुट में रखकर देवे ॥४२ ॥ हे नराधिप! निमन्त्रित सपत्नीक ब्राह्मणों को पुरुषोत्तम भगवान् के समीप सङ्कल्प करके देवे ॥४३ ॥ अब प्रार्थना लिखते हैं-हे श्रीकृष्ण! हे जगदाधार! हे जगदानन्ददायक! अर्थात् हे जगत् को आनन्द देने वाले! मेरी समस्त इस लोक तथा परलोक की कामनाओं को शीघ्र पूर्ण करें ॥४४ ॥ इस प्रकार गोविन्द भगवान् की प्रार्थना कर प्रसन्नतापूर्वक पुरुषोत्तम भगवान् का स्मरण करता हुआ स्त्रीसहित सदाचारी ब्राह्मणों को भोजन करावे ॥४५ ॥ ब्राह्मणरूप हरि और ब्राह्मणीरूप राधिका का स्मरण करता हुआ भक्तिपूर्वक गन्धाक्षत से पूजन कर घृत पायस का भोजन करावे ॥४६ ॥ व्रत करने वाला विधिपूर्वक भोजन का सामान का सङ्कल्प करे। अंगूर, केला, अनेक प्रकार के आम के फल ॥४७ ॥ घी के पके हुए,

घृतपाचितपक्वान्नैः शुभैश्च माषकैर्वटैः। शर्कराघृतपूपैश्च फाणितैः खण्डमण्डकैः ।४८।
ऊर्वारुकर्कटीशाकैरार्द्रकैश्च सुनिम्बुकैः। अन्यैश्च विविधैः शाकैराम्रैः पक्वैः पृथक् पृथक् ।४९।
चतुर्धा भोजनैरेव षड्रसैः सह सद्गुणैः। वासितान् गोरसांस्तत्र परिवेष्य मृदु ब्रुवन् ।५०।
इदं स्वादु मुदा भोज्यं भवदर्थं प्रकल्पितम्। प्राच्यतां रोचते ब्रह्मन् यन्मया पाचितं प्रभो ।५१।
धन्योऽस्म्यनुगृहीतोऽस्मि जातं मे जन्मसार्थकम्। भोजयित्वा मुदा विप्रान् देयास्ताम्बूलदक्षिणाः ।५२।
एला-लवङ्ग-कर्पूर-नागवल्लीदलानि च। कस्तूरी मुरामांसी च चूर्णं च खदिरं शुभम् ।५३।
एतैश्च मीलितैर्देयं ताम्बूलं भगवत्प्रियम्। तस्मादेवं विधायैव देयं ताम्बूलमादरात् ।५४।
ताम्बूलं यो द्विजाग्र्याय एवव कृत्वा प्रयच्छति। सुभगश्च भवेदत्र परत्रामृतभुग्भवेत् ।५५।

सुन्दर उड़द के बने बड़े, चीनी घी के बने घेवर, फेनी, खाँड़ के बने माण्डक ।।४८।। खरबूजा, ककड़ी का शाक, अदरख, सुन्दर नीबू, आम और अनेक प्रकार के अलग-अलग शाक ।।४९।। इस प्रकार षट्रसों से युक्त चार प्रकार का भोजन सुगन्धित पदार्थसे वासित गोरस को परोस कर, कोमल वाणी बोलता हुआ ।।५०।। यह स्वादिष्ट है, इसको आपके लिये तैयार किया है, प्रसन्नता के साथ भोजन कीजिये। हे ब्रह्मन्! हे प्रभो! जो इस प्रकारसे हुए पदार्थों में अच्छा मालूम हो उसको माँगिये ।।५१।। मैं धन्य हूँ, आज मैं ब्राह्मणों के अनुग्रह का पात्र हुआ, मेरा जन्म सफल हुआ, इस प्रकार कह कर आनन्द पूर्वक ब्राह्मणों को भोजन कराकर ताम्बूल और दक्षिणा देवे ।।५२।। इलायची, लौंग, कपूर, नागरपान, कस्तूरी, जावित्री, कत्था और चूना ।।५३।। इन सब पदार्थों को मिलाकर भगवान् के लिये प्रिय ताम्बूल को देना चाहिये। इसलिये इन सामानों से युक्त करके ही आदर के साथ ताम्बूल देना चाहिये ।।५४।। जो इस प्रकार ताम्बूल को ब्राह्मण श्रेष्ठ के लिये देता है वह इस लोक में ऐश्वर्य सुख भोग कर परलोक में अमृत का भोक्ता होता है ।।५५।। स्त्री के साथ ब्राह्मणों को प्रसन्न कर हाथ में मोदक

परितोष्य सपत्नीकान् हस्ते दद्याच्च मोदकान्। पत्नीभ्यो वैष्णवीर्दद्यादलङ्कृत्य विधानतः ॥५६॥
आसीमान्तमनुव्रज्य ब्राह्मणांस्तान् विसर्जयेत्। मन्त्रहीनेति मन्त्रेण क्षमाप्य पुरुषोत्तमम् ॥५७॥
यस्य स्मृत्येति मन्त्रेण नमस्कृत्य जनार्दनम्। यदूनं तत्तु सम्पूर्णं विधाय विचरेत् सुखम् ॥५८॥
अन्नं विभज्य भूतेभ्यो यथाभागमकुत्सयन्। भुञ्जीत स्वजनैः सार्धं मिथ्यावादविवर्जितः ॥५९॥
दर्शस्य दिवसे प्राप्ते कुर्याज्जागरणं निशि। राधिकासहितं हैमं पूजयेत् पुरुषोत्तमम् ॥६०॥
पूजान्ते च नमस्कृत्य सपत्नीको मुदान्वितः। व्रती विसर्जयेद्देवं सराधं पुरुषोत्तमम् ॥६१॥
आचार्याय ततो दद्यादुपहारं समूर्तिकम्। अन्नदानं यथायोग्यं दद्यादिच्छानुसारतः ॥६२॥
येन केनाप्युपायेन व्रतमेतत् समाचरेत्। कुर्याच्च परया भक्त्या दानं वित्तानुसारतः ॥६३॥

देवे और ब्राह्मणियों को विधिपूर्वक वस्त्र आभूषण से अलंकृत कर पेंड़ी देवे ॥५६॥ सीमा तक उन ब्राह्मणों को पहुँचाकर विसर्जन करे। मन्त्रहीनं क्रियाहीनं भक्तिहीनं जनार्दन। यत्पूजितं मया देव परिपूर्णं तदस्तु मे ॥१॥ इस मन्त्र से पुरुषोत्तम भगवान् को क्षमापन समर्पित करके ॥५७॥ यस्य स्मृत्या च नामोक्त्या तपोयज्ञक्रियादिषु। न्यूनं सम्पूर्णतां याति सद्यो वन्दे तमच्युतम् ॥१॥ इस मन्त्र से जनार्दन भगवान् को नमस्कार कर जो कुछ कमी रह गई हो तो वह अच्युत भगवान् की कृपा से पूर्ण फल देने वाला हो यह कहकर यथासुख विचरे ॥५८॥ अन्न का यथाभाग विभाग कर भूतों को देकर मिथ्याभाषण से रहित हो, अन्न की निन्दा न करता हुआ कुटुम्बियों के साथ भोजन करे ॥५९॥ अमावस्या के दिन रात्रि में जागरण करे। सुवर्ण की प्रतिमा में राधिका के सहित पुरुषोत्तम भगवान् का पूजन करे ॥६०॥ पूजा के अन्त में सपत्नीक व्रती प्रसन्नचित्त होकर नमस्कार कर राधिका के साथ पुरुषोत्तम देव का विसर्जन करे ॥६१॥ फिर आचार्य को मूर्ति के सहित चढ़ा हुआ सामान को देवे। अपनी इच्छानुसार यथायोग्य अन्नदान को देवे ॥६२॥ जिस किसी उपाय से व्रत को करे और उत्तम भक्ति से द्रव्य के अनुसार दान देवे ॥६३॥ स्त्री अथवा पुरुष

नारी वाथ नरो वापि व्रतमेतत् समाचरेत्। दुःखदारिद्र्यदौर्भाग्यं नाप्नुयाज्जन्मजन्मनि ।६४।
ये कुर्वन्ति जना लोके नानापूर्णमनोरथाः। विमानान्यधिरुह्यैव यान्ति वैकुण्ठमुत्तमम् ।६५।

श्रीनारायण उवाच-

इत्थं यो विधिमवलम्ब्य चर्करीति श्रीकृष्णप्रियतममासमादरेण।
गोलोकं व्रजति विधूय पापराशिं चात्रत्यं सुखमनुभूय पूर्वपुम्भिः ।६६।

इति श्रीबृहन्नारदीयपुराणे पुरुषोत्तममासमाहात्म्ये श्रीनारायणनारदसंवादे
दृढधन्वोपाख्याने व्रतोद्यापनविधिकथनं नाम पञ्चविंशोऽध्यायः ।२५।

इस व्रत को करने से जन्म-जन्म में दुःख, दारिद्र्य और दौर्भाग्य को नहीं प्राप्त होते हैं ।।६४।। जो लोग इस व्रत को करते हैं वे इस लोक में अनेक प्रकार के मनोरथों को प्राप्त करके सुन्दर विमान पर चढ़कर श्रेष्ठ वैकुण्ठ लोक को जाते हैं ।।६५।। श्रीनारायण बोले-इस प्रकार जो पुरुष श्रीकृष्ण भगवान् का प्रिय पुरुषोत्तम मास व्रत विधिपूर्वक आदर के साथ करता है वह इस लोक में सुखों को भोगकर और पापराशि से मुक्त होकर अपने पूर्व पुरुषों के साथ गोलोक को जाता है ।।६६।।

इति श्रीबृहन्नारदीयपुराणे पुरुषोत्तममासमाहात्म्ये श्रीनारायणनारदसंवादे
दृढधन्वोपाख्याने व्रतोद्यापनविधिकथनं नाम पञ्चविंशोऽध्यायः ।।२५।।

षड्विंशोऽध्याय

अथोद्यापनानन्तरं व्रतनियममोक्षणमुच्यते।

वाल्मीकिरुवाच–

अशेषपापनाशार्थं गरुडध्वजतुष्टये। गृहीतनियमत्यागश्चोच्यते विधिपूर्वकः ॥१॥
नक्तभोजी नरो राजन् ब्राह्मणान् भोजयेदथ। अयाचिते व्रते चैव स्वर्णदानं समाचरेत् ॥२॥
अमावस्याशनो यस्तु प्रदद्याद् गां सदक्षिणाम्। धात्रीस्नानं नरो यस्तु दधि वा क्षीरमेव च ॥३॥
फलानां नियमे राजन् फलदानं समाचरेत्। तैलस्थाने घृतं देयं घृतस्थाने पयस्तथा ॥४॥
धान्यानां नियमे राजन् गोधूमान् शालितण्डुलान्। भूमौ च शयने राजन् सतूलीं सपरिच्छदाम् ॥५॥
सुखदां चात्मनो यस्य हृन्तर्यामी प्रियो जनः। पत्रभोजी नरो यस्तु भोजनं घृतशर्कराम् ॥६॥

अब उद्यापन के पीछे व्रत के नियम का त्याग कहते हैं। वाल्मीकि मुनि बोले– सम्पूर्ण पापों के नाश के लिये गरुड़ध्वज भगवान् की प्रसन्नता के लिये ग्रहण किये व्रत नियम का विधिपूर्वक त्याग कहते हैं ॥१॥ हे राजन्! नक्तव्रत करने वाला मनुष्य समाप्ति में ब्राह्मणों को भोजन करावे और बिना माँगे जो कुछ मिल जाय उसको खा कर रहने में सुवर्णदान करना ॥२॥ अमावस्या में भोजन का नियम पालन करने वाला दक्षिणा के साथ गोदान देवे। और जो आँवला जल से स्नान करता है वह दही अथवा दूध का दान देवे ॥३॥ हे राजन्! फलों का नियम किया हो तो फलों का दान करे। तैल का नियम किया है अर्थात् तैल छोड़ा है तो समाप्ति में घृतदान करे और घृत का नियम किया है तो दूध का दान करे ॥४॥ हे राजन्! धान्यों के नियम में गेहूँ और शालि चावल का दान करे। हे राजन्! यदि पृथ्वी में शयन का नियम किया है तो रुई भरे हुए गद्दे और चाँदनी के सहित ॥५॥ अपने को सुख देने वाली तकिया आदि रखकर शय्या का दान करे, वह मनुष्य भगवान् को प्रिय होता है। जो मनुष्य पत्र में भोजन करता है वह ब्राह्मणों को भोजन करावे, घृत चीनी का दान करे ॥६॥ मौनव्रत में सुवर्ण

मौने घण्टां तिलांश्चैव सहिरण्यान् प्रदापयेत्। दाम्पत्योर्भोजनं चैव सस्नेहमं च सुभोजनम् ॥७॥
नखकेशधरो राजन्नादर्शं दापयेद् बुधः। उपानहौ प्रदातव्ये उपानहविवर्जनात् ॥८॥
लवणस्य परित्यागे दातव्या विविधा रसाः। दीपदाने नरो दद्यात् पात्रयुक्तं च दीपकम् ॥९॥
अधिमासे नरो भक्त्या स वैकुण्ठे वसेत् सदा। दीपं च सघृतं ताम्रं काञ्चनीवर्तिसंयुतम् ॥१०॥
पलमात्रं प्रदेयं स्याद् व्रतसम्पूर्ण हेतवे। एकान्तरोपवासे च कुम्भानष्टौ प्रदापयेत् ॥११॥
सवस्त्रान् काञ्चपेतान् मृन्मयानथ काञ्चनान्। मासान्ते मोदकांस्त्रिंशच्छत्रोपानहसंयुतान् ॥१२॥
अनड्वांश्च प्रदातव्यो धौरेयस्तु धुरि क्षमः। सर्वेषामप्यलाभे च यथोक्तकरमं विना ॥१३॥
द्विजवाक्यं स्मृतं राजन् सम्पूर्णव्रतसिद्धिदम्। एकान्नेन नरो यस्तु मलमासं निषेवते ॥१४॥

के सहित घण्टा और तिलों का दान करे। सपत्नीक ब्राह्मण को घृतयुक्त पदार्थ से भोजन करावे ॥७॥ हे राजन्! नख तथा केशों को धारण करने वाला बुद्धिमान् दर्पण का दान करे। जूता का त्याग किया है तो जूता का दान करे ॥८॥ लवण के त्याग में अनेक प्रकार के रसों का दान करे। दीपत्यागी किया है तो पात्र सहित दीपक का दान करे ॥९॥ जो मनुष्य अधिकमास में भक्ति से नियमों का पालन करता है वह सर्वदा वैकुण्ठ में निवास करता है। ताँबे के पात्र में घृत और सुवर्ण की बत्ती रखकर दीपक का दान करे ॥१०॥ व्रत की पूर्ति के लिये पलमात्र का ही दान देवे। एकान्तर में वास करने वाला आठ घटों का दान करे ॥११॥ वे घट सुवर्ण के हों या मिट्टी के उनको वस्त्र और सुवर्ण के टुकड़ों के सहित देवे। और मास के अन्त में छाता-जूता के साथ ३० (तीस) मोदक का दान करे ॥१२॥ और भार ढोने में समर्थ बैल का दान करे। इन वस्तुओं के न मिलने पर अथवा यथोक्त करने में असमर्थ होने पर ॥१३॥ हे राजन्! सम्पूर्ण व्रतों की सिद्धि को देने वाला ब्राह्मणों का वचन कहा गया है अर्थात् ब्राह्मण से सुफल के मिलने पर व्रत पूर्ण हो जाता है। जो मलमास में एक अन्न का सेवन करता है ॥१४॥ वह चतुर्भुज होकर परमगति को

चतुर्भुजो नरो भूत्वा स याति परमां गतिम्। एकान्नान्नापरं किञ्चित्पवित्रमिह विद्यते।१५।
एकान्नान्मुनयः सिद्धाः परं निर्वाणमागताः। अधिमासे नरो नक्तं यो भुङ्क्ते स नराधिपः।१६।
सर्वान्कामानवाप्नोति नरो नैवात्र संशयः। पूर्वाह्णे भुञ्जते देवा मध्याह्ने मुनयस्तथा।१७।
अपराह्णे पितृगणाः स्वात्मार्थंस्तु चतुर्थकः। सर्वं वेलामतिक्रम्य यस्तु भुङ्क्ते नराधिप।१८।
ब्रह्महत्यादिपापानि नाशं यान्ति जनाधिप। नक्तभोजी महीपाल सर्वपुण्याधिको भवेत्।१९।
दिने-दिनेऽश्वमेधस्य फलं प्राप्नोति मानवः। तस्मिन्विवर्जयेन्माषमधिमासे हरिप्रिये।२०।
सर्वस्मान्मुच्यते पापाद्विष्णुलोकं स गच्छति। तिलयन्त्राणि पापात्मा कुरुते ब्राह्मणोऽपि सन्।२१।
तिलानां संख्यया राजन् स वै तिष्ठति रौरवे। चाण्डालयोनिमाप्नोति कुष्ठरोगेण पीड्यते।२२।

पाता है। इस लोक में एकान्न से बढ़कर दूसरा कुछ भी पवित्र नहीं है ॥१५॥ एक अन्न के सेवन से मुनि लोग सिद्ध होकर परम मोक्ष को प्राप्त हो गये। अधिकमास में जो मनुष्य रात्रि में भोजन करता है वह राजा होता है ॥१६॥ वह मनुष्य सम्पूर्ण कामनाओं को प्राप्त करता है इसमें जरा भी सन्देह नहीं है। देवता लोग दिन के पूर्वाह्ण में भोजन करते हैं और मुनि लोग मध्याह्न में भोजन करते हैं ॥१७॥ अपराह्ण में पितृगण भोजन करते हैं। इसलिए अपने लिये भोजन का समय चतुर्थ प्रहर कहा गया है। हे नराधिप! जो सब बेला को अतिक्रमण कर चतुर्थ प्रहर में भोजन करता है ॥१८॥ हे जनाधिप! उसके ब्रह्महत्यादि पाप नाश हो जाते हैं। हे महीपाल! रात्रि में भोजन करने वाला समस्त पुण्यों से अधिक पुण्य फल का भागी होता ॥१९॥ और वह मनुष्य प्रतिदिन अश्वमेध यज्ञ के करने का फल प्राप्त करता है। भगवान् के प्रिय पुरुषोत्तम मास में उड़द का त्याग करे ॥२०॥ वह उड़द छोड़ने वाला समस्त पापों से मुक्त होकर विष्णुलोक को जाता है। जो पातकी ब्राह्मण होकर यन्त्र में तिल पेरता है ॥२१॥ हे राजन्! वह ब्राह्मण तिल की संख्या के अनुसार उतने वर्ष पर्यन्त रौरव नरक में वास करता है फिर चाण्डाल योनि में जाता है और कुष्ठ रोग से पीड़ित होता है ॥२२॥ जो मनुष्य शुक्ल

शुक्ले कृष्णे नरो भक्त्या द्वादशी समुपोषयेत्। आरुह्य गरुडं याति नरो भूत्वा चतुर्भुजः ।२३।
स देवैः पूज्यमानोऽपि ह्यप्सरोगणसेवितः। दशमीं द्वादशीं चैव एकभुक्तं च कारयेत् ।२४।
प्रीयते देवदेवस्य नरः स्वर्गमवाप्नुयात्। भक्त्या च सर्वदा राजन् दर्भकूर्चं न वर्जयेत् ।२५।
दर्भेण मार्जयेद्यस्तु पुरीषं मूत्रमेव च। श्लेष्माणं रुधिरं वापि विष्ठायां जायते कृमिः ।२६।
पवित्राः परमा दर्भा दर्भहीना वृथाः क्रियाः। दर्भमूले वसेद् ब्रह्मा मध्ये देवो जनार्दनः ।२७।
दर्भाग्रे तु ह्युमानाथस्तस्माद्दर्भेण मार्जयेत्। न दुर्भानुद्धरेच्छूद्रो न पिबेत्किपिलापयः ।२८।
पत्रमध्ये न भुञ्जीत ब्रह्मपत्रस्य भूपते। नोच्चरेत् प्रणवं मन्त्रं पुरोडाशं न भक्षयेत ।२९।
नासनं नोपवीतं च नाचरेद्वैदिकीं क्रियाम्। निर्विध्याचरणं कुर्वन् पितृभिः सह मज्जति ।३०।

और कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि में उपवास करता है वह मनुष्य चतुर्भुज हो गरुड़ पर बैठकर बैकुण्ठ लोक को जाता है ॥२३॥ और वह देवताओं से पूजित तथा अप्सराओं से सेवित होता है। एकादशी व्रत करने वाला दशमी और द्वादशी के दिन एक बार भोजन करे ॥२४॥ जो मनुष्य देवदेव विष्णु भगवान् के प्रीत्यर्थ व्रत करता है वह मनुष्य स्वर्ग को जाता है। हे राजन्! सर्वदा भक्ति से कुशा का मुट्ठा धारण करे, कुशमुष्टि का त्याग न करे ॥२५॥ जो मनुष्य कुशा से मल, मूत्र, कफ, रुधिर को साफ करता है वह विष्ठा में कृमियोनि में जाकर वास करता है ॥२६॥ कुशा अत्यन्त पवित्र कहे गये हैं, बिना कुशा की क्रिया व्यर्थ कही गई है क्योंकि कुशा के मूल भाग में ब्रह्मा और मध्य भाग में जनार्दन वास करते हैं ॥२७॥ कुशा के अग्र भाग में महादेव वास करते हैं इसलिये कुशा से मार्जन करे। शूद्र जमीन से कुशा को न उखाड़े और कपिला गौ का दूध न पीवे ॥२८॥ हे भूपते! पलाश के पत्र में भोजन न करे, प्रणवमन्त्र का उच्चारण न करे, यज्ञ का बचा हुआ अन्न न भोजन करे ॥२९॥ शूद्र कुशा के आसन पर न बैठे, जनेऊ को धारण न करे और वैदिक क्रिया को न करे। यदि विधि त्याग कर मनमानी करता है तो वह शूद्र अपने पितरों के सहित नरक में डूब जाता है ॥३०॥ चौदह इन्द्र तक नरक में पड़ा रहता है

पतन्ति नरके घोरे यावदिन्द्राश्चतुर्दश। पश्चाच्च कौक्कुटीं योनिं सूकरीं वानरीं च वा ।३१।
एतस्मात्कारणाच्छूद्रः प्रणवं वर्जयेत्सदा। नमस्कारेण विप्राणां शूद्रो नश्यति भूमिप ।३२।
एतत्कृत्वा महाराज परिपूर्णं व्रतं चरेत्। अदत्त्वा दक्षिणां वापि नरकं यान्ति वै नराः ।३३।
व्रतवैकल्यमासाद्य ह्यन्धः कुष्ठी प्रजायते ।३४।
धरामराणां वचनैर्नरोत्तमा दिवौकसां वै पदमाप्नुवन्ति।
नोल्लङ्घयेद्भूप वचांसि तेषां श्रेयोऽभिकामी मनुजः स विद्वान् ।३५।
इदं मया धर्मरहस्यमुक्तं श्रेयस्करं पापविमर्दनं च।
फलप्रदं माधवपुष्टिहेतोः पठेच्च नित्यं मनसोऽभिरामम् ।३६।
यः शृणोति नरो राजन् पठते वापि सर्वदा। स याति परमं लोकं यत्र योगीश्वरो हरिः ।३७।
इति श्रीबृहन्नारदीयपुराणे पुरुषोत्तममासमाहात्म्ये श्रीनारायणनारदसंवादे गृहीतनियमत्यागो नाम षड्विंशोऽध्यायः ।२६।

फिर मुरगा, सूकर, वानर योनि को जाता है ॥३१॥ इसलिये शूद्र हमेशा प्रणव का त्याग करे। हे भूमिप! शूद्र ब्राह्मणों के नमस्कार करने से नष्ट हो जाता है ॥३२॥ हे महाराज! इतना करने से व्रत परिपूर्ण कहा है। अथवा ब्राह्मणों को दक्षिणा न देने से मनुष्य नरक के भागी होते हैं ॥३३॥ व्रत में विघ्न होने से अन्धा और कोढ़ी होता है ॥३४॥ हे भूप! मनुष्यों में श्रेष्ठ मनुष्य पृथ्वी के देवता ब्राह्मणों के वचन से स्वर्ग को जाते हैं। हे भूप! इसलिये कल्याण को चाहने वाला विद्वान् मनुष्य उन ब्राह्मणों के वचनों का उल्लङ्घन न करे ॥३५॥ यह मैंने उत्तम कल्याण को करने वाला, पापों का नाशक, उत्तम फल को देने वाला माधव भगवान् को प्रसन्न करने वाला, मन को प्रसन्न करने वाला धर्म का रहस्य कहा इसका नित्य पाठ करे ॥३६॥ हे राजन्! जो इसको हमेशा सुनता है अथवा पढ़ता है वह उत्तम लोक को जाता है जहाँ पर योगीश्वर हरि भगवान् वास करते हैं ॥३७॥
इति श्रीबृहन्नारदीयपुराणे पुरुषोत्तममासमाहात्म्ये श्रीनारायणनारदसंवादे गृहीतनियमत्यागो नाम षड्विंशोऽध्यायः ॥२६॥

सप्तविंशोऽध्याय

श्रीनारायण उवाच-

इत्युक्त्वा विरतं राजा मुनीश्वरमनीनमत्। अपूजयत्ततो भक्त्या सपत्नीको मुदान्वितः ।१।
उररीकृत्य तत्पूजामाशीर्वादमुदीरयत्। स्वस्ति तेऽस्तु गमिष्यामि सरयूं पापनाशिनीम् ।२।
आवयोर्वदतोरेवं सायङ्कालाऽधुनाऽभवत्। इत्युक्त्वाऽऽशुजगामैव बाल्मीकिर्मुनिसत्तमः ।३।
आसीमान्तमनुव्रज्य राजाऽप्यागतवान् गृहम्। आगत्य स्वप्रियामाह सुन्दरीं गुणसुन्दरीम् ।४।

दृढधन्वोवाच-

अयि सुन्दरि संसारे ह्यासरे किं सुखं नृणाम्। रागद्वेषादिषट्शत्रौगंधर्वनगरोपमे ।५।
कृमिविड्भस्मरूपेऽस्मिन् देहे मे किं प्रयोजनम्। वातपित्त कफोद्रेकमलमूत्रासृगाकुले ।६।

श्रीनारायण बोले–इस प्रकार कह कर मौन हुए मुनीश्वर वाल्मीकि मुनि को सपत्नीक राजा दृढधन्वा ने नमस्कार किया। बाद प्रसन्नता के साथ भक्तिपूर्वक पूजन किया ॥१॥ उस राजा दृढधन्वा से की हुई पूजा को लेकर आशीर्वाद को दिया। तुम्हारा कल्याण हो। पापों का नाश करने वाली सरयू नदी को मैं जाऊँगा ॥२॥ इस समय हम दोनों को इस प्रकार बात करते सायङ्काल हो गया है। यह कह कर मुनिश्रेष्ठ वाल्मीकि मुनि शीघ्र चले गये ॥३॥ राजा दृढधन्वा भी सीमा तक वाल्मीकि मुनि को पहुँचा कर अपने घर लौट आया। घर आकर अपनी गुणसुन्दरी नामक सुन्दरी स्त्री से बोला ॥४॥ राजा दृढधन्वा बोला–अयि सुन्दरि! राग, द्वेष, लोभ, मोह, मद, मात्सर्य इन छः शत्रुओं से युक्त, गन्धर्व नगर के असार संसार में मनुष्यों को क्या सुख है? ॥५॥ कीट विष्ठा भस्म रूप और वात पित्त कफ इनसे युक्त मल, मूत्र, रक्त से व्याप्त ऐसे इस शरीर से मेरा क्या प्रयोजन है ॥६॥ हे वरारोहे!

अध्रुवेण शरीरेण ध्रुवमर्जयितुं वने। गमिष्यामि वरारोहे संस्मरन्पुरुषोत्तम् ॥७॥
तदाकर्ण्य प्रिया प्राह साध्वी सा गुणसुंदरी। विनयावनता भूत्वा बद्धांजलिपुटा शुचा ॥८॥

गुणसुंदर्युवाच-

अहमप्यागमिष्यामि त्वयैव सह भूपते। पतिव्रतानां स्त्रीणां तु पतिरेव हि दैवतम् ॥९॥
पत्यौ गते तु या नारी गृहे तिष्ठति सौनवे। स्नुषाधीना तु सा नारी शुनीव परवेश्मनि ॥१०॥
मितं पिता ददात्येव मितं भ्राता मितं सुतः। अमितस्य प्रदातारं भर्तारं का नु न व्रजेत् ॥११॥
ऊरी कृत्य प्रियावाक्यं सुतं राज्येऽभिषिच्य च। सहपत्न्या ययौशीघ्रमरण्यं मुनिसेवितम् ॥१२॥
हिमाचलसमीपे च गंगामासाद्य दंपती। त्रिकालं चक्रतुः स्नानं संप्राप्ते पुरुषोत्तमे ॥१३॥
पुरुषोत्तमं समासाद्य विधिना तत्र नारद। तपस्तेपे सपत्नीकः संस्मरन्पुरुषोत्तमम् ॥१४॥

अध्रुव शरीर से ध्रुववस्तु एकत्रित करने के लिये पुरुषोत्तम का स्मरण करने वन को जाता हूँ ॥७॥ तब वह गुणसुन्दरी ऐसा सुन के विनय से नम्रता युक्त तथा शोकता से हाथ जोड़कर अपने पति से बोली ॥८॥ गुणसुन्दरी बोली- हे नृपते! मैं भी तुम्हारे साथ चलूँगी, पतिव्रत स्त्रियों के पति ही देवता हैं ॥९॥ जो स्त्री पति के जाने पर पुत्र के गृह में रहती है, वह स्त्री पुत्रवधू के आधीन हो पराये गृह में कुत्ते के समान रहती है ॥१०॥ पिता स्वल्प देता है और भाई भी स्वल्प ही देता है। अनन्त देने वाले पति के साथ कौन स्त्री न जायगी ॥११॥ इस प्रकार प्रिया की बात को स्वीकार कर पुत्र का अभिषेक कर स्त्री सहित शीघ्र ही मुनियों से सेवित वन को गया ॥१२॥ दोनों स्त्री-पुरुष हिमालय के समीप गङ्गाजी के निकट जाकर पुरुषोत्तम मास के आने पर तीनों काल में स्नान करने लगे ॥१३॥ हे नारद! वहाँ पुरुषोत्तम मास को प्राप्त कर विधि से पुरुषोत्तम का स्मरण कर भार्या सहित तपस्या करने लगे ॥१४॥ ऊपर हाथ किये बिना अवलम्ब पैर के अंगूठे

ऊर्ध्वबाहुनिरालंबः पादांगुष्ठेन संस्थितः। नभोदृष्टिर्निराहारः श्रीकृष्णं तमजीजपत् ।१५।
एवं व्रतविधौ तस्य तस्थुषश्च तपोनिधेः। सेवाविधौ प्रपन्नासीन्महिषी सा पतिव्रता ।१६।
एवं कृतव्रतस्तस्य संपूर्णे पुरुषोत्तमे। विमानमगमत्तत्र किंकिणीजालमंडितम् ।१७।
पुण्यशीलसुशीलाभ्यां सेवितं सहसागतम्। तद्दृष्ट्वा विस्मयाविष्टः सपत्नीको महीपतिः ।१८।
अनीनमद्विमानस्थौ पुण्यशीलसुशीलकौ। ततस्तौ तं सपत्नीकं विमाने नित्यतुर्नृपम् ।१९।
विमानमधिरुह्याथ सपत्नीको नराधिपः। गोलोकं गतवाञ्छीघ्रं दिव्यं धृत्वव वपुर्नवम् ।२०।
एवं तप्त्वा तपो राजा मासे श्रीपुरुषोत्तमे। निर्भयं लोकमासाद्य मुमोद हरिसन्निधौ ।२१।
पतिव्रता च तत्पत्नी सापि तल्लोकमाययौ। पुरुषोत्तमे तपस्यन्तं संसेव्य निजवल्लभम् ।२२।

श्रीनारायण उवाच–

वर्णयामि किमद्याहं यदेकरसना मम। पुरुषोत्तमसमं किंचिन्नास्ति नारद भूतले ।२३।

पर स्थिर आकाश में दृष्टि लगाके निराहार होकर राजा श्रीकृष्ण का जप करने लगे ॥१५॥ इस प्रकार व्रत की विधि में स्थित हुए तपोनिधि राजा की पतिव्रता रानी सेवा में तत्पर हुई ॥१६॥ इस प्रकार तप करते हुए राजा का पुरुषोत्तम मास सम्पूर्ण होने पर घंटिकाओं के जाल से विभूषित विमान वहाँ आया ॥१७॥ ऐसे तत्काल आये हुए पुण्यशील और सुशील सेवित विमान को देख स्त्री सहित राजा आश्चर्ययुक्त हो ॥१८॥ विमान में बैठे हुए पुण्यशील और सुशील को नमस्कार किया। पुनः वे स्त्री सहित राजा को विमान में बैठने की आज्ञा दिये ॥१९॥ स्त्री सहित राजा विमान में बैठ के सुन्दर नवीन शरीर धारण कर तत्काल गोलोक को गये ॥२०॥ इस प्रकार पुरुषोत्तम मास में तप करके भय रहित लोक को प्राप्त होकर हरि के निकट आनन्द करने लगे ॥२१॥ और पतिव्रता स्त्री भी पुरुषोत्तम में तप करते हुए पति की सेवा कर उसी लोक को प्राप्त हुई ॥२२॥ श्रीनारायण बोले–हे नारद! मेरे एक जिह्वा है उस समय इसका क्या वर्णन करूँ? इस पृथ्वी पर पुरुषोत्तम के समान कुछ भी नहीं है ॥२३॥ सहस्र जन्म में तप

सहस्रजन्मतप्तेन तपसा यन्न गम्यते। तत्फलं गम्यते पुम्भिः पुरुषोत्तमसेवनात् ।२४।
व्याजतोऽपि कृते तस्मिन्मासे श्रीपुरुषोत्तमे। उपवासेन दानेन स्नानेन च जपादिना ।२५।
कोटिजन्मकृतानेकपापराशिर्लयं व्रजेत्। यथाशाखामृगस्याशु त्रिरात्रस्नानमात्रतः ।२६।
अजानतोपि दुष्टस्य प्राक्तनानां कुकर्मणाम्। संचयो विलयं यातो मासे श्रीपुरुषोत्तमे ।२७।
सोऽपि दिव्यं वपुर्धृत्वा विमानमधिरुह्य च। अगमद्दिव्यगोलोकं जरामृत्युविवर्जितम् ।२८।
अतः श्रेष्ठतमो मासः सर्वेभ्यः पुरुषोत्तमः। दुष्टं शाखामृगं योऽसौ व्याजेनापि हरिं नयेत् ।२९।
अहो मूढा न सेवन्ते मासं श्रीपुरुषोत्तमम्। ते धन्याः कृतकृत्यास्ते तेषां च सफलो भवः ।३०।
पुरुषोत्तममासं ये सेवन्ते विधिपूर्वकम्। स्नानदानजपैर्होमैरुपोषणपुरःसरैः ।३१।

करने से जो फल प्राप्त नहीं होता है वह फल पुरुषोत्तम के सेवन से पुरुष को प्राप्त हो जाता है॥२४॥ श्रीपुरुषोत्तम मास में बुद्धिपूर्वक अथवा अबुद्धि पूर्वक किसी भी बहाने यदि उपवास, स्नान, दान और जप आदि किया जाय तो करोड़ों जन्म पर्यन्त किये पाप नष्ट हो जाते हैं। जैसे दुष्ट बन्दर ने अबुद्धि पूर्वक तीन रात तक पुरुषोत्तम मास में केवल स्नान कर लिया तो उसके पूर्व जन्म के समस्त कुकर्मों का नाश हो गया॥२५-२६-२७॥ और वह बन्दर भी दिव्य शरीर धारण कर विमान पर चढ़कर जरामरण रहित गोलोक को प्राप्त हुआ॥२८॥ इसलिये यह पुरुषोत्तम मास संपूर्ण मासों में श्रेष्ठ मास है क्योंकि इसने बिना जाने से ही पुरुषोत्तम मास में किये गये स्नानमात्र से दुष्ट वानर को हरि भगवान् के समीप पहुँचाया॥२९॥ अहो आश्चर्य है! श्रीपुरुषोत्तम मास का सेवन जो नहीं करने वाले हैं वे महामूर्ख हैं। वे धन्य हैं और कृतकृत्य हैं तथा उनका जन्म सफल है॥३०॥ जो पुरुष श्रीपुरुषोत्तम मास का विधि के साथ स्नान, दान, जप, हवन, उपवासपूर्वक सेवन करते हैं॥३१॥ नारद मुनि बोले-वेद

नारद उवाच-

सर्वार्थसाधनं वेदे मानुषं जनुरुच्यते। अयं शाखामृगोऽप्यद्धा मुक्तो यद्व्याजसेवनात् ।३२।
तद्वदस्व कथामेतां सर्वलोकहिताय मे। कुत्रासौ कृतवान् स्नानं त्रिरात्रं तपसां निधे ।३३।
कोऽसौ कपिः किमाहारः कुत्र जातः क्व चावसत्। व्याजेन तस्य किं पुण्यं जातं श्रीपुरुषोत्तमे ।३४।
तत्सर्वं विस्तरेणैव मह्यं शुश्रूषवे वद। न तृप्तिर्जायते त्वत्तः शृण्वतो मे कथामृतम् ।३५।

श्रीनारायण उवाच-

कश्चित्केरलदेशीयो द्विजः परमलोलुपः। नित्यं धनचये दक्षः सरघेव धनप्रियः ।३६।
लोके कदर्य इत्याख्यां गतस्तेनैव कर्मणा। चित्रशर्मा पुरा नाम तस्यासीत्पितृकल्पितम् ।३७।
सदन्नं च सुवस्त्रं च न भुक्तं तेन कुत्रचित्। न स्वाहा न स्वधा वापि कृता तेन कुबुद्धिना ।३८।

में समस्त अर्थों का साधन करने वाला मनुष्य शरीर कहा गया है। परन्तु यह वानर भी व्याज से पुरुषोत्तम मास का सेवन कर साक्षात् मुक्त हो गया ॥३२॥ हे तपोनिधे! सम्पूर्ण प्राणियों के कल्याण के निमित्त मुझसे इस कथा को कहिये। इस वानर ने तीन रात्रि तक स्नान कहाँ पर किया? यह वानर कौन था? आहार क्या करता था? उत्पन्न कहाँ हुआ? कहाँ रहता था? और श्रीपुरुषोत्तम मास में व्याज से उसको क्या पुण्य हुआ? ॥३३-३४॥ यह सब विस्तार से सुनने की इच्छा करने वाले मेरे से कहिये। आप से कथामृत श्रवण करते हुए मुझे तृप्ति नहीं होती है ॥३५॥ श्रीनारायण बोले- कोई केरल देश का अत्यन्त लालची, शहद की मक्खियों के समान धन में प्रेम रखने वाला, सर्वदा धन के सञ्चय करने में तत्पर रहने वाला ब्राह्मण था ॥३६॥ उसी कर्म से लोक में कदर्यनाम से प्रसिद्ध था। उसके पिता ने भी प्रथम उसका नाम चित्रशर्मा रक्खा था ॥३७॥ उस कदर्य ने सुन्दर अन्न, सुन्दर वस्त्र का किसी समय उपभोग नहीं किया। उस कुबुद्धि ने अग्नि में आहुति, पितरों का श्राद्ध भी नहीं किया ॥३८॥ उस के

यशोऽर्थे न कृतं किञ्चित्पोष्यवर्गो न पोषितः। सर्वं भूमिगतं चक्रे धनमन्यायसञ्चितम् ।३९।
न माघे तिलदानं च कृतं तेन कदाचन। कार्तिके दीपदानं च ब्राह्मणानां च भोजनम् ।४०।
वैशाखे धान्यदानं च व्यतीपाते च काञ्चनम्। वैधृतौ राजतं दानं सर्वदानान्यमूनि च ।४१।
रविसंक्रमणे काले न दत्तानि कदाचन। चन्द्रसूर्योपरागे च न जप्तं न हुतं क्वचित् ।४२।
अवीवदद्दीनवाचं सर्वत्राश्रुपरिप्लुतः। वर्षवातातपक्लिष्टः श्यामकलेवरः ।४३।
चचार धनलोभेन मूढधीर्भूतले सदा। कोऽपि यच्छतु यत्किञ्चित्पामराय मुहुर्वदन् ।४४।
स गोदोहनमात्रं हि कुत्रापि स्थातुमक्षमः। लोकधिक्कारसंदग्धो बभ्रामोद्विग्नमानसः ।४५।
तन्मित्रं वाटिकानाथः कश्चिदासीद्वनेचरः। स तं निवेदयामास स्वदुःखं संरुदन्मुहुः ।४६।
तिरस्कुर्वन्ति मां नित्यं पुटभेदनवासिनः। अतस्तत्र मया स्थातुं न शक्यं पुटभेदने ।४७।

लिये कुछ नहीं किया और आश्रित वर्ग का पोषण नहीं किया। अन्याय से धन को इकट्ठा कर पृथिवी में गाड़ दिया ॥३९॥ माघ मास में उसने कभी तिलदान नहीं किया। कार्तिक मास में दीपदान और ब्राह्मणों को भोजन नहीं कराया ॥४०॥ वैशाख मास में धान्य का दान नहीं किया और व्यतीपात योग में सुवर्ण का दान नहीं किया। वैधृति योग में चाँदी का दान नहीं किया और ये सब दान ॥४१॥ कभी सूर्य संक्रान्ति काल में नहीं दिया। चन्द्रग्रहण-सूर्यग्रहण के समय न जप किया और न अग्नि में आहुति दी ॥४२॥ सर्वत्र नेत्रों में आँसू भरकर दीन वचन कहा करता था। वर्षा, वायु, आतप से दुःखित, दुबला और काले शरीर वाला वह मूर्ख ॥४३॥ सर्वदा धन के लोभ से पृथिवी पर घूमा करता था। 'कोई भी इस पामर को कुछ देवे' इस तरह बार-बार कहता हुआ ॥४४॥ गौ के दोहन के समय तक कहीं भी ठहरने में असमर्थ था। लोक के प्राणियों के धिक्कारने से जला हुआ और उद्विग्न मन होकर घूमता था ॥४५॥ उसका मित्र कोई वनेचर वाटिका का मालिक था। उस कदर्य ने उस माली से बार-बार रोते हुए अपने दुःख को कहा ॥४६॥ नगर के वासी नित्य तिरस्कार करते हैं इसलिये उस नगर में मैं नहीं रह सकता हूँ ॥४७॥ इस

इत्येवं वदतस्तस्य कदर्यस्य द्विजन्मनः। अतिदीनतरां वाचमाकर्ण्य कृपयाऽप्लुतः ॥४८॥
मालाकारः प्रपन्नं तं दीनं मत्वाऽकरोद्दयाम्। हे कदर्य त्वमत्रैव वाटिकायां वसाऽधुना ॥४९॥
मालाकारवचः श्रुत्वा कदर्यः सर्वनागरैः। तिरस्कृतः स तद्वाटीमध्युवास मुदा युतः ॥५०॥
नित्यं तन्निकटस्थायी तदाज्ञापरिपालकः। तेन वाटीपतिस्तस्मिन्विश्वासमकरोद्दृढम् ॥५१॥
अतिविश्वस्तचित्तेन तस्मिन् स वाटिकापतिः। तमेवाचीकरद्विप्रं स्वकल्पं वाटिकापतिम् ॥५२॥
ततः सर्वात्मभावेन ममायमिति निश्चयात्। विहाय वाटिकाचिन्तां सिषेवे राजमन्दिरम् ॥५३॥
राजद्वारे सदा कार्यं तस्यात्यन्तमबीभवत्। पराधीनतया चासौ वाटिकां न जगाम ह ॥५४॥
तत्फलानि कदर्यस्तु जघास निर्भरं मुदा। व्यक्रीणतावशिष्टानि लोभेनातीव दुर्बलः ॥५५॥
अगृह्णाद्द्रविणं तज्जं सर्वं स्वयमशङ्कितः। यदाऽपृच्छद्वनाधीशस्तदग्रेऽवीवदन्मृषा ॥५६॥

प्रकार कहते हुए उस कदर्य ब्राह्मण के अत्यन्त दीन वचन को सुनकर माली दयार्द्र चित्त हो गया ॥४८॥ शरण में आये हुए उस दीन ब्राह्मण पर माली ने दया कर कहा कि हे कदर्य! इस समय तुम इसी वाटिका में वास करो ॥४९॥ नगरवासियों से तिरस्कृत हुआ वह कदर्य उस माली के वचन को सुन प्रसन्न होकर उस वाटिका में रहने लगा ॥५०॥ नित्य उस माली के पास वास करता और उसकी आज्ञा का पालन करता था। इसलिये उस कदर्य में माली ने दृढ़ विश्वास किया ॥५१॥ और उस कदर्य में अत्यन्त विश्वास होने के कारण माली ने उस कदर्य ब्राह्मण को अपने से छोटा बगीचे का मालिक बना दिया ॥५२॥ इसके बाद उस माली ने यह निश्चय किया कि कदर्य हमारा आदमी है। इसलिये वाटिका की चिन्ता को छोड़कर राजमन्दिर का सेवन किया ॥५३॥ राजा के यहाँ उस माली को बहुत कार्य रहता था इसलिये और पराधीनतावश वाटिका की ओर कभी नहीं आया ॥५४॥ वह अत्यन्त दुर्बल कदर्य उस वाटिका के फलों को आनन्द से अच्छी तरह भोजन करता और लोभवश बचे हुए फलों को बेच देता था ॥५५॥ निर्भयपूर्वक उस बगीचा के फलों को बेचकर सब धन स्वयं ले लेता था। जब माली पूछता था तो उसके सामने झूठ बोलता था कि ॥५६॥ नगर में फिरता-

भ्रामं भ्रामं च नगरं याचं याचं च भैक्षकम्। घासं घासं दिवारात्रौ परिचर्यामिते वनम् ।५७।
तथाप्यस्य फलान्याशन्मासं गच्छन्ति पक्षिणः। पश्याश्नन्तो मया केचिन्नाशिताः खचरा भृशम् ।५८।
तेषां मांसानि पक्षाणि पतितानीह सर्वतः। तद्दृष्ट्वाऽतीव विश्वस्य जगाम वाटिकापतिः ।५९।
एवं प्रवर्तमानस्य जग्मुर्वर्षाणि दुर्मतेः। सप्ताशीतिः कदर्यस्य जराजर्जरितस्ततः ।६०।
मार मूढधीरितत्र नैवाप वह्निदारुणो। नाभुक्तं क्षीयते पापमिति वेदविदोऽवदन् ।६१।
तस्मा ।।हा प्रकुर्वाणे मुद्गराघातपीडितः। अजीगमन्महामार्गं कृच्छ्रेणातिविभीषणम् ।६२।
स्मरन् पूर्वकृतं कर्म प्रलपन् बुद्बुदाक्षरम्। अहो मे पश्यता ज्ञानं कदर्यस्यच दुर्मतेः ।६३।
आसाद्य मानुषं देहं दुर्लभं त्रिदशैरपि। खण्डेऽस्मिन् भारते पुण्ये कृष्णसारमृगान्विते ।६४।

फिरता, भिक्षा माँगता-माँगता और खाता-खाता तुम्हारे वन की रक्षा करता हूँ ।।५७।। फिर भी पक्षीगण इस बगीचे के फलों को महीने में आकर खा जाते हैं। देखिये, मैंने कुछ खाते हुए पक्षियों को अच्छी तरह से मार डाला है ।।५८।। यहाँ चारों तरफ उन पक्षियों के माँस और पङ्ख गिरे पड़े हैं उन मांस के टुकड़ों को और पङ्खों को देखकर उसका अत्यन्त विश्वास कर माली चला गया ।।५९।। इस प्रकार अत्यन्त अधम उस दुष्ट कदर्य के ऐसा करते ८७ (सतासी) वर्ष व्यतीत हो गये। बाद ।।६०।। वह मूढ वहीं ही मर गया और उसको अग्नि और श्राद्ध नहीं मिला। बिना भोगे पापों का नाश नहीं होता है ऐसा वेद के जानने वाले कहते हैं ।।६१।। इस कारण हाहाकार करता हुआ यमदूतों के मुद्गर के आघात से पीड़ित कष्ट के साथ अत्यन्त भयङ्कर दीर्घ मार्ग को गया ।।६२।। पूर्व में किये हुए कर्मों का स्मरण करता हुआ और प्रलाप करता हुआ तथा बुदबुद अक्षरों में कहता हुआ कि अहो! आश्चर्य है। मुझ दुष्ट कदर्य के अज्ञान को देखिये ।।६३।। कृष्णसार से युक्त पवित्र इस भारतखण्ड में देवताओं को भी दुर्लभ मनुष्य शरीर को प्राप्त कर ।।६४।। मैंने धन के लोभ से क्या किया? अर्थात् कुछ भी

किं कृतं धनलोभेन व्यर्थं नीतं जनुर्मया। तद्धनं तु पराधीनं चिरकालार्जितं मया।६५।
किं करोमि पराधीनः कालपाशावृतोऽधुना। मानुषं जनुरासाद्य न किञ्चित् कृतवान् शुभम्।६६।
न दत्तं न हुतं वह्नौ न तप्तं हिमगह्वरे। न गाङ्गं सेवितं तोयं माघे मकरगे रवौ।६७।
उपवासत्रयं चान्ते न कृतं पुरुषोत्तमे। न कृतं कार्तिके प्रातः स्नानं स-तारकागणम्।६८।
न पुष्टश्च मया देहो मानुषः पुरुषार्थदः। अहो ये सञ्चितं द्रव्यं स्थितं भूमौ निरर्थकम्।६९।
जीवो जीवनपर्यन्तं क्लेशितो दुष्टबुद्धिना। कदाचिज्जाठरो वह्निर्नान्नैर्निर्वापितो मया।७०।
नापि सद्वसनाच्छन्नः स्वदेहः पर्वणि क्वचित्। न ज्ञातयो बान्धवाश्च स्वजना न स्वसा अपि।७१।
जामाता च सुता वापि पिता माताऽनुजास्तथा। पतिव्रताऽपि गृहिणी ब्राह्मणा नैव तोषिताः।७२।

नहीं किया और मैंने जन्म व्यर्थ में खोया तथा मैंने बहुत दिनों में जो धन सञ्चय किया था वह धन भी पराधीन हो गया ॥६५॥ इस समय कालपाश में बँधा पराधीन होकर क्या करूँ? मैंने मनुष्य शरीर को प्राप्त कर कुछ भी पुण्यकर्म नहीं किया ॥६६॥ न तो दान दिया, न अग्नि में आहुति दी, न हिमालय की गुफा में जाकर तपस्या की, मकर के सूर्य होने पर माघ में न गङ्गा के जल का सेवन किया ॥६७॥ पुरुषोत्तम मास के अन्त में तीन दिन उपवास भी नहीं किया और कार्तिक मास में तारागण के रहते प्रातः स्नान नहीं किया ॥६८॥ मैंने पुरुषार्थ को देने वाले मनुष्य शरीर को भी पुष्ट नहीं किया। अहो! आश्चर्य है। मेरा सञ्चित धन पृथिवी में निरर्थक गड़ा रह गया ॥६९॥ दुष्ट बुद्धि होने के कारण जीवनपर्यन्त जीव को कष्ट दिया और मैंने जठराग्नि को कभी भी अन्न से तृप्त नहीं किया ॥७०॥ किसी पर्व के समय भी उत्तम वस्त्र से शरीर को आच्छादित नहीं किया। न तो जाति के लोगों को, न बान्धवों को, न स्वजनों को, न बहिनों को ॥७१॥ न दामाद को, न कन्या को, न पिता-माता, छोटे भाई को, न पतिव्रता स्त्री को, न ब्राह्मणों को प्रसन्न किया ॥७२॥ इन लोगों को एक बार भी मिठाई से कभी तृप्त नहीं किया। इस प्रकार विलाप करते

मिष्टान्नैरेकवारं च तर्पिता न मया क्वचित् । एवं विलपमानं तं निन्युः कीनाशसन्निधिम् ॥७३॥
तं दृष्ट्वा चित्रगुप्तस्तु विलोक्यैतच्छुभाशुभम् । अवोचत् स्वामिनं धर्मं कदर्योऽयं द्विजाधमः ॥७४॥
न किञ्चित् सुकृतं त्वस्य धनलुब्धस्य दुर्मतेः । असावचीकरत् पापं पुष्कलं वाटिकास्थितः ॥७५॥
अचूचुरत् फलान्यग्र्यं विश्वस्तो वाटिकापतेः । ततो जघास तान्येव पक्वानि यानि यानि च ॥७६॥
व्यक्रीणादवशिष्टानि धनलोभेन दुर्मतिः । फलचौर्यकृतं पापं विश्वासघातजं परम् ॥७७॥
एतत्पापद्वयं चास्मिन्नत्युग्रं वर्तते प्रभो । अन्यान्यपि च पापानि सन्त्यस्मिन् विविधानि च ॥७८॥

नारद उवाच —

इत्थं निशम्य विधिनन्दनचित्रगुप्तवाक्यं क्रुद्धा प्रबलयाप्लुतधर्मराजः ।
आहैष यातु कपिजन्मसहस्रकृत्यो विश्वासघातकृतिजं फलमस्य पश्चात् ॥७९॥

इति श्रीबृहन्नारदीयपुराणे पुरुषोत्तममासमाहात्म्ये श्रीनारायणनारदसंवादे कदर्योपाख्याने सप्तविंशोऽध्यायः ॥२७॥

हुए इस कदर्य को यमदूत [illegible] यमराज के समीप ले गये ॥७३॥ उसको देखकर चित्रगुप्त ने उसके पाप-पुण्य को देखा और अपने स्वामी धर्मराज से कहा, कि हे महाराज! यह ब्राह्मणों में अधम कृपण है ॥७४॥ धन के लोभी इस दुष्ट कदर्य का कुछ भी पुण्य नहीं है। वाटिका में रहकर इसने प्रचुर पाप किया है ॥७५॥ माली का विश्वासपात्र बनकर साक्षात् स्वयं फलों की चोरी की और जो-जो पके हुए फल थे उनको खाया ॥७६॥ और जो खाने से बचे हुए फल थे उनको इस दुष्ट ने धन के लोभ से बेच डाला। एक फलों के चोरी का पाप, दूसरा विश्वासघात का पाप ॥७७॥ हे प्रभो! ये दो पाप इस कृपण में अत्यन्त उग्र हैं और भी इसमें कई प्रकार के अनेक पाप हैं ॥७८॥ नारद मुनि बोले-इस प्रकार ब्रह्मा के पुत्र चित्रगुप्त के वचन को सुनकर अत्यन्त क्रोध से युक्त धर्मराज ने कहा कि यह कदर्य एक हजार बार वानर योनि में जाय और विश्वासघात का फल इसको बाद में होवेगा ॥७९॥

इति श्रीबृहन्नारदीयपुराणे पुरुषोत्तममासमाहात्म्ये श्रीनारायणनारदसंवादे कदर्योपाख्याने सप्तविंशोऽध्यायः ॥२७॥

अष्टविंशोऽध्याय

—श्रीनारायण उवाच—

तन्निशम्य भटानाह चित्रगुप्तस्त्विरं भृशम्। पूर्वं लोभाभिभूतोऽयं पश्चाच्चौर्यमचीकरत् ॥१॥
अतः प्रेतत्वमासाद्य पश्चाद्भवतु वानरः। ततश्चाहं प्रदास्यामि वह्वीं नरकयातनाम् ॥२॥
अयमेव क्रमः श्रेयान् धर्मराजगृहे भटाः। इत्येवं चित्रगुप्तेन समादिष्टा विभीषणाः ॥३॥
तथा चक्रुर्भटाः शीघ्रं ताडयन्तश्च तं द्विजम्। प्रेतत्वं प्रापितः पूर्वं कानने विफले द्विजः ॥४॥
निर्जले बहुकालं च प्रेतयोनिमवाप्य सः। क्षुत्तृड्भ्यां व्याकुलोऽत्यन्तं बभ्राम गहने वने ॥५॥
प्रेतयोनिगतं दुःखमनुभूय ततः परम्। फलचौर्यसमुद्भूतां कपियोनिमजीगमत् ॥६॥
दिव्ये कालञ्जरे शैले जम्बुखण्डमनोहरे। सुशीतलजलच्छाये फलपुष्पसमन्विते ॥७॥

श्रीनारायण बोले– चित्रगुप्त धर्मराज के वचन को सुनकर अपने योद्धाओं से बोले– यह कदर्य प्रथम बहुत समय तक अत्यन्त लोभ से ग्रस्त हुआ, बाद चोरी करना शुरू किया ॥१॥ इसलिये यह प्रथम प्रेतशरीर को प्राप्त कर बाद वानर शरीर में जाय, तब हम इसको बहुत–सी नरकयातना देंगे ॥२॥ हे भट लोग! धर्मराज गृह में यही क्रम श्रेष्ठ है। इस प्रकार चित्रगुप्त से आज्ञा प्राप्त होने पर भयङ्कर ॥३॥ भट लोगों ने चित्रगुप्त की आज्ञानुसार शीघ्र वैसा ही किया और उस ब्राह्मण को पीटते हुए प्रथम प्रेतशरीर में करके जलरहित वन में रक्खा ॥४॥ वह ब्राह्मण प्रेत योनि को प्राप्त कर उस निर्जन गहन वन में क्षुधा–तृषा से अत्यन्त व्याकुल होकर भ्रमण करने लगा ॥५॥ प्रेतयोनि में होने वाले दुःख भोग कर बाद फलों की चोरी करने से होने वाली वानर योनि को गया ॥६॥ सुन्दर शीतल जल और छाया फल–पुष्प से युक्त जम्बू खण्ड के मनोहर सुन्दर कालञ्जर पर्वत पर ॥७॥ वहाँ इन्द्र ने

तत्रासीद्देवराजेन निर्मितं कुण्डमुत्तमम्। सरोवरसमं पुण्यं सत्सेव्यं पापनाशम् ॥८॥
मृगतीर्थमिति ख्यातं सुराणामपि दुर्लभम्। यस्मिन् कृतेन श्राद्धेन पितरो यान्ति सद्गतिम् ॥९॥
तत्र दैत्यभयाद्देवा मृगा भूत्वा निरन्तरम्। अभिसस्नुर्निरातङ्का मृगतीर्थमतो विदुः ॥१०॥
तत्रायं प्रथमं जन्म कापेयं लब्धवान् द्विजः। फलचौर्यकृतात् पापादासाद्य मानुषीं तनुम् ॥११॥

नारद उवाच—

त्रैलोक्यपावने रम्ये मृगतीर्थे कथं कपिः। आवासमकरोद्दुष्टः पापकोटिसमन्वितः ॥१२॥
छिन्धि मे संशयं नाथ तपोधन मनोगतम्। भवादृशां न गोप्यं हि स्वशिष्येषु कदाचन ॥१३॥

सूत उवाच—

एवं सञ्चोदितो विप्रा नारदेन तपोनिधिः। उवाच परमप्रीतः सत्कुर्वन्नारदं मुनिम् ॥१४॥

बनाया हुआ उत्तम कुण्ड है। मानसरोवर के समान पवित्र, सत्पुरुषों से सेवित, पापों का नाश करने वाला ॥८॥ देवताओं को भी दुर्लभ 'मृगतीर्थ' नाम से प्रसिद्ध था। जिसमें श्राद्ध करने से पितर लोग सद्गति को चले जाते हैं ॥९॥ वहाँ पर देवता लोग दैत्यों के भय से मृग होकर निरन्तर, निर्भय स्नान करने लगे। इसलिए विद्वान् लोग उस कुण्ड को मृगतीर्थ कहते हैं ॥१०॥ मनुष्य शरीर को प्राप्त कर यह ब्राह्मण वहाँ पर फूलों की चोरी करने के पाप से प्रथम वानर शरीर को प्राप्त हुआ ॥११॥ नारदमुनि बोले—त्रैलोक्य को पवित्र करने वाले रमणीय मृगतीर्थ में पापकोटि से युक्त वह दुष्ट वानर कैसे वास करता हुआ? ॥१२॥ हे तपोधन! मेरे मन के सन्देह को काटो। क्योंकि आपके समान गुरुजनों का अपने शिष्यों के विषय में कभी भी गोप्य नहीं होता है ॥१३॥ सूतजी बोले—हे विप्रलोग! इस प्रकार नारद मुनि से प्रेरित होने पर अत्यन्त प्रसन्न तपोनिधि नारायण भगवान् नारद मुनि का सत्कार करते हुए बोले ॥१४॥ श्रीनारायण बोले—कोई चित्रकुण्डल नाम का महान् वैश्य था। पतिव्रत धर्म में परायणा तारका नाम

श्रीनारायण उवाच-

कश्चिद्वैश्यो महानासीन्नाम्ना वै चित्रकुण्डलः। तत्पत्नी तारका नाम्नी पातिव्रत्यपरायणा ।१५।
तावुभौ चक्रतुर्भक्त्या पुण्यं श्रीपुरुषोत्तमम्। तयोः कृतवतोर्मासो गतः श्रीपुरुषोत्तमः ।१६।
चरमेऽहनि सम्प्राप्ते उद्यापनमथाकरोत्। सपत्नीको मुदा युक्तः श्रद्धया चित्रकुण्डलः ।१७।
द्विजानाकारयामास वेदवेदाङ्गपारगान्। उद्यापनविधिं कर्तुं सपत्नीकान् गुणान्वितान् ।१८।
कदर्योऽप्यगमत्तत्र धनलोभेन नारद। उद्यापनविधौ पूर्णे सञ्जाते चित्रकुण्डलः ।१९।
अत्युग्रदानैस्तान् विप्रान् सपत्नीकानतोषयत्। तुष्टेषु तेषु सर्वेषु भूयसीं दक्षिणामदात् ।२०।
तद्दत्तभूयसी तुष्टा अन्ये विप्रा गृहान् ययुः। अतिलुब्धः कदर्यस्तु रुदंस्तस्थौ तदग्रतः ।२१।
विनयावनतो भूत्वा सगद्गदमुवाच ह। चित्रकुण्डल वैश्येश भगवद्भक्तिभासुर ।२२।

की उस वैश्य को स्त्री थी ॥१५॥ उन दोनों ने भक्ति से पवित्र श्रीपुरुषोत्तम मास का व्रत किया। जब श्रीपुरुषोत्तम मास का व्रत करते उन दोनों का श्रीपुरुषोत्तम मास बीत गया ॥१६॥ अन्तिम वाले दिन के आने पर स्त्री के साथ हर्ष से युक्त श्रद्धापूर्वक चित्रकुण्डल ने उद्यापन किया ॥१७॥ पुरुषोत्तम के उद्यापन विधि करने के लिये वेद और वेदाङ्ग को जानने वाले गुणी स्त्री सहित ब्राह्मणों को बुलाया ॥१८॥ हे नारद! वहाँ पर धन के लोभ से कदर्य भी आया। उद्यापन विधि के पूर्ण होने पर चित्रकुण्डल ने ॥१९॥ बहुत बड़े दानों से उन सपत्नीक ब्राह्मणों को प्रसन्न किया। उन समस्त ब्राह्मणों के प्रसन्न होने पर भूयसी दक्षिणा को दिया ॥२०॥ उस दी हुई भूयसी दक्षिणा से प्रसन्न अन्य सब ब्राह्मण गृह को गये परन्तु अत्यन्त लोभी कदर्य उस वैश्य चित्रकुण्डल के सामने रोता हुआ खड़ा ही रहा ॥२१॥ और विनय से नम्र होकर गद्गद वाणी से बोला- हे चित्रकुण्डल! हे वैश्येश! हे भगवद्भक्ति के सूर्य! ॥२२॥ आपने पुरुषोत्तम मास का व्रत विधि से अच्छी तरह किया। इस तरह पृथिवी तल में कहीं

पुरुषोत्तमव्रतं सम्यक् भवता विधिना कृतम्। न तथा च कृतं केन कुत्रापि पृथिवीतले ॥२३॥
भवानद्य कृतार्थोऽसि भाग्यवानसि सर्वथा। तत्त्वया परया भक्त्या सेवितः पुरुषोत्तमः ॥२४॥
धन्यस्तव पिता धन्या माता च पतिदेवता। याभ्यामुत्पादितः पुत्रस्त्वादृशो हरिवल्लभः ॥२५॥
धन्या न्यतरश्चायं मासः श्रीपुरुषोत्तमः। यत्सेवनादवाप्नोति ह्यैहिकामुष्मिकं फलम् ॥२६॥
दृष्ट्वा हि तावकीं पूजां चकितोऽहं विशांपते। अहो त्वया महत्कर्म कृतमेतन्न संशयः ॥२७॥
अन्येभ्यो ब्राह्मणेभ्यश्च धनं दत्तं बृहन्मुदा। न ददासि कथं मह्यं भाग्यहीनाय भूरिद ॥२८॥
इति विज्ञापितस्तेन तस्मै धनमदादसौ। तद्गृहीत्वाऽकरोद्विप्रो धनं भूमिगतं मुदा ॥२९॥
तत्रानेन महापूजा दृष्टा श्रीपौरुषोत्तमी। पुरुषोत्तममासश्च धनलोभेन संस्तुतः ॥३०॥
पूजादर्शनमाहात्म्यात् पुरुषोत्तमसंस्तवात्। धनलोभकृताद्वापि मृगतीर्थमुपागतः ॥३१॥

भी किसी ने नहीं किया ॥२३॥ आप कृतार्थ हो, सर्वथा भाग्यवान् हो जो तुमने परम भक्ति से पुरुषोत्तम भगवान् का सेवन किया ॥२४॥ तुम्हारे पिता धन्य हैं और तुम्हारी पतिव्रता माता धन्य है। जिन दोनों ने तुम्हारे समान हरिवल्लभ पुत्र को पैदा किया ॥२५॥ यह पुरुषोत्तम मास अन्य से भी धन्य है। जिसके सेवन से मनुष्य इस लोक के और परलोक के फल को प्राप्त करता है ॥२६॥ हे विशांपते! तुम्हारी इस पूजा को देखकर मैं चकित हो गया। अहो! तुमने बहुत बड़ा काम किया इसमें सन्देह नहीं है ॥२७॥ हर्ष से दूसरे ब्राह्मणों को भी बहुत-सा धन दिया है। हे भूरिद! भाग्यहीन मेरे लिये क्यों नहीं देते हो? ॥२८॥ इस प्रकार कदर्य के कहने पर चित्रकुण्डल वैश्य ने कदर्य को धन दिया। कदर्य ने धन को लेकर प्रसन्नता से उसको जमीन में गाड़ दिया ॥२९॥ वहाँ पर कदर्य ने श्रीपुरुषोत्तम की बड़ी पूजा देखी और धन के लोभ से पुरुषोत्तम मास की प्रशंसा की ॥३०॥ पूजा के दर्शन माहात्म्य से और पुरुषोत्तम भगवान् की स्तुति से तथा धन का लोभ होने पर भी मृगतीर्थ को आया ॥३१॥ सूतजी

सूत उवाच-

दर्शनात् स्तवनाद्वापि धनलोभकृतादपि। दुष्टशाखामृगस्यापि जातं सत्तीर्थसेवनम् ॥३२॥
किं पुनः श्रद्धया कर्तुर्दर्शनस्तवने द्विजाः। पुरुषोत्तमदेवस्य सपत्नीकस्य सादरम् ॥३३॥

नारद उवाच-

सुशीतलजले ब्रह्मन् स्निग्धच्छाये मनोहरे। सद्वृक्षमण्डितेऽरण्ये तत्स्थितेः कारणं वद ॥३४॥

श्रीनारायण उवाच-

श्रृणु नारद वक्ष्यामि तुभ्यं शुश्रूषवेऽनघ। अत्रास्ति कारणं किञ्चिच्छ्रवणात्पापनाशनम् ॥३५॥
यदा दाशरथी रामः सर्वार्थफलदायकः। हतवान् रावणं दुष्टं बद्ध्वा सेतुं महोदधौ ॥३६॥
विभीषणादृते तेन राक्षसा नावशेषिताः। ततो वह्निविशुद्धा सा जानकी स्वीकृताऽधुना ॥३७॥
चतुर्मुखमहेशानपुरन्दरपुरःसरैः। दशवक्त्रवधप्रीतैर्हे राम त्वं वरं वृणु ॥३८॥

बोले-दर्शन से, स्तुति से, धन के लोभ करने से भी दुष्ट वानर को उत्तम तीर्थ का सेवन हुआ ॥३२॥ हे द्विजलोग! श्रद्धा से आदरपूर्वक पुरुषोत्तम देव के दर्शन और स्तुति में तत्पर सपत्नीक के पुण्य का क्या कहना है? ॥३३॥ नारद मुनि बोले-हे ब्रह्मन्! सुन्दर वृक्षों से शोभित, सुन्दर शीतल जल वाले, मनोहर घनी छायावाले वन में उनके रहने का कारण क्या है? सो आप कहिये ॥३४॥ श्रीनारायण बोले-हे नारद! हे अनघ! तुम सुनो, सुनने की इच्छा करने वाले तुमको मैं कहूँगा। इसमें कुछ कारण है जिसके श्रवण से पापों का नाश हो जाता है ॥३५॥ जब समस्त अर्थ और फलों के दाता दशरथ के पुत्र श्रीरामचन्द्रजी ने समुद्र में सेतु बाँधकर दुष्ट रावण का नाश किया ॥३६॥ उन रामचन्द्रजी ने विभीषण को छोड़कर बाकी समस्त राक्षसों का नाश किया किसी को नहीं छोड़ा। बाद अग्नि में परीक्षा कर सीता को ग्रहण किया ॥३७॥ ब्रह्मा, शंकर, इन्द्र आदि देवता रावण के वध से प्रसन्न होकर बोले कि हे राम! तुम वर को माँगो ॥३८॥ ऐसा कहने पर भक्तों को अभय करने वाले रामचन्द्र बोले- हे देवता

इत्युक्तेऽब्रवीवदद्रामो भक्तानामभयङ्करः। सुरा शृणुत मद्वाक्यं यदि देयो वरोऽधुना ॥३९॥
अत्र ये वानराः शूरा रक्षोभिर्निहताश्च ते। सञ्जीवयत तानाशु सुधावृष्ट्याममाऽज्ञया ॥४०॥
तथेत्युक्त्वा सुधावृष्ट्या वानरान् समजीवयत्। चतुर्मुखमहेशानपुरन्दरपुरः सराः ॥४१॥
ततः सञ्जीविताः सर्वे वानरा जयशालिनः। अडुढौकन् रामभद्रे चिरं सुप्तोत्थिता इव ॥४२॥
अथ पुष्पकमारुह्य वानरान् सर्वतः स्थितान्। अजीगदत् सपत्नीकः प्रसन्नमुखपङ्कजः ॥४३॥

श्रीराम उवाच-

हे सुग्रीवहनूमन्तौ हे तारात्मज जाम्बवान्। मित्रकार्यं कृतं सर्वं भवद्भिः सह वानरैः ॥४४॥
आज्ञापयन्तु तान् सर्वान् भवन्तो वानरानितः। भवदाज्ञापिताः सर्वे यथेष्टं यान्तु ते यतः ॥४५॥
यत्र यत्र वने एते मामका दीर्घजीविनः। वसन्ति वारास्तत्र वृक्षाः पुष्पफलान्विताः ॥४६॥

लोग। यदि इस समय वरदान देना है तो सुनो ॥३९॥ यहाँ पर राक्षसों से शूर वानर मारे गये हैं उनको हमारी आज्ञा से अमृत वृष्टि कर शीघ्र जिला दो ॥४०॥ 'तथास्तु' यह कहकर ब्रह्मा, शङ्कर, इन्द्र आदि देवताओं ने अमृत की वृष्टि करके वानरों को जिला दिया ॥४१॥ तदनन्तर वे जयशाली समस्त वानर जीवित हो गये और चिर-काल तक शयन कर उठे हुए के समान देखने में आये। बाद रामचन्द्र ॥४२॥ चारों तरफ बैठे हुए समस्त वानरों के साथ पुष्पक विमान पर सवार होकर प्रसन्न मुखकमल वाले सपत्नीक रामचन्द्र बोले ॥४३॥ श्रीरामचन्द्रजी बोले-हे सुग्रीव! हे हनुमान, हे तारात्मज! हे जाम्बवान्! वानरों के साथ आप लोगों ने मित्र का समस्त कार्य किया ॥४४॥ आप लोग इन वानरों को आज्ञा दो, जिससे यहाँ से आप लोगों की आज्ञा पाकर वानर अपनी-अपनी इच्छानुसार जंगलों को जावें ॥४५॥ हमारे ये दीर्घजीवी वानर जहाँ-जहाँ वास करें वहाँ के वृक्ष पुष्प फलों से युक्त हो जावें ॥४६॥ नदी मीठे जल वाली हों, शीतल जल वाले सुन्दर तालाब हों, इनको कोई भी मना नहीं करे। हमारी

नद्यो मृष्टजला अथ शीतलं सुभगं सरः। न केऽपि धर्षयिष्यन्ति सर्वे यान्तु ममाऽऽज्ञया ॥४७॥
अतो रामप्रभावेण यतो वानरजातयः। तत्र नद्यो मृष्टजलाः सरश्च सुभगं वने ॥४८॥
लसत्फला महावृक्षाः पुष्पपल्लवसंयुता। परन्तु सुखदुःखानि प्राक्तनादृष्टजानि च ॥४९॥
यत्र यत्र वसेज्जन्तुस्तत्र तत्रोपयान्ति हि। नाभुक्तं क्षीयते कर्म इति वेदानुशासनम् ॥५०॥

श्रीनारायण उवाच–

अथासौ वानरस्तत्र ववृधे पर्वतोपमः। बृहत्क्षुत्तृट्समायुक्तो लोलुपो व्यचरद्वने ॥५१॥
जन्मतस्तस्य वक्त्रेऽभूत् पीडा पित्तसमुद्भवा। यया ऽसृक् च्यवते वक्त्रव्रणातश्च दिवानिशम् ॥५२॥
अत्यन्तवेदनाविष्टो नात्तुं शक्तस्तु किञ्चन। स च वानरचापल्याद् द्रुमेभ्यः सत्फलानि च ॥५३॥
लुनीय वदनाभ्यांशे नीत्वा तत्याज भूरिशः। नैकत्र पीडया स्थातुं शक्तोऽसौ वानरः क्वचित् ॥५४॥

आज्ञा से समस्त वानर जावें ॥४७॥ इसलिये रामचन्द्र के प्रभाव से जहाँ वानर जाति के लोग वास करते हैं वहाँ वन में मीठे जलवाली नदी और सुन्दर तालाब होते हैं ॥४८॥ पुष्प पत्र से युक्त, सुन्दर फलवाले बहुत से वृक्ष हैं परन्तु अदृष्ट से होने वाले पूर्व जन्म के सुख–दुःख ॥४९॥ जहाँ–जहाँ प्राणी निवास करता है वहाँ–वहाँ अवश्य जाते हैं क्योंकि बिना भोगे कर्म का नाश नहीं है। ऐसी वेद की आज्ञा है ॥५०॥ श्रीनारायण बोले– फिर वहाँ पर वह लालची वानर पर्वत के समान बढ़ता हुआ भूख–प्यास से युक्त पीड़ित वन में विचरण करने लगा। उसके मुख में पित्त के प्रकोप से पीड़ा उत्पन्न हुई जो उसका जन्म रोग था। जिस पीड़ा से मुख के घावों से दिन–रात रुधिर बहा करता है ॥५२॥ अत्यन्त पीड़ा के कारण कुछ भी भोजन नहीं कर सकता था और वह वानर चञ्चलतावश वृक्षों में से उत्तम फलों को तोड़कर ॥५३॥ मुख के पास ले जाकर बहुत से फलों को जमीन पर गिरा दिया करता था। वहाँ वानर पीड़ा के कारण कहीं भी एक स्थान पर बैठने में असमर्थ था ॥५४॥ एक वृक्ष से दूसरे वृक्ष पर जाता हुआ

वृक्षाद्वृक्षान्तरं गच्छन् मेने मृत्युं सुखावहम्। कदाचिदपतद्भूमौ विललापातिदुःखितः।५५।
अरुरुदद्भग्नगात्रो नीरभ्रष्टो यथा झषः। असौ क्षुत्तृट्समाविष्टः श्लथदेहो गलन्मुखः।५६।
पेतुर्दन्तास्तथा सर्वे व्रणरोगेण पीडिताः। पूर्वजन्मकृतान् पापादेवं दुःखमजीगमत्।५७।
एवं प्रवर्त्तमानस्य निराहारस्य नित्यशः। दैवयोगात् समागच्छन्मासः श्रीपुरुषोत्तमः।५८।
तस्मिन्नपि तथैवास्ते शीतवातादिपीडितः। कदाचिद् बहुले पक्षे विचरन् गहने वने।५९।
तृषितः कुण्डनिकटेनाशक्नोत पातुममृतम्। क्षुधाविष्टोऽपि चापल्यात्तत्रोच्चैर्वृक्षमारुहत्।६०।
वृक्षाद्वृक्षान्तरं गच्छन्मध्ये कुण्डमपीपतत्। स चिराय निराहारः शिथिलेन्द्रियजर्जरः।६१।
निर्बलः शिथिलप्राणः कुण्डप्रान्तमुपाश्रितः। एवं दिनानि चत्वारि दशम्यादिनतः कपेः।६२।

मृत्यु को सुख देने वाला मानने लगा। किसी समय पृथिवी पर गिर पड़ा और अत्यन्त दुःखित हो विलाप करने लगा।५५॥
शरीर के टूट जाने से जलहीन मछली के समान तड़फड़ाता हुआ रोदन करने लगा। शिथिल शरीर वाला, गलित मुखवाला
वह वानर भूख-प्यास से पीड़ित हो गया।५६॥ उसके समस्त दाँत मुख रोग से पीड़ित होकर गिर गये। पूर्व जन्म के कृत
पाप से इस तरह दुःख को प्राप्त हुआ।५७॥ इस प्रकार नित्यप्रति निराहार रहते हुए वानर को दैवयोग से श्रीपुरुषोत्तम मास
आया।५८॥ उस पुरुषोत्तम मास में भी उसी प्रकार शीतवात आदि से पीड़ित रहा। किसी समय बहुल पक्ष में गहन वन में
विचरण करता हुआ।५९॥ प्यासा वानर कुण्ड के पास पहुँचने पर भी जलपान करने को समर्थ नहीं हुआ, भूख से युक्त भी
चपलता से बड़े ऊँचे वृक्ष के ऊपर चढ़ गया।६०॥ एक वृक्ष से दूसरे वृक्ष पर जाते हुए उसके बीच में एक कुण्ड आ
पड़ा। बहुत दिनों से निराहार शिथिल इन्द्रिय और जर्जर शरीर वाला।६१॥ निर्बल, शिथिल प्राणवाला कुण्ड के तटभाग में
आया। इस प्रकार दशमी तिथि से चार दिन तक वानर को।६२॥ श्रीपुरुषोत्तम मास में उस कुण्ड में लोट-पोट करते बीत

नतानि लुण्ठतः कुण्डे मासे श्रीपुरुषोत्तमे। पञ्चमे दिवसे प्राप्ते मध्यंदिनगते रवौ ।६३।
व्यसुः पपात तत्तीर्थे तोयक्लिन्नवपुः कपिः। स तं देहं समुत्सृज्य विनिर्धूतमलाशयः ।६४।
सद्यो दिव्यवपुः प्राप दिव्याभरणभूषितम्। इन्दीवरदलश्यामं कोटिकन्दर्पसुन्दरम् ।६५।
स्फुरद्रत्नकिरीटं च सुचारुझषकुण्डलम्। लसत्पीतपटं पुण्यं सद्रत्नकटिमेखलम् ।६६।
लसत्केयूरवलयं मुद्रिकाहारशोभितम्। नीलकुञ्चितसुस्निग्धचिकुरावृतसन्मुखम् ।६७।
तदानीमागमच्छीघ्रं विमानं वैष्णवाश्रितम्। भेरीमृदङ्गपटहवेणुवीणाबृहत्स्वनम् ।६८।
नृत्यद्देवाङ्गनं दिव्यं गायद्गन्धर्वकिन्नरम्। तन्निरीक्ष्य महाभागो दिव्यदेहधरः कपिः ।६९।
विस्मयं परमं यातो महापापस्य मे कुतः। एतत्पुण्यतमस्यैव योग्यं वैमानिकं सुखम् ।७०।
अथ काचित्तदुपरि दधारच्छत्रमिन्दुभम्। चक्रतुश्चामरे तस्य काश्चिप्सरसरसो मुदा ।७१।

गये। पाँचवें दिन के आने पर मध्याह्न काल में ।६३। उस तीर्थ में जल से भीगा शरीर वाला वानर प्राण से रहित होकर गिर गया और वह उस देह को त्याग कर पापों से रहित होकर ।६४। तत्काल दिव्य आभूषणों से भूषित दिव्य देह को प्राप्त किया जो कि नीलकमल के समान श्यामवर्ण, करोड़ों कामदेव के समान सुन्दर ।६५। चमकते हुए रत्नों से जटित किरीटधारी, सुन्दर शोभमान मत्स्यकुण्डल वाला, शोभमान पवित्र पीतवस्त्रधारी, कमर में रत्नों से जटित मेखला वाला ।६६। शोभमान बाजूबन्द, कंकण, अँगूठी, हार से शोभित नीलवर्ण के टेढ़े चिकने बालों से आवृत सुन्दर मुख था ।६७। उसी समय शीघ्र वहाँ वैष्णवों से युक्त विमान आया जिसमें भेरी, मृदङ्ग, पटह, वेणु, वीणा का महान् शब्द हो रहा है ।६८। और देवाङ्गनाओं का नाच हो रहा है, गन्धर्व किन्नर के सुन्दर गान हो रहे हैं ऐसे उस विमान को महाभाग दिव्यदेहधारी वानर देखकर ।६९। अत्यन्त विस्मय को प्राप्त हो कहने लगा कि पापी मेरे को यह सुख कैसे हुआ? यह विमान-सुख बड़े पुण्यात्मा को ही होना उचित है ।७०। इसके बाद कोई देवाङ्गना उसके ऊपर चन्द्रमा के समान श्वेत छत्र धारण करती हुई। कोई दो अप्सरायें हर्ष से उसको दोनों तरफ चामर को डुला रही हैं ।७१। कोई नाच गान में तत्पर

काश्चित्ताम्बूलहस्ताश्च काश्चित् ननृतुश्चाप्सराः । काचिद्भृङ्गारकं हैमं स्वर्धुनीवारिसम्भृतम् ॥७२ ।
हस्ते कृत्वा पुरस्तस्थौ गीतावाद्यादितत्पराः । एवं वैभवमालोक्य चित्रन्यस्त इवाभवत् ॥७३ ।
किमेतत् केन पुण्येन ममापुण्यस्य दुर्मतेः । नास्ति मे सुकृतं किञ्चिद्येन यामि हरेः पदम् ॥७४ ।

श्रीनारायण उवाच–

इत्थं तर्कयतो बृहत्सुखनिधिं दिव्यं विमानं पुरो दृष्ट्वा विस्मितचेतसो हरिभटौ ज्ञात्वास्य हार्दं परम् ।
बद्ध्वाग्रे करसम्पुटं सविनयं नत्वा तदीयं पदं वाक्यं सुन्दरमूचतुः
कपिजनुस्त्यक्त्वा पुरः संस्थितम् ॥७५ ।

इति श्रीबृहन्नारदीयपुराणे पुरुषोत्तममासमाहात्म्ये श्रीनारायणनारदसंवादे कदर्योपाख्याने कपिजन्मनि विमानागमनं नामाष्टाविंशोऽध्यायः ॥२८ ।

लिये खड़ी है और उसके सामने अप्सरायें नाच कर रही हैं। कोई गङ्गाजल से भरी हुई झारी को लिये खड़ी है ॥७२ ॥ कोई उसके सामने खड़ी गाने-बजाने में तत्पर है। इस प्रकार उस वैभव को देखकर चित्र में बने हुए के समान निश्चल हो गया ॥७३ ॥ यह क्या है? मुझ दुष्ट पातकी को किस पुण्य से यह सब प्राप्त हुआ, मेरा कुछ भी पुण्य नहीं है जिससे मैं हरि भगवान् के परम पद को जाऊँ ॥७४ ॥ श्रीनारायण बोले–इस प्रकार तर्क करते हुए कदर्य ने सुख का बहुत बड़ा खजाना दिव्य विमान को सामने देखकर आश्चर्य किया। बाद हरिभटों ने उस कदर्य का हार्दिक अभिप्राय जानकर उसके सामने विनयपूर्वक हाथ जोड़कर उसके चरणों में नमस्कार कर वानरशरीर को त्यागे हुए उस कदर्य को सुन्दर वचन कहा ॥७५ ॥

इति श्रीबृहन्नारदीयपुराणे पुरुषोत्तममासमाहात्म्ये श्रीनारायणनारदसंवादे कदर्योपाख्याने कपिजन्मनि विमानागमनं नामाष्टाविंशोऽध्यायः ॥२८ ॥

एकोनत्रिंशोऽध्याय

पुण्यशीलसुशीलावूचतुः-

विभो प्रयाहि गोलोकं कथमत्र विलम्बसे, पुरुषोत्तमसान्निध्यं त्वया लब्धं विशेषतः।१।

कदर्य उवाच-

बहूनि मम कर्माणि सन्ति भोग्यान्यनेकशः, केन मे निष्कृतिर्जाता यतो गोलोकमाप्नुयाम्।२।

यावन्त्यो वर्षधाराश्च तृणानि भूरजः कणा, यावन्त्यस्तारका व्योम्नि तावत्पापानि सन्ति मे।३।

कथमेतन्मया प्राप्तं वपुर्दिव्यं मनोहरम्, एतत्कारणमत्युग्रं मह्यं ब्रूत हरेः प्रियौ।४।

श्रीनारायण उवाच-

इति वाचमुपाकर्ण्य हरेर्दूतावथोचतुः, हरिदूतावूचतुः, अहो देव कथं नैव विज्ञातं साधनं महत्।५।

प्रभो न जायते कस्मान्मालः सर्वोत्तमोत्तः, विष्णुप्रियो महापुण्यो नाम्ना वै पुरुषोत्तमः।६।

पुण्यशील-सुशील बोले- हे विभो! गोलोक को चलो, यहाँ देरी क्यों करते हो? तुमको पुरुषोत्तम भगवान् का सान्निध्य मिला है।।१।। कदर्य बोला-मेरे बहुत कर्म अनेक प्रकार से भोगने योग्य हैं परन्तु हमारा उद्धार कैसे हुआ जिससे गोलोक प्राप्त हुआ?।।२।। जितनी वर्षा की धाराएं हैं, जितने तृण हैं, पृथिवी पर धूलि के कण हैं, आकाश में जितनी तारायें हैं उतने मेरे पाप हैं।।३।। मैंने यह सुन्दर तथा मनोहर शरीर कैसे प्राप्त किया? हे हरि भगवान् के प्रिय! इसका अति उग्र कारण मुझसे कहिये।।४।। श्रीनारायण बोले- कदर्य के इस प्रकार वाणी को श्रवण कर हरि के दूतों ने कहा। हरिदूत बोले-अहो! आश्चर्य है। हे देव! आपने इस पद की प्राप्ति का कारण महान् साधन कैसे नहीं जाना।।५।। हे प्रभो! सबसे उत्तमोत्तम, विष्णु का प्रिय, महान पुण्यफल को देने वाला, पुरुषोत्तम मास नाम से प्रसिद्ध मास को क्यों नहीं जाना?।।६।। इस पुरुषोत्तम मास में देवताओं से भी न होने वाला दान

तस्मिंस्त्वया तपश्चीर्णमशक्यं यत्सुरैरपि, अविज्ञातं महाराज कपिदेहेन कानने ।७।
मुखरोगादनाहारव्रतं जातमजानतः, त्वया च कपिचाञ्चल्यात् फलान्युत्कृत्य वृन्ततः ।८।
क्षिप्तानि पृथिवीपीठे तृप्तास्तैरितरे जनाः, पानीयमपि नो पीतमन्तर्दुःखेन भूरिशः ।९।
सञ्जातं ते तपस्तीव्रमज्ञानात् पुरुषोत्तमे, परोपकारः सञ्जातः फलपातेन तेऽनघ ।१०।
शीतवातातपा रौद्राः सोढा विचरता वने, महातीर्थे वरे रम्ये पञ्चाहं प्लवनं कृतम् ।११।
तस्मात्ते स्नानजं पुण्यं मासे श्रीपुरुषोत्तमे, एवं रुग्णस्य ते जातमज्ञानात्तप उत्तमम् ।१२।
तदेतत्सफलं जातमनुभूतं त्वयाऽधुना, व्ययजतोऽपि कृतेनैव सफलं स्याद्यथा तव ।१३।
किं पुनः श्रद्धयैतस्मिन् मासे श्रीपुरुषोत्तमे, विधिना कुर्वतः कर्म ज्ञात्वा माहत्म्यमुत्तमम् ।१४।

तुमने किया है। हे महाराज! वन में वानर शरीर से अज्ञान में वह तप भया ॥७॥ मुखरोग के कारण अज्ञान से अनाहार व्रत भया और तुमने बन्दरपने की चञ्चलतावश वृक्ष से फलों को तोड़कर ॥८॥ पृथिवी पर फेंका उन फलों से दूसरे मनुष्य तृप्त हुए। अन्तःकरण में विशेष दुःख होने से पानी भी नहीं पान किया ॥९॥ इस तरह पुरुषोत्तम मास में अज्ञानवश तुम से तीव्र तप हो गया। हे अनघ! फलों को फेंकने से परोपकार भी हो गया ॥१०॥ वन में घूमते-घूमते शीत, वायु, घाम को सहन किया और श्रेष्ठ तीर्थ में सुन्दर महातीर्थ में पाँच दिन गोता लगाया ॥११॥ जिससे श्रीपुरुषोत्तम मास में तुमको स्नान का पुण्य प्राप्त हो गया। इस प्रकार तुम्हारे रोगी के अज्ञान से उत्तम तप हो गया ॥१२॥ सो वह सब सफल भया और तुमने इस समय अनुभव किया। जब बिना समझे पुरुषोत्तम मास के सेवन को जाने से तुमको यह फल मिला ॥१३॥ तो मनुष्य इस पुरुषोत्तम मास के उत्तम महात्म्य को जानकर श्रद्धा से विधिपूर्वक कर्म करे तो उसका क्या कहना है ॥१४॥ तुमने अपना जो अर्थ साधन किया वैसा करने को

यस्त्वया साधितः स्वार्थस्तादृक्कर्तुं च कः क्षमः, यस्मिन्नेकोपवासेन मुच्यते पापराशिभिः ।१५।
नैतत्तुल्यं भवेत्किञ्चित्पुरुषोत्तमप्रीतिदम्, ते धन्याः कृतकृत्यास्ते तद्व्रतं ये प्रकुर्वते ।१६।
दुर्लभं मानुषं जन्म भूखण्डे भारताजिरे, तादृशं जनुरासाद्य सेवन्ते पुरुषोत्तमम् ।१७।
ते सदा सुभगाः पुण्यास्तेषां च सफलो भवः, येषां सर्वोत्तमो मासः स्नानदानजपैर्गतः ।१८।
दानानि पितृकार्याणि तपांसि विविधानि च, तानि कोटिगुणान्येव सम्प्राप्ते पुरुषोत्तमे ।१९।
धिक् तं च नास्तिकं पापं शठं धर्मध्वजं खलम्, पुरुषोत्तममासाद्य स्नानदानविवर्जितः ।२०।

श्रीनारायण उवाच—

पुण्यशीलसुशीलाभ्यामद्भुतं वर्णितं निजम्, तच्छ्रुत्वा चकितो हृष्टः पुलकाङ्कितविग्रहः ।२१।
तीर्थदेवान् नमस्कृत्य कालञ्जरगिरिं ततः, ननाम काननाधीशान् सर्वगुल्मलतातरून् ।२२।

कौन समर्थ है? पुरुषोत्तम भगवान् को और कोई वस्तु प्रीति को देने वाली नहीं है ॥१५॥ इस भरतखण्ड में अति दुर्लभ मनुष्य योनि में जन्म लेकर भी पुरुषोत्तम भगवान् की सेवा करते हैं। जिस पुरुषोत्तम मास में एक भी उपवास के करने से मनुष्य पापपुञ्ज से छूट जाता है वही तुमने महात्मा उपवास किया, इस उग्र तपस्या का फल कहा जायेगा ॥१६॥ इस मास के समान वे प्राणी धन्य और कृतकृत्य हैं ॥१७॥ वे सदा भाग्यवान्, पुण्यकर्म के करने वाले पवित्र हैं और उनका जन्म सफल है जिनका सबमें उत्तम पुरुषोत्तम मास स्नान, दान, जप से व्यतीत हुआ है ॥१८॥ श्रीपुरुषोत्तम मास में दान, पितृकार्य, अनेक प्रकार के तप ये सब अन्य मास की अपेक्षा कोटि गुण अधिक फल देने वाले हैं ॥१९॥ जो पुरुषोत्तम मास के आने पर स्नान-दान से रहित रहता है उस नास्तिक, पापी, शठ, धर्मध्वज, खल को धिक्कार है ॥२०॥ श्रीनारायण बोले- पुण्यशील और सुशील से वर्णित अनेक अद्भुत को सुनकर चकित होता हुआ हर्ष प्रकट कर रोमाञ्चित हो गया ॥२१॥ तीर्थ के देवताओं को नमस्कार कर बाद कालञ्जर पर्वत को नमस्कार किया। और वन के देवताओं को तथा गुल्म, लता, वृक्ष को नमस्कार किया ॥२२॥ बाद विमान से युक्त ही विमान को

ततः प्रदक्षिणीकृत्य विमानं विनयान्वितः, आरुरोह घनश्यामो लसत्पीताम्बरावृतः ।२३।
पश्यत्सु सर्व देवेषु गन्धर्वाद्यैरभिष्टुतः, वाद्ययानेषु वाद्येषु किन्नराद्यैर्मुहुर्मुहुः ।२४।
पुष्पवृष्टिमुचो देवा मन्दं मन्दं मुदान्विताः, सादरं पूजयाञ्चक्रुः पुरन्दरपुरःसराः ।२५।
ततो जगाम गोलोकं सानन्दं योगिदुर्लभम्, गोपगोपीगवां सेव्य रासमण्डलमण्डितम् ।२६।
यत्र गत्वा न शोचन्ति जरामृत्युविवर्जिते, तत्रासौ चित्रशर्मा च पुरुषोत्तमसेवनात् ।२७।
व्याजेनापि मुमोदोच्चैर्विहाय वानरं वपुः, द्विभुजं मुरलीहस्तं दृष्ट्वा श्रीपुरुषोत्तमम् ।२८।

श्रीनारायण उवाच-

इदमाश्चर्यमालोक्य देवाः सर्वे सुविस्मिताः, स्वं स्वं स्थानं ययुः सर्वे शंसन्तः पुरुषोत्तमम् ।२९।

प्रदक्षिणा कर मेघ के समान श्यामवर्ण, सुन्दर पीताम्बर को धारण कर वह कदर्य विमान पर सवार हो गया ॥२३॥ सम्पूर्ण देवताओं के देखते हुए गन्धर्व आदि से स्तुत और किन्नर आदिकों से बार-बार बाजा बजाये जाने पर ॥२४॥ इन्द्रादि देवताओं ने प्रसन्न होकर पुष्पवृष्टि को करते हुए उसका आदरपूर्वक पूजन किया ॥२५॥ फिर आनन्द से युक्त, योगियों को दुर्लभ, गोप-गोपी-गौओं से सेवित, रासमण्डल से शोभित गोलोक को गया ॥२६॥ जरामृत्यु रहित जिस गोलोक में जाकर प्राणी शोक का भागी नहीं होता है, उस गोलोक में यह चित्रशर्म्मा पुरुषोत्तम मास के सेवन से गया ॥२७॥ व्याज से पुरुषोत्तम मास के सेवन से वानर शरीर छोड़कर दो भुजाधारी मुरली हाथ में लिये पुरुषोत्तम भगवान् को देखकर बहुत प्रसन्न हुआ ॥२८॥ श्रीनारायण बोले-इस आश्चर्य को देखकर समस्त देवता चकित हो गये और श्रीपुरुषोत्तम की प्रशंसा करते अपने-अपने स्थान को गये ॥२९॥ नारद मुनि बोले-हे तपोधन! आपने दिन के प्रथम

नारद उवाच-

दिवसस्यादिमे भागे त्वयाऽह्निकमुदीरितम्, तद्दिवापरभागीयं कथं कार्यं तपोधन ।३०।

गृहस्थस्योपकाराय वद मे वदतां वर, सदा सर्वोपकाराय चरन्ति हि भवादृशाः ।३१।

श्रीनारायण उवाच-

प्रातःकालोदितं कर्म समाप्य विधिवत्ततः कृत्वा माध्यह्निकीं सन्ध्यां तिलतर्पणमाचरेत् ।३२।

देवा मनुष्याः पशवो वयांसि सिद्धाश्च यक्षोरगदैत्यसंघाः,

प्रेताः पिशाचा उरगाः समस्ता ये चान्नमिच्छन्ति मयाऽत्र दत्तम् ।३३।

ततः पञ्चमहायज्ञान् कुर्याद्भूतबलिं ततः, काकस्य च शुनश्चैव बलिं दत्त्वैवमुच्चरन् ।३४।

इत्युक्त्वा सर्वभूतेभ्यो बलिं दद्यात् पुनः पृथक्, तत आचम्य विधिवच्छ्रद्धया प्रीतमानसः ।३५।

भाग का कृत्य कहा। पुरुषोत्तम मास के दिन के पिछले भाग में होने वाले कृत्य को कैसे करना चाहिये ।।३०।। हे बोलनेवालों में श्रेष्ठ! गृहस्थ के उपकार के लिये मुझसे कहिये। क्योंकि आपके समान महात्मा सदा सबके उपकार के लिये विचरण करते रहते हैं ।।३१।। श्रीनारायण बोले- प्रातःकाल के कृत्य को विधिपूर्वक समाप्त कर, बाद मध्याह्न में होने वाली सन्ध्या को करके, तर्पण को करे ।।३२।। देव, मनुष्य, पशु, पक्षी, सिद्ध, यक्ष, सर्प, दैत्य, प्रेत, पिशाच, नाग ये सब जो अन्न को इच्छा करते हैं वे सब मेरे से दिये गये अन्न को ग्रहण करें ।।३३।। फिर पञ्चमहायज्ञ को करे, उसके बाद भूतबलि को करे और काक, कुत्ता को श्लोक पढ़ता हुआ बलि देवे ।।३४।। इस प्रकार समस्त भूतों को पृथक्-पृथक् बलि देवे, फिर विधिपूर्वक आचमन कर प्रसन्न होकर श्रद्धा से ।।३५।। अतिथि प्राप्ति के लिये गौ दूहने के समय तक द्वार पर

द्वारावलोकनं कुर्यादतिथिग्रहणाय च, गोदोहकालं भाग्यात्तु प्राप्तश्चेदतिथिर्यदि ।३६ ।
आदौ सत्कृत्य वचसा देववत् पूजयेत् सुधीः, तोषयेत् परया भक्त्या यथाशक्त्यन्न-पानतः ।३७ ।
भिक्षां च भिक्षवे दद्याद्विधिवद्ब्रह्मचारिणे, आकल्पितान्नादुद्धृत्य सर्वव्यञ्जनसंयुतात् ।३८ ।
यतिश्च ब्रह्मचारी च पक्वान्नस्वामिनावुभौ, तयोरन्नमदत्त्वैव भुक्त्वा चान्द्रायणं चरेत् ।३९ ।
यतिहस्ते जलं दद्याद्भैक्षं पुनर्जलम्, तद्भैक्षं मेरुणा तुल्यं तज्जलं सागरोपमम् ।४० ।
सत्कृत्य भिक्षवे भिक्षां यः प्रयच्छति मानवः, गोप्रदानसमं पुण्यमित्याह भगवान् यमः ।४१ ।
ततश्च भोजनं कुर्यात् प्राङ्मुखो मौनमास्थितः, प्रशस्ते शुद्धपात्रे च भुञ्जीतान्नमकुत्सयन् ।४२ ।
नैकवासाः समश्नीयात् स्वासने निजभाजने, स्वयमासनमारुह्य स्वस्थचित्तः प्रसन्नधीः ।४३ ।

अवलोकन करे । यदि भाग्य से अतिथि मिल जाय तो ॥३६॥ बुद्धिमान् प्रथम वाणी से सत्कार करके इस अतिथि का देवता के समान पूजन करे और यथाशक्ति अन्न-जल से सन्तुष्ट करे ॥३७॥ फिर विधिपूर्वक सब व्यञ्जन से युक्त सिद्ध अन्न से निकाल कर भिक्षु और ब्रह्मचारी को भिक्षा देवे ॥३८॥ सन्यासी और ब्रह्मचारी ये दोनों सिद्ध अन्न के मालिक हैं । उनको अन्न न देकर भोजन करने वाला चान्द्रायण व्रत करे ॥३९॥ प्रथम सन्यासी के हाथ पर जल देकर भिक्षान्न देवे तो वह भिक्षान्न मेरु पर्वत के समान और जल समुद्र के समान कहा गया है ॥४०॥ सन्यासी को जो मनुष्य सत्कार करके भिक्षा देता है उसको गोदान के समान पुण्य होता है । इस बात को यमराज भगवान् ने कहा है ॥४१॥ फिर मौन होकर पूर्वमुख बैठकर शुद्ध और बड़े पात्र में अन्न को रखकर प्रशंसा करता हुआ भोजन करे ॥४२॥ अपने आसन पर अपने कांसे के पात्र में एकवस्त्र से भोजन नहीं करे । स्वयं आसन पर बैठकर स्वस्थचित्त, प्रसन्न मन होकर ॥४३॥ जो मनुष्य अकेला ही अपने कांसे के पात्र में भोजन करता है तो उसके आयु, प्रज्ञा, यश

एक एव तु यो भुङ्क्ते स्वकीये कांस्यभाजने,
चत्वारि तस्य वर्धन्त आयुः प्रज्ञा यशो बलम् ।४४।
सत्यं त्वर्तेति मन्त्रेण जलमादाय पाणिना, परिषिच्य च भोक्तव्यं सघृतं व्यञ्जनान्वितम् ।४५।
भोजनात् किञ्चिदन्नाग्रयमादायैवं समुच्चरेत्, नमो भूपतये पूर्वं भुवनपतये नमः ।४६।
भूतानां पतये पश्चाद्धर्माय च ततो बलिम्, दत्त्वा च चित्रगुप्ताय भूतेभ्य इदमुच्चरेत् ।४७।
यत्र क्वचन संस्थानां क्षुत्तृषोपहतात्मनाम्, भूतानां तृप्तयेऽक्षय्यमिदमस्तु यथासुखम् ।४८।
प्राणायाऽपानसंज्ञाय व्यानाय च ततः परम्, उदानाय ततो ब्रूयात् समानायः ततः परम् ।४९।
प्रणवं पूर्वमुच्चार्य स्वाहान्ते च घृतप्लुतम्, पञ्चकृत्वो ग्रसेदन्नं जिह्वया न तु दंशयेत् ।५०।
ततश्च तन्मना भूत्वा भुञ्जीत मधुरं पुरः, लवणाम्लौ तथा मध्ये कटुतिक्तौ ततः परम् ।५१।
प्राग्द्रवं पुरुषोऽश्नीयान्मध्ये तु कठिनाशनम्, अन्ते पुनर्द्रवाशी तु बलारोग्ये न मुच्यति ।५२।

और बल ये चार बढ़ते हैं ॥४४॥ दिन में—'सत्यं त्वर्तेन परिषिञ्चामि', रात्रि में—'ऋतुं त्वा सत्येन परिषिञ्चामि' इस मन्त्र से हाथ में जल लेकर सिंचन कर, घृत व्यञ्जन युक्त अन्न का भोजन करे ॥४५॥ भोजन में से कुछ अन्न लेकर इस प्रकार कहे—भूपतये नमः, प्रथम कहकर भुवनपतये नमः कहे ॥४६॥ भूतानां पतये नमः कह कर धर्मराज को बलि देवे फिर चित्रगुप्त को देकर भूतों को देने के लिये यह कहे ॥४७॥ जिस किसी जगह स्थित, भूख-प्यास से व्याकुल भूतों की तृप्ति के लिये यथासुख यह अक्षय्य अन्न होवे ॥४८॥ प्राणाय, अपानाय, व्यानाय, उदानाय तथा समानाय कहे ॥४९॥ प्रणव प्रथम उच्चारण कर, अन्त में स्वाहा पद जोड़कर घृत के साथ पाँच ग्रास जिह्वा से प्रथम निगल जाय, दाँतों से न दबावे ॥५०॥ फिर तन्मय होकर प्रथम मधुर भोजन करे, नमक के पदार्थ और खट्टा पदार्थ मध्य में, कड़ुवा तीखा भोजन के अन्त में खाय ॥५१॥ पुरुष प्रथम द्रव पदार्थ भोजन करे, मध्य में कठिन पदार्थ भोजन करे, अन्त में पुनः पतला पदार्थ भोजन करे तो बल और आरोग्य से रहित नहीं होता ॥५२॥ [illegible]

अष्टौ ग्रासा मुनेर्भक्ष्याः षोडशारण्यवासिनः, द्वात्रिंशच्च गृहस्थस्य त्वमितं ब्रह्मचारिणः ॥५३॥
नाद्याच्छास्त्रविरुद्धं तु भक्ष्यभोज्यादिकं द्विजः, अभोज्यं प्राहुराहारं शुष्कं पर्युषितं तथा ॥५४॥
सर्वं सशेषमश्नीयात् घृतपायसवर्जितम्, अग्राङ्गुलिषु तच्छेषं निधाय भोजनोत्तरम् ॥५५॥
जलपूर्णाञ्जलिं कृत्वा पीत्वा चैव तदर्धकम्, अग्राङ्गुलिस्थितं शेषं भूमौ दत्त्वाऽञ्जलेर्जलम् ॥५६॥
शेषं निषिञ्चेत्तत्रैव पठन् मन्त्रमिमं बुधः, अन्यथा पापभाग्विप्रः प्रायश्चित्तेन शुद्ध्यति ॥५७॥
रौरवे पूयनिलये पद्मार्बुदनिवासिनाम्, आर्थिनामुदकं दत्तमक्षय्यमुपतिष्ठतु ॥५८॥
निषिच्यानेन मन्त्रेण कुर्याद्दन्तविशोधनम्, आचम्य पात्रमुत्सार्य किञ्चिदार्द्रेण पाणिना ॥५९॥
ततः परं समुत्थाय बहिः स्थित्वा समाहितः, शोधयेन्मुखहस्तौ च मृदा शुद्धजलेन च ॥६०॥

आठ ग्रास भोजन के लिये कहा है। वानप्रस्थाश्रमी को सोलह ग्रास भोजन के लिये कहा है। गृहस्थाश्रमी को ३२ ग्रास भोजन कहा है और ब्रह्मचारी को अपरिमित ग्रास भोजन के लिये कहा है ॥५३॥ द्विज को शास्त्र के विरुद्ध भक्ष्य भोज्य आदि पदार्थों को नहीं खाना चाहिये। शुष्क और बासी पदार्थ को विद्वानों ने खाने के अयोग्य बतलाया है ॥५४॥ घृत दूध को छोड़कर अन्य वस्तु सशेष भोजन करे। भोजन के बाद उस शेष को अङ्गुलियों के अग्र भाग में रखकर ॥५५॥ अञ्जलि जल से पूर्ण करे। उसका आधा जल पी जाय और अङ्गुलियों के अग्र भाग में स्थित शेष को पृथ्वी में देकर ऊपर से अञ्जलि का शेष आधा जल ॥५६॥ विद्वान् उसी जगह इस मन्त्र को पढ़ता हुआ सिञ्चन करे। ऐसा न करने से ब्राह्मण पाप का भागी होता है, फिर प्रायश्चित्त करने से शुद्ध होता है ॥५७॥ मन्त्रार्थ-रौरव नरक में, पीब के गड्ढे में पद्म अर्बुद वर्ष तक वास करने वाले तथा इच्छा करने वालों के लिये मेरा दिया हुआ यह जल अक्षय होता हुआ प्राप्त हो ॥५८॥ मन्त्र पढ़ के जल से सिञ्चन कर दाँतों को शुद्ध करे। आचमन कर गीले हाथ से पात्र को कुछ हटा कर ॥५९॥ उस भोजन स्थान से उठकर, बाहर बैठकर, स्वस्थ होकर, मिट्टी और जल से मुख-हाथ को शुद्ध करे ॥६०॥ सोलह कुल्ला कर, शुद्ध हो सुख से बैठकर

कृत्वा षोडशगण्डूषान् शुद्धो भूत्वा सुखासनः, इमौ मन्त्रौ पठन्नेव पाणिनोदरमालभेत् ।६१।
अगस्त्यं कुम्भकर्णं च शनिं च वडवानलम्, आहारपरिपाकार्थं स्मरेद्भीमं च पञ्चमम् ।६२।
आतापी मारितो येन वातापी च निपातितः, समुद्रः शोषितो येन स मेऽगस्त्यः प्रसीदतु ।६३।
ततः श्रीकृष्णदेवस्य कुर्वीत स्मरणं मुदा, भूयोऽप्याचम्य कर्तव्यं ततस्ताम्बूलभक्षणम् ।६४।
भुक्त्वोपविष्टः श्रीकृष्णं परं ब्रह्म विचारयेत्, सच्छास्त्रादिविनोदेन सन्मार्गाद्यविरोधिना ।६५।
ततश्चाध्यात्मविद्यायाः कुर्वीत श्रवणं सुधीः, सर्वथा वृत्तिहीनोऽपि मुहूर्तं स्वस्थमानसः ।६६।
श्रुत्वा धर्मं विजानाति श्रुत्वा पापं परित्यजेत्, श्रुत्वा निवर्तते मोहः श्रुत्वा ज्ञानामृतं लभेत् ।६७।
नीचोऽपि श्रवणेनाशु श्रेष्ठत्वं प्रतिपद्यते, श्रेष्ठोऽपि नीचतां याति रहितः श्रवणेन च ।६८।
व्यवहारं ततः कुर्याद्बहिर्गत्वा यथासुखम्, श्रीकृष्णं मनसा ध्यायेत् सर्वसिद्धिप्रदायकम् ।६९।

इन दो मन्त्रों को पढ़ता हुआ हाथ से उदर का स्पर्श करे ॥६१॥ अगस्त्य, कुम्भकर्ण, शनि, बड़वानल और पञ्चम भीम को आहार के परिपाक के लिये स्मरण करे ॥६२॥ जिसने आतापी को मारा और वातापी को मार डाला, समुद्र का शोषण किया वह अगस्त्य मेरे ऊपर प्रसन्न हों ॥६३॥ बाद प्रसन्न मन से श्रीकृष्ण देव का स्मरण करे। फिर आचमन कर ताम्बूल भक्षण करे ॥६४॥ भोजन करके बैठकर परब्रह्म श्रीकृष्ण का उत्तम मार्ग के अविरोधी उत्तम शास्त्रों के विनोद से विचार करे ॥६५॥ बाद बुद्धिमान् अध्यात्मविद्या का श्रवण करे। सर्वथा आजीविका से हीन मनुष्य भी एक मुहूर्त स्वस्थ मन होकर श्रवण करे ॥६६॥ श्रवण कर धर्म को जानता है, श्रवण कर पाप का त्याग करता है, श्रवण के बाद मोह की निवृत्ति होती है, श्रवण कर ज्ञानरूपी अमृत को प्राप्त करता है ॥६७॥ नीच भी श्रवण करने से श्रेष्ठ हो जाता है और श्रेष्ठ भी श्रवण रहित होने से नीच हो जाता है ॥६८॥ फिर बाहर जाकर यथासुख व्यवहार आदि करे और सर्वार्थ सिद्धि को देने वाले श्रीकृष्ण भगवान् का मन से ध्यान करे ॥६९॥ सूर्यनारायण के

सूर्येऽस्तशिखरं प्राप्ते तीर्थं गत्वाऽथवा गृहम्, सायंसन्ध्यामुपासीत धौताङ्घ्रिः सपवित्रकः ।७० ।
यः प्रमादान्न कुर्वीत सायं सन्ध्यां द्विजाधमः, स गोवधमवाप्नोति मृते रौरवमाप्नुयात् ।७१ ।
कदाचित्कालकलोपेऽपि सङ्कटे वा पथि स्थितः, आनिशीथात्प्रकुर्वीत सायंसन्ध्यां द्विजोत्तमः ।७२ ।
यस्त्रिसन्ध्यमुपासीत ब्राह्मणः श्रद्धयाऽन्वितः, तत्तेजो वर्धतेऽत्यन्तं घृतेनेव हुताशनः ।७३ ।
सादित्यां पश्चिमां सन्ध्यामर्धास्तमितभास्करम्, प्राणानायम्य सम्प्रोक्ष्य मन्त्रेणाब्दैवतेन तु ।७४ ।
सायमग्निश्च मेत्युक्त्वा प्रातः सूर्येत्यपः पिबेत्, प्रत्यङ्मुखोपविष्टस्तु वाग्यतः सुसमाहितः ।७५ ।
प्रणवव्याहृतियुतां गायत्रीं तु जपेत्ततः, अक्षसूत्रं समादाय सम्यगातारकोदयात् ।७६ ।
वारुणीभिस्तदादित्यमुपस्थाय प्रदक्षिणम्, कुर्वन् दिशो नमस्कुर्याद्दिगीशांश्च पृथक्-पृथक् ।७७ ।

अस्ताचल जाने के समय तीर्थ में जाकर अथवा गृह में ही पैर धोकर, पवित्र वस्त्र धारण कर, सायंसन्ध्या की उपासना करे ॥७० ॥ जो द्विजों में अधम, प्रमाद से सायंसन्ध्या नहीं करता है वह गोवध पाप का भागी होता है और मरने पर रौरव नरक को जाता है ॥७१ ॥ कभी समय से न करने पर, सङ्कट में, मार्ग में हो तो द्विजश्रेष्ठ आधी रात के पहले सायंसन्ध्या को करे ॥७२ ॥ जो ब्राह्मण श्रद्धा के साथ प्रातः, मध्याह्न और सायंसन्ध्या की उपासना करता है उसका तेज घृत छोड़ने से अग्नि के समान अत्यन्त बढ़ता है ॥७३ ॥ सायंकाल में सूर्य नारायण के आधा अस्त होने पर प्राणायाम कर 'आपो हिष्ठा' इस मन्त्र से मार्जन करे ॥७४ ॥ और सायंकाल 'अग्निश्च मा०' इस मन्त्र से आचमन करे और प्रातःकाल 'सूर्यश्च मा०' इस मन्त्र से आचमन करे। पश्चिम मुख बैठकर मौन तथा समाहित मन होकर ॥७५ ॥ प्रणव और व्याहृति सहित गायत्री मन्त्र का रुद्राक्ष की माला लेकर तारा के उदय होने तक जप करे ॥७६ ॥ वरुण सम्बन्धी ऋचाओं से सूर्यनारायण का उपस्थान कर, प्रदक्षिणा करता हुआ दिशाओं को तथा पृथक्-पृथक् दिशाओं के स्वामी को नमस्कार करे ॥७७ ॥ सायं सन्ध्या की उपासना कर अग्नि में आहुति देकर भृत्यवर्गों के

उपास्य पश्चिमां सन्ध्यां हुत्वाऽग्निमश्नीयात्ततः, भृत्यैः परिवृतो भुक्त्वा नातितृप्तोऽथ संविशेत् ॥७८॥
सायं प्रातर्वैश्वदेवः कर्तव्यो बलिकर्म च, अनश्नतापि सततमन्यथा किल्बिषी भवेत् ॥७९॥
कृतपादादिशौचस्तु भुक्त्वा सायं ततो गृही, गच्छेच्छय्यां नो मृद्वीमुपधानसमन्विताम् ॥८०॥
स्वगृहे प्राक्छिराः शेते श्वाशुरे दक्षिणाशिराः, प्रवासे पश्चिमशिरा न कदाचिदुदक्छिरः ॥८१॥
रात्रिसूक्तं जपेत् स्मृत्वा देवांश्च सुखशायिनः, नमस्कृत्याव्ययं विष्णुं समाधिस्थः स्वपेन्निशि ॥८२॥
अगस्त्यो माधवश्चैव मुचुकुन्दो महाबलः। कपिलो मुनिरास्तीकः पञ्चैते सुखशायिनः ॥८३॥
माङ्गल्यं पूर्णकुम्भं च शिरः स्थाने निधाय च, वैदिकैर्गारुडैर्मन्त्रै रक्षां कृत्वा स्वपेत्ततः ॥८४॥
ऋतुकालाभिगामी स्यात् स्वदारनिरतः सदा, पर्ववर्जं व्रजेदेनां तद्व्रती रतिकाम्यया ॥८५॥

साथ अल्प भोजन करे। बाद कुछ समय तक बैठ जाय ॥७८॥ सायंकाल और प्रातःकाल भोजन की इच्छा नहीं होने पर भी वैश्वदेव और बलि कर्म सदा करना चाहिये। यदि नहीं करता है तो पातकी होता है ॥७९॥ शाम को भोजन कर बैठने के बाद गृहस्थाश्रमी हाथ-पैर धोकर तकिया सहित कोमल शय्या पर जाय ॥८०॥ अपने गृह में पूर्व की ओर सिर करके शयन करे, श्वशुर के गृह में दक्षिण की ओर सिर करके शयन करे, परदेश में पश्चिम की ओर सिर करके शयन करे, परन्तु उत्तर की ओर सिर करके कभी शयन नहीं करे ॥८१॥ रात्रिसूक्त का जप करे और सुखशायी देवताओं का स्मरण कर अविनाशी विष्णु भगवान् को नमस्कार कर, समाधिस्थ हो, रात्रि में शयन करे ॥८२॥ अगस्त्य, माधव, महाबली मुचुकुन्द, कपिल, आस्तीक मुनि ये पाँचों सुखशायी कहे गये हैं ॥८३॥ माङ्गलिक जल से पूर्ण घट को सिर के पास रखकर वैदिक और गारुड मन्त्रों से रक्षा करके शयन करे ॥८४॥ ऋतुकाल में स्त्री के [illegible] साथ और सदा अपनी स्त्री से प्रेम करे, इसी रति की कामना से पर्व को छोड़कर अपनी स्त्री के पास जाये ॥८५॥ प्रदोष और प्रदोष के पिछले प्रहर में वेदाभ्यास करते समय व्यतीत करे। फिर दो प्रहर शयन करने वाला

प्रदोषपश्चिमौ यामौ वेदाभ्यासेन यौ नयेत्, यामद्वयं शयानस्तु ब्रह्मभूयाय कल्पते ।८६।
एतत्सर्वमशेषेण कृत्यजातं दिने दिने, कर्तव्यं गृहिभिः सम्यग्गृहस्थाश्रमलक्षणम् ।८७।
अहिंसा सत्यवचनं सर्वभूतानुकम्पनम्, शमो दानं यथाशक्ति गार्हस्थ्यो धर्म उच्यते ।८८।
परदारेष्वसंसर्गो धर्मस्त्रीपरिरक्षणम्, अदत्तादानविरमो मधुमांसविवर्जनम् ।८९।
एष पञ्चविधो धर्मो बहुशाखः सुखोदयः, देहिभिर्देहपरमैः कर्तव्यो देहसम्भवः ।९०।

श्रीनारायण उवाच-

अशेषवेदोदितस्चरित्र-मेतद्गृहस्थाश्रमलक्षणं हि,
उक्तं समासेन च लक्षणेन तुभ्यं मुने लोकहिताय सम्यक् ।९१।

इति श्रीबृहन्नारदीयपुराणे पुरुषोत्तममासमाहात्म्ये श्रीनारायणनारदसंवादे
अह्निककथनं नाम एकोनत्रिंशोऽध्यायः ॥२९॥

ब्रह्मतुल्य होने के योग्य होता है ॥८६॥ यह सब प्रतिदिन के समस्त कृत्यसमुदाय को कहा। गृहस्थाश्रमी भलीभांति इसको करे और यही गृहस्थाश्रम का लक्षण है ॥८७॥ अहिंसा, सत्य वचन, समस्त प्राणी पर दया, शान्ति यथाशक्ति दान करना, गृहस्थाश्रम का धर्म कहा है ॥८८॥ पर स्त्री से भोग नहीं करना, अपनी धर्मपत्नी की रक्षा करना, बिना दी हुई वस्तु को नहीं लेना, शहद, मांस को नहीं खाना ॥८९॥ यह पाँच प्रकार का धर्म बहुत शाखा वाला, सुख देने वाला है। शरीर से होने वाले धर्म को उत्तम प्राणियों को करना चाहिये ॥९०॥ श्रीनारायण बोले-सम्पूर्ण वेदों में कहा हुआ यह उत्तम चरित्र गृहस्थाश्रम का लक्षण है। हे मुने! इसको लोक के हित के लिये संक्षेप में लक्षण के साथ आपसे मैंने अच्छी तरह कहा ॥९१॥

इति श्रीबृहन्नारदीयपुराणे पुरुषोत्तममासमाहात्म्ये श्रीनारायणनारदसंवादे अह्निककथनं नाम एकोनत्रिंशोऽध्यायः ॥२९॥

त्रिंशोऽध्याय

नारद उवाच–

स्तुता पतिव्रता नारी त्वया पूर्वं तपोनिधे, तल्लक्षणानि सर्वाणि समासेन वदस्व मे ।१।

सूत उवाच–

नोदितो नारदेनेत्थं पुरातनमुनिः स्वयम्, पतिव्रतायाः सर्वाणि लक्षणान्याह भूसुराः ।२।

श्रीनारायण उवाच–

शृणु नारद वक्ष्यामि सतीनां व्रतमुत्तमम्, कुरूपो वा कुवृत्तो वा सुस्वभावोऽथ वा पतिः ।३।
रोगान्वितः पिशाचो वा क्रोधनोवाऽथ,
मद्यपः वृद्धो वाऽप्यविदग्धो वा मूकोऽन्धो बधिरोऽपि वा ।४।
रौद्रो वाऽथ दरिद्रो वा कदर्यः कुत्सितोऽपि वा,
कातरः कितवो वाऽपि ललनालम्पटोऽपि वा ।५।

नारदजी बोले–हे तपोनिधे! तुमने पहले पतिव्रता स्त्री की प्रशंसा की है अब आप उनके सब लक्षणों को मुझसे कहिये ॥१॥ सूतजी बोले–हे पृथ्वी के देवता ब्राह्मणों! इस प्रकार नारद मुनि के पूछने पर स्वयं प्राचीन मुनि नारायण ने पतिव्रता स्त्री के लक्षणों को कहा ॥२॥ श्रीनारायण बोले–हे नारद! सुनो मैं पतिव्रताओं के उत्तम व्रत को कहता हूँ। पति कुरूप हो, कुत्सित व्यवहार वाला हो, अथवा सुरूपवान् हो ॥३॥ रोगी हो, पिशाच हो, क्रोधी हो, मद्यपान करने वाला हो, मूर्ख हो, मूक हो, अन्धा हो अथवा बधिर हो ॥४॥ भयङ्कर हो, दरिद्र हो, कृपण हो, निन्दित हो, दीन हो, अन्य स्त्रियों में आसक्त हो ॥५॥ परन्तु सती स्त्री

सततं देववत पूज्यः साध्व्या वाक्कायकर्मभिः, न जातु विषमे भर्तुः स्त्रिया कार्यं कथञ्चन ॥६॥
बालया वा युवत्या वा वृद्धया वापि योषिता, न स्वातन्त्र्येण कर्तव्यं किञ्चित् कार्यं गृहेष्वपि ॥७॥
अहङ्कारं विहायाथ कामक्रोधौ च सर्वदा, मनसो रञ्जनं पत्युः नान्यस्य कुत्रचित् ॥८॥
सकामं वीक्षिताऽप्यन्यैः प्रियवाक्यैः प्रलोभिता, स्पृष्टा च जनसम्मर्दे न विकारमुपैति या ॥९॥
यावन्तो रोमकूपाः स्युः स्त्रीणां गात्रेषु निर्मिताः, तावद्वर्षसहस्राणि नाके ताः पर्युपासते ॥१०॥
पुरुषं सेवते नान्यं मनोवाक्कायकर्मभिः, लोभिताऽपि परेणार्थैः सा सती लोकभूषणा ॥११॥
दौत्येन प्रार्थिता वाऽपि बलेन विधृताऽपि वा, वस्त्राद्यैर्वासिता वापि नैवान्यं भजते सती ॥१२॥
वीक्षिता वीक्षते नान्यैर्हासिता न हसत्यपि, भाषिता भाषते नैव सा साध्वी साधुलक्षणा ॥१३॥

सदा वाणी, शरीर, कर्म से पति को देवता के समान पूजन करे। कभी भी स्त्री पति के साथ कठोर व्यवहार नहीं करे॥६॥ बाला हो, युवती हो अथवा वृद्धा हो परन्तु स्त्री स्वतन्त्रतापूर्वक अपने गृह में भी कुछ कार्य को नहीं करे॥७॥ अहङ्कार और काम-क्रोध का सर्वदा त्याग कर, पति के मन को सदा प्रसन्न करती रहे और दूसरे के मन को कभी भी प्रसन्न नहीं करे॥८॥ जो स्त्री दूसरे पुरुष से कामना सहित देखी जाने पर, प्रिय वचनों से प्रलोभन देने पर अथवा जनसमुदाय में स्पर्श होने पर विकार को नहीं प्राप्त होती है॥९॥ जो स्त्रियों के शरीर में जितने रोम होते हैं उतने हजार वर्ष तक वह स्त्री स्वर्ग में वास करती है॥१०॥ दूसरे पुरुष के धन के लोभ देने पर भी स्त्री पर-पुरुष का मन, वचन, कर्म से सेवन नहीं करती है तो वह स्त्री लोक में भूषण और सती कही गयी है॥११॥ दूतों के प्रार्थना करने पर भी, बलपूर्वक पकड़ी जाने पर भी, वस्त्र-आभूषण आदि से आच्छादित होने पर भी, जो स्त्री अन्य पुरुष की सेवा नहीं करती है तो वह सती कही जाती है॥१२॥ जो दूसरे से देखी जाने पर नहीं देखती है और हँसाई जाने पर भी हँसती नहीं है, बात करने पर बोलती नहीं है वह उत्तम लक्षण वाली पतिव्रता स्त्री है॥१३॥ रूप यौवन से

रूपयौवनसम्पन्ना गीते नृत्येऽतिकोविदा, स्वानुरूपं नरं दृष्ट्वा न याति विकृतिं सती।१४।
सुरूपं तरुणं रम्यं कामिनीनां च वल्लभम्, या नेच्छति परं कान्तं विज्ञेया सा महासती।१५।
देवो मनुष्यो गन्धर्वः सतीनां नापरः प्रियः, अप्रियं नैव कर्त्तव्यं पत्युः पत्न्या कदाचन।१६।
भुङ्क्ते भुक्ते यथा पत्यौ दुःखिते दुःखिता च या, मुदिते मुदिताऽत्यर्थं प्रोषिते मलिनाम्बरा।१७।
सुप्ते पत्यौ च या शेते पूर्वमेव प्रबुध्यति, प्रविशेच्चैव वा वह्नौ याते भर्त्तरि पञ्चताम्।१८।
नान्यं कामयेत चित्ते सा विज्ञेया पतिव्रता, भक्तिं श्वसुरयोः कुर्यात् पत्युश्चापि विशेषतः।१९।
धर्मकार्येऽनुकूलत्वमर्थकार्येऽपि सञ्चये, गृहोपस्करसंस्कारे सक्ता या प्रतिवासरम्।२०।
क्षेत्राद्वनाद्वा ग्रामाद्वा भर्त्तारं गृहमागतम्, प्रत्युत्थायाभिनन्देत आसनेनोदकेन च।२१।
प्रसन्नवदना नित्यं काले भोजनदायिनी, भुक्तवन्तं तु भर्त्तारं न वदेदप्रियं क्वचित्।२२।

युवा और गाने-नाचने में होशियार होने पर भी अपने अनुरूप पुरुष को देखकर विकार को नहीं प्राप्त होती है वह स्त्री सती है।।१४।। सुरूपवान्, जवान, मनोहर, कामिनियों का प्रिय ऐसे पर-पुरुष के मिलने पर भी जो स्त्री इच्छा नहीं करती है तो वह महासती कही गयी है।।१५।। पतिव्रताओं को पति के सिवाय दूसरा देवता, मनुष्य, गन्धर्व भी प्रिय नहीं होता, इसलिये स्त्री अपने पति का अप्रिय कभी नहीं करे।।१६।। जो पति के भोजन करने पर भोजन करती है, दुःखित होने पर दुःखित होती है, प्रसन्न होने पर अत्यन्त प्रसन्न होती है, परदेश जाने पर मैला वस्त्र को पहनती है।।१७।। जो पति के सो जाने पर सोती है और पहले जागती है, पति के मरने पर अग्नि में प्रवेश करती है।।१८।। जो दूसरे को चित्त से नहीं चाहती है वह पतिव्रता स्त्री है। सास, श्वसुर में भक्ति करती है और विशेष करके पति में भक्ति करती है।।१९।। धर्म कार्य में अनुकूल रहती है, धन-सञ्चय में अनुकूल, गृह के कार्य में प्रतिदिन तत्पर रहने वाली है।।२०।। खेत से, वन से, ग्राम से पति के आने पर स्त्री उठकर आसन और जल देकर प्रसन्न करे।।२१।। नित्य प्रसन्नमुख रहे, समय पर भोजन देवे, भोजन करते समय कभी भी खराब वाणी नहीं कहे।।२२।। गृह में प्रधान

आसने भोजने दाने सम्माने प्रियभाषणे, दक्षया सर्वदा भाव्यं भार्यया गृहमुख्यया ।२३।
गृहव्ययनिमित्तं च यद्द्रव्यं प्रभुणाऽर्पितम्, निर्वृत्य गृहकार्यं सा किञ्चिद् बुद्ध्याऽवशेषयेत् ।२४।
त्यागार्थमर्पिते द्रव्ये लोभात् किञ्चिन्न धारयेत्, भर्त्तुराज्ञां विना नैव स्वबन्धुभ्यो दिशेद्धनम् ।२५।
अन्यालापमसन्तोषं परव्यापारसंकथाः, अतिहासातिरोषं च क्रोधं च परिवर्जयेत् ।२६।
यच्च भर्त्ता न पिबति यच्च भर्त्ता न खादति, यच्च भर्त्ता न चाश्नाति सर्वं तद्वर्जयेत् सती ।२७।
तैलाभ्यङ्गं तथा स्नानं शरीरोद्वर्तनक्रियाम्, मार्जनं चैव दन्तानां कुर्यात् पतिमुदे सती ।२८।
त्रेताप्रभृति नारीणां मासिमास्यार्त्तवं मुने, तदा दिनत्रयं त्यक्त्वा शुद्धा स्याद्गृहकर्मणि ।२९।
प्रथमेऽहनि चाण्डाली द्वितीये ब्रह्मघातिनी, तृतीये रजकी प्रोक्ता चतुर्थेऽहनि शुद्ध्यति ।३०।
स्नानं शौचं तथा गानं रोदनं हसनं तथा, यानमभ्यञ्जनं नारी द्यूतं चैवानुलेपनम् ।३१।

स्त्री सदा आसन, भोजन, दान, सम्मान, प्रिय भाषण में तत्पर रहे ॥२३॥ गृह के खर्च के लिये स्वामी ने जो धन दिया है उससे घर के कार्य को करके बुद्धिपूर्वक कुछ बचा लेवे ॥२४॥ दान के लिये दिये हुए धन में से लोभ करके, कुछ कोरकसर नहीं करे और बिना पति की आज्ञा के अपने बन्धुओं को धन नहीं देवे ॥२५॥ दूसरे के साथ बातचीत, असन्तोष, दूसरे पुरुषके व्यापार की बातचीत, अत्यन्त हँसना, अत्यन्त रोष और क्रोध को पतिव्रता स्त्री छोड़ देवे ॥२६॥ पति जिस वस्तु का पान नहीं करता है, जिस वस्तु को नहीं खाता है, जिस वस्तु का भोजन नहीं करता है उन सब वस्तुओं का पतिव्रता स्त्री त्याग करे ॥२७॥ तैल लगाना, स्नान, शरीर में उबटन लगाना, दाँतों की शुद्धि, पतिव्रता स्त्री पति की प्रसन्नता के लिये करे ॥२८॥ हे मुने! त्रेतायुग से स्त्रियों को प्रतिमास रजोदर्शन होता है उस दिन से तीन दिन त्याग कर गृहकार्य के लिये शुद्ध होती है ॥२९॥ प्रथम दिन चाण्डाली है, दूसरे दिन ब्रह्मघातिनी है, तीसरे दिन रजकी है। चतुर्थ दिन शुद्ध होती है ॥३०॥ स्नान, शौच, गाना, रोदन, हँसना, सवारी पर चढ़ना, मालिश, स्त्रियों के साथ जुआ खेलना, चंदनादि लगाना ॥३१॥ विशेष करके दिन में शयन, दतुअन करना, मानसिक अथवा

दिवा स्वापं तथा वै दन्तधावनम्, मैथुनं मानसं वापि वाचिकं देवतार्चनम् ।३२।
वर्जयेच्च नमस्कारं देवतानां रजस्वला, रजस्वलायाः संस्पर्शं सम्भाषां च तथा सह ।३३।
त्रिरात्रं स्वमुखं नैव दर्शयेच्च रजस्वला, स्ववाक्यं श्रावयेन्नैव यावत्स्नाता न शुद्धितः ।३४।
स्नात्वाऽन्यं पुरुषं नारी न पश्येच्च रजस्वला, ईक्षेत भास्करं देवं ब्रह्मकूर्चं ततः पिबेत् ।३५।
केवलं पञ्चगव्यं च क्षीरं वाऽत्मविशुद्धये, यथोपदेशं नियता वर्तयेद्धि वराङ्गना ।३६।
गर्भिणी चेद्भवेन्नारी तथा नियमतत्परा, अलंकृता सुप्रयाता भर्त्तुः प्रियहिते रता ।३७।
तिष्ठेत् प्रसन्नवदना स्वधर्मनिरता शुचिः, कृतरक्षा सुभूषा च वास्तुपूजनतत्परा ।३८।
कुस्त्रीभिर्नाभिभाषेत शूर्पवातं च वर्जयेत्, मृतवत्सादिसंसर्गं परपाकं च सुन्दरी ।३९।

वाचिक मैथुन करना, देवता का पूजन करना ॥३२॥ देवताओं को नमस्कार रजस्वला नहीं करे। रजस्वला का स्पर्श और उसके साथ बातचीत नहीं करे ॥३३॥ रजस्वला तीन रात तक अपने मुख को नहीं दिखावे। जब तक शुद्धिस्नान नहीं कर तब तक अपने वचनों को नहीं सुनावे ॥३४॥ रजस्वला स्त्री स्नान कर दूसरे पुरुष को नहीं देखे, सूर्यनारायण को देखे, बाद पञ्चगव्य का पान करे ॥३५॥ अपनी शुद्धि के लिये केवल पञ्चगव्य अथवा दूध का पान करे। श्रेष्ठ स्त्री कहे हुए नियम में स्थित रहे ॥३६॥ यदि स्त्री गर्भवती हो जाय तो नियम में तत्पर रहे, वस्त्र–आभूषण अलंकार आदि से अलंकृत रहे और पति के प्रिय करने में यत्नपूर्वक तत्पर रहे ॥३७॥ प्रसन्नमुख रहे, अपने धर्म में तत्पर रहे और शुद्ध रहे, अपनी रक्षा कर विभूषित रहे और वास्तुपूजन में तत्पर रहे ॥३८॥ खराब स्त्रियों के साथ बातचीत न करे, सूप की हवा शरीर में नहीं लगे, मृतवत्सा आदि का संसर्ग, दूसरे के यहाँ भोजन गर्भवती स्त्री नहीं करे ॥३९॥ भद्दे चीज़ को नहीं देखे, भयङ्कर कथा को नहीं सुने

न बीभत्सं किञ्चिदीक्षेन्न रौद्रां शृणुयात् कथाम्, गुरुं चात्युष्णमाहारमजीर्णं न समाचरेत् ।४०।
अनेन विधिना साध्वी शोभनं पुत्रमाप्नुयात्, अन्यथा गर्भपतनं स्तम्भनं वा प्रपद्यते ।४१।
हीनां निजगुणैरन्यां सपत्नीं नैव गर्हयेत्, ईर्ष्यारागसमुद्भूते विद्यमानेऽपि मत्सरे ।४२।
अप्रियं नैव कर्तव्यं सपत्नीभिः परस्परम्, न गायेदन्यनामानि न कुर्यादन्यवर्णनम् ।४३।
न वसेद्दूरतः पत्युः स्थेयं वल्लभसन्निधौ, निदिष्टे च महीभागे वल्लभाभिमुखा वसेत् ।४४।
नावलोक्या दिशः स्वैरं नावलोक्यः परोजनः, विलासैरवलोक्यंस्यात् पत्युराननपङ्कजम् ।४५।
कथ्यमाना कथा भर्त्रा श्रोतव्या सादरं स्त्रिया, पत्युः सम्भाषणस्याग्रे नान्यत् सम्भाषयेतस्वयम् ।४६।
आहूता सत्वरं गच्छेद्रतिस्थानं रतोत्सुका, पत्यौ गायति सोत्साहं श्रोतव्यं हृष्टचेतसा ।४७।

गरिष्ठ और अत्यन्त उष्ण भोजन नहीं करे और अजीर्ण न हो ऐसा भोजन करे ॥४०॥ इस विधि से रहने पर पतिव्रता स्त्री श्रेष्ठ पुत्र को प्राप्त करती है, अन्यथा गर्भ गिर जाय, अथवा स्तम्भन हो जाय ॥४१॥ अपने गुणों से हीन दूसरी सौत की निन्दा नहीं करे, ईर्ष्या, राग से होने वाले मत्सरता आदि के होने पर भी ॥४२॥ सौत सभी परस्पर में अप्रिय वचन नहीं कहें, दूसरे के नाम का गान न करे और दूसरे की प्रशंसा नहीं करे ॥४३॥ पति से दूर वास नहीं करे, किन्तु पति के समीप वास करे और पति के कहे हुए स्थान में, पृथ्वी पर पति के सामने मुख करके वास करे ॥४४॥ स्वतन्त्रतापूर्वक दिशाओं को न देखे और दूसरे पुरुष को नहीं देखे। विलास पूर्वक पति के मुखकमल को देखे ॥४५॥ पति से कही जाने वाली कथा को आदरपूर्वक स्त्री श्रवण करे। पति के भाषण के समय स्वयं स्त्री बातचीत नहीं करे ॥४६॥ रति में उत्कण्ठा वाली स्त्री पति के बुलाने पर शीघ्र रतिस्थान को जावे। पति के उत्साह पूर्वक गाने के समय स्त्री प्रसन्नचित्त से श्रवण करे ॥४७॥ गाते हुए पति को देखकर स्त्री आनन्द से मग्न हो जावे,

गायन्तं च पतिं दृष्ट्वा भवेदानन्दनिर्वृता, भर्तुः समीपे न स्थेयं सोद्वेगं व्यग्रचित्तया ।४८।
कलहो न विधातव्यः कलियोग्ये प्रिये स्त्रिया, भर्त्सिता निन्दिताऽत्यर्थं ताडिताऽपि पतिव्रता ।४९।
व्यथिताऽपि भयं त्यक्त्वा कण्ठे गृह्णीत वल्लभम्, उच्चैर्न रोदनं कुर्यान्नैवाक्रोशेच्च तं प्रति ।५०।
पलायनं न कर्त्तव्यं निजगेहाद्बहिः स्त्रिया, उत्सवादिषु बन्धूनां सदनं यदि गच्छति ।५१।
लब्ध्वाऽनुज्ञां तदा पत्युर्गच्छेदध्यक्षरक्षिता, न वसेत् सुचिरं तत्र प्रत्यागच्छेद्गृहं सती ।५२।
प्रस्थानाभिमुखे पत्यौ नासम्मङ्गल भाषिणी, न वार्योऽसौ निषेधोक्त्या न कार्यं रोदनं तदा ।५३।
अकृत्वोद्वर्त्तनं नित्यं पत्यौ देशान्तरे गते, वधूर्जीवनरक्षार्थं कर्म कुर्यादनिन्दितम् ।५४।
श्वश्रूश्वशुरयोः पार्श्वे निद्रा कार्या न चान्यतः, प्रत्यहं पतिवार्ता च तयाऽन्वेष्या प्रयत्नतः ।५५।
दूताः प्रस्थापनीयाश्च पत्युः क्षेमोपलब्धये, देवतानां प्रसिद्धानां कर्त्तव्यमुपयाचनम् ।५६।

पति के समीप व्यग्र (चञ्चल) चित्त से व्याकुल हो नहीं बैठे ॥४८॥ कलह के योग्य होने पर भी पति के साथ स्त्री कलह न करे। पति से भर्त्सित होने पर, निन्दा की जाने पर, ताड़ित होने पर भी पतिव्रता स्त्री ॥४९॥ व्यथित (दुःखित) होने पर भी भय छोड़कर पति को कण्ठ से लगावे, ऊँचे स्वर से रोदन न करे और पति को कोसे नहीं ॥५०॥ स्त्री अपने गृह से बाहर भाग कर न जाय, यदि बन्धुओं के यहाँ उत्सव आदि में जाय तो ॥५१॥ पति की आज्ञा लेकर और अध्यक्ष (रक्षक) से रक्षित होकर जाय और वहाँ अधिक समय तक वास न करे, पतिव्रता स्त्री अपने घर को लौट आवे ॥५२॥ पति के विदेश यात्रा के समय अमङ्गल वचन को न बोले, निषेध वचन से मना न करे और उस समय रोदन न करे ॥५३॥ पति के देशान्तर जाने पर नित्य उबटन न लगावे और जीवन रक्षा के लिये स्त्री अनिन्दित कर्म भी करे ॥५४॥ श्वसुर-सास के पास शयन करे, अन्यत्र शयन न करे और प्रतिदिन यत्नपूर्वक पति के समाचार की खोज लेती रहे ॥५५॥ पति के कल्याण समाचार मिलने के लिये दूत को भेजे और प्रसिद्ध देवताओं के समीप माङ्गलिक मनौती करे ॥५६॥ पति के परदेश जाने पर

एवमादि विधातव्यं सत्या प्रोषितकान्तया, अप्रक्षालनमङ्गानां मलिनाम्बरधारणम् ॥५७॥
तिलकाञ्जनहीनत्वं गन्धमाल्यविवर्जनम्, नखरोम्णामसंस्कारो दशनानाममार्जनम् ॥५८॥
उच्चैर्हासः परैर्नर्म परचेष्टाविचिन्तनम्, स्वेच्छापर्यटनं चैव परपुंसाङ्गमर्दनम् ॥५९॥
अटनं चैकवस्त्रेण निर्लज्जत्वं यथा गतिः, इत्यादिदोषाः कथिता योषितां नित्यदुःखदा ॥६०॥
निर्वर्त्य गृहकार्याणि हरिद्रालेपनस्तनुम्, प्रक्षाल्य शुचितोयेन कुर्यान्मण्डनमुज्ज्वलम् ॥६१॥
समीपं प्रेयसो गच्छेद्विकसन्मुखपङ्कजा, अनेन नारीवृत्तेन मनोवाग्देहसंयुता ॥६२॥
आहूता गृहकार्याणि त्यक्त्वा गच्छेच्च सत्वरम्, किमर्थंव्याहृता स्वामिन् सत्प्रसादो विधीयताम् ॥६३॥
मा चिरं तिष्ठतां द्वारि न द्वारमुपसेवयेत्, स्वामिप्रत्यर्पितं किञ्चित्कस्मैचिन्न ददात्यपि ॥६४॥
सेवयेद्भर्तुरुच्छिष्टमिष्टमन्नफलादिकम्, महाप्रसाद इत्युक्त्वा मोदमाना निरन्तरम् ॥६५॥

पतिव्रता इस प्रकार के कार्यों को करें। अङ्गों को न धोना, मलिन वस्त्र को धारण करना ॥५७॥ तिलक न लगाना, अंजन न लगाना, सुगन्धित पदार्थ माला आदि का त्याग, नख, बाल का संस्कार न करना, दाँतों में मिस्सी आदि नहीं लगाना ॥५८॥ ऊँचे स्वर से हँसना, दूसरे से हँसी, दूसरे की चाल व्यवहार का विशेष रूप से चिन्तन करना, स्वच्छन्द भ्रमण करना, दूसरे पुरुष के अङ्गों का मर्दन करना ॥५९॥ एक वस्त्र से घूमना, लज्जा रहित (उघार) होकर चलना, इत्यादि दोष स्त्रियों को अपना दुःख देने वाले कहे गये हैं ॥६०॥ गृह के कार्यों को करके हल्दी लेपन से और शुद्ध जल से शरीर को शुद्ध कर स्वच्छ शृङ्गार को करें ॥६१॥ खिले हुए कमल के समान प्रसन्न मुख होकर पति के पास जाय, स्त्री के इस व्यवहार से युक्त और मन, वचन, शरीर से युक्त स्त्री ॥६२॥ पति से बुलाई जाने पर गृह के कार्यों को छोड़कर शीघ्र पति के पास जाय और कहे कि हे स्वामिन्! किस लिये बुलाया है कृपा पूर्वक कहें ॥६३॥ द्वार पर अधिक समय तक खड़ी न होवे। द्वार का सेवन न करे, स्वामी से मिली हुई चीज दूसरे को कभी न देवे ॥६४॥ पति के उच्छिष्ट मीठे, अन्न, फल आदि को यह महाप्रसाद है यह कह कर निरन्तर प्रसन्न रहे ॥६५॥ सुख

सुखसुप्तं सुखासीनं रममाणं यदृच्छया, आतुरेष्वपि कार्येषु पतिं नोत्थापयेत् क्वचित् ।६६।
नैकाकिनी क्वचिद्गच्छेन्न नग्ना स्नानमाचरेत्, भर्तृविद्वेषिणीं नारीं साध्वीं नो भावयेत्क्वचित् ।६७।
नोलूखले न मुसले न वर्धिन्यां दृषद्यपि। न यन्त्रकेऽपि देहल्यां सती चोपविशेत्क्वचित् ।६८।
तीर्थस्नानार्थिनी नारी पतिपादोदकं पिबेत्, शङ्करादपि विष्णोर्वा पतिरेवाधिकः स्त्रियाः ।६९।
व्रतोपवास नियमं पतिमुल्लङ्घ्य याऽऽचरेत्, आयुष्यं हरते भर्तुर्मृता नरकमिच्छति ।७०।
उक्ता प्रत्युत्तरं दद्याद्या नारी क्रोधतत्परा, सानं सा जायते ग्रामे शृगाली निर्जने वने ।७१।
स्त्रीणां हि परमश्चैको नियमः समुदाहृतः। अभ्यर्च्य भर्त्तुश्चरणौ भोक्तव्यं च सदा स्त्रिया ।७२।
या भर्तारं परित्यज्य मिष्टमश्नाति केवलम्, उलूकी जायते क्रूरा वृक्षकोटरशायिनी ।७३।

से सोवे, सुख से बैठे, स्वेच्छा से रमण करते हुए और आतुर कार्यों में पति को नहीं उठावे ।६६॥ अकेली कहीं न जाय, नग्न होकर स्नान न करे, पति से द्वेष करने वाली स्त्री को पतिव्रता न समझे ।६७॥ उलूखल, मूसल, झाड़ू, पत्थर, यन्त्र, देहली पर पतिव्रता कभी भी न बैठे ।६८॥ तीर्थ में स्नान की इच्छा करने वाली स्त्री पति के चरणजल को पीवे, स्त्री के लिये शङ्कर से भी अथवा विष्णु भगवान् से भी अधिक पति ही कहा गया है ।६९॥ जो स्त्री पति का कहना न मानकर व्रत उपवास नियमों को करती है वह पति के आयुष्य का हरण करती है और मरने के बाद नरक को जाती है ।७०॥ किसी कार्य के लिये कहीं जाने पर, जो स्त्री क्रोध कर पति के प्रति जवाब देती है वह ग्राम में कुतिया होती है और निर्जन वन में सियारिन होती है ।७१॥ स्त्रियों के लिये एक ही उत्तम नियम कहा गया है कि स्त्री सदा पति के चरणों का पूजन करके भोजन करे ।७२॥ जो स्त्री पति का त्याग कर अकेली मिठाई खाती है [illegible] होती है ।७३॥ जो स्त्री पति का त्याग कर अकेली एकान्त में फिरती है वह ग्राम में

या भर्तारं समुत्सृज्य रहश्चरति केवलम्, ग्रामे वा सूकरी भूयाद्वल्गुली वा श्वविड्भुजा ।७४ ।
या हुङ्कृत्याप्रियं ब्रूते सा मूका जायते खलु, या सपत्नीं सदेर्ष्येत दुर्भगा साऽन्यजन्मनि ।७५ ।
दृष्टिं विलुप्य भर्तुर्या कञ्चिदन्यं समीक्षते, काणा वा विमुखी चापि कुरूपा चैव जायते ।७६ ।
बाह्यादागतमालोक्य त्वरिता च जलासनैः, ताम्बूलैर्व्यजनैश्चैव पादसंवाहनादिभिः ।७७ ।
अतिप्रियतरैर्वाक्यैर्भर्तारं या सुसेवते, पतिव्रताशिरोरत्नं सा नारी कथिता बुधैः ।७८ ।
भर्त्ता देवो गुरुर्भर्त्ता धर्मतीर्थव्रतानि च, तस्तमात्सर्वं परित्यज्य पतिमेकं समर्चयेत् ।७९ ।
जीवहीनो यथा देहः क्षणादशुचितां व्रजेत्, भर्तृहीना तथा योषित् सुस्नाताऽप्यशुचिः सदा ।८० ।
अमङ्गलेभ्यः सर्वेभ्यो विधवा ह्यत्यमङ्गला, विधिवादर्शनात्सिद्धिर्जातु क्वापि न जायते ।८१ ।
विहाय मातरं चैकामाशीर्वादप्रदायिनीम्, अन्याशिषमपि प्राज्ञास्त्यजेदाशीविषोपमाम् ।८२ ।

सूकरी होती है अथवा अपनी विष्ठा को खाने वाली गोह होती है ॥७४ ॥ जो स्त्री पति को हुँकार कह कर अप्रिय वचन बोलती है वह मूक अवश्य होती है, जो अपनी सौत के साथ सदा ईर्ष्या करती है वह दूसरे जन्म में दुर्भगा होती है ॥७५ ॥ जो स्त्री पति की दृष्टि बचाकर किसी दूसरे पुरुष को देखती है वह कानी होती है अथवा विमुखी और कुरूपा होती है ॥७६ ॥ जो स्त्री पति को बाहर से आया हुआ देखकर जल्दी से जल, आसन, ताम्बूल, व्यञ्जन, पैर को दबाना आदि ॥७७ ॥ अत्यन्त प्रिय वचनों से पति की सेवा करती है वह स्त्री पतिव्रताओं में शिरोरत्न के समान पण्डितों से कही गयी है ॥७८ ॥ पति देवता है, पति गुरु है, पति धर्म तीर्थ व्रत है, इसलिये सबको त्याग कर एक पति का ही पूजन करे ॥७९ ॥ जिस तरह जीव से हीन देह क्षण भर में अशुचि हो जाता है उसी प्रकार पति से हीन स्त्री अच्छी तरह स्नान करने पर भी सदा अपवित्र है ॥ सब अमङ्गल वस्तुओं की अपेक्षा विधवा स्त्री अत्यन्त अमङ्गल है, विधवा स्त्री के दर्शन से कभी भी कार्य-सिद्धि नहीं होती है ॥८१ ॥ आशीर्वाद को देने वाली एक माता को छोड़कर दूसरी स्त्री के आशीर्वाद को भी सर्प के समान त्याग देवे ॥८२ ॥ ब्राह्मण लोग विवाह के समय कन्या से इस प्रकार कहलाते हैं

कन्या विवाहसमये वाचयेयुरिति द्विजाः, भर्तुः सहचरी भूयाज्जीवतोऽजीवतोऽपि वा ।८३।
तस्माद्भर्ताऽनुयातव्यो देहवच्छायया स्वया, एवव सत्यासदा स्थेयं भक्त्या पत्यनुकूलया ।८४।
व्यालग्राही यथा व्यालं बिलादुद्धरते बलात्, एवमुत्क्रम्य दूतेभ्यः पतिं स्वर्गं नयेत्सती ।८५।
यमदूताः पलायन्ते सतीमालोक्य दूरतः, अपि दुष्कृतकर्माणमुत्सृज्य पतितं पतिम् ।८६।
यावत्स्वलोमसंख्यास्ति तावत्कोट्ययुतानि च, भर्त्रा स्वर्गसुखं भुङ्क्ते रममाणा पतिव्रता ।८७।
शीलभङ्गेनदुर्वृत्ताः पातयन्ति कुलद्वयम्, पितुः कुलं तथा पत्युरिहामुत्र च दुःखिता ।८८।
अनुयाति न भर्तारं यदि दैवात्कथञ्चन, तत्रापि शीलं संरक्ष्यं शीलभङ्गात्पतत्यधः ।८९।
तद्वैगुण्यात्पितास्वर्गात्पतिः पतति नान्यथा, विधवाकवरीबन्धो भर्तुर्बन्धाय जायते ।९०।
शिरसो वपनं कार्यं तस्माद्विधवया सदा, एकाहारः सदा कार्यो न द्वितीयः कदाचन ।९१।

कि पति के जीवित तथा मृत दशा में सहचारिणी हो ॥८३॥ इसलिये अपनी छाया के समान पति का अनुगमन करना चाहिये। इस प्रकार पतिव्रता स्त्री को भक्ति से सदा पति के अनुकूल होकर रहना चाहिये ॥८४॥ जिस प्रकार सर्प को पकड़ने वाला बलपूर्वक बिल से सर्प को निकाल लेता है उसी प्रकार सती स्त्री यमदूतों से छुड़ाकर पति को स्वर्ग ले जाती है ॥८५॥ यमराज के दूत दूर से ही पतिव्रता स्त्री को देखकर पापकर्म करने वाले भी उसके पतित पति को छोड़कर भाग जाते हैं ॥८६॥ जितनी अपने शरीर में रोम की संख्या है उतने दश कोटि वर्ष पर्यन्त पतिव्रता स्त्री पति के साथ रमण करती हुई स्वर्ग सुख को भोगती है ॥८७॥ दुष्ट व्यवहार वाली स्त्रियाँ शील को नाश कर दोनों कुलों को डुबा देती हैं और इस लोक में तथा परलोक में दुःखित रहती हैं ॥८८॥ यदि दैववश पति के पीछे पति का अनुगमन नहीं करती है तो उस दशा में भी शील की रक्षा करनी चाहिये, क्योंकि शील को तोड़ने से नरकगामिनी होती है ॥८९॥ स्त्री-दोष से पिता और पति स्वर्ग से गिर जाते हैं। विधवा स्त्री का कबरीबन्धन पति के बन्धन के लिये होता है ॥९०॥ विधवा स्त्री सर्वदा सिर के बालों को मुड़ा देवे, एक बार भोजन करे, कभी भी दूसरी बार भोजन नहीं करे ॥९१॥ खाट पर

पर्यङ्कशायिनी नारी विधवा पातयेत् पतिम्, तस्माद्भूशयनं कार्यं पतिसौख्यसमीहया ॥९२॥
नैवाङ्गोद्वर्तनं कार्यं न ताम्बूलस्य भक्षणम्, गन्धद्रव्यस्य सम्भोगो नैव कार्यस्तया क्वचित् ॥९३॥
तर्पणं प्रत्यहं कार्यं भर्तुः कुशतिलोदकैः, तत्पितुस्तत्पितुश्चापि नामगोत्रादिपूर्वकम् ॥९४॥
श्वेतवस्त्रं सदा धार्यमन्यथा रौरवं व्रजेत्, इत्येवं नियमैर्युक्ता विधवाऽपि पतिव्रता ॥९५॥

श्रीनारायण उवाच-

नैतादृशं दैवतमस्ति किञ्चित्सर्वेषु लोकेषु सदैवतेषु,
यदा पतिस्तुष्यति सर्वकामाँल्लभ्यात्प्रकामं कुपितश्च हन्यात् ॥९६॥
तस्मादपत्यं विविधाश्च भोगाः शय्यासनान्यद्भुतभोजनानि,
वस्त्राणि माल्यानि तथैव गन्धाः स्वर्गे च लोके विविधा च कीर्तिः ॥९७॥

इति श्रीबृहन्नारदीयपुराणे पुरुषोत्तममासमाहात्म्ये श्रीनारायणनारदसंवादे पतिव्रताधर्मनिरूपणंनामत्रिंशोऽध्यायः ॥३०॥

(पलंग पर) सोने वाली विधवा स्त्री अपने पति को नीचे गिरा देती है इसलिये पति के सुख के लिये पृथिवी पर सोवे ॥९२॥ अङ्गों में उबटन नहीं लगावे और ताम्बूल को न खाय, सुगन्धि का सेवन विधवा न करे ॥९३॥ प्रतिदिन कुश तिल जल से पति का तर्पण करे और पति के पिता का तथा उनके पिता का नाम गोत्र तर्पण करे ॥९४॥ सदा श्वेत वस्त्र धारण करे, ऐसा न करने से रौरव नरक को जाती है। इस प्रकार नियमों से युक्त विधवा स्त्री भी पतिव्रता है ॥९५॥ श्रीनारायण बोले- लोकों में तथा देवताओं में पति के समान कोई देवता नहीं है। जब पति प्रसन्न हो तो समस्त मनोरथों को प्राप्त करती है। यदि पति कुपित होते हैं तो समस्त कामनायें नष्ट हो जाती हैं ॥९६॥ उस पति से सन्तान, विविध प्रकार के भोग, शय्या, आसन, अद्भुत प्रकार के भोजन, वस्त्र, माला, सुगन्धित पदार्थ और इस लोक तथा स्वर्ग लोक में विविध प्रकार के यश मिलते हैं ॥९७॥

इति श्रीबृहन्नारदीयपुराणे पुरुषोत्तममाससमाहात्म्ये श्रीनारायणनारदसंवादे पतिव्रताधर्मनिरूपणंनामत्रिंशोऽध्यायः ॥३०॥

एकत्रिंशोऽध्याय

सूत उवाच-

इत्थं पतिव्रताधर्ममार्कण्ड नारदो मुनिः। किञ्चित्प्रष्टुमना विप्रा मुनिमाह पुरातनम्॥१॥

नारद उवाच-

सर्वदानाधिकं कांस्यसम्पुटं परिकीर्तितम्। एतत्कारणमव्यक्तं वद मे बदरीपते॥२॥

श्रीनारायण उवाच-

एकदैतद्व्रतं ब्रह्मन्नचीकरदुमा पुरा। तदापृच्छन्महादेवं किं देयं दानमुत्तमम्॥३॥
येन सम्पूर्णतां याति व्रतं मे पौरुषोत्तमम्। तन्मे वद दयासिन्धो सर्वेषां हितहेतवे॥४॥
तच्छ्रुत्वा मनसि ध्यात्वा ध्यायन् श्रीपुरुषोत्तमम्। उमामजीगदच्छम्भुः सर्वलोकहितैषिणीम्॥५॥

सूतजी बोले- हे विप्रो! नारद मुनि इस प्रकार पतिव्रता के धर्म को सुनकर कुछ पूछने की इच्छा से पुरातन नारायण मुनि से बोले॥१॥ नारदजी बोले- हे बदरीपते! आपने समस्त दानों में अधिक फल को देने वाला काँसा के सम्पुट का दान कहा है, इसे स्पष्ट करके मुझसे कहिये॥२॥ श्रीनारायण बोले-हे ब्रह्मन्! प्रथम एक समय पार्वती ने इस व्रत को किया था। उस समय श्रीमहादेवजी से पूछा कि हे महादेवजी! इस व्रत में उत्तम दान क्या देना चाहिये॥३॥ जिसके देने से मेरा पुरुषोत्तम व्रत सम्पूर्ण हो जावे। हे दयासिन्धो! समस्त प्राणियों के कल्याण के लिये उस दान को मेरे से कहिये॥४॥ पार्वती की वाणी सुन शम्भु ने श्रीपुरुषोत्तम भगवान् का ध्यान करते हुए मन में इस बात का विचार कर समस्त लोक के हित को चाहने वाली उमा से कहा॥५॥

श्रीमहादेव उवाच-

न शक्यं किञ्चिदेवास्ति दानं श्रीपुरुषोत्तमे। व्रतपूर्णविधिं कर्तुमपर्णे छन्दसि क्वचित् ।६।

यद्यद्दानं गिरिसुते ह्युत्तमं परिकीर्तितम्। श्रीकृष्णवल्लभे मासि तत्सर्वं गौणतां गतम् ।७।

तस्मादेतादृशं दानं नैवास्ति क्वापि सुन्दरि। येन ते व्रतसम्पूर्तिर्भवेच्छ्रीपुरुषोत्तमे ।८।

पुरुषोत्तममासेऽस्मिन् व्रतसम्पूर्ण हेतवे। ब्रह्माण्डं सम्पुटकारं तदर्हं देयमङ्गने ।९।

न शक्यं तत्तु केनापि दातुं क्वापि वरानने। तस्मादेतत्प्रतिनिधिं कृत्वा कांस्यस्य सम्पुटम् ।१०।

तन्मध्ये पूरयित्वैवापूपांस्त्रिं शन्मितान्मुदा। सप्ततन्तुभिरावृत्य सम्पूज्य विधिवत्प्रिये ।११।

देयं विप्राय विदुषे व्रतस म्पूर्तिहेतवे। एवं त्रिंशन्मितान्येव देयानि सति वैभवे ।१२।

श्रीमहादेवजी बोले-हे अपर्णे! श्रीपुरुषोत्तम मास में व्रतविधि को पूर्ण करने के योग्य वेद में कहीं पर भी कोई दान नहीं है ॥६॥ हे गिरिसुते! जो-जो दान कहे हैं वे सब श्रीकृष्ण के प्रिय पुरुषोत्तम मास में गौण हो गये हैं ॥७॥ हे सुन्दरि! कहीं भी ऐसा दान नहीं है जिसको श्रीपुरुषोत्तम मास में करने से तुम्हारा व्रत पूर्ण हो ॥८॥ हे अङ्गने! इस पुरुषोत्तम मास व्रत की पूर्ति के लिये सम्पुटाकार ब्रह्माण्ड का दान है उसको देना चाहिये ॥९॥ हे वरानने! वह दान किसी से देने योग्य नहीं है। इस ब्रह्माण्ड के बदले में काँसे का सम्पुट बनाकर ॥१०॥ हे प्रिये! उसके भीतर प्रसन्नता से ३० मालपुआ रखकर, सात तन्तु से बाँध कर, विधिपूर्वक पूजन करके ॥११॥ व्रतपूर्ति के लिये विद्वान् ब्राह्मण को देवे। यदि विभव हो तो तीस सम्पुट देवे ॥१२॥ धूर्जटि भगवान् के

इत्याकर्ण्य वचो रम्यं धूर्जटेरुपकारकम्। अभीभवदुमा हृष्टा सर्वलोकहितैषिणी ॥१३।
त्रिंशत्कांस्यानि विद्वद्भ्यः सम्पुटानि व्यर्तीयं सा। पूर्णं व्रतविधिं कृत्वा मुमोदातीव नारद: ॥१४।

सूत उवाच-

इत्याकर्ण्य मुनिविप्रा नारायणवचोऽमृतम्। पुनराहातितृप्तोऽसौ नामं नामं पुनः पुनः ॥१५।

नारद उवाच-

सर्वेभ्यः साधनेभ्योऽयं मासः श्रीपुरुषोत्तमः। वरीयानिश्चयो मेऽद्य श्रुत्वा माहात्म्यमुत्तमम् ॥१६।
श्रुत्वापि जायते भक्त्या महापापक्षयो नृणाम्। किं पुनः श्रद्धया कर्तुंविधि नाच्च चेति मे मतिः ॥१७।
अतः परं न किञ्चिन्मे श्रोतव्यवशिष्यते। पीयूषात्पन्नसन्तृप्तो नान्यत्तोयं समीहते ॥१८।

सूत उवाच-

इत्युक्त्वा विरतो विप्रो नारदो मुनिसत्तमः। अनीनमत्पादपद्मं पुरातनमुनेः परम् ॥१९।

उपकारक और सुन्दर वचन को सुनकर पार्वती प्रसन्न हो गई ॥१३॥ हे नारद! पार्वती तीस काँसे के सम्पुट को विद्वान् ब्राह्मणों को देकर तथा व्रतविधि को पूर्ण कर अत्यन्त प्रसन्न हुई ॥१४॥ सूतजी बोले-हे विप्र लोग! इस प्रकार नारद मुनि नारायण की वाणी सुन अत्यन्त तृप्त हो बारम्बार नमस्कार कर पुनः बोले ॥१५॥ नारद मुनि बोले-सब साधनों से श्रेष्ठ यह पुरुषोत्तम मास है। इसका उत्तम माहात्म्य सुन मेरे को ऐसा निश्चय हुआ ॥१६॥ केवल भक्ति पूर्वक श्रवण करने से भी मनुष्यों के महान् पापों का क्षय हो जाता है तो श्रद्धा और विधि से करने वाले का फिर कहना ही क्या है? ऐसा मेरा मत है ॥१७॥ इसके बाद मेरे को सुनने को कुछ भी शेष नहीं रहा है, क्योंकि अमृत से तृप्त मनुष्य दूसरे जल की इच्छा नहीं करता ॥१८॥ सूतजी बोले-मुनिश्रेष्ठ विप्र नारदजी इस प्रकार कह कर चुप हो गये और प्राचीन मुनि नारायण के श्रेष्ठ चरणकमल को नमस्कार किये ॥१९॥ जो प्राणी इस

भारते जनुरासाद्य पुरुषोत्तममुत्तमम्। न सेवन्ते न शृण्वन्ति गृहासक्ता नराधमाः ॥२०॥
गतागतं भजन्तेऽत्र दुर्भगा जन्मजन्मनि। पुत्रमित्रकलत्राप्तवियोगदुःखभागिनः ॥२१॥
अस्मिन्मासे द्विजश्रेष्ठ नासच्छास्त्राण्युदाहरेत्। न स्वपेत परशय्यायां नालपेद्वितथं क्वचित् ॥२२॥
परापवादान्न ब्रूयान्न कथञ्चित्कादाचन। परान्नं च न भुञ्जीत कुर्वीत परक्रियाम् ॥२३॥
वित्तशाठ्यमकुर्वाणो दानं दद्याद्द्विजातये। विद्यमाने धने शाठ्यं कुर्वाणो रौरवं व्रजेत् ॥२४॥
दिने दिने द्विजेन्द्राय दत्त्वा भोजनमुत्तमम्। दिवसस्याष्टमे भागे व्रती भोजनमाचरेत् ॥२५॥
धन्यास्ते पुरुषा लोके ये नित्यं पुरुषोत्तमम्। अर्चयन्ति विधानेन भक्त्या प्रेमपुरःसरम् ॥२६॥

भारतवर्ष में जन्म को प्राप्त कर उत्तम श्रीपुरुषोत्तम मास का सेवन नहीं करते हैं, न श्रवण करते हैं, वे मनुष्य गृह में आसक्त रहने वाले मनुष्यों में अधम हैं ॥२० ॥ इस संसार में जन्म और मरण को प्राप्त होते हैं और जन्म-जन्म में पुत्र, मित्र, स्त्री, श्रेष्ठ के वियोग से दुःख के भागी होते हैं ॥२१ ॥ हे द्विजश्रेष्ठ! इस पुरुषोत्तम मास में असत् शास्त्रों को नहीं कहे, दूसरे की शय्या पर शयन नहीं करे, कभी असत्य बातचीत नहीं करे ॥२२ ॥ कभी दूसरे की निन्दा नहीं करे, पराया अन्न नहीं खावे और दूसरे की क्रिया को नहीं करे ॥२३ ॥ शठता त्याग ब्राह्मण को दान देवे। धन रहने पर शठता करने वाला रौरव नरक को जाता है ॥२४ ॥ प्रतिदिन ब्राह्मण को भोजन देवे और व्रत करने वाला दिन के चार बजने पर भोजन करे ॥२५ ॥ वे पुरुष धन्य हैं जो इस लोक में भक्ति और विधान से प्रेमपूर्वक पुरुषोत्तम भगवान् का नित्य पूजन करते हैं ॥२६ इन्द्रद्युम्न, शतद्युम्न, यौवनाश्व और भगीरथ राजा पुरुषोत्तम

इन्द्रद्युम्नः शतद्युम्नो यौवनाश्वो भगीरथः। पुरुषोत्तममाराध्य ययुर्भवदन्तिकम् ।२७।
तस्मात्सर्वप्रयत्नेन संसेव्यः पुरुषोत्तमः। सर्वसाधनतः श्रेष्ठः सर्वार्थफलदायकः ।२८।
गोवर्धनधरं वन्दे गोपालं गोपरूपिणम्। गोकुलोत्सवमीशानं गोविन्दं गोपिकाप्रियम् ।२९।
कौण्डिन्येन पुरा प्रोक्तमिमं मन्त्रं पुनः पुनः। जपन्मासं नयेद्भक्त्या पुरुषोत्तममाप्नुयात् ।३०।
ध्यायेन्नवघनश्यामं द्विभुजं मुरलीधरम्। लसत्पीतपटं रम्यं सराधं पुरुषोत्तमम् ।३१।
ध्यायं ध्यायं नयेन्मासं पूजयन्पुरुषोत्तमम्। एवं यः कुरुते भक्त्या स्वाभीष्टं सर्वमाप्नुयात् ।३२।
गुह्याद्गुह्यतरं चैतन्न वाच्यं यस्य कस्यचित। मयाऽपि कथितं नैव कस्याऽप्यग्रे तपोधनाः ।३३।

का आराधना कर भगवान् के समीप चले गये ॥२७॥ इसलिये समस्त साधनों से श्रेष्ठ, समस्त अर्थदायक पुरुषोत्तम भगवान् का सब तरह से सेवन करना चाहिये ॥२८॥ गोवर्धनधारी, गोपस्वरूप, गोपाल, गोकुलके उत्सवस्वरूप, ईश्वर, गोपिकाओं के प्रिय, गोविन्द भगवान् को मैं नमस्कार करता हूँ ॥२९॥ प्रथम कौण्डिन्य ऋषि ने इस मन्त्र को बार-बार कहा कि जो इस मन्त्र के भक्ति से जप करता हुआ पुरुषोत्तम मास को व्यतीत करता है वह पुरुषोत्तम भगवान् को प्राप्त करता है ॥३०॥ नवीन मेघ के समान श्याम, दो भुजावाले, मुरलीधर, शोभमान, पीतवस्त्रधारी, सुन्दर, राधिका के सहित पुरुषोत्तम भगवान् का ध्यान करे ॥३१॥ पुरुषोत्तम भगवान् का ध्यान और पूजन करता हुआ पुरुषोत्तम मास को व्यतीत करे। इस प्रकार जो मनुष्य भक्ति से व्रत करता है वह अपने समस्त अभीष्ट को प्राप्त करता है ॥३२॥ हे तपोधन! यह गुप्त से भी गुप्त व्रत जिस किसी को नहीं कहना चाहिये। मैंने भी किसी के सामने नहीं कहा है ॥३३॥ हे विप्रलोग! अभीष्ट फलदायक, पवित्र इस पुराण को आदरपूर्वक सर्वदा

श्रोतव्यमेतत्सततं पुराणमधीष्टदं पावनमादरेण।
श्लोकैकमात्रश्रवणेन पुंसाम घानि सर्वाणि निहन्ति विप्राः ।३४।
गंगादिसर्वतीर्थेषु मज्जतो यत्फलं भवेत्। तत्फलं शृण्वतस्तस्य माहात्म्यं मुनिसत्तमाः ।३५।
इलां प्रदक्षिणीकुर्वन् यत्पुण्यं लभते नरः। तत्पुण्यं शृण्वतस्तस्य माहात्म्यं पौरुषोत्तमम् ।३६।
ब्राह्मणो ब्रह्मवर्चस्वी क्षत्रियो वसुधाधिपः। वैश्यो धनपतिर्भूयाच्छूद्रः सत्तमतां लभेत् ।३७।
येऽन्ये किरातहूणाद्याः पशुचर्यापरायणाः। ते सर्वे मुक्तिमायान्ति श्रुत्वा माहात्म्यमुत्तमम् ।३८।
पुरुषोत्तममाहात्म्यं लेखयित्वा द्विजन्मने। सम्पूज्य वस्त्रभूषाभिर्विधिना यः प्रयच्छति ।३९।
कुलत्रयं समुद्धृत्य गोलोकं याति दुर्लभम्। यत्रास्ते गोपिकावृन्दैर्वेष्टितः पुरुषोत्तमः ।४०।

श्रवण करना चाहिये। एक श्लोक मात्र के श्रवण से मनुष्यों के समस्त पाप नष्ट हो जाते हैं ॥३४॥ हे मुनिश्रेष्ठ! गंगादि समस्त तीर्थों में स्नान से जो फल मिलता है वह फल पुरुषोत्तम मास माहात्म्य के श्रवण से मिलता है ॥३५॥ मनुष्य पृथिवी की प्रदक्षिणा करता हुआ जिस पुण्य को प्राप्त करता है वह पुण्य पुरुषोत्तम मास माहात्म्य के श्रवण से होता है ॥३६॥ ब्राह्मण ब्रह्मतेज वाला, क्षत्रिय पृथिवी का मालिक, वैश्य धन का मालिक होता है और शूद्र श्रेष्ठ हो जाता है ॥३७॥ और जो दूसरे पशुचर्या में तत्पर किरात, हूण आदि हैं वे सब पुरुषोत्तम के माहात्म्य से मुक्ति को प्राप्त करते हैं ॥३८॥ जो पुरुषोत्तम मास के माहात्म्य को लिख कर और वस्त्र-आभूषण आदि से भूषित कर विधिपूर्वक ब्राह्मण को देता है ॥३९॥ वह तीनों कुलों का उद्धार करके जहाँ पर गोपिकाओं के समूह से घिरे हुए पुरुषोत्तम भगवान् हैं ऐसे दुर्लभ गोलोक को जाता है ॥४०॥ जो इस

लिखित्वा धारयेद्यस्तु गृहे माहात्म्यमुत्तमम्। तद्गृहे सर्वतीर्थानि विलसन्ति निरन्तरम् ।४१।

आसोत्तमस्य महिमानमनन्तपुण्यं श्रुत्वा सुविस्मितधियो मनुयश्च सर्वे।

ऊचुश्च सूततनयं विनयेन विष्वक्सेनाङ्घ्रिसेवनविधौ निपुणा नितान्तम् ।४२।

ऋषय ऊचुः-

सूत सूत महाभाग धन्योऽसि त्वं महामते। त्वन्मुखामृतपानेन कृतार्थाः स्मो वयं भृशम् ।४३।

चिरञ्जीव सदा सूत पौराणिकशिरोमणे। अस्तु ते शाश्वती कीर्तिर्जगत्पावनपावनी ।४४।

तुभ्यं प्रदत्तं निमिषालयस्थैर्ब्रह्मासनं पूज्यतमं मुनीशैः।

त्वदायवक्त्राम्बुजनिर्गत श्रीमुकुन्दवार्तामृतपानलोलैः ।४५।

उत्तम माहात्म्य को लिखकर गृह में रखता है उसके गृह में समस्त तीर्थ निरन्तर विलास करते हैं ॥४१॥ अनन्त पुण्य को देने वाले महीनों में श्रेष्ठ पुरुषोत्तम मास के माहात्म्य को सुन समस्त मुनि लोग आश्चर्य करने लगे और वे भगवान् की चरण-सेवा में अत्यन्त निपुण मुनि लोग विनयपूर्वक सूतजी के पुत्र से बोले ॥४२॥ ऋषि लोग बोले-हे सूत! हे महाभाग! हे महामते! तुम धन्य हो तुम्हारे मुख से अमृत पान कर हम सब अत्यन्त कृतार्थ हो गये ॥४३॥ हे सूत! हे पौराणिकों में शिरोमणि! तुम सदा चिरञ्जीवी होवो और तुम्हारी कीर्ति निरन्तर जगत् में पवित्रों को भी पवित्र करने वाली हो ॥४४॥ तुम्हारे मुखकमल से निकले हुए श्रीमुकुन्द के कथामृत के पान में लोल नैमिषारण्य में स्थित मुनीन्द्रों द्वारा आपके लिये अत्यन्त पूज्य ब्रह्मा का आसन दिया गया ॥४५॥ जब तक विष्णु भगवान् की कीर्ति पृथिवी पर रहे तब

विष्टरश्रवस एव पवित्रा यावदेव वितता भुवि कीर्तिः ।

तावदत्र मुनिवर्यसमाजे श्रीहरेर्वद कथां कमनीयाम् ॥४६ ॥

इत्थं द्विजाशीर्वचनं प्रगृह्य प्रदक्षिणीकृत्य द्विजान्समस्तान् ।

नत्वाऽगमद्देवनदीं स्वकीयं कृत्यं विधातुं स च सूतसूनुः ॥४७ ॥

अन्योन्यमूचुर्निमिषालयस्था वरिष्ठमाहात्म्यमिदं पुराणम् ।

मासस्य दिव्यं पुरुषोत्तमस्य समीहितार्थार्पणकल्पवृक्षम् ॥४८ ॥

इति श्रीबृहन्नारदीयपुराणे पुरुषोत्तममासमाहात्म्ये श्रीनारायणनारदसंवादे पुरुषोत्तममासमाहात्म्य
श्रवणफलकथनं नाम एकत्रिंशोऽध्यायः ॥३१ ॥

तक इस पृथिवी पर मुनियों के समाज में हरि भगवान् की सुन्दर कथा को आप कहते रहें ॥४६ ॥ इस प्रकार ब्राह्मणों के आशीर्वाद को ग्रहण कर और समस्त ब्राह्मणों की प्रदक्षिणा और नमस्कार कर अपने कृत्य को करने के लिये गंगा के तट पर सूतजी के पुत्र गये ॥४७ ॥ नैमिषारण्य में स्थित सब लोग परस्पर कहने लगे कि यह प्राचीन पुरुषोत्तम मास का श्रेष्ठ और दिव्य माहात्म्य अखिल अर्थों के देने में कल्पवृक्ष ही है ॥४८ ॥

इति श्रीबृहन्नारदीयपुराणे पुरुषोत्तममासमाहात्म्ये श्रीनारायणनारदसंवादे पुरुषोत्तममासमाहात्म्य
श्रवणफलकथनं नाम एकत्रिंशोऽध्यायः ॥३१ ॥